रजिस्ट्री सं० डी० 222 REGISTERED No. D. 222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 6] नई दिल्ली, शनिवार, फरवरी 9, 1974/माघ 20, 1895
No. 6] NEW DELHI, SATURDAY, FEBRUARY 9, 1974/MAGHA 20, 1895

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किये गये सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory orders and notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

भारत निर्वाचन आयोग

आदेश

नई दिल्ली, 9 जनवरी, 1974

का. आ. 354.—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि मार्च, 1972 को हुए हरयाणा विधान सभा के लिये निर्वाचन के लिए 23-सेरहषा सभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री गजे सिंह, ग्राम तथा पो. पाई, तहसील कैथल जिला करनाल (हरयाणा) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं ;

और, यतः, उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक सूचनाएं दिये जाने पर भी, अपनी इस असफलता के लिये कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है, और, निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायोचित्य नहीं है ;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री गजे सिंह को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं. हर.-वि. सं./23/72 (9)]

ELECTION COMMISSION OF INDIA

ORDER

New Delhi, the 9th January, 1974

S.O. 354.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Gaje Singh, Village and P.O. Pai, Tehsil Kaithal District Karnal (Haryana) a contesting candidate for General Elections to the Haryana Legislative Assembly held in March, 1972 from 23-Shorhada constituency has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951 and the Rules made thereunder;

2. And whereas the said candidate, even after due notices, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is further satisfied that he has no good reason or justification for the failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Gaje Singh to be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. HN-LA/23/72(9)]

आदेश

का. आ. 355.—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि मार्च, 1972 को हुये हरयाणा विधान सभा के लिये निर्वाचन के लिए 23-सेरहषा सभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीद-

वार श्री शोंचन्द राय सपुत्र श्री चन्दू, ग्राम पिलनी, पो. काकौत, तहसील कैथल, जिला करनाल (हरयाणा) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं ;

और, यतः, उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक सूचना दिये जाने पर भी, अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है, और, निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायोचित्य नहीं है ;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री शोंचन्द राय को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिये निरर्हित घोषित करता है ।

[स. हर.-वि. सं./23/72 (10)]

बी. एन. भारद्वाज, सचिव

ORDER

S.O. 355.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Sheo Chand Rai S/o. Shri Chand, Village Pilni Post Office Kakaut, Tehsil Kaithal District Karnal, (Haryana) a contesting candidate for General Elections to the Haryana Legislative Assembly held in March, 1972 from 23-Sherhada constituency has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act 1951 and the Rules made thereunder;

2. And whereas the said candidate even after due notices, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is further satisfied that he has no good reason or justification for the failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Sheo Chand Rai, to be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. HN-LA/23/72(10)]

B. N. BHARDWAJ, Secy.

विधि न्याय और कम्पनी कार्य मन्त्रालय

(न्याय विभाग)

नई दिल्ली, 30 जनवरी, 1974

का० आ० 356.—लेखा-प्रमाणक (नोटेरीज) अधिनियम 1952 (1952 का 53वां) के खण्ड 6 के परन्तुक के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा वर्ष 1974 के प्रारंभ में व्यवसाय में नियुक्त किये गये लेखा-प्रमाणकों (नोटेरीज) की सूची प्रकाशित करती है :—

क्रम संख्या	लेखा प्रमाणक का नाम	निवास स्थान एवं व्यावसायिक पता	अर्हताएं	किस क्षेत्र में व्यवसाय करने के लिए प्राधिकृत है	अन्य विवरण
1	2	3	4	5	6
1.	श्री चक्रवर्ती डोरास्वामी	कैथोलिक सेण्टर (दूसरी मंजिल), 6, आरमेनियन स्ट्रीट, मद्रास-1।	अधिवक्ता मद्रास उच्च न्यायालय	सम्पूर्ण भारत	—
2.	श्री रुस्तम अर्देशीर गगराल	द्वारा मैसर्स गगराल एण्ड कम्पनी वादेक्षक एवं लेखा प्रमाणक, अर्षी चैम्बर्स मीडोज स्ट्रीट, बम्बई-1।	अधिवक्ता बम्बई उच्च न्यायालय	,,	—
3.	श्री आटा कृष्ण बनर्जी	कुंज निवास 23-ए, सरदार शंकर रोड, पी० एस० टालीगंज कलकत्ता	अधिवक्ता कलकत्ता उच्च न्यायालय	,,	—
4.	श्री भगवती प्रसाद खैतान	1-बी ओल्ड पोस्ट आफिस स्ट्रीट, कलकत्ता	न्यायावादी कलकत्ता उच्च न्यायालय	,,	—
5.	श्री तुलसी कुमार बनर्जी	टेम्पल चैम्बर्स, 6 ओल्ट पोस्ट आफिस स्ट्रीट, कलकत्ता	,,	,,	—
6	श्री रविन्द्र कृष्ण देव	टैम्पल चैम्बर्स, 6 ओल्ड पोस्ट आफिस स्ट्रीट, कलकत्ता	न्यायावादी कलकत्ता उच्च न्यायालय	सम्पूर्ण भारत	—
7.	श्री अनेन्द्र नाथ टैगोर	29, पंडितिया रोड, कलकत्ता और 6 हेस्टिंगज स्ट्रीट, कलकत्ता	अधिवक्ता कलकत्ता उच्च न्यायालय	पश्चिमी बंगाल	—
8.	श्री हिमांशु प्रकाश गंगुली	4, ईसर दत्त लेन, हावड़ा (पश्चिमी बंगाल)	,,	सम्पूर्ण भारत	—
9.	श्री फ्रामजी कुरसेतजी हीरजी भाई रुस्तमजी।	रायल इन्सोरेन्स बिल्डिंग 5 और 7 नेताजी सुभाष रोड, कलकत्ता	वादेशक (सालिसिटर कलकत्ता उच्च न्यायालय	,,	—
10.	श्री सुधी कुमार डे मल्लिक	द्वारा मार्टिन बर्न लि० 12, मिशन रो एक्सटैन्शन कलकत्ता-1	न्यायावादी कलकत्ता उच्च न्यायालय	,,	—

1	2	3	4	5	6
11.	श्री राशमोहन चटर्जी	द्वारा मैसर्स और डिगनाम एण्ड कंपनी सालिसिटर्स 29, नेताजी सुभाष रोड, कलकत्ता	वादेशक कलकत्ता उच्च न्यायालय	पं० बंगाल, असम, उत्तर प्रदेश तथा पंजाब	—
12.	श्री प्रभुदयाल हिमतसिंगका	6, ओल्ड पोस्ट आफिस स्ट्रीट, कलकत्ता-1	न्यायवादी कलकत्ता उच्च न्यायालय	सम्पूर्ण भारत	—
13.	श्री अमर कुमार राय	6, ओल्ड पोस्ट आफिस स्ट्रीट, कलकत्ता	,,	,,	—
14.	श्री पुण्यव्रत बोस	10, किरण शंकर राय रोड, कलकत्ता-1	,,	,,	—
15.	श्री विक्टर इलियास मोसेज	6, ओल्ड पोस्ट आफिस स्ट्रीट, कलकत्ता-1	,,	,,	—
16.	श्री मुल्खराज बधावन	अधिवक्ता, जलधर सिटी, पंजाब	अधिवक्ता पंजाब उच्च न्यायालय	पंजाब एवं उत्तर प्रदेश	—
17.	श्री मनोहर लाल कपूर	3/9, पटेल नगर (पूर्वी), नई दिल्ली	अधिवक्ता	संघ राज्य क्षेत्र, दिल्ली	—
18.	श्री हरप्रसाद मेहरा	स० 3060, अर्खेवालान, दिल्ली	अधिवक्ता पंजाब उच्च न्यायालय	संघ राज्य क्षेत्र, दिल्ली	—
19.	श्री गंगा विशन कपूर	318, जी० टी० रोड, जलंधर सिटी, पंजाब	अधिवक्ता पंजाब उच्च न्यायालय	पंजाब एवं उत्तर प्रदेश	—
20.	श्री मेहर चन्द मेहरा	161, मालल टाउन अम्बाला सिटी, पंजाब	अधिवक्ता पंजाब उच्च न्यायालय	जिला अम्बाला	—
21.	श्री राम दिना मल	7/13, पटेल नगर पूर्वी, नई दिल्ली	अधिवक्ता सर्वोच्च न्यायालय	दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र, राजस्थान, पंजाब और उत्तर प्रदेश	—
22.	श्री मलिन कुमार चटर्जी	10, ओल्ड पोस्ट आफिस स्ट्रीट, कलकत्ता	वादेशक कलकत्ता उच्च न्यायालय एवं अधिवक्ता सर्वोच्च न्यायालय।	सम्पूर्ण भारत	—
23.	श्री बृज बहादुर अग्निहोत्री	सीतापुर, उत्तर प्रदेश	वकील	जिला सीतापुर (उत्तर प्रदेश)	—
24.	श्री अमन लाल अरोड़ा	10, न्यू कोर्ट रोड, अमृतसर (पंजाब)	अधिवक्ता	जिला अमृतसर (पंजाब)	—
25.	श्री दामोदर वेवजी दामोदर	द्वारा मैसर्स काका एण्ड कम्पनी सालिसिटर्स, रेडीमनी मैनसिअन्स 43, वीर निर्माण रोड, बम्बई	वादेशक	महाराष्ट्र	—
26.	श्री देव प्रसाद घोष	12, गोवर्नमेंट प्लेस पूर्व, कलकत्ता-1	न्यायवादी	सम्पूर्ण भारत	—
27.	श्री नाथमल हिमतसिंगका	6, ओल्ड पोस्ट आफिस स्ट्रीट, कलकत्ता-1।	,,	,,	—
28.	श्री राम कृष्ण गर्ग	वकील सं० 6456, रावतपाड़ा, आगरा (उ० प्र०)	वकील, आगरा	जिला आगरा	—
29.	श्री सी० एच० पार्दीवाला	वादेशक, द्वारा मैसर्स क्रावफोर्ड बेले एंड कम्पनी स्टेट बैंक भवन, बैंक स्ट्रीट बम्बई।	वादेशक	सम्पूर्ण भारत	—
30.	श्री सचिन्द्र सी० सेन	न्यायवादी, टेम्पल चैम्बर्स पहली मंजिल, 6, ओल्ड पोस्ट आफिस स्ट्रीट, कलकत्ता	न्यायवादी	कलकत्ता	—
31.	श्री सुबोध कुमार मलिक	वादेशक, द्वारा मैसर्स संदर मल्स एण्ड भीरगन्स सालिसिटर्स रायल इन्सोरेन्स भवन, 5 और 7 नेताजी सुभाष रोड, कलकत्ता	वादेशक	सम्पूर्ण भारत	—
32.	श्री डी० ए० मेहता	अधिवक्ता 43-बी, हनुमान रोड, नई दिल्ली	बैरिस्टर,	संघ राज्य क्षेत्र, दिल्ली	—
33.	श्री दुर्गा प्रसाद तुलस्यान	अधिवक्ता, झुनझुनू, राजस्थान	अधिवक्ता	जिला झुनझुनू, राजस्थान	—
34.	श्री जसवन्त नारायण	अधिवक्ता, उदर मन्दिर, जोधपुर (राजस्थान)	अधिवक्ता	जोधपुर (राजस्थान)	—

1	2	3	4	5	6
35.	श्री मनहरलाल गिरधरलाल दीक्षित	वादेशक, द्वारा भाई शंकर कांगा एण्ड गिरधारी लाल वादेशक, गुजरात समाचार भवन खानपुर, अहमदाबाद	न्यायवादी उच्चन्यायालय बम्बई	गुजरात एवं महाराष्ट्र	—
36.	श्री हैदर मिर्जा	अधिवक्ता फाटक शेख सलीम वाराणसी (उ० प्र०)	अधिवक्ता	वाराणसी प्रभाग (उत्तर प्रदेश)	—
37.	श्री नूर मोहम्मद	अधिवक्ता, उदयपुर राजस्थान	अधिवक्ता	जिला उदयपुर	—
38.	श्री सुधीर कुमार सील	द्वारा मैसर्स सुन्दर सन्स एण्ड मोरगन्स सालिसिटर्स रायल इन्सोरेंस भवन, 5 और 7 नेताजी सुभाष रोड, कलकत्ता-1	वादेशक	सम्पूर्ण भारत	—
39.	श्री जितेन्द्र नाथ सान्याल	,,	,,	,,	—
40.	श्री इन्दर सैन इसरानी	अधिवक्ता, जे-54, कृष्ण मार्ग, जयपुर (राजस्थान)	अधिवक्ता	जयपुर शहर एवं जिला	—
41.	श्री पी० सी० कुरियान	333, थाम्बू चैट्टी स्ट्रीट मद्रास-1	,,	मद्रास एवं केरल	—
42.	श्री गुरदयाल सिंह सिन्धू	सं० 1, डोकोहा जलंधर (पंजाब)	,,	जिला जलंधर	—
43.	श्री सी० एस० वैकटसुब्रमणियन्	140, क्रोस कट रोड, कोयमबतौर	,,	जिला कोयमबतौर	—
44.	श्री पुष्कर लाल जुनैजा	एफ-2, भगत सिंह मार्केट लेडी हार्डिंग रोड, नई दिल्ली एवं एफ-1, शंकर मार्किट कनाट सर्कस, नई दिल्ली	अधिवक्ता	सम्पूर्ण भारत	—
45.	श्री चुन्नीलाल भाटिया	1-डी, 97 लाजपतनगर नई दिल्ली	अधिवक्ता	संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली	—
46.	श्री रामजी दास मित्तल	गुरद्वारा स्ट्रीट भटिंडा (पंजाब)	अधिवक्ता	जिला भटिंडा	—
47.	श्री जी० वी० भट्ट	भट्ट व सलदनहा मेकर भवन, 63, न्यू मैरिन लाइन्स बम्बई-20	न्यायवादी एवं अधिवक्ता	सम्पूर्ण भारत	—
48.	श्री देवराज सिंह त्यागी	अधिवक्ता, कलक्टोरेट कोर्ट बुलन्दशहर (उत्तर प्रदेश)	अधिवक्ता	जिला बुलन्दशहर (उत्तर प्रदेश)	—
49.	श्री बाल कृष्ण	अधिवक्ता, हनुमानगढ़, जिला गंगानगर (राजस्थान)	अधिवक्ता	जिला गंगानगर मुख्य कार्यालय हनुमानगढ़ (राजस्थान) में	—
50.	श्री एम० आर० मेहता	अधिवक्ता बलोत्रा (राजस्थान)	अधिवक्ता	जिला बाड़मेर व जलोर मुख्य कार्यालय बलोत्रा (राजस्थान)	—
51.	श्री डी० डी० ककर	अधिवक्ता, 36/9, पूर्वी पटेल नगर, नई दिल्ली।	अधिवक्ता	संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली	—
52.	श्री जी० सी० वर्मा	अधिवक्ता तथा ओथ कमिश्नर ई/12, ग्रीन पार्क, नई दिल्ली	अधिवक्ता व ओथ कमिश्नर	संघ राज्य क्षेत्र, दिल्ली	—
53.	श्री पी० एल० गांधी	अधिवक्ता गांधी बाग के सामने, सूरत	अधिवक्ता	सूरत जिला	—
54.	श्री ए० आर० मलकानी	अधिवक्ता, बी० बी० जैड एन-6, गांधी धाम (कच्छ)	अधिवक्ता	जिला कच्छ का अंजार तालुक	—
55.	श्री एन० सी० शाह	मारफत कैतान एण्ड कं० वादेशक, 1 बी, ओल्ड पोस्ट आफिस स्ट्रीट, कलकत्ता	अधिवक्ता कलकत्ता	कलकत्ता और नई दिल्ली	—
56.	श्री टी० दलीप सिंह	मारफत मैसर्ज किंग एण्ड परट्राइज, 2 फ्लोर, कैथेलिक सेंटर, आरमेनियन स्ट्रीट, पोस्ट बाक्स नं० 121, मद्रास-1	अधिवक्ता मद्रास	सम्पूर्ण भारत	—

1	2	3	4	5	6
57.	श्री जे० आर० गगरात	मारफत मैसर्ज गगरात एण्ड कं०, एल्ली चैम्बर्स, नागिनदास मास्टर रोड, फोर्ट, बम्बई-1	अधिवक्ता, बम्बई	सम्पूर्ण भारत	—
58.	श्री सावन सिंह	65/5, न्यू रोहतक रोड, करौल बाग, नई दिल्ली।	एडवोकेट दिल्ली	संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली	—
59.	श्री आर० सेतलूर	द्वारा क्राफोर्ड बेले एण्ड कं० स्टेट बैंक बिल्डिंग, बैंक स्ट्रीट, बम्बई	अटार्नी एण्ड एडवोकेट, बम्बई	सम्पूर्ण भारत	—
60.	श्री ब्रजमोहन मेहता	13-ए/2, राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली	एडवोकेट, नई दिल्ली	संघ राज्य क्षेत्र, दिल्ली	—
61.	श्री नैनी गोपाल बसु	पी० 21, बी ओल्ड वैलीगंज रोड, कलकत्ता-19	एडवोकेट, कलकत्ता	जिला, 24 परगना, अलीपुर, कलकत्ता	—
62.	श्री सुरजीत सिंह सूद	23, नेताजी पार्क, जलंधर सिटी (पंजाब)	एडवोकेट जलंधर	जलंधर	—
63	श्री जगजीत सिंह बेन्स	376-एल मॉडल टाउन, जलंधर सिटी, पंजाब	एडवोकेट जलंधर	जलंधर	—
64.	श्री के० जे० खम्भाता	राजब महल, 144, क्वीन्स रोड, बम्बई-20।	एडवोकेट बम्बई	सम्पूर्ण भारत	—
65.	श्री अम्बेलाल बाबाभाई पटेल	विद्या स्ट्रीट, डा० खा० नवसारी, जिला बुलसार (गुजरात)	एडवोकेट	बुलसार जिला (गुजरात)	—
66.	श्री पूनम चन्द सोम चन्द शाह	मार्फत मैसेर्स पूर्णानन्द एण्ड कम्पनी, बावेक्षक, गुजरात सरकार, 'श्रद्धेय' हरिदास कालोनी, सबजीवन प्रेस रोड, अहमदाबाद-14।	एडवोकेट	संपूर्ण गुजरात में	—

[संख्या 24/2/74-न्याय]

के० त्यागराजन, उप-सचिव

MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS

(Department of Justice)

New Delhi, the 30th January, 1974

S. O. 356.-In pursuance of the provisions of Section 6 of the Notaries Act, 1952 (53 of 1952), the Central Government hereby publishes a list of Notaries appointed by them and in practice at the beginning of the year 1974:—

Sl. No.	Name of Notary	Residential & professional address	Qualifications	Area in which he is authorised to practise	Remarks
1	2	3	4	5	6
1.	Shri Chakravarthi Doraswamy	Catholic Centre (2nd Floor) 6, Armenian St., Madras-1.	Advocate Madras High Court.	Whole of India	—
2.	Shri Rustam Ardeshir Gagrat	C/o M/s. Gagrat & Co. Solicitors & Notary Public, Alli Chambers, Medows Street, Bombay-1.	Advocate Bombay High Court.	Whole of India	—
3.	Shri Bata Krishna Banerji	Koonja Nibas, 23-A, Sardar Shankar Road, P. S. Tollygunge, Calcutta.	Advocate Calcutta High Court.	Whole of India	—
4.	Shri Bhagwati Prasad Khaitan	1-B, Old Post Office Street, Calcutta.	Attorney-at-Law Calcutta High Court.	Whole of India.	—
5.	Shri Tulsi Kumar Banerji	Temple Chambers, 6, Old Post Office Street, Calcutta.	Attorney-at-Law, Calcutta High Court.	Whole of India.	—
6.	Shri Rabindra Krishna Deb	Temple Chambers, 6, Old Post Office Street, Calcutta.	Attorney-at-Law, Calcutta High Court.	Whole of India.	
7.	Shri Arunendra Nath Tagore.	29, Panditia Road, Calcutta and 6 Hastings St., Calcutta.	Advocate Calcutta High Court.	West Bengal	—
8.	Shri Himansu Prakash Ganguli	4, Issur Dutt Lane, Howrah, (West Bengal).	Advocate, Calcutta High Court.	Whole of India.	—

1	2	3	4	5	6
9.	Shri Framjee Cursetjee Heerjeebhoy Rustomjee	Royal Insurance Bldg., 5 & 7 Netaji Subhas Road, Calcutta.	Solicitor, Calcutta High Court.	Whole of India.	—
10.	Shri Sudhir Kumar Dey Mullick	C/o Martin Burn Ltd., 12, Mission Row Extension Calcutta-1.	Attorney-at-Law, Calcutta High Court.	Whole of India.	—
11.	Shri Rash Mohan Chatterji .	C/o. M/s. Orr., Dignam & Co., Solicitors, 28, Netaji Subhas Road, Calcutta.	Solicitor, Calcutta High Court.	West Bengal, Assam, Bihar, U.P. and Punjab.	—
12.	Shri Prabhudayal Himatsingka.	6, Old Post Office Street, Calcutta.	Attorney-at-Law, Calcutta High Court.	Whole of India	—
13.	Shri Amar Kumar Ray .	6, Old Post Office Street, Calcutta.	Attorney-at-Law, Calcutta High Court.	Whole of India.	—
14.	Shri Punyabrata Bose .	10, Kiran Shankar Roy Road, Calcutta-1.	Attorney-at-Law, Calcutta High Court.	Whole of India.	—
15.	Shri Victor Elias Moses .	6, Old Post Office Street, Calcutta.	Attorney-at-Law, Calcutta High Court.	Whole of India.	—
16.	Shri Mulkh Raj Wadhawan .	Advocate, Jullundur City Punjab.	Advocate Punjab High Court.	Punjab & U.P.	—
17.	Shri Manoharlal Kapur .	3/9, Patel Nagar (East) New Delhi.	Advocate.	Union Territory of Delhi.	—
18.	Shri Harpershad Mehra .	No. 3060, Charkhewalan, Delhi.	Advocate Punjab High Court.	Union Territory of Delhi.	—
19.	Shri Ganga Bishan Kapur .	318, G. T. Road, Jullundur City, Punjab.	Advocate Punjab High Court.	Punjab and U.P.	—
20.	Shri Mehr Chand Mehra .	161, Model Town Ambala City (Haryana).	Advocate, Punjab High Court.	Ambala District.	—
21.	Shri Ram Ditta Mall . .	7/13, Patel Nagar (East) New Delhi.	Advocate Supreme Court.	Union Territory of Delhi, Rajasthan Punjab and Uttar Pradesh.	—
22.	Shri Salil Kumar Chatterjee .	10, Old Post Office Street, Calcutta.	Solicitor Calcutta High Court and Advocate Supreme Court.	Whole of India.	—
23.	Shri Brij Bahadur Agnihotri	Sitapur, U.P.	Vakil	Sitapur Disst. (U.P.)	—
24.	Shri Chaman Lal Arora .	10, New Court Road, Amritsar (Punjab.)	Advocate	Amritsar District (Punjab).	—
25.	Shri Damodar Devji Damodar	C/o M/s. Kanga & Co., Solicitors, Ready-money Mansions, 43, Veer Nariman Road, Bombay.	Solicitor	Maharashtra.	—
26.	Shri Deba Prosad Ghosh .	12, Govt. Place East, Calcutta-1.	Attorney.	Whole of India.	—
27.	Shri Nathmal Himatsingka .	6, Old Post Office Street, Calcutta.	Attorney.	Whole of India.	—
28.	Shri Ram Kishan Garg. .	Vakil, No. 6456, Rawatpara, Agra (U.P.).	Vakil Agra.	Agra Distt.	—
29.	Shri C. H. Pardiwala . .	Solicitor, C/o M/s. Crawfort Baylay & Co., State Bank Bldgs. Bank Street, Bombay.	Solicitor.	Whole of India.	—
30.	Shri Schindra C. Sen. . .	Attorney-at-Law Temple Chambers, 1st Floor, 6, Old Post Office St., Calcutta.	Attorney.	Calcutta.	—
31.	Shri Subodh Kumar Mullick.	Solicitor, C/o M/s. Sandersons & Morgans, Solicitors, Royal Insurance Bigs. 5 & 7, Netaji Subhas Road, Calcutta.	Solictor.	Whole of India.	—
32.	Shri D.A. Mehta . . .	Advocate, 43-B, Hanuman Road, New Delhi.	Bar-at-Law	Union Territory of Delhi.	—
33.	Shri Durga Prasad Tulsyan .	Advocate, Jhunjhunu, Rajasthan.	Advocate.	Jhunjhunu District (Rajasthan).	—

1	2	3	4	5	6
34.	Shri Jaswant Narain	Advocate, Udai Mandir Jodhpur (Rajasthan).	Advocate.	Jodhpur (Rajasthan).	—
35.	Shri Manharlal Girdharilal Doshit	Solicitor, C/o Bhai Shanker Kanga & Girdharilal, Solicitors, Gujarat Samachar Bhavan, Kanpur, Ahmedabad.	Attorney High Court, Bomaby.	Gujarat and Maharashtra.	
36.	Shri Haider Mirza	Advocate, Phatak Sheikh Saleem, Varanasi (U.P.).	Advocate.	Baranasi Division. (U.P.).	—
37.	Shri Noor Mohammed	Advocate, Udaipur (Rajasthan).	Advocate.	Udaipur Distt.	—
38.	Shri Sudhir Kumar Seal	C/o M/s. Sandersons & Morgans, Solicitors Royal Insurance Bldgs., 5 & 7, Netaji Subhas Road, Calcutta-1.	Solicitor.	Whole of India.	—
39.	Shri Jitendra Nath Sanyal	C/o M/s. Sandersons & Morgans, Solicitors Royal Insurance Bldgs., 5 & 7, Netaji Subhas Road, Calcutta-1.	Solictor.	Whole of India.	—
40.	Shri Indersen Israni	Advocate, J-54 Krishna Marg, Jaipur (Rajashtan).	Advocate.	Jaipur City & Distt.	—
41.	Shri P.C. Kurian	333, Thambu Chetty Street, Madras-1.	Advocate.	Madras & Kerala.	—
42.	Shri Gurdyal Singh Sindhoo	No. 1, Dokoha, Jullundur (Punjab).	Advocate.	Jullundur District.	—
43.	Shri C. S. Venkata-Subramanian	140, Cross Cut Road, Coimbatore.	Advocate.	Coimbatore Distt.	—
44.	Shri Pushkar Lal Juneja.	F, 2 Bhagat Singh Market, Lady Hardings Road, New Delhi and F-1, Shankar Market. Cannaught Circus, New Delhi	Advocate.	Whole of India.	—
45.	Shri Chuni Lal Bhatia	1-D, 97, Lajpat Nagar, New Delhi.	Advocate.	Union Territory of Delhi	—
46.	Shri Ramji Dass Singal.	Gurdwara Street, Bhatinda (Punjab)	Advocate.	Bhatinda Distt.	—
47.	Shri G.V. Bhatt.	Bhatt & Salnha Maker Bhavan 63, New Marine Lines, Bombay-20.	Attorney & Advocate.	Whole of India.	—
48.	Shri Deoraj Singh Tyagi.	Advocate, Collectorate's Courts Bulandshahr. (U. P.)	Advocate.	District Bulandshahr (U. P.)	—
49.	Shri Bal Krishan	Advocate, Hanumangarh Town Distt., Ganganagar (Rajasthan).	Advocate.	District Ganganagar with Headquarters at Hanumangarh (Rajasthan.)	—
50.	Shri S. R. Mehta	Advocate Balotra (Rajasthan)	Advocate.	District of Barmar and Jalore with Headquarters at Balotra (Rajasthan.)	—
51.	Shri D.D. Kakkar	Advocate 36/9, East Patel Nagar New Delhi-8.	Advocate.	Union Territory of Delhi	—

1	2	3	4	5	6
52.	Shri G.C. Verma	Advocate, Oath Commissioner, E-12, Green Park, New Delhi.	Advocate Cum-Oath Commissioner.	Union Territory of Delhi.	—
53.	Shri P. L. Gandhi	Advocate Opposite Gandhi Baug, Surat.	Advocate	Surat District.	—
54.	Shri A.R. Malkani	Advocate BBZ-N-6, Gandhidham (Kutch.)	Advocate	Anjar Taluka of Kutch Distt.	—
55.	Shri N.C. Shah	C/o Khaitan & Co. Solicitor, 18, Old Post Office Street, Calcutta-1.	Advocate Calcutta.	Calcutta and New Delhi.	—
56.	Shri T. Dulipshingh	C/o Mesers King & Partridge, 2nd Floor, Catholic Center, Armenian Street, Post Box No. 121, Madras-1.	Advocate Madras.	Whole of India.	—
57.	Shri J.R. Gagrat	C/o. M/s. Gagrat & Company, Alli Chambers, Nagindas Master Road Fort, Bombay-1.	Advocate Bombay.	Whole of India.	—
58.	Shri Sawan Singh	65/5, New Rohtak Road, Karol Bagh, New Delhi.	Advocate Delhi.	Union Territory of Delhi.	—
59.	Shri R. Setlur	C/o Crawford Baylay & Co., State Bank Bldgs., Bank Street Bonbay-1.	Attorney and Advocate Bombay.	Whole of India.	—
60.	Shri Brij Mohan Metha	13A/2, Rajinder Nagar, New Delhi.	Advocate New Delhi.	Union Terrotiry of Delhi.	—
61	Shri Nani Gopal Datta	P-21B, Old Ballygunj Road, Calcutta-19.	Advocate Calcutta.	Distt. 24 Parganas, Allpore, Calcutta.	—
62.	Shri Surjit Singh Sood	23, Netaji Park Jullundur City (Punjab).	Advocate Jullundur.	Jullundur	—
63.	Shri Jagjit Singh Bains	376-L,Model Town, Jullundur City (Punjab)	Advocate Jullundur.	Jullundur	—
64.	Shri K. J. Khambata	Rajab Mahal, 144, Queen's Road, Bombay-20.	Advocate Bombay.	Whole of India.	—
65.	Shri Ambelal Bavabhai Patel	Valdya Street, P. O. Navsari, Distt. Bulsar (Gujarat).	Advocate	Bulsar District (Gujarat).	—
66.	Shri Punamchand Somchand Shah	C/o Messrs Purnanand & Co., Solicitors to Govt. of Gujarat, 'Shradho Haridas Colony, Navjiwan Press, Road, Ahmedabad-14.	Advocate	In and throughout Gujarat.	—

[No. 24/2/74-145 Jus]

K. THYAGARAJAN, Deputy Secretary

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, 30 जनवरी, 1974

का. आ. 357.—जांच आयोग अधिनियम, 1952 (1952 का 60) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के गुम हो जाने की जांच करने के लिए भारत सरकार, गृह मंत्रालय की 11 जुलाई 1970 की अधिसूचना संख्या का. आ. 2375 द्वारा नियुक्त जांच आयोग की अवधि, जिसका कार्यकाल दिनांक 22 नवम्बर 1973 की अधिसूचना संख्या का. आ. 3310 द्वारा पिछली बार 31 दिसम्बर, 1973 तक बढ़ाया गया था, 31 मार्च, 1974 तक एतद्द्वारा और बढ़ाती है। बढ़ाई गई इस अवधि में आयोग केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर देगा।

[सं. 25/14/70 पॉल 2]

एम. मोहन कुमार, उप-सचिव

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

New Delhi, the 30th January, 1974

S.O. 357.—In exercise of the powers conferred by Section 3 of the Commissions of Inquiry Act, 1952 (60 of 1952), the Central Government hereby further extends upto the 31st March, 1974, the period within which the Commission of Inquiry to inquire into the disappearance of Netaji Subhash Chandra Bose, appointed by the Government of India in the Ministry of Home Affairs by Notification No. S. O. 2375, dated 11th July, 1970 and whose tenure was last extended upto 31st December, 1973, by Notification No. S. O. 3310, dated the 22nd November, 73, shall make its report to the Central Government.

[No. F. 25/14/70-Poll. II]

M. MOHAN KUMAR, Depy. Secy.

वित्त मंत्रालय,

बैंकिंग विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 26 नवम्बर, 1973

30 जून, 1973 को समाप्त हुए वर्ष के लिए रिजर्व बैंक आफ इंडिया के काम-काज और भारतीय बैंक व्यवसाय की प्रवृत्ति और प्रगति की वार्षिक रिपोर्ट

का० आ० 358.—भारतीय रिजर्व बैंक एक्ट, 1934 की धारा 53(2) के अनुसार केन्द्रीय निदेशक बोर्ड ने भारत सरकार को 30 जून, 1973 को समाप्त हुए वर्ष के लिए रिजर्व बैंक आफ इंडिया के काम-काज और भारतीय बैंक व्यवसाय की प्रवृत्ति और प्रगति की वार्षिक रिपोर्ट भेजी है जो नीचे प्रकाशित की जाती है ।

I. अर्थव्यवस्था की प्रवृत्तियां

1. सामान्य मूल्य स्तर पर निरंतर जो भारी दबाव पड़ता जा रहा था वह 1972-73 (जुलाई-जून) के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था का अत्यंत चिंताजनक पहलू था । यद्यपि लगातार दूसरे वर्ष भी कृषि उत्पादन में गिरावट आ जाने के परिणामस्वरूप कई निर्वाह वस्तुओं, विशेषकर कृषि क्षेत्र से उत्पन्न होने वाली वस्तुओं में हुई भारी कमी मूल्य स्तर की अपार वृद्धि का कारण अवश्य थी फिर भी अर्थव्यवस्था में पायी गयी अतिशय मांग की स्थिति उसका महत्वपूर्ण कारण थी। पूर्ति के क्षेत्र में मूल्यों, विशेषकर अनाजों के मूल्यों में होने वाली वृद्धि को बनाये रखने वाले और उसमें तीव्रता लाने वाले दूसरे कारण इस प्रकार थे : सार्वजनिक वितरण प्रणाली की मांग की तुलना में बाजारों में अपेक्षाकृत कम अनाज आय और ऐसे समय पर जब सरकार के पास रहने वाले अनाजों के स्टाक अधिक मात्रा में बाहर निकाले जा रहे थे, खरीफ और रबी फसलों की उगाही की मात्रा अपर्याप्त थी । आयात के क्षेत्र में भारत के प्रदेश के पहले ही दामों से भिन्न अनाजों की जो विश्वव्यापी कमी पायी गयी उससे पूर्ति के संबंध में विद्यमान खाई को आयातों द्वारा पाटना कठिन हो गया । पूर्ति की कमी से उत्पन्न समस्याओं के साथ इस वर्ष के दौरान मुद्रा उपलब्धि में हुई अपार वृद्धि की समस्या भी जुड़ गयी । 1971-72 के दौरान भारी मात्रा में जो मुद्रागत विस्तार हुआ था उससे भी अधिक मुद्रा उपलब्धि में इस वर्ष वृद्धि हुई थी । इस वर्ष के प्रारंभिक भाग में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर में जो सुधार पाया गया उससे भी कुल मांग और कुल पूर्ति के बीच विद्यमान गंभीर असंतुलन पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ सका ।

2. उक्त मूल्य-वृद्धि अंशतः 1971-72 में देखी व्यय, विशेषकर सरकारी व्यय में हुई अधिक वृद्धि के विलंबित प्रभाव का परिणाम थी। किन्तु देखी मांग के स्तर को बढ़ाने वाला प्रमुख तत्व आलोच्य वर्ष का सरकारी व्यय रहा है । सभी उद्देश्यों के लिए केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों द्वारा किये गये कुल व्यय की राशि 11,942 करोड़ रुपये थी जो 1971-72 की अपेक्षा 13.6 प्रतिशत अधिक थी । व्यय में हुई वृद्धि का एक अंश अर्थात् सूखे की राहत और आपाती कृषि कार्यक्रमों आदि के लिए किया गया वितरण अप्रतीक्षित अवश्य था । किन्तु जैसा कि बाद में विश्लेषण किया जाएगा, इस वृद्धि के साथ-साथ राजस्व और पूंजीगत लेखों में होने वाले व्यय के लिए नियमित रूप से बजट में की जाने वाली व्यवस्था में भी अधिकांश वृद्धि हुई। यद्यपि वास्तविक प्राप्तियां बजट अनुमानों से अधिक थीं फिर भी प्राप्तियों और व्यय के बीच भारी खाई विद्यमान थी जिसको पाटने के लिए रिजर्व बैंक से उधार लेने पड़े । सरकारी क्षेत्र की व्यय वृद्धि के साथ अधिक मुद्रागत आय, उच्चतर मूल्य और अभावजनित प्रवृत्ति के परिणाम-स्वरूप गैर-सरकारी क्षेत्र के व्यय में भी वृद्धि हुई । इस परिप्रेक्ष्य में जुलाई, 1972 जून, 1973 के वर्ष के दौरान समग्र मूल्य सूचकांक में अधिपूर्ण वृद्धि हुई ।

3. यदि अर्थव्यवस्था के इस समग्र चित्र का अवलोकन उसके घटकों के संदर्भ में अलग-अलग किया जाए तो उक्त परिवर्तनों का स्वरूप प्रत्येक क्षेत्र में अलग-अलग परिलक्षित होगा । क्योंकि उपर्युक्त सामान्य स्थिति को प्रत्येक क्षेत्र में विद्यमान विशिष्ट तत्वों के आधार पर परिशोधित किया गया है । यहां कुछ स्थूल निर्देशकों के आधार पर प्रमुख तत्वों को संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है और समस्त कार्य का मूल्यांकन आगे के अनुच्छेदों में किया गया है । जहां निजी उपभोग से संबंधित विश्वसनीय जानकारी उपलब्ध नहीं है वहां बैंक जमाराशियों, जीवन बीमा प्रीमियम, भविष्य निधि में अंशदान जैसी वित्तीय आस्तियों के रूप में विद्यमान घरेलू बचत के आंकड़ों से यह पता चलता है कि वर्तमान मूल्यों के अनुसार शुद्ध राष्ट्रीय आय में ऐसी बचत का अनुपात पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ गया है । स्टाक सहित भौतिक आस्तियों के रूप में विद्यमान घरेलू बचत के संबंध में बहुत कम सांख्यिकीय सूचना उपलब्ध है । किन्तु परिस्थितिजन्य प्रमाणों अर्थात् निर्माण सामग्री की उपलब्धि और मूल्य, कृषि और लघु उद्योगों के क्षेत्रों में पूंजी निर्माण के लिए दिए गये प्रोत्साहनों और चल निधियों की सहज प्राप्ति से यह अनुमान लगाना उचित होगा कि शुद्ध रूप से ऐसी बचतें कम नहीं हुई । गैर-सरकारी कम्पनी क्षेत्र अपनी बचत में 1971-72 के स्तर की तुलना में वृद्धि कर सका है, इसी प्रकार, उपलब्ध आंकड़ों से यह मालूम होता है कि केन्द्रीय सरकार के राजस्व लेखे में शुद्ध बचत में काफी वृद्धि हुई है । इसका प्रमुख कारण यह है कि एक ओर कर राजस्व में वृद्धि हुई और दूसरी ओर सरकार के उपभोग व्यय में प्रायः धीमी गति से ही वृद्धि हुई । इन निर्देशकों से यह विदित होगा कि वर्तमान मूल्यों के अनुसार राष्ट्रीय आय में घरेलू बचत का अनुपात 1972-73 में बहुत थोड़ा सा बढ़ा है । चूंकि यह अनुमान है कि विदेशी वित्तीय साधन 1971-72 की तुलना में कम ही उपलब्ध हुए, अतः 1972-73 में वर्तमान मूल्यों के अनुसार राष्ट्रीय आय में कुल शुद्ध निवेश का अनुपात लगभग पिछले वर्ष के स्तर पर ही बना रहा । दूसरे शब्दों में, कुल शुद्ध निवेश घरेलू बचत की तुलना में बहुत धीरे धीरे बढ़ा । फिर भी चूंकि निवेश वस्तुओं के मूल्य पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक थे, अतः विशुद्ध उपलब्धि राष्ट्रीय आय के प्रतिशत के रूप में परिलक्षित उपलब्धि से कम थी । इसका सारांश नीचे सारणी 1 में दिया गया है ।

सारणी 1 वर्तमान मूल्यों के अनुसार राष्ट्रीय आय के प्रतिशत के रूप में बचत और निवेश के अनंतिम अनुमान

	1970-71	1971-72	1972-73
1. शुद्ध घरेलू बचत	10.6	11.3	11.7
2. विदेशी वित्तीय साधनों की प्राप्ति	1.1	1.3	0.9
3. निवेश (1+2)	11.7	12.6	12.6

4. जहां पिछले वर्ष मुद्रा उपलब्धि में अधिकांशतः जमा रकम के कारण वृद्धि हुई वहां 1972-73 के दौरान मुद्रा उपलब्धि की वृद्धि के अधिकांश अनुपात (64.6 प्रतिशत) का कारण चल मुद्रा घटक था। इस मुद्रा विस्तार के साथ-साथ 1972 के अधिकांश भाग में वाणिज्य क्षेत्र की ऋण संबंधी मांग में भी मंदी पायी गयी और ऋण जमा अनुपात जहां जून, 1972 के अन्त में 72 प्रतिशत था वहां दिसम्बर, 1972 के अंत में घट कर 66 प्रतिशत हो गया। बैंक संघटन के पास रहने वाली अतिरिक्त निधियों का उपयोग सरकार ने पूंजी निर्माण, सूखे के संदर्भ में शुरू किये जाने वाले राहत कार्य आदि पर होने वाले अपने व्यय का वित्तपोषण करने के लिए किया। 1973 के आरंभ से बैंकों द्वारा वाणिज्य क्षेत्र को अधिक कामकाज के समय में अधिक मात्रा में ऋण दिये जाने के फलस्वरूप बैंक संघटन की अतिरिक्त चल निधि काफी मात्रा में कम हो गयी है। इसके परिणामस्वरूप ऋण-जमा अनुपात जून, 1973 के अन्त तक बढ़कर लगभग 70 प्रतिशत हो गया है। जुलाई, 1972—जून 1973 की अवधि में वाणिज्य बैंकों द्वारा दिये जाने वाले ऋण में 819 करोड़ रुपये से अधिक जो वृद्धि हुई उसका प्रमुख कारण यह था कि अनाजों के स्टाकों के वित्त-पोषण को छोड़ कर दूसरे प्रकार के उद्देश्यों के लिए अधिकाधिक मात्रा में ऋण लिया गया। इससे संभव है कि वर्तमान कामकाज के समय में बैंकों में निधियों की वापसी की गति पहले की अपेक्षा धीमी हो। कुल मिलाकर कुल मुद्रागत साधनों की प्रवृत्तियों से यह स्पष्ट था कि जून, 1973 के अन्त में जनता की संभाव्य मांग बहुत अधिक थी जबकि अत्यावश्यक वस्तुओं और सेवाओं की अतिरिक्त पूर्ति की संभावना अत्यल्प अथवा अनिश्चित थी।

5. इस पृष्ठ भूमि में रिजर्व बैंक ने बैंक दर को बढ़ाकर और वाणिज्य बैंकों द्वारा ऋण देने के लिये उपलब्ध निधियों का उपयोग किए जाने के संदर्भ में अपेक्षित प्रारक्षित निधि में वृद्धि करते हुए* और कई प्रकार के अन्य प्रतिबन्ध लगाकर ऋण की उपलब्धता को नियंत्रित करना आवश्यक समझा। इसके साथ ही, सरकार ने भी योजना व्यय और योजनेतर व्यय में किफायत बरतने के लिए आवश्यक कदम उठाये। मांग और पूर्ति के बीच विद्यमान असंतुलन और मूल्य-वृद्धि पर इन सभी प्रयासों का प्रभाव पड़ने में अभी देर है।

6. अर्थव्यवस्था के भीतर पायी गयी इन गतिविधियों के साथ ही अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा क्षेत्र के अनिश्चितताओं की स्थिति बनी रही। अमेरिकी डालर-पर पड़ा दबाव उसी प्रकार जारी रहा और इससे दूसरी बार फरवरी, 1973 में उसका अवमूल्यन हुआ। पौंड स्टर्लिंग के साथ विश्व की कई प्रमुख मुद्राएं अपनी मूल्य दर निर्धारित करने के लिए पहले की तरह इस वर्ष भी मुक्त रहीं और इस परिस्थिति में सशक्त अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा प्रणाली का निर्माण करने की दिशा में प्रगति बहुत धीमी रही है। पाउंड स्टर्लिंग और उससे संबंद्ध मुद्राओं के संदर्भ में रुपये ने अपनी विनिमय दर को बनाये रखा और अधिकांश यूरोपीय मुद्राओं और जापानी येन की तुलना में रुपये का मूल्य-ह्रास हुआ। वर्ष के अधिकांश भाग में अमेरिकी डालर और उससे संबद्ध मुद्राओं की तुलना में रुपये की मूल्य वृद्धि हुई। किन्तु अभी कुछ समय से इन मुद्राओं के संदर्भ में रुपये का मूल्य प्रति अमेरिकी डालर रु० 7.50 के आसपास घटता-बढ़ता रहा है।

7. निश्चित रूप से यह निर्धारित करना कठिन है कि कहां तक इन परिवर्तनों का प्रभाव भारत के भुगतान शेष पर पड़ा है। वाणिज्यिक सूचना और आंक संकलन महानिदेशालय के आंकड़ों से आयातों में सीमांत कमी का पता चला जबकि हमारे निर्यातों में उल्लेखनीय वृद्धि पायी गयी। निर्यातों में हुई यह वृद्धि प्रमुख रूप से सूती वस्त्रों, जूट से बनी चीजों, चमड़े और खाल, तमाखू आदि परम्परागत वस्तुओं में पायी गयी। इसका कारण यह था कि विश्व में उक्त वस्तुओं की मांग अधिक थी और प्रतियोगी स्रोत कम पूर्ति ही कर पाये। वर्ष के उत्तर भाग में इंजीनियरी वस्तुओं के निर्यातों में भी वृद्धि हुई। इन परिस्थितियों के कारण पिछले कई वर्षों में पहली बार इस वर्ष व्यापार अधिशेष पाया गया। ऋण शोधन का भार भी भारत सहायता संघ की सहायता से ऋण शोधन कार्यक्रम की पुनर्व्यवस्था कर हलका कर दिया गया। यह भी संभव है कि सोने के भारतीय और अन्तर्राष्ट्रीय मूल्यों के बीच विद्यमान अंतर को कम कर देने से तस्कर व्यापार के कारण होने वाली विदेशी मुद्रा की हानि के थोड़े से अंश को कम कर दिया गया हो। कुल मिलाकर इस वर्ष के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा साधनों में 37 करोड़ रुपयों† की वृद्धि पायी गयी जबकि पिछले वर्ष उनमें 58 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी। किन्तु यह उल्लेखनीय है कि 1971-72 में 75 करोड़ रुपयों के मूल्य के विशेष आहरण अधिकार नियत किये जाने से प्रारक्षित निधियों में वृद्धि हुई जबकि 1972-73 में इस प्रकार का कोई नियतन नहीं हुआ। प्रारक्षित निधियों में रखी हुई कुछ विदेशी मुद्रा आस्तियों के रुपया-मूल्य में भी विनिमय दरों में किये गये समायोजनों से वृद्धि हुई है। यदि इन तथ्यों पर ध्यान दिया जाए तो 1972-73 के दौरान प्रारक्षित निधियों में दो करोड़ रुपयों तक की वृद्धि परिलक्षित होगी जबकि 1971-72 में 33 करोड़ रुपयों की कमी हुई थी।

8. किन्तु अब स्थिति यह नहीं है कि आगामी वर्ष में इस क्षेत्र की संभावनाएं अनुकूल हों। देशी बाजार में जो कमी विद्यमान है उससे आयातों के बढ़ने और निर्यातों के घटने की संभावना है। विश्व बाजारों से आयात की जाने वाली वस्तुओं का उन बाजारों में जो उच्चतर मूल्य विद्यमान है वह भुगतान-शेष की स्थिति को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने वाला एक दूसरा कारण होगा। सहायता के लिये किये गये वायदे उच्च स्तर तक (कुल लगभग 12,000 लाख डालर) पहुंच गये थे; इन प्रवृत्तियों से प्रारक्षित निधियों में उपलब्ध मार्जिन भी बहुत जल्दी ही खर्च हो जाएगा। यह एक ऐसी स्थिति है जिस पर निरंतर निगरानी रखने की आवश्यकता है ताकि प्रारक्षित निधियों को सहारा देने के लिए उपयुक्त कार्रवाई समय पर की जा सके।

उत्पादन, मूल्य और नीति संबंधी उपाय

राष्ट्रीय आय

9. अब हम जुलाई, 1972 से जून, 1973 तक की अवधि में उत्पादन क्षेत्र में पायी गयी गतिविधियों पर विचार करेंगे। यद्यपि राष्ट्रीय आय के 1971-72 और 1972-73 के आधिकारिक अनुमानित आंकड़े अभी उपलब्ध नहीं है फिर भी उपलब्ध आंकड़ों से यह विदित होता है कि इनमें से प्रत्येक वर्ष में राष्ट्रीय आय में हुई वृद्धि 2

*अपेक्षित प्रारक्षित निधि को 29 जून, 1973 से प्रत्येक बैंक के लिए उसकी कुल मांग और मीयादी देयताओं के 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत किया गया। 14 अगस्त, 1973 को रिजर्व बैंक ने उक्त प्रारक्षित निधि की मात्रा को 22 सितम्बर, 1973 से और बढ़ा कर 7 प्रतिशत कर देने की घोषणा की। इन दोनों मामलों में अतिरिक्त जमा राशियां एक वर्ष के लिए रखी जानी चाहिए और उन पर वार्षिक 4.75 प्रतिशत का ब्याज अदा किया जाना चाहिए।

†अनंतिम

प्रतिशत से कम थी । इसके मुकाबले में 1969-70 और 1970-71 में उसमें क्रमशः 7.3 प्रतिशत और 4.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी । इन कमियों को देखते हुए यह स्पष्ट है कि चौथी योजना अवधि के लिए परिकल्पित 5.5 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर के लक्ष्य तक हम तभी पहुंच सकते हैं जब 1973-74 के दौरान राष्ट्रीय आय में अभूतपूर्व वृद्धि होगी ।

कृषि उत्पादन और पूर्ति

10. राष्ट्रीय आय की वृद्धि में जो सापेक्ष स्थिरता आ गयी थी उसका प्रमुख कारण वस्तुओं का कम उत्पादन होना था । क्रमशः यह दूसरा वर्ष था जब 1972 के खरीफ मौसम में देश के कई भागों में प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों के कारण कृषि उत्पादन में बाधा पड़ी । जहां 1971-72 में कृषि उत्पादन में 1.7 प्रतिशत की कमी हुई वहां उसमें 1972-73 में और अधिक कमी होने की संभावना है यद्यपि 1972-73 के दौरान गहन रबी कार्यक्रम चलाया गया है । 1972-73 के दौरान अनाजों के उत्पादन की मात्रा अधिक से अधिक 1000 लाख मी० टन हो सकती है जब कि वह 1971-72 में 1047 लाख मी० टन (अंतिम अनुमान) थी । गेहूं के उत्पादन की मात्रा पिछले वर्ष की मात्रा से थोड़ी अधिक होने (265 लाख मी० टन) की संभावना है; किन्तु चावल के उत्पादन की मात्रा 1971-72 के 427 लाख मी० टन से घटकर 1972-73 में लगभग 400 लाख मी० टन हो जाने की आशा है । मोटे अनाजों और दालों के उत्पादन तथा अन्य विभिन्न वाणिज्यिक फसलों के उत्पादन के संदर्भ में यह अनुमान है कि उसकी मात्रा 1972-73 में पिछले वर्ष की मात्रा से कम होगी । किन्तु चीनी का उत्पादन सीमांत रूप से अपेक्षाकृत अधिक होने की आशा है ।

11. खरीफ उत्पादन में हुई गिरावट और इसके परिणामस्वरूप बाजार में अनाजों की उपलब्धि में हुई कमी के कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से की जाने वाली वितरण व्यवस्था को तीव्र बनाने की आवश्यकता थी । अगस्त—अक्तूबर 1972 के अलाभकर महीनों के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली से प्रतिमास खरीदे गये अनाजों की औसत मात्रा 11.6 लाख मी० टन थी जबकि 1971 की तदनुरूप अवधि के दौरान उक्त मात्रा 7.3 लाख मी० टन थी । किन्तु जुलाई 1972 मार्च 1973 के दौरान खरीदे गये अनाजों की कुल मात्रा 89 लाख मी० टन थी जो 1971-72 की तदनुरूप अवधि में खरीदे गये अनाजों की मात्रा (70 लाख मी० टन) की अपेक्षा काफी अधिक थी। अनाजों की कम उगाही और कम आयातों की स्थिति में भारी मात्रा में इस प्रकार अनाजों के निकाले जाने के कारण केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों के स्टाकों का तेजी से ह्रास हो जाना अनिवार्य था । अनाजों के स्टाक जहां जून 1972 के अन्त में 89 लाख मी० टन थे वहां क्रमशः कम होते होते जून 1973 के अन्त तक 44 लाख मी० टन हो गये । पूर्ति की कमी की इस परिस्थिति में सरकार ने 1972 के अन्तिम चरण में लगभग 20 लाख मी० टन अनाजों के आयात करने की व्यवस्था की जिनमें 15 लाख मी० टन गेहूं और 5 लाख मी० टन मिलो शामिल थे । जून 1973 के अंत तक इनमें से लगभग 14 लाख मी० टन अनाज आ गये थे, किन्तु इससे सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर पड़ा दबाव विशेष रूप से कम नहीं हुआ ।

12. रबी फसल की कटाई का समय जैसे जैसे पास आने लगा सरकार ने गेहूं के थोक व्यापार को अपने अधिकार में लेने का निश्चय किया जिस से कि बिक्री योग्य गेहूं को नियंत्रित वितरण के लिए ले लिया जा सके । इस नीति के अनुसार गेहूं का थोक व्यापार भारतीय खाद्य निगम और/या सभी राज्यों में राज्य सरकारों द्वारा निर्दिष्ट विशिष्ट प्राधिकारियों को सौंप दिया गया । किन्तु समाज के कई वर्गों ने इस प्रयास का खुले और गुप्त रूप से विरोध किया और इसके परिणामस्वरूप बिक्री योग्य स्टाक के अधिशेष में और, इस कारण उगाही में कमी रही है । जून 1973 के अन्त तक सरकार ने केवल 41 लाख मी० टन गेहूं की उगाही की जबकि उगाही का मूल लक्ष्य 81 लाख मी० टन गेहूं और परिशोधित लक्ष्य 60 लाख मी० टन गेहूं था । इस अपर्याप्त उगाही के प्रभावस्वरूप न केवल सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर बराबर पड़ने वाला दबाव जारी रहा, बल्कि कम कामकाज के समय में और मूल्य वृद्धि होने का भय भी उत्पन्न हुआ ।

13. खाद्यान्नों की पूर्ति की स्थिति बहुत अधिक चिंताजनक थी, किन्तु वाणिज्यिक फसलों के उत्पादन की स्थिति पूर्ण रूप से संतोषजनक नहीं थी । रूई के उत्पादन की मात्रा 1971-72 में 65 लाख गांठों के उच्च स्तर तक पहुंच गयी थी और 1972-73 में 62 लाख गांठों का उत्पादन होने की आशा है । किन्तु प्रमुख रूप से अधिक मात्रा में रहे पिछले स्टाकों को आगे लाने के कारण कुल पूर्ति की स्थिति संतोषजनक थी । 1971-72 के दौरान 61 लाख गांठों के जूट और मेस्ता का अनुमानित उत्पादन भी पिछले वर्ष के 68 लाख गांठों के स्तर से अपेक्षाकृत कम था । पांच प्रमुख तिलहनों के उत्पादन में 1971-72 में 10 लाख मी० टन की कमी हुई और इससे उनका उत्पादन 83 लाख मी० टन हो गया था । वह 1972-73 में और कम होकर लगभग 70 लाख मी० टन हो गया । मूंगफली के उत्पादन में कमी हो जाना प्रायः इसका प्रमुख कारण था । मूंगफली का उत्पादन 1972-73 में 39 लाख मी० टन होने की आशा है जो 1955-56 के बाद न्यूनतम उत्पादन स्तर है । इससे मूल्यों में तेजी से वृद्धि हुई है और परिस्थिति का सामना करने के लिए आयात सहित कई उपाय करने पड़े हैं । केवल गन्ने (गुड़ के रूप में) के उत्पादन में कुछ सुधार होने की आशा की जाती है अर्थात् 1971-72 में जहां 117 लाख मी० टन का गन्ना उत्पन्न हुआ था वहां 1972-73 में 120 लाख मी० टन का गन्ना उत्पन्न होने की आशा है।

14. इन गतिविधियों का परिणाम यह है कि यद्यपि कृषि संबंधी नये कार्यक्रम को विकसित करने और व्यापक बनाने के लिए भारी निवेश किया जा चुका है फिर भी कृषि उत्पादन प्रायः मानसून पर ही निर्भर रहता है और उक्त निर्भरता स्थान-भेद के अनुसार परिवर्तनशील है। दालों से भिन्न अनाजों के संबंध में कई राज्यों में कृषि संबंधी नये कार्यक्रम को अमल में लाना है और दूसरे खाद्यान्नों तथा वाणिज्यिक फसलों के संबंध में उसकी संभावनाओं की स्थापना करना अभी शेष है । विशेष रूप से क्रमशः दो बार सूखे की जो परिस्थिति आयी है उसके संदर्भ में सूखी खेती की वैज्ञानिक प्रणालियों के उपयोग को विस्तारित करने और भूमिगत जल स्रोतों का उपयोग करने के लिए एक समेकित कार्यक्रम तैयार करने की आवश्यकता है।

औद्योगिक उत्पादन

15. औद्योगिक क्षेत्र में उत्पादन की वृद्धि दर में पिछले दो वर्षों के दौरान कमी की जो प्रवृत्ति पायी गयी वह बदल गयी है । यह स्थिति स्वागत योग्य है । औद्योगिक उत्पादन में हुई वृद्धि 1972 में 7.1 प्रतिशत थी जबकि उक्त वृद्धि 1971 और 1970 में क्रमशः 2.9 प्रतिशत और 4.8 प्रतिशत थी । फिर भी इस वर्ष की वृद्धि चौथी पंचवर्षीय योजना में परिकल्पित 8—10 प्रतिशत की वृद्धि के लक्ष्य से कम थी ।

16. उद्योगों का वर्गीकरण उनके उत्पादन की घट-बढ़ के अनुसार किये जाने पर यह देखा जाता है कि उत्पादन में वृद्धि दर्शानेवाले उद्योगों का अंश 1972 में बढ़ कर कुल उद्योगों में 87 प्रतिशत (वजन के अनुसार) हो गया जबकि उक्त प्रतिशत 1971 में 60 था (सारणी 2)। इसके अनुरूप उत्पादन में कमी दर्शानेवाले उद्योगों का वजन 38 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत हो गया । दूसरे शब्दों में, उत्पादन में हुई

सारणी 2 : उद्योगों का वर्गीकरण उनकी वृद्धि-दरों के अनुसार

वृद्धि दरों की मात्रा @	सामान्य सूचकांक में (1960=100) वजन के अनुसार				
	1968	1969	1970	1971	1972†
वृद्धि					
सामान्य : 5 प्रतिशत से कम	23.81	26.69	27.78	27.99	31.98
महत्वपूर्ण : 5 प्रतिशत और अधिक	50.24	42.07	38 40	31.96	55.16
उसमें से					
(i) 10 प्रतिशत और अधिक	25.68	28.10	22.42	15.72	15.89
	74.05	68.76	66.18	59.95	87.14
कमी					
सामान्य : 5 प्रतिशत से कम	4.43	16.61	16.10	19.98	5.53
महत्वपूर्ण : 5 प्रतिशत और अधिक	19.04	12.15	13.24	17.59	4.85
उसमें से					
(i) 10 प्रतिशत और अधिक	9.18	9.79	6.13	5.30	1.99
	23.47	28.76	31.34	37.58	10.38
कुल वजन	97.52*	97.52*	97.52*	97.52*	97.52*

@ वृद्धि-दरें संबंधित पिछले वर्षों के दौरान उत्पादन की प्रतिशत वृद्धि को दर्शाती हैं ।

† अनंतिम

* केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन वजन के शेष 2.48 प्रतिशत अंकों के साथ नियमित रूप से उद्योगों का सूचकांक प्रकाशित नहीं करता ।

वृद्धि विभिन्न प्रकार के उद्योगों में पायी गयी जिससे यह परिलक्षित हुआ कि औद्योगिक क्षेत्र द्वारा उत्पादित निर्वाहितर वस्तुओं और कुछ निर्वाह वस्तुओं कि उपलब्धता में सामान्य सुधार हुआ था।

17. निम्नलिखित उद्योगों के उत्पादन में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई: सूती कताई, खनन और पत्थर की खानों की खुदाई, लोहे और इस्पात रेल पथ उपकरण और परिष्कृत तथा औषधीय रसायन। उत्पादन में सामान्य वृद्धि दर्शाने वाले उद्योगों में सूती वस्त्रों, खाद्य वस्तु निर्माण और सीमेंट के उद्योग उल्लेखनीय थे। नाममात्र की कमी (5 प्रतिशत से न्यून) दर्शानेवाले उद्योगों का अंश कुल उद्योगों में 1972 में 6 प्रतिशत से कम था जबकि 1971 में उक्त प्रतिशत 20 था। उन उद्योगों में मोटर यानों, धातु से भिन्न खनिज वस्तुओं और संचार उपकरणों के उद्योग शामिल थे। जिन उद्योगों के उत्पादन में 5 प्रतिशत से अधिक कमी हुई उनका अंश कुल वजन में 5 प्रतिशत से कम था जबकि 1971 में उक्त प्रतिशत 18 था। उन उद्योगों में सिगरेट उद्योग और विविध निर्माण उद्योग महत्वपूर्ण थे।

18. 1972 में औद्योगिक उत्पादन में हुए इस समग्र सुधार के कई कारण थे। पहला कारण यह था कि रूई और पटसन की पूर्ति की स्थिति अच्छी थी और इस कारण कपड़ों का अधिक उत्पादन हो सका। औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक में कपड़ों का वजन 27 प्रतिशत है। इसी प्रकार इस्पात का उपयोग करनेवाले उद्योग भी सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्र के इस्पात कारखानों में होने वाले इस्पात के उत्पादन में 4 प्रतिशत वृद्धि होने और आयातों के जारी रहने से लाभान्वित हुए। दूसरा कारण यह था कि विभिन्न उद्योगों में अधिक निवेश किये जाने से सीमेंट और दूसरी निर्माण सामग्री, परिवहन सेवाओं और कुछ निवेश माल की अपेक्षाकृत अधिक मांग हुई। तीसरा कारण यह प्रतीत होता है कि औद्योगिक लाइसेंसीकरण नीति चुने हुए उद्योगों के लिए उदार बना देने से औद्योगिक कार्यकलापों को प्रोत्साहन मिला। अंतिम कारण यह था कि 1972 में कुछ महत्वपूर्ण उद्योगों के औद्योगिक संबंधों में हुए सुधार का अनुकूल प्रभाव औद्योगिक क्षमता के उपयोग पर पड़ा।

19. फिर भी, रेलवे वैगनों, खनन मशीनों, इस्पाती ढली वस्तुओं, मशीनों के पुर्जों और भारी संरचनाओं के उद्योगों जैसे कुछ ऐसे उद्योग थे जिनकी क्षमता का कम उपयोग हुआ था। अधिकांश मामलों में उन उद्योगों की वस्तुओं के लिए निरंतर मांग का कम होना इसका कारण था। किन्तु मोटर यान वर्ग की क्षमता के उपयोग में श्रमिक हड़तालों और/या मूल वस्तुओं की अपर्याप्त पूर्ति के कारण सहायक यूनिटों से प्राप्त होने वाली वस्तुओं की कमी से बाधा बढ़ी। इसी प्रकार वनस्पति उद्योग तिलहनों/तेलों की पर्याप्त पूर्ति के अभाव के कारण पहले की तरह अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं कर सका।

20. यद्यपि 1973 के प्रारंभ में अवरोध की स्थिति पायी गयी फिर भी 1972 में औद्योगिक उत्पादन में पायी गयी 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर के बने रहने की संभावनाएं हैं भले ही वह और अधिक न हो। फिर भी इस संभावना की पूर्ति अनुकूल मानसून और उसके परिणामस्वरूप बिजली की पूर्ति तथा रूई, पटसन, तिलहन, गन्ना आदि कच्चे माल की पूर्ति में होने वाले सुधार पर निर्भर करती है। औद्योगिक कच्ची सामग्री के संदर्भ में पूर्ति की मात्रा को बढ़ाने और मूल्य को कम करने के लिए विशेष कदम उठाने की आवश्यकता होगी। कुछ मामलों में क्षमता में और वृद्धि करने तथा आयातों से सहायता मिलेगी। दूसरी वस्तुओं के मामले में वितरण तंत्र को व्यवस्थित करना और संभवतः

थोड़ी सी मूल्य वृद्धि होने देना आवश्यक होगा । समग्र रूप से औद्योगिक कार्यकलापों के साथ-साथ सार्वजनिक उपयोगिता क्षेत्र, विशेषकर बिजली के क्षेत्र में जहां पूर्ति की स्थिति गंभीर रूप से प्रभावित हुई है, बेहतर उत्पादन और प्रबंध की व्यवस्था करनी होगी ।

मूल्य-स्थिति

21. जैसा कि पहले बताया जा चुका है, कृषि उत्पादों की कम पूर्ति होने और मुद्रागत साधनों की तेजी से वृद्धि होने के कारण मूल्य-स्थिति बहुत जल्दी बिगड़ गयी । जून, 1972 के अंत और जून, 1973 के अन्त के बीच में थोक मूल्य सूचकांक में 21.5 प्रतिशत की सर्वाधिक वृद्धि हुई जबकि 1971-72 में उसमें 6.8 प्रतिशत की बहुत कम वृद्धि हुई थी । यह वृद्धि हाल ही के वर्षों में किसी एक वर्ष में हुई सर्वाधिक वृद्धि थी । इसके अलावा यह वृद्धि जनवरी, 1973 के बाद की अवधि के दौरान हुई वृद्धि की तीव्रता के कारण भी उल्लेखनीय थी; यह तीव्रता कम से कम 1972 के मौसम में तरह रबी फसल के अच्छे उत्पादन के बावजूद पायी गयी । जहां कम कामकाज के समय (मई—अक्तूबर, 1972) के दौरान 9.1 प्रतिशत तक की मूल्य वृद्धि हुई वहां 1972-73 के अधिक कामकाज के समय (नवम्बर—अप्रैल) के दौरान 7.6 प्रतिशत की मूल्य वृद्धि हुई । अप्रैल, 1973 के अंत के बाद मूल्य सूचकांक में 6.8 प्रतिशत की और वृद्धि हुई है ।

22. सभी प्रमुख वर्गों में मूल्य-वृद्धि हुई । खाद्यान्न वर्ग में न केवल मोटे अनाजों और दालों के मूल्य में जिनका उत्पादन बराबर पिछले तीन वर्षों से गिर चुका था, बल्कि गेहूं के मूल्य में भी जिसके उत्पादन में 1972-73 में थोड़ी सी वृद्धि पायी गयी थी, विशेष रूप से तेजी से वृद्धि होती रही । बाजरे और ज्वार के मूल्यों में जहां 1971-72 में क्रमशः 45.1 प्रतिशत और 20.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी वहां 1972-73 में उसके ऊपर क्रमशः 56.5 प्रतिशत और 28.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई । मोटे अनाजों के बाजार की इस परिस्थिति के कारण निश्चित रूप से गेहूं और चावल के बाजारों में थोड़ी सी मांग बढ़ने लगी । इसके साथ-साथ उन बाजारों में कम मात्रा में अनाजों के आने से उनके मूल्यों पर दबाव पड़ा । यद्यपि वर्तमान उत्पादन में कोई गिरावट नहीं आयी और स्टाकों से अधिक मात्रा में माल निकाले गये फिर भी गेहूं के मूल्यों में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष उनमें 3.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी । चावल के मूल्यों में भी पिछले वर्ष की 10.1 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले में इस वर्ष 16.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई ।

23. दूसरी अत्यावश्यक वस्तुओं में से खाद्य तेलों के मूल्य में 64.3 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष 3.8 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई थी । चीनी के मूल्य में जहां पिछले वर्ष 27.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी वहां इस वर्ष उसमें अपेक्षाकृत अधिक धीमी गति से 6.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई । रूई के कम आयातों और निर्यात के लिए सूती कपड़ों की अधिक मांग के कारण रूई की पूर्ति की स्थिति सामान्य रूप से थोड़ी सी कठिन थी, किन्तु यह स्थिति लंबे रेशेवाली रूई की किस्मों में उल्लेखनीय रूप से पायी गयी । इसके परिणामस्वरूप रूई के मूल्य में 58.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष के दौरान उसमें 31.3 प्रतिशत की कमी हुई थी । आलोच्य वर्ष के दौरान अधिकांश औद्योगिक कच्ची सामग्री के मूल्य में मौसमी प्रभावों की उपेक्षा करते हुए जो वृद्धि हुई वह प्रत्येक सामग्री के मूल्य में अलग-अलग प्रकार की थी । निर्मित वस्तुओं के वर्ग में भी जूट की वस्तुओं को छोड़ कर दूसरी वस्तुओं विशेषकर सूती वस्तुओं, धातु उत्पादों और चमड़े की वस्तुओं के मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि हुई । सूती धागा, अलसी का तेल, कांसे और अलोह धातु की वस्तुएं आदि मध्यवर्ती वस्तुओं के मूल्यों में तेजी से वृद्धि हुई । यह वृद्धि उक्त वस्तुओं से संबंधित कच्चे माल के मूल्य बढ़ जाने का तात्कालिक परिणाम थी ।

24. निर्वाह वस्तुओं की कम उपलब्धता और सामान्य मूल्य स्तर, विशेषकर खाद्यान्नों, खाद्य तेलों और चीनी के मूल्य में हुई वृद्धि के अनुरूप औद्योगिक श्रमिकों के अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचक अंकों और शहरी अमेनर कर्मचारियों के उपभोक्ता मूल्य सूचक अंकों द्वारा निरूपित उपभोक्ता मूल्य सूचक अंकों (आधार : 1960-100) में भी इस वर्ष के दौरान अतिशय वृद्धि हो गयी है । औद्योगिक श्रमिकों का औसत सूचकांक 1971-72 (जुलाई-जून) के 192 से बढ़कर 1972-73 में 214 हो गया । इस प्रकार उसमें 1971-72 के मुकाबले में 11.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि 1971-72 में 1970-71 के मुकाबले में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी । शहरी अमेनर कर्मचारियों के औसत सूचकांक में भी 1972-73 (जुलाई-अप्रैल) में 1971-72 की अपेक्षा 7.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि 1971-72 (जुलाई-अप्रैल) में 1970-71 की अपेक्षा 4.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी । यह वृद्धि चिंताजनक है, क्योंकि सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्रों के कई प्रतिष्ठानों में उनके द्वारा दिये जाने वाले वेतन को निर्वाह व्यय की घट-बढ़ के अनुसार परिवर्तित करने का नियम रहता है । इससे मूल्यस्फीति की परिस्थिति पर व्यय के तत्वों का दबाव और बढ़ जाएगा ।

25. ऐसी स्थिति में जब अनाजों के मूल्य बढ़ रहे हैं, यह अत्यधिक आवश्यक हो जाता है कि अनाजों की उगाही और आयातों के जरिये उनकी पूर्ति की मात्रा को समय पर बढ़ा दिया जाए ताकि उपलब्ध अनाजों का समान वितरण प्रभावकारी ढंग से किया जा सके । 1972-73 के दौरान की गयी वास्तविक उगाही कई कारणों से निर्धारित लक्ष्य से काफी कम थी । गेहूं के थोक व्यापार के अधिग्रहण से यह आशा थी कि उगाही और वितरण में सुविधा होगी; किन्तु अधिग्रहण पूर्ण रूप से प्रभावकारी न हो सका । सरकार द्वारा खरीदे गये अनाज की मात्रा सार्वजनिक वितरण प्रणाली की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए अपेक्षित मात्रा से काफी कम थी । अनाजों का आयात भी स्थिति में पूर्णतः सुधार नहीं ला सका ।

26. गेहूं के थोक व्यापार के अधिग्रहण में जिन कठिनाइयों और समस्याओं का सामना करना पड़ा है उनके संबंध में यह आवश्यक होगा कि चावल की उगाही के लिए अच्छी तरह सोच-विचार करके कार्यक्रम बनाया जाए । चावल की उगाही की समस्या अपेक्षाकृत अधिक उलझी हुई होगी; क्योंकि चावल की उगाही लगभग सभी राज्यों में करनी होगी जबकि इसके विपरीत, गेहूं के मामले में कतिपय राज्यों में ही भारी मात्रा में उगाही करनी पड़ती है । इसके अलावा, बड़ी मात्रा में चावल की उगाही के लिए चावल मिलों और अन्यों से चावल प्राप्त करने के लिए वसूली की व्यवस्था प्रभावकारी ढंग से कार्यान्वित करनी होगी । यदि इस प्रकार की वसूली व्यवस्था को कार्यान्वित करने में कठिनाइयां हों तो यह आवश्यक है कि दूसरी पूरक योजनाओं पर भी विचार किया जाए । चाहे जो भी प्रणाली अपनायी जाए, महत्वपूर्ण बात यह है कि विशेषज्ञ और प्रशासकीय, दोनों स्तरों पर उगाही योजनाएं पहले ही तैयार कर ली जानी चाहिएं और यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उनका प्रभावकारी ढंग से कार्यान्वयन हो ।

बजट संबंधी कार्यकलाप*

केन्द्रीय और राज्य सरकारों की संयुक्त स्थिति

27. इस बात का पहले उल्लेख किया जा चुका है कि देशी व्यय में भारी मात्रा में वृद्धि होने से मूल्य स्थिति पर काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा जिसके फलस्वरूप मुद्रा विस्तार हुआ। मुद्रा के इस विस्तार में योगदान देने वाला महत्वपूर्ण तत्व सूखे के संदर्भ में सरकार द्वारा अधिक मात्रा में किया गया व्यय था फिर भी, सरकारी व्यय के कारण जो मुद्रा विस्तार हुआ उसका पूरा प्रभाव परिशोधित अनुमानों में परिलक्षित नहीं हुआ है। परिशोध अनुमानों के अनुसार 1972-73 में केवल 701 करोड़ रुपयों† का संयुक्त घाटा पाया गया जो 1971-72 में पाये गये 808 करोड़ रुपयों के समग्र घाटे से कम था। अधिक अद्यतन आंकड़ों से यह मालूम होता है कि संयुक्त घाटे की राशि 868 करोड़ रुपये थी जो 1972-73 के 231 करोड़ रुपयों के बजट अनुमानों से चार गुने से थोड़ी कम थी। कुल प्राप्तियों में तेजी से वृद्धि होने के बावजूद बजट स्थिति शोचनीय हो गई है। फिर भी, 1973-74 की बजट व्यवस्था का उद्देश्य इस स्थिति में सुधार लाना और परिणामस्वरूप संयुक्त घाटे को लगभग 283 करोड़ रुपयों तक कम कर देना है (सारणी 3)।

प्राप्तियों की प्रवृत्तियां

28. प्रमुख रूप से पूंजीगत लेखों के अधीन प्राप्त की गयी राशि में वृद्धि होने के कारण कुल प्राप्तियों में 15.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि बजट अनुमानों के अनुसार उनमें 7.1 प्रतिशत की वृद्धि होनी चाहिए थी। कुल कर प्राप्तियों में 1972-73 में 15.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि 1971-72 में 17.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। फिर भी 1972-73 में 6408 करोड़ रुपयों का जो कुल कर राजस्व प्राप्त हुआ वह राष्ट्रीय आय का (वर्तमान मूल्यों के अनुसार) लगभग 16.2 प्रतिशत होगा जबकि इसके मुकाबले में 1969-70 में वह 13.2 प्रतिशत था। 1973-74 में कर राजस्व में अनुमानित 12.0 प्रतिशत की वृद्धि से इस अनुपात में और भी वृद्धि होनी चाहिए।

वितरणों की प्रवृत्तियां

29. 1972-73 के दौरान कुल वितरणों में (ऋणों और अग्रिमों सहित) 13.6 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई। इस वृद्धि का अधिक अंश उन विकासात्मक परिव्ययों के कारण हुआ जिनमें बजट प्रस्तावों के अनुसार 5 प्रतिशत की वृद्धि होनी चाहिए थी परन्तु वास्तव में 14.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह वृद्धि मुख्य रूप से आपाती कृषि उत्पादन कार्यक्रम के लिये केंद्रीय योजना में की गई 147 करोड़ रुपयों की व्यवस्था और कृषि सिंचाई, शिक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य, आदि पर राज्यों द्वारा किये जाने वाले व्यय में की गयी वृद्धि के कारण हुई।

केन्द्रीय सरकार की बजट स्थिति

30. यद्यपि केंद्रीय सरकार और राज्य सरकारों द्वारा किये गये वितरणों में वृद्धि हुई थी फिर भी केंद्रीय सरकार के मामले में बजट अनुमानों की तुलना में समग्र स्थिति बहुत अधिक बिगड़ी हुई थी। जहां बजट में मूलतः यह व्यवस्था की गई थी कि केंद्रीय सरकार का घाटा 251 करोड़ रुपये होगा और परिशोधित अनुमानों में उक्त घाटे की राशि 550 करोड़ रुपये निर्धारित की गई थी वहां वह 882 करोड़ रुपये हो गई है। इसमें 421 करोड़ रुपयों की वह शुद्ध राशि शामिल नहीं है जो 1972-73 में केंद्रीय सरकार द्वारा राज्य सरकारों को रिजर्व बैंक आफ इंडिया से उनके द्वारा लिये गये ओवर ड्राफ्टों को चुकाने के लिये दी गई थी।‡ केंद्रीय सरकार के कुल वितरणों में बजट अनुमानों की अपेक्षा हुई 29 प्रतिशत की वृद्धि सकल पूंजी निर्माण के व्यय के कारण हुई और शेष वृद्धि पूंजी निर्माण से भिन्न दूसरे उद्देश्यों के लिए किए गए अतिरिक्त व्यय के कारण हुई। कुल व्यय में जो वृद्धि हुई उसका लगभग 20 प्रतिशत अंश रक्षा व्यय और प्राकृतिक विपत्तियों के लिए दी गयी सहायता में से प्रत्येक में पाया गया। इन वृद्धियों के कारण ही कुल वित्तीय साधनों में तेजी से वृद्धि होने के बावजूद केन्द्रीय सरकार के व्यय को उपलब्ध वित्तीय साधनों के भीतर सीमित नहीं किया जा सका।

31. केन्द्रीय सरकार के उपभोग व्यय में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि बजट में 4.3 प्रतिशत की कमी होने के अनुमान लगाये गये थे; इस वृद्धि के प्रमुख कारण इस प्रकार थे : रक्षा व्यय में वृद्धि हुई और सरकारी कर्मचारियों को अंतरिम राहत प्रदान की गयी। इसके ही साथ पूंजी-निर्माण व्यय में 1970-71 और 1971-72 के दौरान जहां क्रमशः 17 प्रतिशत और 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी वहां उसमें 1972-73 में लगभग 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस भारी वृद्धि के कारण निम्न प्रकार थे : (i) मुख्यतः नियोजित योजनाओं का वित्तपोषण करने और केन्द्रीय योजना के अंतर्गत आने वाले आपाती कृषि उत्पादन कार्यक्रम के लिए, केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्य सरकारों को प्रदान की जाने वाली सहायता में भारी वृद्धि हुई और (ii) विभागेतर उपक्रमों को सहायता दी गयी। 1971-72 की तुलना में 1972-73 में पूंजीगत निर्माण व्यय में 557 करोड़ रुपयों की जो कुल वृद्धि हुई उसमें इस प्रकार अधिक मात्रा में प्रदान की गयी वित्तीय सहायता का अनुपात 72.7 प्रतिशत था। इस निवेशगत व्यय के संदर्भ में सामान्यतः जहां एक ओर उत्पादक आस्तियों का निर्माण होगा और भविष्य में वस्तुओं और सेवाओं की मात्रा में वृद्धि होगी वहां उसका तत्काल यह प्रभाव पड़ा कि बजट घाटे में वृद्धि हुई और इस कारण मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ गया**।

---

*इस खंड में दिये गये आंकड़े राजकोषीय वर्षों से सम्बन्धित है; जब तक अन्यथा उल्लेख न किया जाये, 1972-73 के आंकड़े परिशोधित अनुमानों से सम्बन्धित हैं।

†केंद्रीय सरकार के मामले में बकाया खजाना बिलों की शुद्ध वृद्धि और नकदी शेषों में से निकाली गई राशियों से, तथा राज्य सरकारों के मामले में नकदी शेषों में कमी, राज्यों द्वारा अपने नकदी शेष निवेश लेखों में धारण की गयी प्रतिभूतियों की शुद्ध बिक्री, प्रारक्षित राजस्व निधियों में से अंतरित की गयी शुद्ध राशि और रिजर्व बैंक द्वारा अर्थोपाय अग्रिमों और (1 मई 1972 से लागू की गयी व्यवस्था के अधीन 7 दिनों के भीतर चुकाने योग्य) ओवरड्राफ्टों के रूप में दिये गये ऋणों की शुद्ध वृद्धि से संयुक्त घाटे का पता लगाया जाता है।

‡लेखे के उद्देश्य के लिये यहां इस राशि को जोड़ा नहीं गया है। क्योंकि रिजर्व बैंक की बहियों में राज्य सरकारों से केंद्रीय सरकार को देयता का अंतरण करने से कोई मुद्रागत प्रभाव नहीं पड़ता।

**पूंजी-निर्माण व्यय में हुई वृद्धि का एक अंश कोककारी और अकोककारी कोयला खानों और सामान्य बीमा कम्पनियों का राष्ट्रीयकरण कर देने से क्षतिपूर्ति के रूप में की गयी अदायगियों के कारण उत्पन्न हुआ। इन अदायगियों के कारण गैर-सरकारी क्षेत्र को उपलब्ध वित्तीय स्रोतों में वृद्धि हुई; किन्तु उत्पादक पूंजीगत आस्तियों में कोई वृद्धि नहीं हुई।

सारणी 3 : केन्द्रीय और राज्य सरकारों की संयुक्त प्राप्तियां और वितरण

(राशि करोड़ रुपयों में)

	1969-70 (लेखे)		1970-71 (लेखे)		1971-72 (लेखे)		1972-73 (बजट अनुमान) @†		1972-73 (परिशोधित अनुमान)		1973-74 (बजट अनुमान)†	
	राशि	राशि	पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि (+)/कमी (−)	राशि	पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि (+)/कमी (−)	राशि	पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि (+)/कमी (−)	राशि	पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि (+)/कमी (−)	राशि	पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि (+)/कमी (−)
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
I. कुल प्राप्तियां (अ+आ)	8111	8421	+3.8	9703	+15.2	10393	+7.1	11241	+15.9	12033	+7.0
(अ) राजस्व प्राप्तियां	5273	5810	+10.2	6840	+17.7	7663	+12.0	7811	+14.2	8505	+8.9
इनमें से कर प्राप्तियां	4182	4735	+13.2	5565	+17.5	6319	+13.5	6408	+15.1	7175	+12.0
(आ) पूंजीगत प्राप्तियां	2838	2611	−8.0	2863	+9.7	2730	−4.6	3430	+19.8	3528**	+2.9
II. कुल वितरण	8098	8847	+9.2	10511	+18.8						
इनमें से						10624	+1.1	11942	+13.6	12316	+3.1
(अ) विकास परिव्यय (क+ख)	3020	3443	+14.0	4242	+23.2	4445	+5.0	4862	+14.6	5124	+5.4
(क) राजस्व	1984	2254	+13.6	2635	+16.9	2940	+11.6	3128	+18.7	3478	+11.2
(ख) पूंजीगत	1036	1189	+14.8	1607	+35.2	1514	−5.8	1734	+7.9	1646	−5.1
(आ) विकासेतर परिव्यय (क+ख)	3281	3674	+12.0	4437	+20.8	4286	−3.4	4939	+11.3	5338	+8.1
(क) राजस्व	3157	3366	+6.6	4260	+26.6	4212	−1.1	4876	+14.5	5164	+5.9
(ख) पूंजीगत	124	308	+148.4	177	+42.5	74	−58.2	63	−64.4	174	+176.2
समग्र अधिशेष (+) या घाटा (−) (I−II)	+13	−426		−808*		−231		−701		−283‡	

टिप्पणियां : 1. आंकड़े अंतर सरकारी अंतरणों के लिए समायोजित किये गये हैं । किन्तु समग्र संयुक्त स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है । 2. यहां दिये गये आंकड़े पिछली वार्षिक रिपोर्टों के आंकड़ों से मेल नहीं खाते । इसका प्रमुख कारण यह है कि राज्यों के मामले में विभागीय उपक्रमों के शुद्ध अंशदानों को दूसरे शीर्ष के अधीन स्वीकार किया गया है ; इसके अलावा, रिजर्व बैंक आफ इंडिया से लिये गये शुद्ध अर्थोपाय अग्रिमों और ओवरड्राफ्टों (राज्य बजटों के अनुसार) को पहले जहां चल ऋण के अन्तर्गत राज्यों की पूंजीगत प्राप्तियों के अंश के रूप में दर्शाया जाता था वहां उन्हें 1971-72 की रिपोर्ट से वित्तीय सहायता की मदों के रूप में स्वीकार किया गया है ।

*जम्मू और काश्मीर बैंक लिमिटेड को जम्मू और काश्मीर सरकार द्वारा ओवरड्राफ्टों की जो शुद्ध चुकौती की गयी उसे यदि हिसाब में ले लिया जाए तो इस घाटे में 1 करोड़ रुपये की कमी होगी ।

†इनमें बजट प्रस्तावों का प्रभाव शामिल है ।

@पंजाब के मामले में 1972-73 के दौरान पेश किये गये पूरक अनुमानों को शामिल नहीं किया गया है । यदि उनको हिसाब में लिया जाए तो समग्र घाटे की राशि में 11 करोड़ रुपयों की वृद्धि होगी ।

**इसमें जम्मू और काश्मीर बिजली बोर्ड द्वारा लिये गये बाजार ऋण (3 करोड़ रुपये) शामिल नहीं हैं ।

‡केन्द्रीय सरकार का बजट पेश किये जाने के बाद केन्द्रीय वित्त मंत्री द्वारा घोषित की गयी कर संबंधी रियायतों के फलस्वरूप इस घाटे में लगभग 2 करोड़ रुपयों की वृद्धि होगी ।

सारणी 4 : केन्द्रीय सरकार की बचत

(राशि करोड़ रुपयों में)

	1969-70 (लेखे)	1970-71 (लेखे)	1971-72 (लेखे)	1972-73 (बजट अनुमान)	1972-73 (परि-शोधित अनुमान)	1973-74 (बजट अनुमान)	घट-बढ़ का प्रतिशत	
							स्तंभ (3) की तुलना में स्तम्भ (5)	स्तंभ (5) की तुलना में स्तंभ (6)
	1	2	3	4	5	6	7	8
1. सरकारी प्रशासन की राजस्व प्राप्तियां (i+ii)	2882	3133	3817	4210	4375	4815	+14.6	+10.1
(i) कर राजस्व	2189	2434	2903	3320	3450	3915	+18.8	+13.5
(ii) करेतर राजस्व	693	699	914	890	925	900	+1.2	−2.7
2. चालू व्यय	7640	2909	3777	3724	4039	4110	+6.9	+1.8
3. सरकारी प्रशासन की बचत (1−2)	242	224	40	486	336	705	+740 0	+109 8
4. मूल्यह्रास व्यवस्था और विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों के रख लिये गये लाभ (i+ii)	160	179	229	255	236	278	+3.1	+17.8
(i) मूल्यह्रास व्यवस्था	115	123	128	137	136	148	+6.3	+8.8
(ii) रख लिये गये लाभ	45	56	101	118	100	130	−1.0	+30.0
5. केन्द्रीय सरकार की सकल बचत (3+4)	402	403	269	741	572	983	+112.6	+71.9
6. नवीकरणों और प्रतिस्थापनों पर व्यय	75	91	91	120	114	137	+25.3	+20.2
7. शुद्ध बचत (5−6)	327	312	178	621	458	846	+157.3	+84.7
8. शुद्ध निवेश	318	428	506	604	635	759	+25.5	+19 5
9. शुद्ध निवेश की तुलना में शुद्ध बचत में (7−8) अधिकता (+) या कमी (−)	+9	−116	−328	+17	−177	+87		
10. मद 1 के प्रतिशत के रूप में मद 3	8.4	7.1	1.1	11.5	7.7	14.6		

32. निधियों के स्त्रोतों और उपयोगों का पुनरीक्षण करने पर केन्द्रीय सरकार के बजट संबंधी कार्यकलापों का अर्थ-व्यवस्था पर पड़ने वाला प्रभाव स्पष्ट हो सकता है । 1971-72 में कुल व्यय में चालू व्यय (56.3 प्रतिशत) और अन्य ऐसे व्यय (11.5 प्रतिशत) का अंश जिसमे पूंजी-निर्माण नही हो पाता हो, 67.8 प्रतिशत था ; शेष 32 2 प्रतिशत सकल पूंजी-निर्माण पर होने वाले व्यय का अंश था । 1972-73 में चालू व्यय के परिमाण में वृद्धि हो जाने के बावजूद कुल व्यय में उसका अनुपात घट कर 51.5 प्रतिशत हो गया । इसके विपरीत, राज्य सरकारों को अधिक वित्तीय साधनों का अंतरण किये जाने के कारण कुल व्यय में सकल पूंजी-निर्माण व्यय के अनुपात में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई और इस प्रकार कुल व्यय में उसका अंश बढ़कर 34.7 प्रतिशत हो गया । 1972-73 में सकल पूंजी-निर्माण पर हुए व्यय (2718 करोड़ रुपये) के पंचमांश से थोड़े से अधिक अंश का वित्तपोषण सरकार की सकल बचत (572 करोड़ रुपये) द्वारा किया गया, जिससे (क) चालू व्यय की तुलना में अधिक मात्रा में राजस्व की प्राप्तियों और (ख) विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों के आंतरिक वित्तीय साधनों की वृद्धि की जानकारी मिलती है । चालू प्राप्तियों में 558 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई । परन्तु चूंकि चालू व्यय में 262 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई अतः सकल बचत की राशि में हुई वृद्धि 303 करोड़ रुपयों तक सीमित रह गयी (इसमें विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों के आंतरिक स्त्रोतों में हुई 7 करोड़ रुपयो की वृद्धि भी शामिल है । उपभोग व्यय में हुई वृद्धि का उल्लेख पहले किया जा चुका है ; इससे शुद्ध बचत (अर्थात् नवीकरणों और प्रतिस्थापनों पर किये गये व्यय को घटाने पर सकल बचत) का स्तर कम होकर 458 करोड़ रुपये हो गया जबकि बजट में 621 करोड़ रुपयों की सकल बचत की प्रत्याशा की गयी थी (सारणी 4) । फिर भी 1972-73 में शुद्ध बचत की राशि 1971-72 की 178 करोड़ रुपयों की बचत से काफी अधिक थी । बचत की यह राशि जहां गैर-सरकारी क्षेत्र से सरकार को वित्तीय साधनों के अंतरित किये जाने से हुई है वहां पूंजी-निर्माण के वित्तपोषण के रूप में पुनः उक्त राशि का व्यय हो जाता है ।

33 चालू प्राप्तियों, पूंजीगत अंतरण, ऋणों की चुकौती और विभागीय उपक्रमों के आंतरिक वित्तीय साधनों से प्राप्त होने वाली कुल राशियों की अपेक्षा कुल व्यय में हुई वृद्धि से प्राप्ति और व्यय के बीच उत्पन्न खाई को देशी और विदेशी ऋणों और रिजर्व बैंक से प्राप्त ऋणों से पाटना पड़ा । 1972-73 में केन्द्रीय सरकार के कुल व्यय की राशि 7840 करोड़ रुपये थी जो कुल प्राप्तियों से 2006 करोड़ रुपये अधिक थी । इस व्यय वृद्धि में से 1147 करोड़ रुपयों की पूर्ति देशी ऋणों और 309 करोड़ रुपयों की पूर्ति विदेशी ऋणों से की गयी और 550 करोड़ रुपयों की शेष राशि की पूर्ति बजट में घाटे की व्यवस्था‡‡ कर अर्थात् खजाना बिलों पर रिजर्व बैंक से उधार लेकर और नकदी जमाराशि में से आहरण कर करनी होगी (सारणी 5) ।

‡‡जैसा कि पहले कहा जा चुका है बजट घाटे की राशि अब 882 करोड़ रुपये निर्धारित की गयी है ।

सारणी 5: निधियों के स्रोत और उपयोग: केन्द्रीय सरकार

(राशि करोड़ रुपयों में)

	निधियों के स्रोत							निधियों के उपयोग					
	1969-70 (लेखे)	1970-71 (लेखे)	1971-72 (लेखे)	1972-73 (बजट अनुमान)	1972-73 (परिशोधित अनुमान)	1973-74 (बजट अनुमान)		1969-70 (लेखे)	1970-71 (लेखे)	1971-72 (लेखे)	1972-73 (बजट अनुमान)	1972-73 (परिशोधित अनुमान)	1973-74 (बजट अनुमान)
1. चालू प्राप्तियां (क+ख)	2882	3133	3817	4210	4375	4815	1. पूंजी निर्माण के लिए व्यय (क+ख)	1612	1888	2161	2441	2718	2883
(क) कर प्राप्तियां	2189	2434	2903	3320	3450	3915	(क) सकल पूंजी निर्माण	1649	1854	2130	2474	2729	2899
(ख) संपत्ति, उद्यमों और विविध प्राप्तियों से आय	693	699	914	890	925	900	(ख) वस्तुओं में वृद्धि	—37	34	31	—33	—11	—16
2. पूंजीगत अंतरण	46	55	32	31	39	33	2. पूंजी निर्माण को छोड़ कर अन्य उद्देश्यों के लिए व्यय (क+ख)	3313	3688	4549	4428	5122	4759
3. विभागीय उपक्रमों के आंतरिक वित्तीय साधन	160	178	229	254	236	278	(क) चालू व्यय (i+ii)	2640	2908	3778	3725	4039	4110
4. ऋणों की वापसी अदायगी से प्राप्तियां	847	893	1054	1008	1184	1130	(i) उपभोग व्यय	1477	1669	2055	1966	2188	2269
कुल प्राप्तियां (1 से 4 तक)	**3935**	**4259**	**5132**	**5503**	**5834**	**6256**	(ii) चालू अंतरण	1163	1239	1723	1759	1851	1841
कुल प्राप्तियों की तुलना में कुल व्यय की अधिकता निम्नलिखित द्वारा वित्तपोषित :	990	1317	1578	1366	2006	1386	(ख) अन्य व्यय	673	780	771	703	1083	649
1. शुद्ध देशी ऋण	384	648	793	753	1147	864							
उनमें से													
शुद्ध बाजार ऋण*	143	144	293	215	477	326							
2. शुद्ध विदेशी ऋण	539	343	325	361	309	437							
3. बजट घाटा (क+ख)	67	326	460	252	550	85							
(क) रिजर्व बैंक के पास रहनेवाले शुद्ध खजाना बिल‡	84	400	290	252	545	85							
(ख) नकदी जमा में वृद्धि (—) या कमी (+)	—17	—74	+170	—	+5	—	**कुल व्यय** (1+2)	4925	5576	6710	6869	7840	7462

टिप्पणी : सरकारी प्रशासन की बचत—चालू प्राप्तियां—चालू व्यय ।

*इनमें बाजार ऋण (शुद्ध), अल्प बचत (शुद्ध), भविष्य निधियां (शुद्ध), अन्य ऋण (शुद्ध), रिजर्व बैंक आफ इंडिया को छोड़कर दूसरों के पास रहनेवाले खजाना बिलों में हुई शुद्ध वृद्धि आदि शामिल हैं ।

‡दीर्घकालीन प्रतिभूतियों के रूप में परिवर्तित खजाना बिल शामिल नहीं हैं ।

स्रोत : 1971-72, 1972-73 और 1973-74 के केन्द्रीय सरकार के बजटों का आर्थिक और क्रियात्मक वर्गीकरण।

1973-74 का बजट—केन्द्रीय सरकार

34. 1972-73 में व्यय में जो वृद्धि हुई उसके विपरीत, 1973-74 के बजट में कुल व्यय में 2.5 प्रतिशत की कमी की (1972-73 के परिशोधित अनुमानों की तुलना में) व्यवस्था की गयी है । विकास व्यय (समाज और आर्थिक सेवाओं पर होने वाले व्यय सहित) में 1972-73 में जहां 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, वहां उसमें लगभग 1 प्रतिशत की सीमांत वृद्धि होने की आशा है । विकासेतर अर्थात् सामान्य सेवाओं और अनिर्धारणीय मदों के व्यय में 1972-73 मे जहां 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, वहां उसमें उतनी ही कमी हो जाने की प्रत्याशा है (सारणी 6)। इसके साथ ही कर सम्बन्धी प्रस्तावों से 292 करोड़ रुपये† प्राप्त होने की आशा है । (जिसमें से राज्य सरकारों का अंश 42 करोड़ रुपये होगा) इसमें घाटे की राशि 85 करोड़ रुपयों तक सीमित हो जाने का अनुमान है । क्या सरकार घाटे की मात्रा को बजट के आंकड़ों तक सीमित कर सकेगी—यह बात विभिन्न तथ्यों पर निर्भर रहेगी । तीसरे वेतन-आयोग की सिफारिशों के कारण अतिरिक्त व्यय हो सकता है । बजट में आयातित अनाजों के लिये अतिरिक्त उपादानों की भी पर्याप्त व्यवस्थाएं नहीं की गयी हैं । इन तथ्यों को देखते हुए सरकार ने हाल ही में 1973-74 के दौरान राज्य सरकारों को दी जाने वाली साहयता सहित कुल परिव्यय में 400 करोड़ रुपयों की कमी करने के लिये एक कार्यक्रम बनाया है ।

35. केन्द्रीय सरकार के उपभोग व्यय में 1971-72 की तुलना में 1972-73 में जहां 6.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी वहां 1973-74 में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि ही जाने का अनुमान है । पिछले अनुच्छेद में उल्लिखित कारणों से वास्तविक वृद्धि थोड़ी-सी अधिक हो सकती है । पूंजी निर्माण के सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार द्वारा किये जाने वाले व्यय में 1972-73 में हुई 26 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 6 प्रदिशत की और वृद्धि होने की संभावना है (सारणी 7) । कुल व्यय में 1973-74 में पूंजी निर्माण के लिये की गयी व्यवस्था का अंश 38 प्रतिशत होगा; इससे यह विदित होता है कि यह अनुपात जहां 1969-70 में 33 प्रतिशत था वहां बराबर बढ़ता रहा है ।

पूंजी-निर्माण व्यय

36. पूंजी निर्माण के अन्तर्गत, आर्थिक सेवाओं (एक मुश्त अनुदानों और ऋणों को छोड़कर) के लिये हुए व्यय में 2.0 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई और उक्त व्यय की राशि 1972-73 के 1896 करोड़ रुपयों से बढ़कर 1973-74 में 1933 करोड़ रुपये हो गयी । यह वृद्धि मुख्यतः पांचवीं योजना के लिये अग्रिम कार्रवाई के रूप में की गयी । 150 करोड़ रुपयों की व्यवस्था के कारण हुई; इस व्यवस्था को पूंजी-निर्माण के रूप माना गया है । इसके विपरीत 1973-74 के बजट में कृषि, उद्योग तथा परिवहन और संचार के अन्तर्गत होने वाले व्यय की व्यवस्था को 1972-73 की अपेक्षा कम दर्शाया गया है । कृषि के मामले में जो कम व्यवस्था की गयी है उसका आंशिक कारण यह हो सकता है कि पिछले वर्ष राज्य सरकारों को आपाती कृषि उत्पादन कार्यक्रम के लिये प्रदान किये गये ऋण में बहुत अधिक वृद्धि हुई थी । उद्योग के संदर्भ में हुई कमी का यह कारण है कि 1972-73 के परिशोधित अनुमानो में इसके पूर्व उल्लिखित क्षतिपूर्ति अवायगियों को भी शामिल किया गया है । परिवहन और संचार के लिये कम राशि की जो व्यवस्था की गयी है । उसका मुख्य कारण यह है कि 1972-73 में वस्तुओं में हुई 22 करोड़ रुपयों की वृद्धि की तुलना में 1973-74 में 10 करोड़ रुपयों की कमी होने की प्रत्याशा है ।

†इसके पूर्व उल्लिखित कर रियायतों के कारण इस राशि में लगभग 2 करोड़ रुपयों की कमी होगी ।

राज्य सरकारों के बजट संबंधी कार्यकलाप 1972-73

37. 1972-73 के परिशोधित अनुमानों से यह विदित होता है कि सभी राज्यों के संयुक्त बजट में 270 करोड़ रुपयों के अधिशेष* की स्थिति विद्यमान थी जबकि बजट अनुमानों में 20 करोड़ रुपयों@ के बहुत कम अधिशेष की प्रत्याशा की गयी थी (सारणी 7) । राज्य सरकारों की वित्तीय स्थितियों के परिशोधित अनुमानों में इस प्रकार जो भारी वृद्धि पायी गयी उसका प्रमुख कारण यह था कि राज्य सरकारों को केन्द्रीय सरकार से पर्याप्त ऋण सहायता प्राप्त हुई जिसमें से 511 करोड़ रुपये** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से उनके द्वारा लिये गये ओवरड्राफ्टों के बकाया अंश को चुकाने के लिये दिये गये थे । इस राशि में से राज्य सरकारों ने 90 करोड़ रुपये चुका दिये हैं और शेष 421 करोड़ रुपयों को बाद में मध्यावधि ऋणों में परिवर्तित कर दिया गया है । उपर्युक्त 270 करोड़ रुपयों का अधिशेष परिशोधित अनुमानों में दिखाया गया है (सारणी 8) । क्योंकि रिजर्व बैंक से लिये गये ओवरड्राफ्टों को चुकाने के लिये अप्रैल 1972 में किये गये लेनदेनों को पूर्ण रूप से पूंजीगत वितरणों के अन्तर्गत नहीं लिया गया है । फिर भी अद्यतन आंकड़ों के आधार पर राज्य सरकारों के बजट सम्बन्धी कार्यकलापों से वास्तव में यह परिलक्षित होता है कि उनके पास लगभग 14 करोड़ रुपयों का शुद्ध अधिशेष विद्यमान था‡ जो बजट अनुमानों के लगभग अनुरूप था ।

38. राज्य सरकारों के कुल वितरणों की राशि (7036 करोड़ रुपये) उनकी कुल प्राप्तियों की राशि (6885 करोड़ रुपये) से अधिक थी । कुल प्राप्तियों मे 1971-72 की अपेक्षा जहां 10 प्रतिशत की वृद्धि होनी चाहिए थी वहां उनमें वास्तव में लगभग 17 प्रतिशत की वृद्धि पायी गयी । राज्यों के निजी करों से प्राप्त होने वाली राशि में 13 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि की अपेक्षा केवल 10.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई । इसके बावजूद उनकी कुल प्राप्तियों में उक्त वृद्धि हुई । इस कमी का अधिकांश भाग केन्द्रीय करों, अनुदानों और ऋणों में राज्यों के हिस्से के रूप में केन्द्रीय सरकार से राशि अन्तरित कर समायोजित किया गया । सहायता अनुदानों और केन्द्रीय करों में से राज्यों को मिलने वाले हिस्से में 13 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई जबकि केन्द्रीय सरकार से लिये गये ऋणों की राशि में 18.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई । बजट अनुमानों की तुलना में कुल प्राप्तियों में 431 करोड़ रुपये की जो वृद्धि हुई, उसमें से लगभग 69 प्रतिशत वृद्धि पूंजीगत प्राप्तियों में हुई । पूंजीगत प्राप्तियों का अधिकांश भाग केन्द्रीय सरकार से ऋणों के रूप में प्राप्त हुआ ।

*नकदी जमा में हुई वृद्धि/कमी, नकदी जमा निवेश लेखे में से किये गये वास्तविक अन्तरणों के जरिये राज्य सरकारों द्वारा की गयी प्रतिभूतियों की वास्तविक खरीद/बिक्री, राजस्व प्रारक्षिता निधियों और अर्थोपाय अग्रिमों और ओवरड्राफ्टों (1 मई, 1972 से सात दिनों में प्रतिदेय) के रूप में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा दिये गये ऋण में हुई कमी/वृद्धि की जो स्थिति राज्य बजटों में दर्शायी गयी है, उसके अनुसार समग्र अधिशेष या घाटे का निर्धारण किया जाता है ।

@यह राशि पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में दी गयी राशि से थोड़ी-सी भिन्न होगी; क्योंकि उसमें पंजाब सरकार द्वारा 1972-73 के दौरान प्रस्तुत किये गये पूरक अनुमानों के प्रभाव को छोड़ दिया गया है ।

**इसमें 1972-73 में वित्तीय साधनों में पायी गयी खाई को दूर करने के लिये जम्मू और काश्मीर की सरकार को योजनेतर ऋण के अंश के रूप में दिये गये 8 करोड़ रुपये शामिल हैं ।

‡रिजर्व बैंक के अभिलेखों के अनुसार नकदी जमाराशियों, रिजर्व बैंक से लिये गये अर्थोपाय अग्रिमों, और खजाना बिलों में हुई घट-बढ़ से विवक्षित ।

सारणी 6 : केन्द्रीय सरकार का विकास और विकासेतर व्यय

(राशि करोड़ रुपयों में)

	1969-70 (लेखे)		1970-71 (लेखे)		1971-72 (लेखे)		1972-73 (बजट अनुमान)		1972-73 (परिशोधित अनुमान)		1973-74 (बजट अनुमान)	
	राशि	पिछले वर्ष की तुलना में घट-बढ़ का प्रतिशत	राशि	पिछले वर्ष की तुलना में घट-बढ़ का प्रतिशत	राशि	पिछले वर्ष की तुलना में घट-बढ़ का प्रतिशत	राशि	पिछले वर्ष की तुलना में घट-बढ़ का प्रतिशत	राशि	पिछले वर्ष की तुलना में घट-बढ़ का प्रतिशत	राशि	पिछले वर्ष की तुलना में घट-बढ़ का प्रतिशत
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
कुल व्यय (क+ख)	4925 (100.0)	+8.8	5576@ (100.0)	+13.2	6710 (100.0)	+20.3	6869 (100.0)	+2.4	7840 (100.0)	+16.8	7642 (100.0)	—2.5
क. विकास व्यय (i+ii)	2352 (47.8)	+5.2	2659 (47.7)	+13.1	3126 (46.6)	+17.6	3544 (51.6)	+13.4	4025 (51.3)	+28.8	4056 (53.1)	+0.8
(i) समाज सेवाएं	304 (6.2)	+10.5	364 (6.5)	+19.7	452 (6.7)	+24.2	663 (9.7)	+46.7	679 (8.6)	+50.2	746 (9.8)	+9.9
(ii) आर्थिक सेवाएं*	2048 (41.6)	+4.5	2295 (41.2)	+12.0	2674 (39.9)	+16.5	2881 (41.9)	+7.7	3346 (42.7)	+25.1	3310 (43.3)	—1.1
ख. विकासेतर व्यय (i+ii)	2573 (52.2)	+12.3	2917 (52.3)	+13.4	3584 (53.4)	+22.9	3325 (48.4)	—7.2	3815 (48.7)	+6.4	3586 (46.9)	—6.0
(i) सामान्य सेवाएं	1492 (30.3)	+6.4	1777 (31.9)	+19.2	2018 (30.1)	+13.6	1909 (27.8)	—5.4	2264 (28.9)	+12.2	2146 (28.1)	—5.2
(ii) अनिर्धारणीय सेवाएं	1081 (21.9)	+21.6	1140 (20.4)	+5.5	1566 (23.3)	+37.4	1416 (20.6)	—9.6	1551 (19.8)	—1.0	1440 (18.8)	—7.2

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े कुल व्यय में प्रतिशत को दर्शाते हैं ।

@ इसमें राष्ट्रीयकृत बैंकों को क्षतिपूर्ति के रूप में अदा किये गये 84 करोड़ रुपयों की अनुमानित राशि और अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक को अवांछनीय, ब्याजरहित रुपया प्रतिभूतियों के रूप में अदा किये गये 114 करोड़ रुपयों की अनुमानित अतिरिक्त अंशदान राशि शामिल है ।

*इसमें एक मुश्त अनुदान और ऋण शामिल है ।

सारणी 7 : पूंजी निर्माण पर भारत सरकार का व्यय

(राशि करोड़ रुपयों में)

	1968-69 (लेखे)	1969-70 (लेखे)	1970-71 (लेखे)	1971-72 (लेखे)	1972-73 (बजट अनुमान)	1972-73 (परिशोधित अनुमान)	1973-74 (बजट अनुमान)
1	2	3	4	5	6	7	8
I. सकल प्रत्यक्ष अचल पूंजी निर्माण . .	449	430	485	566	757	760	913
II. वस्तु सूचियों में वृद्धि . . .	—173	—37	34	31	—33	—11	—16
III. शुद्ध प्रत्यक्ष पूंजी निर्माण (सकल प्रत्यक्ष अचल पूंजी निर्माण में से नवीकरणों और प्रतिस्थापनों पर किये गये व्यय को घटाने, किन्तु वस्तु-सूचियों में हुई वृद्धि को जोड़ने के बाद) . . .	193	318	428	506	604	635	759
IV. पूंजी-निर्माण (क+ख+ग) के लिये वित्तीय सहायता	1384	1219	1285 (1369)*	1564	1717	1969	1986
(क) राज्य सरकारें और संघशासित क्षेत्र . .	709	692	740	885	899	1074	1167
(ख) विभागेतर वाणिज्यिक उपक्रम (1+2) .	623	444	448 (532)*	545	674	750	676
1. वित्तीय संस्थाएं	69	42	70 (154)*	63	103	144	117
2. अन्य	554	402	378	482	571	606	559
(ग) अन्य पार्टियां@	52	83	97	134	144	145	143
जोड़ (I+II+IV) . .	**1660**	**1612**	**1804 (1888)***	**2161**	**2441**	**2718**	**2883**

टिप्पणी : इस सारणी में पूंजी निर्माण पर हुआ व्यय सकल आधार पर दर्शाया गया है ।

*राष्ट्रीयकृत बैंकों को प्रदत्त की गयी क्षतिपूर्ति को मिला कर ।

@स्थानीय प्राधिकारियों और दूसरों को दी गयी सहायता शामिल है ।

39. सूखे की स्थितियों का प्रभाव राज्य सरकारों द्वारा किये गये वितरणों में परिलक्षित हुआ । बजट अनुमानों के अनुसार वितरणों की राशि में 1971-72 की अपेक्षा 4.4 प्रतिशत की वृद्धि होनी चाहिये थी, परन्तु उसमें वस्तुतः 14.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई । विकासेतर व्यय में जहां 3.8 प्रतिशत की वृद्धि होनी चाहिये थी वहां 20 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई जिसका प्रमुख कारण अकाल राहत के अन्तर्गत चालू व्यय में भारी वृद्धि हो जाना था । कई राज्यों में विद्यमान अभाव की स्थितियों के परिणामस्वरूप राज्य सरकारों द्वारा अन्य पार्टियों को, विशेषकर कृषकों को दी गयी ऋण सहायता में भी वृद्धि हुई । ऐसी ऋण सहायता राशि में वास्तव में 23 प्रतिशत की वृद्धि पायी गयी । उनके विकास व्यय में भी में वृद्धि पायी गयी, जो 1971-72 की अपेक्षा 20 प्रतिशत अधिक और 1972-73 के बजट अनुमानों की अपेक्षा 8.6 प्रतिशत अधिक था ।

राज्य सरकारों के बजट संबंधी कार्यकलाप 1973-74

40. राज्य सरकारों के 1973-74 के बजटों के सम्बन्ध में एक उल्लेखनीय विशेषता यह थी कि उनके योजनागत परिव्यय की राशि में 234 करोड़ रुपयों (14.6 प्रतिशत) की वृद्धि की गयी और उक्त परिव्यय राशि बढ़कर 1836 करोड़ रुपये हो गयी । परन्तु इसके अनुरूप अतिरिक्त वित्तीय साधन जुटाने के लिये राज्य सरकारों ने व्यापक प्रयत्न नहीं किये । जहां 1972-73 में 69 करोड़ रुपयों‡ के नये कर जुटाने के प्रयत्न किये गये थे वहां 1973-74 में राज्य सरकारों द्वारा घोषित प्रयत्नों से कुल 40 करोड़ रुपयों का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होने की

‡यह पूरे वर्ष में प्राप्त होने वाली राशि है । इसमें बकाया करों की वसूली के लिये किये गये अभियान और कर प्रशासन संघ को मजबूत बनाने से प्राप्त होने वाली राशि शामिल नहीं है ।

सारणी 8 : राज्यों की समग्र बजट स्थिति

(राशि करोड़ रुपयों में)

	1969-70 (लेखे)	1970-71 (लेखे)	(1) की तुलना में (2) में हुई वृद्धि का प्रतिशत	1971-72 (लेखे)‡	(2) की तुलना में (4) में हुई वृद्धि का प्रतिशत	1972-73@ (बजट)‡
	1	2	3	4	5	6
1. कुल प्राप्तियां (अ+आ)	4889	5071	+3.7	5873	+15.8	6454
अ. राजस्व प्राप्तियां (i+ii)	3053	3371	+10.4	4045	+20.0	4400
(i) राज्यों की निजी राजस्व प्राप्तियां	1896	2049	+ 8.1	2259	+ 9.8	2536
उनमें से कर प्राप्तियां	1356	1528	+12.7	1695	+10.9	1914
(ii) केन्द्रीय सरकार से अन्तरित किये गये वित्तीय साधन (क+ख)	1157	1322	+14.3	1795	+35.8	1864
(क) करों का हिस्सा	625	756	+21.0	942	+24.6	1058
(ख) केन्द्रीय सरकार से अनुदान	532	566	+ 6.4	853	+50.7	806
आ. पूंजीगत प्राप्तियां (i+ii)	1836	1700	— 7.4	1828	+ 7.5	2054
(i) राज्यों की निजी पूंजीगत प्राप्तियां	806	695	—13.8	636	— 8.5	853
उनमें से बाजार ऋण (सकल)	173	165	— 4.6	177	+ 7.3	188
(ii) केन्द्रीय सरकार से प्राप्त ऋण (सकल)	1030	1005	— 2.4	1192	+18.6	1201
2. कुल वितरण	4830	5212	+ 7.9	6162	+18.2	6434
उनमें से						
(क) विकास परिव्यय	2130	2428	+14.0	2861	+17.8	3157
(ख) विकासेतर परिव्यय	1483	1518	+ 2.4	1845	+21.5	1915
(ग) केन्द्रीय सरकार के ऋणों की चुकौती	608	634	+ 4.3	802	+26.5	785
(घ) अन्य पार्टियों को ऋण और अग्रिम	432	491	+13.7	555	+13.0	453
(ङ) बाजार ऋणों की चुकौती	85	59	—30.6	73	+23.7	84
3. समग्र अधिशेष (+) या घाटा (—) (I—II)	+59	—141		—289£		+20

टिप्पणी : 1. यहां दिये गये आंकड़े पिछली वार्षिक रिपोर्टों के आंकड़ों से मेल नहीं खाते । इसका प्रमुख कारण यह है कि विभागीय उपक्रमों के शुद्ध अंशदानों को दूसरे शीर्ष के अधीन स्वीकार किया गया है; इसके अलावा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से लिये गये शुद्ध अर्थोपाय अग्रिमों और ओवरड्राफ्टों (राज्य बजटों के अनुसार) को पहले जहां चल ऋण के अन्तर्गत राज्यों की पूंजीगत प्राप्तियो के अंश के रूप में दर्शाया जाता था वहां उन्हें 1971-72 की रिपोर्ट से वित्तीय सहायता की मदों के रूप में स्वीकार किया गया है ।

2. 1973-74 (बजट) के लिये कोष्ठकों में दिये गये आंकड़ों राज्यों के बजट प्रस्तावों से प्राप्त होने वाली अनुमानित राशि और 1973-74 के दौरान केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रस्तावित अतिरिक्त करार्धान से राज्यों को मिलने वाले हिस्से को जोड़ने के बाद बने है ।

3. 1972-73 (परिणोधित) के लिये कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े कुल प्राप्तियों, पूंजीगत प्राप्तियों और केन्द्रीय सरकार से लिये गये ऋणों से सम्बन्धित है; उनमें रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से राज्यों द्वारा लिये गये ओवरड्राफ्टों की बकाया राशि को चुकाने के लिये केन्द्रीय सरकार द्वारा दिये गये 511 करोड़ रुपयों के अर्थोपाय अग्रिम शामिल नहीं हैं; कुल वितरणों और केन्द्रीय सरकार से लिये गये ऋणो की चुकौती में वे 90 करोड़ रुपये शामिल नहीं है जो उपर्युक्त राशि के संदर्भ में आंशिक रूप में चुकाये गये । समग्र अधिशेष/घाटा तदनुसार समायोजित किया गया है ।

4. चौकोर कोष्ठकों के आंकड़े 1972-73 (परिणोधित अनुमान) के लिये कोष्ठकों में दिये गये आंकड़ों की तुलना में 1973-74 (बजट अनुमान) में हुई वृद्धि के प्रतिशत को दर्शाते हैं ।

सारणी 8 : राज्यों की समग्र बजट स्थिति (जारी)

(राशि करोड़ रुपयों में)

	(4) की तुलना में (6) में हुई वृद्धि का प्रतिशत	1972-73 (परि-शोधित)‡	(6) की तुलना में (8) में हुई वृद्धि का प्रतिशत	1973-74 (बजट)‡	(8) की तुलना में (10) में हुई वृद्धि का प्रतिशत	
	7	8	9	10	11	
1. कुल प्राप्तियां (अ+आ)	+ 9.9	7396	+25.9	7230	— 2.2	[+5.0]
		(6885)	(17.2)	(7312)	(—1.1)	[+6.2]
अ. राजस्व प्राप्तियां (1+2)	+ 8.8	4534	+12.1	4899	+ 8.1	
				(4981)	(+9.9)	
(1) राज्यों की निजी राजस्व प्राप्तियां	+12.7	2304	+11.3	2639	+ 5.4	
				(2679)	(+7.0)	
उनमें से कर प्राप्तियां	+12.9	1873	+10.5	2013	+7.5	
				(2052)	(+ 9.6)	
(2) केन्द्रीय सरकार से अन्तरित किये गये वित्तीय साधन (क+ख)	+ 3.8	2030	+13.1	2260	+11.3	
				(2302)	(+13.4)	
(क) करों का हिस्सा	+12.3	1063	+12.8	1146	+ 7.8	
				(1188)	(+11.8)	
(ख) केन्द्रीय सरकार से अनुदान	—5.5	967	+13.4	1114	+15.2	
आ. पूंजीगत प्राप्तियां (1+2)	+12.4	2862	+56.6	2331*	—18.6	[—0.9]
		(2351)	(+28.6)			
(1) राज्यों की निजी पूंजीगत प्राप्तियां	+34.1	937	+47.3	1036	+10.6	
उनमें से बाजार ऋण (सकल)	+ 6.2	217	+22.6	193*	—11.1	
(2) केन्द्रीय सरकार से प्राप्त ऋण (सकल)	+ 0.8	1925	+61.5	1295	—32.7	[—8.4]
		(1414)	(18.6)			
2. कुल वितरण	+ 4.4	7126	+15.6	7510	+ 5.4	[+6.7]
		(7036)	(+14.2)			
उनमें से						
(क) विकास परिव्यय	+10.3	3427	+19.8	3798	+10.8	
(ख) विकासेतर परिव्यय	+ 3.8	2218	+20.2	2335	+ 5.3	
(ग) केन्द्रीय सरकार के ऋणों की चुकौती	— 2.1	671	—16.3	769	+14.6	[+32.4]
		(581)	(—27.6)			
(घ) अन्य पार्टियों को ऋण और अग्रिम	—18.4	683	+23.1	549	—19.6	
(ङ) बाजार ऋणों की चुकौती	+15.1	87	+19.2	1	—98.9	
3. समग्र अधिशेष (+) या घाटा (—) (1—2)		+270		—280		
		(—151)		(—198)		

@ इस में बजट प्रस्तावों का प्रभाव शामिल है। पंजाब के मामले में 1972-73 के दौरान पेश किये गये पूरक अनुमानों को शामिल नहीं किया गया है। यदि उनको हिसाब में लिया जाए तो समग्र अधिशेष की राशि 9 करोड़ रुपये होगी।

‡ आंध्र प्रदेश और उड़ीसा के आंकड़े अनन्तिम हैं।

£ जम्मू और काश्मीर बैंक लिमिटेड को जम्मू और काश्मीर सरकार द्वारा ओवरड्राफ्टों की जो शुद्ध चुकौती की गयी उसे यदि हिसाब में लिया जाये तो इस घाटे में 1 करोड़ रुपये की कमी होगी।

* समानता लाने के लिये आंकड़े प्रस्तुत करते समय जम्मू और काश्मीर बिजली बोर्ड द्वारा लिये गये 3 करोड़ रुपयों के बाजार ऋणों को राज्यों की पूंजीगत प्राप्तियों में शामिल नहीं किया गया है।

आशा है । इनमें से 18 करोड़ रुपये उन करों को जारी रखने से प्राप्त होंगे, जिन्हें प्रारम्भ में शरणार्थियों की राहत के लिये लागू किया गया था।

41. यह आशा की जाती है कि सभी राज्य सरकारों की 7230 करोड़ रुपयों की कुल प्राप्तियां (कराधान की 1972-73 की दरों पर) 1972-73 के परिशोधित अनुमानों की अपेक्षा 166 करोड़ रुपये कम होंगी । फिर भी 1972-73 में राज्य सरकारों द्वारा प्राप्त किये गये पूर्वोल्लिखित विशेष अर्थोपाय अग्रिमों की सहायता का समायोजन करने के बाद कुल प्राप्तियों में 345 करोड़ रुपयों (5.0 प्रतिशत) की वृद्धि परिलक्षित होगी । इस वर्ष के दौरान केन्द्रीय सरकार द्वारा लगाये गये नये करों से राज्य सरकारों को प्राप्त होने वाले अंश और अतिरिक्त वित्तीय साधन जुटाने के लिये उनके द्वारा किये गये उपायों से प्रत्याशित आय को यदि जोड़ा जाये तो कुल प्राप्तियों की राशि बढ़कर 7312 करोड़ रुपये होगी । राज्यों की कुल प्राप्तियों के स्वरूप से यह विदित होता है कि राज्यों को अपने करों से प्राप्त होने वाली राशि में बजट में 9.6 प्रतिशत की जो वृद्धि (जुटाये जाने वाले अतिरिक्त वित्तीय साधनों सहित) दर्शायी गयी है वह सम्पूर्ण चौथी योजना की अवधि के किसी भी वर्ष की वृद्धि से कम है । पिछले कुछ वर्षों में राज्यों को करों से प्राप्त होने वाली आय की वृद्धि दर कम होती जा रही है और वह 1970-71 में जहां लगभग 12.7 प्रतिशत थी वहां 1973-74 में घटकर 9.6 प्रतिशत हो गयी है । इसके विपरीत यह आशा की जाती है कि करों के अंश और सहायता अनुदानों के रूप में केन्द्रीय सरकार से अन्तरित किये गये 2302 करोड़ रुपयों के वित्तीय साधन 13.4 प्रतिशत अधिक होंगे । 1972-73 में भी उक्त वित्तीय साधनों में लगभग उतनी ही वृद्धि हुई थी । बजट में राज्य सरकारों की 2331 करोड़ रुपयों की पूंजीगत प्राप्तियों की जो व्यवस्था की गयी है वह लगभग 1 प्रतिशत की कमी को दर्शाती है जबकि 1972-73 में उसके पूर्व वर्ष की अपेक्षा उनमें 29 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई थी । बजट में केन्द्रीय सरकार से लिये जाने वाले 1295 करोड़ रुपयों के ऋणों की जो व्यवस्था की गयी है वह भी 8 प्रतिशत से अधिक कम होगी ।

42. 7510 करोड़ रुपयों के जो कुल वितरण किये गये थे 1972-73 के परिशोधित अनुमानों की अपेक्षा 384 करोड़ रुपये (5.4 प्रतिशत) अधिक होंगे जबकि 1972-73 में उनमें 15.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी*। आशा की जाती है कि विकास और विकासेतर दोनों प्रकार के व्यय में 1972-73 में हुई वृद्धि (क्रमशः 19.8 प्रतिशत और 20.2 प्रतिशत) की तुलना में इस वर्ष काफी कम अर्थात् क्रमशः 10.8 प्रतिशत और 5.3 प्रतिशत की वृद्धि होगी । राज्य सरकारों द्वारा केन्द्रीय सरकार को जो ऋण चुकाये जायेंगे उनमें 14.6 प्रतिशत की वृद्धि होने की आशा की जाती है जबकि 1972-73 में इसके विपरीत उनमें 16.3 प्रतिशत की कमी हुई थी । राज्य सरकारों द्वारा केन्द्रीय सरकार को चुकाये जाने वाले ऋणों की मात्रा में जो वृद्धि होगी वह राज्य सरकारों द्वारा अपनी ओर से अन्य पार्टियों को प्रदान की जाने वाली ऋण सहायता में काफी कमी कर देने के कारण आंशिक रूप से समायोजित हो जायेगी । उक्त सहायता को बजट में 19.6 प्रतिशत कम दर्शाया गया है।

43. संक्षेप में, यह आशा की जाती है कि राज्य सरकारों के 1973-74 के बजट सम्बन्धी कार्यकलापों से अन्त में 280 करोड़ रुपयों का घाटा होगा । परन्तु अतिरिक्त वित्तीय साधन जुटाने के राज्य सरकारों के प्रयत्न और केन्द्रीय सरकार द्वारा लगाये जाने वाले अतिरिक्त करों से उनको प्राप्त होने वाले अंशों के परिणामस्वरूप उक्त घाटे की राशि में 82 करोड़ रुपयों की कमी होगी और वह 198 करोड़ रुपये रह जायेगी । यह स्पष्ट नहीं है कि इस घाटे को कैसे पूरा किया जायेगा । इस संदर्भ में यह उल्लेखनीय है कि संभवतः हरियाणा को छोड़कर किसी भी राज्य सरकार ने कृषि जोतों पर कर लगाये जाने से सम्बन्धित राज समिति की सिफारिश को कार्यान्वित करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है । वन योजनाओं तथा सड़क और जल परिवहन योजनाओं को छोड़कर राज्य सरकारों के अन्य सभी वाणिज्यिक उपक्रमों का अंशदान नकारात्मक रहा है । यदि राज्य सरकारें काफी मात्रा में अतिरिक्त वित्तीय साधन जुटाना चाहती हों तो उन्हें ऐसे उपाय अपनाने पड़ेंगे जिनसे कृषि से अधिक आय मिले और उन्हें अपने वाणिज्यिक उपक्रमों से अधिशेष प्राप्त करने के लिये भी प्रयत्न करने होंगे ।

राज्यों द्वारा लिये गये ओवरड्राफ्ट

44. जैसा कि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में कहा जा चुका है, 30 अप्रैल, 1972 तक 642 करोड़ रुपयों के जो ओवरड्राफ्ट बकाया थे, उनका अंशतः केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रदान की गयी विशेष सहायता द्वारा और अंशतः राज्यों को देय राशियों की अग्रिम अदायगी द्वारा इस उद्देश्य के लिये बनायी गयी एक विशेष योजना के अधीन शोधन किया गया । 1 मई 1972 से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने कोई ओवरड्राफ्ट लेने की अनुमति नहीं दी। अब ओवरड्राफ्ट केवल सात दिनों से अनधिक अस्थाई अवधि के लिये ही अनुमत हैं । परन्तु सभी राज्यों के लिये रिजर्व बैंक द्वारा दिये जाने वाले निर्बाध अर्थोपाय अग्रिमों की सीमाओं को बढ़ाकर कुल 78 करोड़ रुपये कर दिया गया है । इनके अतिरिक्त राज्य सरकार विशेष और अतिरिक्त विशेष अर्थोपाय अग्रिमों के रूप में जमानती अग्रिम प्राप्त कर सकती हैं । राज्य सरकारों ने अर्थोपाय अग्रिमों की इन संशोधित सुविधाओं का काफी कम मात्रा में लाभ उठाया और निर्बाध अग्रिमों के शीर्ष के अन्तर्गत अधिकतम बकाया राशि 64 करोड़ रुपयों से अधिक नहीं थी। जिन कतिपय राज्य सरकारों ने रिजर्व बैंक से अस्थायी रूप से अधिक राशि ली थी उन्होंने सात दिनों की निर्धारित समय सीमा के भीतर ओवरड्राफ्टों का शोधन कर दिया । इस प्रकार राज्य सरकारों द्वारा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से लिये जाने वाले ओवरड्राफ्टों को समाप्त करने के लिये की गयी नयी व्यवस्था और श्रेष्ठ वित्तीय अनुशासन का 1972-73 में अपेक्षानुसार संतोषजनक परिणाम पाया गया।

बाजार ऋण

45. 1972-73 में सरकार के व्यय में जो वृद्धि हुई उसके अधिकांश भाग की वित्तीय व्यवस्था बाजार ऋणों द्वारा वित्तीय साधन जुटाकर की गयी । बाजार ऋणों से केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों को समन्वित रूप से 1972-73 में 612 करोड़ रुपयों की शुद्ध प्राप्ति हुई अर्थात् उसमें 1971-72 में प्राप्त 396 करोड़ रुपयों की अपेक्षा 216 करोड़ रुपयों की वृद्धि पायी गयी। इस वृद्धि में से केन्द्रीय सरकार के हिस्से में 183 करोड़ रुपये और राज्य सरकारों के हिस्से में 33 करोड़ रुपये थे । केन्द्रीय सरकार ने चार बार ऐसे अवसर पर बाजार ऋण जारी किये जब बैंकिंग संघटन के पास काफी मात्रा में अतिरिक्त निधियां उपलब्ध थीं (सारणी 9) ।

46. 4 सितम्बर, 1972 को, 20 राज्य सरकारों‡ ने सममूल्य पर 197.25 करोड़ रुपयों की राशि के लिये 5¾ प्रतिशत ब्याज वाले 12 वर्षों के ऋण जारी किये। 1972-73 के दौरान राज्य सरकारों को प्राप्त शुद्ध बाजार ऋणों की कुल राशि 134 करोड़ रुपये थी जबकि 1971-72 में उक्त राशि 101 करोड़ रुपये थी ।

*1972-73 में किये गये कुल वितरणों में केन्द्रीय सरकार को चुकाये गये 90 करोड़ रुपयों के अर्थोपाय अग्रिम शामिल हैं । राज्य सरकारों द्वारा केन्द्रीय सरकार को 1973-74 में चुकायी जाने वाली राशि के सम्बन्ध में इस प्रकार के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं । 1973-74 के कुल वितरणों की राशि विशेष अर्थोपाय सहायता सहित 1972-73 के कुल वितरणों की राशि से मेल खाती है ।

‡हिमाचल प्रदेश, जम्मू और काश्मीर, मणिपुर, मेघालय और नागालैंड पहली बार बाजार ऋण जारी किये ।

सारणी 9 : 1972-73 के दौरान भारत सरकार के बाजार ऋण

(राशि करोड़ रुपयों में)

जारी किये गये ऋण	निर्गम मूल्य (रुपये प्रतिशत)	राशि				ऐसी अपरिवर्तित प्रतिभूतियों के लिये जिनकी अवधि समाप्त हो गयी थी, नकदी में की गयी अदायगी	शुद्ध बाजार ऋण (3-6)
		प्रस्तावित	अभिदत				
			नकदी	परिवर्तन	जोड़ (3+4)		
	1	2	3	4	5	6	7
4½ प्रतिशत ऋण, 1979	100.00		57	44	102		
5 प्रतिशत राष्ट्रीय रक्षा ऋण, 1981	100.00		10	—	10		
5 प्रतिशत ऋण, 1982	100.00		10	—	10		
5 प्रतिशत ऋण, 1983	99.50 99 65	710	171	88	259	18	
5 प्रतिशत ऋण, 1984	99.50		50	—	50		
5¼ प्रतिशत ऋण, 1988	99.50		60	—	60		
5½ प्रतिशत ऋण, 2002	100.00		183	105	288		
1972-73 के दौरान कुल ऋण			**541**	**237**	**779**	**63@**	**478**

टिप्पणी : राशियों को पूर्णांकित कर देने के कारण अलग-अलग ऋणों से ऋणों के जोड़ नहीं मिलेंगे ।

@ इनमें इस वर्ष के दौरान उन प्रतिभूतियों के लिये जिनकी अवधि समाप्त हो गयी थी, नकदी में चुकाये गये 45 करोड़ रुपये शामिल हैं ।

स्रोत: रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अभिलेख ।

47. यह अनुमान है कि केन्द्रीय सरकार के 1972-73 के बजट में अल्प बचतों से प्राप्त होने वाली शुद्ध राशि 230 करोड़ रुपये* होगी। 1972-73 के दौरान की गयी वास्तविक शुद्ध वसूलियों की राशि अब 351 करोड़ रुपये निर्धारित की गयी है । केन्द्रीय सरकार के 1973-74 के बजट में इन प्राप्तियों की राशि 325 करोड़ रुपये होने की आशा है ।

बचत और निवेश

48. पूंजीगत लेखे में प्राप्त अन्य राशियों के साथ बाजार ऋणों की सहायता से केन्द्रीय सरकार राज्य सरकारों, संघशासित क्षेत्रों, स्थानीय प्राधिकारियों और विभागेतर वाणिज्यिक उपक्रमों को 1972-73 में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से 2718 करोड़ रुपयों के सकल पूंजी-निर्माण के लिये वित्तीय सहायता प्रदान कर सकी ।

49. 1973-74 के बजट में केन्द्रीय सरकार ने सकल और शुद्ध बाजार ऋणों के लिये क्रमशः 880 करोड़ रुपयों और 326 करोड़ रुपयों की व्यवस्था की है । ऋण कार्यक्रम के पहले चरण के दौरान केन्द्रीय सरकार ने 12 मई, 1973 को 500 करोड़ रुपयों की राशि के लिये 4½ प्रतिशत ऋण 1980, 5 प्रतिशत ऋण, 1984 (दूसरा निर्गम) और 5½ प्रतिशत ऋण 2003 जारी किये । उनमें 551 करोड़ रुपयों के अभिदान किये गये जिनमें से 170 करोड़ रुपये नकदी में और शेष परिवर्तन के रूप में थे । ऋण कार्यक्रम के दूसरे चरण में केन्द्रीय सरकार ने 21 जुलाई 1973 को 325 करोड़ रुपयों की राशि के लिये 4½ प्रतिशत ऋण, 1981, 5¼ प्रतिशत ऋण, 1987 और 5½ प्रतिशत ऋण 2003 (दूसरा निर्गम) जारी किये । उनसे 358 करोड़ रुपयों की जो कुल अभिदान राशि प्राप्त हुई उसमें से 212 करोड़ रुपये नकदी में प्राप्त हुए । नकदी में पुराने ऋणों का जो भुगतान किया गया उसे हटा देने पर इन दो चरणों से केन्द्रीय सरकार को प्राप्त शुद्ध बाजार ऋणों की राशि 354 करोड़ रुपये थी । जहां तक राज्य सरकारों का सम्बन्ध है, 149.75 करोड़ रुपयों की कुल अधिसूचित राशि के लिये सममूल्य पर 5½ प्रतिशत ऋण, 1985 की घोषणा की गयी है । 1973-74 में किसी भी राज्य सरकार के ऋणों की अवधि समाप्त नहीं होने वाली है ।

50. राज्य सरकारों द्वारा पूंजी निर्माण पर किये गये व्यय का अनुमान लगाने के लिये कोई व्यौरेवार जानकारी उपलब्ध नहीं है । पिछले वर्ष की तुलना में राज्य सरकारों के विकास परिव्यय में राजस्व लेखे और पूंजीगत लेखे के अन्तर्गत 566 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई है । (सारणी 8) । चूंकि राज्य सरकारों के विकास व्यय का बहुत बड़ा अंश शिक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य, सिविल निर्माण कार्य आदि के चालू परिव्यय से सम्बन्धित है, अतः यह कहना कठिन है कि इस वृद्धि का कितना अंश पूंजी निर्माण के अतिरिक्त व्यय से सम्बन्धित है । जहां तक पूंजी निर्माण के वित्तपोषण का सम्बन्ध है उक्त वृद्धि का अधिकांश भाग केन्द्रीय सरकार से ऋणों और अन्य अन्तरणों के रूप में प्राप्त हुआ । राज्य सरकारों की अपनी बचत का अंश पिछले वर्ष की अपेक्षा कुछ कम ही था ।

*कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 के अधीन भविष्य निधियों के 75 प्रतिशत का डाकघर की मीयादी जमाराशियों में निवेश करने का निर्णय किये जाने के परिणामस्वरूप इस राशि को बढ़ाकर 275 करोड़ रुपये कर दिया गया ।

51. हिन्दुस्तान स्टील, हैवी इंजीनियरिंग कार्पोरेशन और हैवी इलैक्ट्रिकल्स आदि सरकारी क्षेत्र के बड़े प्रतिष्ठानों की वित्तीय स्थिति में कुछ सीमान्त सुधार हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप सरकारी क्षेत्र की बचत में हुई कमी रोकी जा सकी है। इसके अलावा, जैसा कि पहले कहा जा चुका है, केन्द्रीय सरकार की शुद्ध बचत की राशि 1972-73 में 458 करोड़ रुपये थी जबकि 1971-72 में 178 करोड़ रुपये थी। उक्त बचत 1973-74 में बढ़कर 846 करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है। शुद्ध निवेश की राशि बढ़कर 759 करोड़ रुपये हो जाने की आशा है। इससे यह प्रत्याशा की जाती है कि बचत में 87 करोड़ रुपयों का अधिशेष होगा। 1973-74 के इस अधिशेष के मुकाबले में 1972-73 में 177 करोड़ रुपयों की कमी हुई थी जो 1971-72 में हुई 328 करोड़ रुपयों की कमी की अपेक्षा और कम थी। केन्द्रीय सरकार की बचत में जो सुधार हुआ है उसका जारी रहना इस बात पर निर्भर करता है कि कहां तक चालू व्यय को बजट में की गयी व्यवस्थाओं के भीतर सीमित किया जायेगा।

52. इससे यह तथ्य उभरता है कि सरकारी बचत और सरकारी निवेश व्यय की राशि 1971-72 की अपेक्षा 1972-73 में अधिक थी। परन्तु इस से भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि उपभोग और निवेश के लिये वस्तुओं की खरीद और सेवाओं पर सरकारों द्वारा किये जाने वाले परिव्यय की राशि गैर-सरकारी क्षेत्र द्वारा करों और ऋणों के रूप में सरकार को अन्तरित की गयी राशि से काफी अधिक थी। इसका अनिवार्य परिणाम यह हुआ कि एक ओर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से सरकारी क्षेत्र द्वारा लिये जाने वाले ऋणों में तेजी से वृद्धि हुई और दूसरी ओर आवश्यक उपभोग में भी कमी आयी।

मुद्रा और बैंक व्यवसाय की गतिविधियां

मुद्रा उपलब्धि और कुल मुद्रागत साधनों की प्रवृत्तियां

53. जैसा कि पहले देखा गया है, सरकारी और निजी क्षेत्रों के व्यय में हुई वृद्धि के साथ-साथ मुद्रा उपलब्धि और कुल मुद्रागत साधनों में भी तेजी से वृद्धि हुई। जनता के पास रहने वाली मुद्रा में जहां 1972-73 में 15.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई वहां पिछले वर्ष 14.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। कुल मुद्रागत साधनों में पिछले वर्ष की 16.9 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में इस वर्ष 17.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पिछले वर्ष के विपरीत इस वर्ष हुई इस मुद्रा वृद्धि की विशेषता यह थी कि उसके चलमुद्रा घटक में 857 करोड़ रुपयों (17.2 प्रतिशत) की भारी वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष 388 करोड़ रुपयों (8.5 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी। इसके विपरीत, जमा रकम में पिछले वर्ष हुई 673 करोड़ रुपयों (23.4 प्रतिशत) की वृद्धि की तुलना में 469 करोड़ रुपयों (13.2 प्रतिशत) की कम वृद्धि हुई। इस प्रवृत्ति के अनुकूल, मुद्रा उपलब्धि में चल मुद्रा का सीमांत अनुपात 36.6 प्रतिशत से बढ़कर 64.6 प्रतिशत हो गया (सारणी 10)। परन्तु मीयादी जमाराशियों में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई अर्थात् उनमें चल मुद्रा या मांग जमाराशियों में हुई वृद्धि की अपेक्षा अधिक तेजी से वृद्धि हुई।

सारणी 10 : मुद्रा उपलब्धि और मुद्रागत साधनों की प्रवृत्तियां (वार्षिक)

(राशि करोड़ रुपयों में)

	जून के अन्त में बकाया			जुलाई-जून के दौरान घट-बढ़		
	1971	1972	1973	1970-71	1971-72	1972-73
मुद्रा उपलब्धि के घटक						
1. जनता के पास चल मुद्रा	4591	4979	5836	+ 421	+ 388	+ 857
2. मांग जमाराशियां	2871	3544	4013	+ 406	+ 673	+ 469
3. मुद्रा उपलब्धि (1+2)	7462	8523	9849	+ 828	+1061	+ 1326
4. मीयादी जमाराशियां	3660	4476	5434	+ 562	+ 816	+ 958
5. मुद्रागत साधन (3+4)	11122	12999	15283	+1389	+1877	+ 2284
मुद्रा उपलब्धि को प्रभावित करने वाले तत्व						
6. बैंकों द्वारा सरकार को दिया गया शुद्ध ऋण (क+ख)	5755	6989	8427	+ 931	+1234	+ 1438
(क) रिजर्व बैंक द्वारा सरकार को दिया गया शुद्ध ऋण	4316	5194	6149	+ 734	+ 878	+ 955
(ख) दूसरे बैंकों द्वारा सरकार को दिया गया शुद्ध ऋण	1439	1795	2279	+ 197	+ 356	+ 484
7. बैंकिंग क्षेत्र की शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियां	569	605	587	— 95	+ 36	— 18
8. जनता के प्रति सरकार की शुद्ध चल मुद्रा देयताएं	395	419	439	+ 21	+ 24	+ 20
9. जोड़ (6+7+8)	6719	8013	9453	+ 857	+1294	+1440
10. बैंकों द्वारा वाणिज्य क्षेत्र को दिया गया ऋण*	5748	6683	7720	+ 721	+ 935	+1037
(क) बैंकों द्वारा वाणिज्य क्षेत्र को दिया गया शुद्ध ऋण*	2087	2207	2286	+ 158	+ 120	+ 79
11. जोड़ (9+10)	12467	14696	17173	+1578	+2229	+2477
12. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की शुद्ध मुद्रेतर देयतायें (वृद्धि—)	817	1066	1143	— 177	—249	— 77
13. शेष (वृद्धि—)	527	632	747	— 10	— 105	— 115

* इन में सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों और राज्य सरकारों को वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिये दिये गये अग्रिम शामिल हैं।

टिप्पणी : 1971-72 में किये गये कुछ लेखा समायोजनों के बाद 'सरकार को बैंकों द्वारा दिये गये शुद्ध ऋण' में 1159 करोड़ रुपयों की वृद्धि पायी गयी जबकि 1970-71 में 831 करोड़ रूपयों की वृद्धि हुई थी। इन लेखा समायोजनों का कोई प्रभाव 'मुद्रा उपलब्धि' के आंकड़ों पर नहीं पड़ा; क्योंकि उक्त समायोजन इस प्रकार किये गये हैं कि एक तत्व में मुद्रा उपलब्धि में होने वाले वृद्धि दूसरे तत्व से मुद्रा उपलब्धि में होने वाली कमी से संतुलित हो गये। परन्तु उन समायोजनों से बैंकों द्वारा सरकार को दिये गये शुद्ध ऋण में 1971-72 में 75 करोड़ रुपये और 1970-71 (जुलाई-जून) में 100 करोड़ रुपये अधिक दिखाये गये हैं और 1971-72 में शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियों में 23 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई है रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मुद्रेतर देयताओं के कारण 1971-72 और 1970-71 में क्रमशः 98 करोड़ रुपयों और 100 करोड़ रुपयों की कमी हुई।

54. बड़ी मात्रा में हुई इस मुद्रा वृद्धि का प्रमुख कारण यह था कि लगातार दूसरे वर्ष भी सरकार को बैंकों द्वारा दिये गये शुद्ध ऋण में तेजी से वृद्धि हुई । सरकार को बैंकों द्वारा दिये गये शुद्ध ऋण में जहां 1971-72 में 1234 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी वहां इस वर्ष 1438 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई । बैंकों द्वारा सरकार को दिये गये शुद्ध ऋण के घटकों की एक उल्लेखनीय विशेषता यह थी कि जहां रिज़र्व बैंक द्वारा सरकार को दिये गये 955 करोड़ रुपयों के ऋण पिछले वर्ष की अपेक्षा 77 करोड़ रुपये अधिक थे वहां वाणिज्य और सहकारी बैंकों द्वारा दिये गये ऋण में 484 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जो पिछले वर्ष की अपेक्षा 128 करोड़ रुपये अधिक थी । फिर भी, शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियों में पिछले वर्ष की 36 करोड़ रुपयों की वृद्धि की अपेक्षा इस वर्ष हुई 18 करोड़ रुपयों की कमी के कारण मुद्रा उपलब्धि में थोड़ी सी कमी आयी । इस तथ्य के बावजूद कि मीयादी जमा राशियों में हुई वृद्धि (958 करोड़ रुपये) पिछले वर्ष की वृद्धि (816 करोड़ रुपये) की अपेक्षा अधिक थी, बैंकों द्वारा वाणिज्य क्षेत्र को दिये गये शुद्ध ऋण के फलस्वरूप मुद्रा उपलब्धि में 79 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई । सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों सहित वाणिज्य क्षेत्र को बैंकों द्वारा दिये गये कुल ऋण में पिछले वर्ष की अपेक्षा 102 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई अर्थात् वह बढ़कर 1037 करोड़ रुपये हो गया । फिर भी, यह उल्लेखनीय है कि 1970-71 से दो वर्षों की अवधि में मीयादी जमाराशियों में लगातार वृद्धि की प्रवृत्ति और वाणिज्य क्षेत्र को दिये गये शुद्ध ऋण में कमी की प्रवृत्ति पायी गयी है ।

मौसमी प्रवृत्तियां

55. कम कामकाज और अधिक कामकाज की अवधियों के दौरान मुद्रा उपलब्धि के परिवर्तनीय घटकों की प्रवृत्ति पिछले वर्ष की उक्त अवधियों के दौरान पायी गयी प्रवृत्ति से भिन्न नहीं थी, फिर भी केवल इन दो वर्षों की उक्त अवधियों के बीच उन घटकों में हुई घट-बढ़ अधिक स्पष्ट थी । 1972 के दौरान (मई से अक्तूबर तक) कम कामकाज की अवधि में मुद्रा उपलब्धि में हुई 40 करोड़ रुपयों की वृद्धि पिछले वर्ष की अपेक्षा काफी कम थी जबकि पिछले कम कामकाज के समय में उसमें 171 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी । पिछले कम कामकाज के समय की तरह इसी कम कामकाज के समय में भी सारी वृद्धि जमा रकम की वृद्धि के कारण हुई । जनता के पास रहने वाली चल मुद्रा कम हो गई ।

56. सारणी 11 में दिये गये व्याख्यात्मक विवरणों से यह विदित होगा कि 1972 के कम कामकाज के समय में बैंकों द्वारा वाणिज्य क्षेत्र को दिये गये शुद्ध ऋण और बैंकिंग क्षेत्र की शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियों में हुई गिरावट के प्रभावस्वरूप मुद्रा उपलब्धि में जो कमी आई वह बैंकों द्वारा सरकार को दिये गये शुद्ध ऋण में हुई वृद्धि से काफी अधिक समायोजित हो गयी । बैंकों द्वारा सरकार को दिये गये शुद्ध ऋण का सारा अंश सरकारी प्रतिभूतियों में बैंकों के निवेश के रूप में था जबकि रिज़र्व बैंक द्वारा सरकार को दिये गये शुद्ध ऋण में गिरावट हुई। यह उल्लेखनीय है कि रिज़र्व बैंक द्वारा सरकार को दिये जाने वाले शुद्ध ऋण में हुए परिवर्तन के प्रभाव और वाणिज्य बैंकों द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों में किये जाने वाले निवेश में हुए परिवर्तन के प्रभाव के बीच गुणात्मक अन्तर विद्यमान है । रिज़र्व बैंक द्वारा सरकार को दिये जाने वाले शुद्ध ऋण में होने वाली वृद्धि से प्रारक्षित राशि में स्वतः वृद्धि होगी । उक्त प्रारक्षित राशि विभिन्न प्रकार के ऋणों का निर्माण करने के लिये आधार है । इसके विपरीत, वाणिज्य बैंकों द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों में किये जाने वाले निवेश में हुई वृद्धि निश्चित रूप से बैंकों को उपलब्ध निधियों के उपयोग का एक वैकल्पिक माध्यम है। इस प्रकार के निवेश अधिकांशतः वाणिज्य बैंकों के जरिये सरकारी क्षेत्र को घरेलू क्षेत्र की निधियों के अग्रसरण के द्योतक हैं । अतः उनसे प्रारक्षित राशि में प्रत्यक्षतः कोई वृद्धि नहीं होती । इसके फलस्वरूप, बैंकों द्वारा सरकार को दिये जाने वाले शुद्ध ऋण में होने वाले परिवर्तन से संभाव्य मुद्रा स्फीति का प्रभाव कम हो जायेगा ।

57 वास्तव में मुद्रा उपलब्धि में 1972-73 के अधिक कामकाज के समय में वृद्धि हुई; तब उसमें 1264 करोड़ रुपयों (15.3 प्रतिशत) की अभूतपूर्व वृद्धि हुई जबकि 1971-72 और 1970-71 के अधिक कामकाज के समय की अवधियों में क्रमशः 795 करोड़ रुपयों (10.7 प्रतिशत) और 581 करोड़ रुपयों (8.7 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी । पिछले अधिक कामकाज के समय की तरह, मुद्रा उपलब्धि में हुई वृद्धि का मुख्य कारण बैंकों द्वारा सरकार को दिये जाने वाले वास्तविक ऋण में तेजी से हुई वृद्धि थी; परन्तु, इस बार बैंकों द्वारा वाणिज्य क्षेत्र को दिये गये शुद्ध ऋण में 1971-72 के अधिक कामकाज के समय में हुई वृद्धि की अपेक्षा चार गुने से अधिक जो वृद्धि हुई उसके कारण भी मुद्रा वृद्धि हुई । यह वृद्धि मुख्यतः अनाजेतर अग्रिमों में परिलक्षित हुई । यदि कम कामकाज के समय और अधिक कामकाज के समय की स्थिति पर एक साथ विचार किया जाये तो स्थिति कुछ भिन्न प्रतीत होती है । मुद्रा उपलब्धि (अप्रैल 1972-मार्च 1973) में 1304 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जबकि इसके मुकाबले में पिछले बारह महीनों में 966 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी। बैंकों द्वारा वाणिज्य क्षेत्र को दिये गये शुद्ध ऋण में जहां इस वर्ष 232 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई वहां पिछले वर्ष 60 करोड़ रुपयों की कमी हुई थी ।

58 जनता के पास रहनेवाली मुद्रा में पिछले वर्ष के कम कामकाज के समय के पहले दो महीनों (मई और जून) में हुई वृद्धि की अपेक्षा 1973 के कम कामकाज के समय की तदनुरूप अवधि में काफ़ी अधिक मात्रा में वृद्धि हुई । जनता के पास रहनेवाली चल मुद्रा में अधिक वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष की प्रवृत्ति के विपरीत जमा रकम में हुई वृद्धि की दर काफ़ी कम रही । बैंकों द्वारा सरकार को दिये गये शुद्ध ऋण में हुई महत्वपूर्ण वृद्धि मुद्रा वृद्धि का प्रमुख कारण थी । इसके विपरीत, बैंकों द्वारा वाणिज्य क्षेत्र को दिये गये शुद्ध ऋण में गिरावट आयी जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में उसमें वृद्धि हुई थी । इस प्रकार, उसके द्वारा मुद्रा उपलब्धि के विस्तार में कमी आयी ।

ईक्विटी शेयरों के मूल्य

59. 1972-73 (जुलाई-जून) में ईक्विटी शेयरों के मूल्यों में सामान्य वृद्धि हुई । उनमें मई 1972 के प्रारंभ में पायी गई कमी की प्रवृत्ति सितंबर 1972 के अंत तक जारी रही । परंतु उसके बाद उनमें क्रमिक रूप से सुधार होने लगा जो जून 1973 के अंत तक बना रहा । परिवर्तनीय लाभांशवाली औद्योगिक प्रतिभूतियों के रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया के अखिल भारतीय सूचकांक (आधारः 1961-62—100) में कमी हुई अर्थात् जहां वह 24 जून 1972 को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान 95.6 था वहां वह 30 सितंबर 1972 को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान घटकर 90.6 हो गया । इस अवधि में बाजार का रुख मंदी की ओर रहा ; इसके निम्नलिखित प्रमुख कारण बताये जाते है : केन्द्रीय सरकार द्वारा भारतीय लोहा और इस्पात कंपनी का प्रबंध अपने अधिकार में ले लिया गया ; कई राज्यों में खरीफ़ फ़सल की व्यापक हानि की सूचनाएँ मिलीं और सरकार ने औद्योगिक कामगारों के लिए न्यूनतम बोनस को 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 8.33 प्रतिशत कर देने की घोषणा की । अक्तूबर 1972 के प्रारंभ से यह प्रवृत्ति बदली और सूचकांक में क्रमिक रूप से सुधार हुआ और वह बढ़कर 23 दिसंबर 1972 को 93.8

सारणी 11 : मुद्रा उपलब्धि और मुद्रागत साधनों की प्रवृत्तियां (मौसमी)

(राशि करोड़ रुपयों में)

	निम्नलिखित समय के दौरान घट-बढ़			
	कम कामकाज का समय		अधिक कामकाज का समय	
	1971	1972	1971–72	1972–73
मुद्रा उपलब्धि के घटक				
1. जनता के पास चल मुद्रा	—23	—175	+442	+914
2. मांग जमाराशियां	+193	+215	+353	+350
3. मुद्रा उपलब्धि (1+2)	+171	+40	+795	+1264
4. मीयादी जमाराशियां	+435	+459	+326	+482
5. मुद्रागत साधन (3+4)	+606	+500	+1121	+1745
मुद्रा उपलब्धि को प्रभावित करने वाले तत्व				
6. बैंकों द्वारा सरकार को दिया गया शुद्ध ऋण (क+ख)	+388	+469	+820	+883
(क) रिजर्व बैंक द्वारा सरकार को दिया गया शुद्ध ऋण	+174	—69	+672	+971
(ख) दूसरे बैंकों द्वारा सरकार को दिया गया शुद्ध ऋण	+213	+538	+148	—88
7. बैंकिंग क्षेत्र की शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियां	+15	—73	+32	+44
8. जनता के प्रति सरकार की शुद्ध चल मुद्रा देयताएं	+15	+3	+12	+23
9. जोड़ (6+7+8)	+418	+399	+864	+950
10. बैंकों द्वारा वाणिज्य क्षेत्र को दिया गया ऋण*	+249	+149	+453	+1024
(क) बैंकों द्वारा वाणिज्य क्षेत्र को दिया गया शुद्ध ऋण*	—187	—310	+127	+542
11. जोड़ (9+10)	+667	+548	+1317	+1974
12. रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया की शुद्ध मुद्रेतर देयताएं (वृद्धि —)	—101	+29	—223	—147
13. शेष (वृद्धि —)	+40	—77	+27	—82

*इनमें सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों और राज्य सरकारों को वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिये दिये गये अग्रिम शामिल हैं ।

सारणी 12 : मुद्रा उपलब्धि और उसके घटकों के बीच सीमान्त संबंध

वित्तीय वर्ष (अंतिम शुक्रवार)	मुद्रा उपलब्धि (करोड़ रुपये)	चल मुद्रा	बैंकों के पास रहने वाली राशि: जोड़	चालू जमा	बचत जमा	वृद्धि की दरें: मुद्रा उपलब्धि	चल मुद्रा	वाणिज्य बैंकों की चालू जमाराशियां	बचत जमाराशियों में मांग जमाराशियों का अंश
	1	2	3	4	5	6	7	8	9
1961–62	+177 (100)	58.2	41.8	18.6	19.2	6.2	4.9	6.0	18.6
1962–63	+264 (100)	67.1	32.6	15.9	14.0	8.7	8.1	7.2	17.1
1963–64	+442 (100)	51.4	48.6	9.5	36.4	13.4	9.5	6.7	63.4
1964–65	+328 (100)	49.7	50.3	20.7	30.2	8.7	6.3	10.2	23.9
1965–66	+449 (100)	59.0	41.0	12.0	29.6	11.0	9.6	7.4	25.9
1966–67	+421 (100)	38.7	61.3	22.6	30.6	9.3	5.4	12.1	19.9
1967–68	+400 (100)	44.8	55.2	18.5	30.5	8.1	5.6	8.4	15.7
1968–69	+429 (100)	71 3	28.7	12.4	8.6	8.0	9.1	5.5	4.1
1969–70	+608 (100)	54.1	45.9	24.8	24.7	10.5	8.9	15.0	16.0
1970–71	+753 (100)	49.4	50.6	24.8	26.8	11.8	9.3	16.1	18.6
1971–72@	+998 (100)	44.0	56.0	23.7	26.0	14.0	10.0	17.6	20.1
1972–73@	+1147 (100)	52.5	47.5	22.7‡	26.3‡	14.1	12.5	16.3‡	19.5‡

टिप्पणियां: 1. स्तंभ (1) में दिये गये आंकड़े वर्ष के दौरान हुए समग्र परिवर्तनों को दर्शाते हैं । स्तंभ (2) से (5) तक में दिये गये आंकड़े स्तंभ (1) के % हैं ।

2. बैंकों के पास रहने वाली कुल जमाराशियां चालू और बचत जमाराशियों के जोड़ से नहीं बनी हैं; क्योंकि रिजर्व बैंक के पास रहने वाली 'अन्य जमाराशियां' और राज्य सहकारी बैंकों की शुद्ध मांग देयताएँ कुल जमाराशियों में शामिल की गयी हैं ।

@अनंतिम ‡अनुमान

सारणी 13 : मुद्रा उपलब्धि, मुद्रागत साधन, चल मुद्रा और मीयादी जमाराशियां

(राशि करोड़ रुपयों में)

वित्तीय वर्ष (अन्तिम शुक्रवार)	जनता के पास रहने वाली चल मुद्रा	मुद्रा उपलब्धि	मीयादी जमा राशियां	मुद्रागत साधन (पी.एल 480 को छोड़कर)	चलमुद्रा का अनुपात		वृद्धि की दर				चलमुद्रा का सीमांत अनुपात	
					मुद्रा उपलब्धि में	मुद्रागत साधनो मे	जनता के पास रहने वाली चल मुद्रा	मुद्रा उपलब्धि	मीयादी जमा-राशियां	मुद्रागत साधन	मुद्रा उपलब्धि में	मुद्रागत साधनों में
1961-62.	2201	3046	1056	4102	72.3	53.7	4.9	6.2	15.0	8.3	58.2	32.7
1962-63.	2379	3310	1151	4461	71.9	53.3	8.1	8.7	9.0	8.8	67.4	49.6
1963-64.	2606	3752	1224	4976	69.4	52.4	9.5	13.4	6.3	11.5	51.4	44.0
1964-65.	2769	4080	1397	5477	67.9	50.6	6.3	8.7	14.1	10.1	49.7	32.5
1965-66.	3034	4529	1605	6134	67.0	49.5	9.6	11.0	14.9	12.0	59.0	40.3
1966-67.	3197	4950	1867	6817	64.6	46.9	5.4	9.3	16.3	11.1	38.7	23.8
1967-68.	3376	5350	2110	7460	63.1	45.3	5.6	8.1	13.0	9.4	44.8	27.8
1968-69.	3682	5779	2527	8306	63.7	44.3	9.1	8.0	19.8	11.3	71.3	36.1
1969-70.	4010	6387	2949	9336	62 8	43.0	8.9	10.5	16.7	12.4	54.1	31.8
1970-71.	4383	7140	3448	10588	61.4	41.4	9.3	11.8	16.9	13.4	49.5	29.8
1971-72.	4822	8138	4176	12314	59.3	39.2	10.0	14.0	21.1	16.3	44.0	25.4
1972-73@	5424	9285	5083	14368	58.4	37.8	12.5	14.1	21.7	16.7	52.5	29.3

@अनन्तिम

हो गया । 1972 में औद्योगिक उत्पादन में हुए सुधार की उत्साहजनक सूचनाओं और वित्तीय संस्थाओं द्वारा किये गये निवेशों के कारण सूचकांक में उक्त वृद्धि हुई । उसके बाद, बजट-पूर्व अवधि में सरकार द्वारा अकोक-कर कोयला खानों के प्रबंध को अपने अधिकार में ले लिये जाने के बाद बाज़ार सतर्क हो गया । परंतु 1973-74 के लिए केन्द्रीय बजट प्रस्तावों की घोषणा के बाद मार्च 1973 में उल्लेखनीय सुधार परिलक्षित हुआ ; क्योंकि बजट में कंपनी क्षेत्र के लिए कर वृद्धि का कोई प्रस्ताव नहीं किया गया था । बजट के बाद पायी गयी सुधार की प्रवृत्ति अप्रैल में रुक गयी ; क्योंकि शेयर बाज़ार के प्राधिकारियों ने शेयर बाज़ार में कार्य करनेवालों पर प्रतिबंध लगा दिये । मंदी की इस प्रवृत्ति के अन्य कारण इस प्रकार थे : कतिपय राज्यों में अनाजों की पूर्ति की स्थिति असंतोषजनक थी और विभिन्न राज्यों में बिजली की कटौती का औद्योगिक उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सूचनाएँ मिलीं । परंतु सामान्य मानसून की संभावनाओं के कारण मई और जून में हैविवटी शेयरों के मूल्यों में वृद्धि हुई । बैंक दर 6 प्रतिशत से बढ़कर 7 प्रतिशत हो गयी थी ; उसका भी प्रभाव उनपर परिलक्षित हुआ । सूचकांक में 1972-73 के दौरान 6.3 प्रतिशत की जो वृद्धि हुई वह 30 जून 1973 के अंत तक विद्यमान थी जबकि पिछले वर्ष उसमें 1.9 प्रतिशत की कमी हुई थी ।

ऋण नीति और बैंक व्यवसाय की प्रवृत्तियां

60. आलोच्य वर्ष के लिए ऋण नीति निर्धारित करते समय विभिन्न उद्देश्यों को ध्यान में रखना पड़ा । एक ओर, कुल मांग की अधिकता की वर्तमान स्थिति और बैंक व्यवस्था की बढ़ती हुई चल निधि की स्थिति को देखते हुए वाणिज्य बैंकों के लिए उपलब्ध रिज़र्व बैंक आफ़ इंडिया की पुनर्वित्त सुविधाओं को नियंत्रित करना पड़ा । दूसरी ओर औद्योगिक उत्पादन और निर्यात की वृद्धि के लिए सहायता प्रदान करने की आवश्यकता थी और यह सुनिश्चित करने की भी आवश्यकता थी कि अग्रताबाले क्षेत्रों को, विशेषकर अनाजों की उगाही और रबी फ़सल के संघन कार्यक्रम के लिए पर्याप्त मात्रा में अग्रिम उपलब्ध कराये जाते हैं । इस प्रकार, सामान्य ऋण विस्तार को नियंत्रित करने और अग्रताबाले क्षेत्रों में उत्पादन को बनाये रखने के दुहरे उद्देश्यों से युक्त ऋण नीति निर्धारित करनी पड़ी ।

61. जून 1972 के अंत और दिसंबर 1972 के अंत के बीच अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा दिये गये ऋण की मात्रा प्रायः अपरिवर्तित रही । 1973 की पहली तिमाही के दौरान बैंक ऋण की मांग में वृद्धि के चिन्ह परिलक्षित हुए और उसके बाद ऋण वृद्धि की गति में तेज़ी आयी । अतः ऋण नीति में कई उपायों से ऋण विस्तार को नियंत्रित करने पर ज़ोर दिया गया । उन उपायों में बैंक दर को बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर देने और एक दशक से अधिक अवधि के बाद इस संदर्भ में परिवर्तनीय सांरक्षित निधि के अनुपात का उपयोग करने के उपाय सम्मिलित थे ।

62. जहाँ अक्तूबर 1971 के अंत में ऋण-जमा अनुपात 73.1 प्रतिशत था वहाँ बहुत अधिक कम होकर 1972-73 के अधिक कामकाज के समय के प्रारंभ में 66.2 प्रतिशत हो गया । अक्तूबर 1972 के अंतिम शुक्रवार को समाप्त हुए वर्ष का वृद्धिशील ऋण-जमा अनुपात केवल 30.4 प्रतिशत था । 1972 के कम कामकाज के समय के दौरान अनाजों की उगाही के सार्वजनिक कार्यों के लिए दिये गये ऋणों को छोड़कर अन्य उद्देश्यों के लिए बैंकों द्वारा दिये गये ऋण में 33 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जब कि इस कम कामकाज के समय में हुई कुल वृद्धि 32 करोड़ रुपये थी । इसके विपरीत 1971 के कम कामकाज के समय में 163 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी । इसके अलावा, जहाँ इस वर्ष के कम कामकाज के समय के प्रारंभ में बैंकों ने केवल 23 करोड़ रुपयों तक के ऋण रिज़र्व बैंक से लिये थे वहाँ 1971 के कम कामकाज के समय के प्रारंभ में उन्होंने 191 करोड़ रुपयों के ऋण लिये थे । बैंकों ने 1971 के कम कामकाज के समय के दौरान अपने निवेशों में 254 करोड़ रुपयों की वृद्धि की थी । उसके मुकाबले में 1972 के कम काम-

काज के समय के दौरान उनके निवेशों में 624 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई । बैंकों की कुल देयताओं में उनकी चल आस्तियों का अनुपात जहाँ अक्तूबर 1971 के अंत में 31.3 प्रतिशत था वहाँ यह अक्तूबर 1972 के अंत में 36.7 प्रतिशत हो गया ।

63. पिछले दो वर्षों की तरह, इस वर्ष भी रिज़र्व बैंक ने प्रत्येक प्रमुख वाणिज्य बैंक के साथ अधिक कामकाज के समय के उसके ऋण बजट पर विचार-विमर्श किया । इन विचार-विमर्शों से यह स्पष्ट हुआ कि 1972–73 के अधिक कामकाज के समय के दौरान तथा उसके तुरंत बाद के महीनों में, जैसा कि अधिकारियों का पूर्वानुमान था, अनाजों की उगाही के लिए ऋण की काफ़ी अधिक मांग होगी और उपार्जित होने-वाली नयी जमा राशियों का काफ़ी बड़ा अंश इस अग्रतावाली मांग के लिए अलग रखना होगा । इसके अलावा, औद्योगिक क्षेत्र, विशेषकर कृषि आधारित उद्योगों की ऋण की मांग में वृद्धि होने की आशा थी । फिर भी, यह प्रत्याशा की गयी कि इस अवधि में जमा राशियों में जो वृद्धि होगी वह इतनी अधिक होगी कि उससे बैंक बिना रिज़र्व बैंक से उधार लिए इन आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकेंगे । अतः 14 नवंबर 1972 को घोषित की गयी नीति में स्थूल रूप से वर्तमान पुनर्वित्त सुविधाओं को बनाये रखा गया । परंतु समग्र विनियामक उपाय के रूप में रिज़र्व बैंक से लिये जानेवाले उधारों की ब्याज दर को निर्धारित करने के लिए अपेक्षित न्यूनतम शुद्ध चल निधि अनुपात में 2 प्रतिशत की वृद्धि कर उसे 34 प्रतिशत से 36 प्रतिशत कर दिया गया । बैंकों को यह भी सूचित किया गया कि वे बैंककारी विनियमन अधिनियम की धारा 24 के अधीन अपनी आस्तियों का जो न्यूनतम अंश सांविधिक चल निधि अपेक्षा की पूर्ति के लिए रखते हैं उसमें 1 प्रतिशत की वृद्धि कर उसे 29 प्रतिशत से 30 प्रतिशत कर दें ।

64 चयनात्मक ऋण नियंत्रणों के ढांचे में भी संशोधन किये गये ताकि ऋणों पर विशेषकर उन वस्तुओं के लिए दिये जानेवाले ऋणों पर जिनकी पूर्ति कम होती है, नियंत्रण को मजबूत किया जा सके । अनाजों और वनस्पति तेलों तथा तिलहनों पर दिये जानेवाले अग्रिमों के संबंध में अब तक ऋण सीमाएँ बैंकवार निर्धारित की जाती थी । उन्हें अब पार्टीवार निर्धारित किया गया है । पार्टीवार ऋण सीमाओं के निर्धा-रण से बैंकों के लिए यह अनिवार्य हो गया है कि वे न केवल नयी पार्टियों को प्रदान किये जानेवाले ऋणों के प्रस्तावों के संबंध में, परंतु वर्तमान पार्टियों को उपलब्ध ऋणों के स्तर को बढ़ाने के प्रस्तावों के संबंध में भी रिज़र्व बैंक से सलाह लें ।

65. अधिक कामकाज के समय के प्रारंभ के बाद भी बैंकों के पास जो अतिरिक्त चल निधि बनी रही उसके कारण बड़ी राशिवाले खातों के लिए बैंकों के बीच कुछ अनुचित स्पर्धा होने लगी । अतः रिज़र्व बैंक को उसमें हस्तक्षेप करना पड़ा और इस आशय का एक परिपत्र जारी करना पड़ा कि 25 लाख रुपयों और अधिक राशि के लेखों को एक बैंक से दूसरे बैंक में अंतरित करने के लिए रिज़र्व बैंक की पूर्व अनुमति आवश्यक होगी ।

66. अधिक कामकाज के समय के बीच में किये गये मूल्यांकन से यह विदित हुआ कि जहाँ 1971-72 के अधिक कामकाज के समय में ऋणों में 314 करोड़ रुपयों (6.5 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी वहाँ 9 मार्च 1973 तक 721 करोड़ रुपयों (13.8 प्रतिशत) की वृद्धि हुई । बैंक ऋण में हुई लगभग यह सारी वृद्धि अनाजों की उगाही के क्षेत्र को छोड़कर दूसरे क्षेत्रों में हुई और यह वृद्धि 1971-72 के अधिक काम-काज के समय की तदनुरूप अवधि में हुई, वृद्धि की अपेक्षा तीव्र और अधिक थी । इसके फलस्वरूप, समग्र ऋण-जमा अनुपात अधिक कामकाज के समय के प्रारंभ में विद्यमान 66.2 प्रतिशत के स्तर की तुलना में 9 मार्च 1973 को बढ़कर 70.4 प्रतिशत हो गया अर्थात् उक्त अनुपात में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई । फिर भी, यह अनुपात पिछले वर्ष की इसी अवधि में पाये गये अनुपात (74.0 प्रतिशत) से अपेक्षाकृत कम ही था । क्योंकि तब जमा राशियों में अपेक्षाकृत अधिक मात्रा में वृद्धि हुई थी ।

67. अतः परिस्थिति ऐसी थी कि ऋण विस्तार पर रोक लगाना आवश्यक हो गया । किन्तु इससे अनाजों की उगाही के लिए दिये जाने वाले ऋणों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए था । उक्त ऋणों के बारे में यह आशा थी कि वे 1973 के मार्च के अंत और जून के अंत के बीच की अवधि में काफी मात्रा में बढ़ जाएँगे । गेहूँ के थोक व्यापार के अधिग्रहण के फलस्वरूप और 70 से 80 लाख मी० टन तक की उगाही के निर्धारित लक्ष्य के आधार पर प्राधिकारियों ने मार्च 1973 में अगामी तीन महीनों में 500 करोड़ रुपयों से 600 करोड़ रुपयों तक के बैंक ऋण की अधिक मांग होने की प्रत्याशा की । उस समय बैंकिंग व्यवस्था के पास उपलब्ध साधन इतने पर्याप्त थे कि रिज़र्व बैंक की पुन-र्वित्त सुविधाओं की केवल थोड़ी सी सहायता लेकर उगाही ऋण की अतिरिक्त मांग की पूर्ति की जा सके । बैंकों द्वारा रिज़र्व बैंक से लिये गये उधार अक्तूबर 1972 के अंत में 6.7 करोड़ रुपये थे और वे बढ़-कर 9 मार्च 1973 को 197.9 करोड़ रुपये हो गये । परंतु अधिक कामकाज के समय के अंत में वे कम होकर केवल 24.3 करोड़ रुपये रह गये । इस संदर्भ में ऋण नीति में इस बात पर बल दिया गया कि जमा राशियों की ब्याज दरों में कतिपय सामान्य समायोजनों के जरिए और शुद्ध चल निधि अनुपात को 36 प्रतिशत से बढ़ाकर 37 प्रतिशत कर पुनर्वित्त प्रणाली को और मजबूत बनाते हुए बैंकों के वित्तीय साधनों की लागत में वृद्धि की जाए । अनाजों की उगाही के लिये दिये जानेवाले ऋणों के संबंध में पुनर्वित्त के मानदंडों को इस प्रकार परिशोधित किया गया कि अधिक उदारतापूर्वक सुविधाएँ दी जा सकें । बैंकों को यह सूचित किया गया कि वे अक्तूबर 1972 के अंतिम शुक्रवार को विद्यमान अनाजों की उगाही के लिए दिये गये ऋण के बकाया स्तर के 10 प्रतिशत के अतिरिक्त अक्तूबर 1972 के अंतिम शुक्रवार के स्तर की अपेक्षा ऐसे ऋणों में होनेवाली वृद्धि के आधे भाग (जो अब तक एक तिहाई था) तक पुनर्वित्त पाने के हकदार होंगे । उसीके साथ-साथ, 'रक्षा पैकिंग-व-पूर्ति ऋण' के संबंध में बक वर पर दी जानेवाली विशेष पुनर्वित्त सुविधा को वापस ले लिया गया । पुनर्वित्त प्रणाली की दूसरी बातों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया । सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों को दिये जानेवाले ऋणों को ऐसे मामलों में ऋण प्राधिकरण योजना के अंतर्गत लाया गया जहाँ कार्यकारी पूंजी ऋणों की राशि कुल 3 करोड़ रुपये और अधिक और मीयादी ऋणों की राशि 1 करोड़ रुपये और अधिक थी । बैंकों से यह भी कहा गया कि वे अनाजों की उगाही सहित राज्य सरकारों की वाणिज्यिक/वित्तीय आवश्यकताओं के संबंध में उनके द्वारा किये जानेवाले अनुरोधों की पूर्ति करने के पहले इस बात का सुनिश्चय कर लें कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 293 (3) के अधीन भारत सरकार का अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है ।

68. मई 1973 के उत्तरार्ध तक यह स्पष्ट हो गया था कि अनाजों की उगाही के लिए आवश्यक ऋण पूर्व अनुमानित मात्रा से काफ़ी कम होगा । यह भी प्रमाणित हुआ कि 1973 के प्रारंभ के महीनों में औद्यो-गिक उत्पादन में वृद्धि की दर में गिरावट आ गयी थी । फिर भी यह पाया गया कि 1972–73 के अधिक कामकाज के समय (नवंबर 1972-अप्रैल 1973) के दौरान ऋण विस्तार की राशि 884 करोड़ रुपये थी अर्थात् ऋण में 16.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो 1971–72 के अधिक कामकाज के समय के दौरान हुई वृद्धि (355 करोड़ रुपये या 7.3 प्रतिशत) से दुगनी से भी अधिक थी । कई महत्त्वपूर्ण कृषि वस्तुओं की पूर्ति की स्थिति कठोर चयनात्मक ऋण नियंत्रणों के बावजूद कठिन हो गयी थी और उसके फलस्वरूप उनके मूल्यों में वृद्धि हो गयी थी । अतः

यह आवश्यक हो गया कि वाणिज्य बैंकों की निधियों के वितरण पर लगाये गये सामान्य और विशिष्ट नियंत्रणों को और कठोर कर दिया जाए । गेहूँ के थोक व्यापार को राज्य सरकारों द्वारा अपने अधिकार में ले लिये जाने के कारण, 14 मई को जारी किये गये एक परिपत्र के अनुसार गेहूँ पर गैर सरकारी थोक व्यापारियों को बैंकों द्वारा दिये जाने वाले अग्रिमों पर प्रतिबंध लगा दिया गया । फुटकर व्यापार के संबंध में बैंकों से यह कहा गया कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा गेहूँ पर दिये जानेवाले अग्रिम केवल लाइसेंसधारी फुटकर व्यापारियों को और साथ ही केवल स्टाकों की उस सीमा तक जिसे रखने के लिए उन्हें अधिकार दिया गया हो, प्रदान किये जाते हैं ।

69. इस संदर्भ में (30 मई, 1973) एक-साथ जो अनेक उपाय किये गये उनमें निम्नलिखित शामिल हैं: बैंक दर को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया गया, सांविधिक नकदी आरक्षित निधियों को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया, न्यूनतम शुद्ध चल निधि अनुपात को 36 प्रतिशत से बढ़ाकर 39 प्रतिशत कर दिया गया और विशेष रूप से छूट प्राप्त ऋणों को छोड़कर अन्य ऋणों के लिए 10 प्रतिशत की न्यूनतम ब्याज दर निर्धारित की गयी । ये उपाय इस रूप में किये गये कि बैंकों की ऋण वृद्धि की ऊँची दर को नियंत्रित कर ऋण की अत्यधिक मांग के दबावों को रोकते हुए मुद्रा स्थिति में सुधार लाया जा सके । बैंकों द्वारा लिये जानेवाले उधारों की लागत को बढ़ाकर बाजार में पड़नेवाले दबावों को कम करने का भी उद्देश्य इस नीति के मूल में था । बैंक दर में वृद्धि और इसके परिणामस्वरूप ब्याज दरों के ढाँचे में समायोजन किये जाने से वाणिज्य बैंकों को रिजर्व बैंक से उधार लेने के संदर्भ में प्रत्यक्षतः निरुत्साहित किया गया और इसके अलावा दूसरी दिशाओं को भी चेतावनी मिली तथा अनुपूरक कार्रवाइयाँ करने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ । बैंक दर में वृद्धि किये जाने के बाद केंद्रीय सरकार के खजाना बिलों की ब्याज दर को भी 31 मई 1973 से वार्षिक 3.50 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत कर दिया गया । इस प्रकार बढ़ायी गई ब्याज दर उक्त तारीख को या उसके बाद जारी किये गये सभी नये खजाना बिलों और 1 जून 1973 को बकाया खजाना बिलों के स्थान पर उनकी अवधि समाप्त होने पर जारी किये गये बिलों पर लागू होगी । इस प्रयास से खजाना बिलों के द्वारा केंद्रीय सरकार द्वारा लिये जानेवाले उधारों की लागत में वृद्धि हुई । 31 मई 1973 को बकाया रहनेवाले खजाना बिलों की राशि (रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया द्वारा धारित तदर्थ खजाना बिलों के साथ) लगभग 4343 करोड़ रुपये थी ।

70. बैंक व्यवसाय की परवर्ती गतिविधियों से यह विदित हुआ कि 30 मई 1973 को घोषित नीति के उद्देश्यों का सामान्य रूप से पालन किया गया है । अपेक्षित आरक्षित निधि को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत कर देने से 22 जून और 29 जून के बीच रिजर्व बैंक में रहने वाली अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की जमाराशियों में 222 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई । यद्यपि बैंकों को कभी-कभी रिजर्व बैंक से सहायता लेनी पड़ी फिर भी उन्होंने शीघ्र ही रिजर्व बैंक से लिये गए अपने कर्ज को चुका दिया । इस प्रकार 22 जून और 29 जून के बीच अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा लिये जाने वाले उधारों में जहां 129 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई वहां अगस्त 1973 तक लगभग 138 करोड़ रुपयों की गिरावट आई और उक्त उधारों की राशि 3 करोड़ रुपये तक रह गई । ऋण विस्तार की गति में भी पर्याप्त मंदी आ गयी थी । कम कामकाज के समय में अब तक (अप्रैल के अन्तिम शुक्रवार से जून के अन्तिम शुक्रवार तक) वृद्धिशील ऋण-जमा अनुपात 57 प्रतिशत रहा है जब पिछले कम कामकाज के समय की तदनुरूप अवधि में उक्त अनुपात 78 प्रतिशत था । सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि ऋणों में अधिकांश वृद्धि अनाजों की उगाही के कार्यकलापों के वित्तपोषण के कारण हुई है और अन्य क्षेत्रों को दिये जानेवाले ऋण में अप्रैल 1973 के अंत में विद्यमान स्तर की तुलना में केवल थोड़ी-सी वृद्धि हुई है । कुल जमाराशियों में होनेवाली वृद्धि की दर पिछले कम कामकाज के समय की तदनुरूप अवधि की तुलना में उत्साहवर्धक रही है, अर्थात् कुल जमाराशियों में इस वर्ष के कम कामकाज के समय में जहां 6.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई वहां पिछले कम कामकाज के समय में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी ।

71. 30 मई को घोषित कई मुद्रागत उपायों द्वारा लगाये गए वित्तीय अनुशासन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से रिजर्व बैंक ने 12 जुलाई 1973 के एक परिपत्र द्वारा रिजर्व बैंक से प्राप्त होनेवाले पुनर्वित्त से सम्बन्धित कई अधिकारों को वापस ले लिया । इस प्रकार 13 जुलाई 1973 से केवल, (i) निर्यात ऋण के लिए दिये जानेवाले पुनर्वित्त की एक सीमित मात्रा और (ii) प्राथमिक ऋण समितियों और कृषक सेवा समितियों को उधार दी गयी राशियों के लिए प्रदान किये जानेवाले पुनर्वित्त को छोड़कर बैंक दर या उससे कम दर पर दिये गये सभी रियायती पुनर्वित्त अधिकार वापस ले लिए गये । चाहे बैंक का शुद्ध चल निधि अनुपात कुछ भी क्यों न हो, वार्षिक औसत निर्यात ऋण के 10 प्रतिशत के बराबर के उधार बैंक दर पर उपलब्ध होंगे; परंतु पूर्व स्थिति के विपरीत ऐसे उधारों से शुद्ध चल निधि अनुपात में बाधा पड़ेगी । प्राथमिक सहकारी समितियों और कृषक सेवा समितियों को दिये जानेवाले उधारों में जो वृद्धि होती है उसके लिए शुद्ध चल निधि अनुपात पर विचार किये बिना रियायती ब्याजदर पर पुनर्वित्त प्रदान किया जाता रहा; उक्त दर को बढ़ा कर अब 5 प्रतिशत किया गया है । किन्तु इन उधारों से पहले की तरह शुद्ध चल निधि अनुपात में बाधा पड़ेगी । नयी हुंडी बाजार योजना के अंतर्गत हुंडियों की पुनर्भाजन सुविधा बैंक दर पर प्राप्त होती रहेगी (13 जुलाई 1973 के पहले और 13 जुलाई 1973 से लागू होनेवाली पुनर्वित्त सुविधाएं इस रिपोर्ट के भाग II के अनुबंध में दिए गए एक चार्ट में दर्शायी गयी है) ।

72 इस बात पर विशेष बल दिया गया कि पुनर्वित्त व्यवस्था के अंतर्गत दी गयी कितिपय रियायती सुविधाओं को वापस ले लेने से ऋण नीति में अग्रतावाले क्षेत्रों को सहायता प्रदान किये जाने पर जो जोर दिया जाता है उसमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है । बैंकों से कहा गया कि वे इन क्षेत्रों को अधिकाधिक वित्तीय सहायता प्रदान करते रहें । उनसे यह अनुरोध भी किया गया कि वे इस दिशा में अधिकाधिक प्रयासशील रहें कि उनके द्वारा उपलब्ध करायी गयी निधियां विशेषकर चीनी और कपड़े के उद्योगों को दी गयी निधियों की शीघ्र चुकौती हो ।

73. बैंक दर में वृद्धि किये जाने के फलस्वरूप, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और कृषि पुनर्वित्त निगम के ब्याज-दर ढाँचे को पुनः समायोजित किया गया ।

74. भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने 6 जून 1973 से अपने द्वारा दिये जाने वाले ऋणों की ब्याज दरों और पुनर्भाजन दरों को बढ़ाया । औद्योगिक प्रतिष्ठानों (निर्यातों को छोड़ कर) को दी जानेवाली प्रत्यक्ष सहायता की सामान्य दर को 8.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 9.0 प्रतिशत कर दिया गया और पिछड़े क्षेत्रों के यूनिटों के संबंध में इस दर को 7.0 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत कर दिया गया । भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा 16 जून 1973 के पहले और 16 जून 1973 के पश्चात् लिये जानेवाले ब्याज की दरें इस रिपोर्ट के भाग IV में दर्शायी गयी है ।

75. कृषि पुनर्वित्त निगम ने भी अपने पुनर्वित्त की दर को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया। यह दर 25 जून 1973 को या उसके बाद स्वीकृत सभी योजनाओं पर लागू होगी। । कृषि पुनर्वित्त निगम ने वित्त प्रदान करनेवाले सभी बैंकों को भी यह निदेश दिया कि वे कम से कम 2.5 प्रतिशत का मार्जिन रखें ताकि अन्तिम उधारकर्त्ता को इससे अधिक दर पर जो वार्षिक 9.5 प्रतिशत से कम नहीं होगी, ब्याज देना पड़े।

76. संक्षेप में, इस वर्ष (जुलाई-जून) के दौरान जमाराशि में हुई वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में केवल सामान्य रूप से अधिक थी, अर्थात् जहाँ इस वर्ष जमाराशि में 1408 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई वहाँ पिछले वर्ष 1394 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी (सारणी 14)। किंतु उक्त वृद्धि की दर पिछले वर्ष के 22.4 प्रतिशत की तुलना में काफ़ी कम होकर 18.5 प्रतिशत रह गई। इस वर्ष के दौरान कुल मुद्रागत साधनों में हुई वृद्धि में से, जमाराशियों का अंश 63.1 प्रतिशत और चलन मुद्रा का अंश 36.9 प्रतिशत था जबकि पिछले वर्ष उक्त प्रतिशत क्रमशः 79.3 और 20.7 थे। 1972-73 के दौरान जमाराशि में हुई वृद्धि का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह था कि मीयादी जमाराशि में 910 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई अर्थात् कुल वृद्धि में उसका अंश 64.6 प्रतिशत था। किंतु पिछले वर्ष उसमें 779 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी और कुल वृद्धि में उसका अंश 55.9 प्रतिशत था।

77. इस वर्ष के दौरान ऋणों में हुई वृद्धि का स्वरूप अनियमित था; जून और दिसम्बर के बीच उनमें नगण्य वृद्धि हुई और उसके बाद विशेषकर फरवरी के बाद उनमें बहुत अधिक वृद्धि हुई।

78. समग्र वर्ष (जुलाई 1972 से जून 1973 तक) के संदर्भ में बैंक ऋणों में हुई कुल वृद्धि थोड़ी बहुत अधिक थी अर्थात् उनमें 1971-72 में जहाँ 675 करोड़ रुपयों या 14.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी वहाँ इस वर्ष 819 करोड़ रुपयों या 14.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस वर्ष के दौरान अनाजों की उगाही से सम्बन्धित कार्यकलापों के लिए दिए जानेवाले ऋणों में 74 करोड़ रुपयों की गिरावट आई जबकि 1971-72 में उनमें 163 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी। इसके फलस्वरूप अनाजों की उगाही से सम्बन्धित कार्यकलापों के क्षेत्रों को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में बैंक ऋण में 893 करोड़ रुपयों या 18.1 प्रतिशत की अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष उसमें 512 करोड़ रुपयों या 11.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

79. जून 1973 में समाप्त हुए वर्ष के दौरान वृद्धिशील ऋण-जमा अनुपात 58.2 प्रतिशत था जबकि 1971-72 में यह 48.4 प्रतिशत था। जून 1973 के अंत में ऋण-जमा अनुपात 69.8 प्रतिशत था जबकि जून 1972 के अंत में उक्त अनुपात 72 प्रतिशत था।

80 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की निवेश पद्धति से स्थूल रूप से मुद्रा बाजार में विद्यमान निधियों की चलनशीलता परिलक्षित हुई। सरकारी और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा किये गये कुल निवेश में इस वर्ष के दौरान 631 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष उसमें 511 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी। इस वर्ष के दौरान रिज़र्व बैंक के पास जमाराशि में 255 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष 74 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी। इसका कारण यह था कि 1973 के जून के अंत में प्रारक्षित निधियों के अपेक्षित अंश को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया। 29 जून 1973 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान रिज़र्व बैंक आफ इंडिया से लिये गये उधारों में 99 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई और उनकी राशि 42 करोड़ रुपयों से बढ़कर 141 करोड़ रुपये हो गयी। जैसा कि पहले कहा जा चुका है, 29 जून 1973 को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान उधारों में अकस्मात् 129 करोड़ रुपयों की जो वृद्धि हुई वह केवल अस्थायी घटना थी। उसके बाद के सप्ताह में उनमें 99 करोड़ रुपयों तथा उसके परवर्ती सप्ताह में और 25 करोड़ रुपयों की कमी कर दी गयी।

भुगतान शेष

81. विदेशी लेनदेनों के क्षेत्र में 1971-72 (जुलाई-जून) में जो सुधार पाया गया उसे 1972-73 में भी बनाये रखा गया। प्रारक्षित विदेशी मुद्रा निधियों में 37 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई अर्थात् उक्त निधियाँ बढ़कर 882 करोड़ रुपये हो गयीं जबकि 1971-72 के दौरान उनमें 58 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी और वे 787 करोड़ रुपयों से बढ़कर 845 करोड़ रुपये हो गयी थी। प्रारक्षित निधियों की गतिविधियों के संदर्भ में दो बातें उल्लेखनीय हैं : (1) 1972-73 में विशेष आहरण अधिकारों का कोई नया आवंटन नहीं हुआ। पिछले वर्ष ऐसे आवंटन से प्रारक्षित निधि में 75 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी, (2) विनिमय बाजारों में विश्व की प्रमुख मुद्राओं को मुक्त छोड़ दिये जाने और कुछ ऐसी प्रमुख मुद्राओं जिनमें प्रारक्षित निधियों का एक अंश रखा जा रहा था, की सापेक्ष मूल्य-वृद्धि के परिणामस्वरूप निधि के रुपया मूल्य में 35 करोड़ रुपयों की या 1971-72 की मूल्य वृद्धि से दुगुनी वृद्धि हुई। 1971-72 और 1972-73 के दौरान किये गये विदेशी लेनदेनों के शुद्ध परिणाम का मूल्यांकन करने के लिए 1971-72 में किये गये विशेष आहरण अधिकारों के आवंटन और 1971-72 और 1972-73 में प्रारक्षित निधियों के रुपया मूल्य में हुई वृद्धि को प्रारक्षित निधियों की गतिविधियों से अलग कर देना होगा। इस संगणन प्रणाली के आधार पर यह माना जा सकता है कि 1972-73 के दौरान प्रारक्षित निधियों में 2 करोड़ रुपयों की नाममात्र की वृद्धि हुई जबकि 1971-72 में उनमें 33 करोड़ रुपयों की कमी हुई थी।

82. भुगतान शेष के ब्योरेवार आँकड़े उपलब्ध न होने के कारण प्रारक्षित निधियों की गतिविधियों को स्पष्ट रूप से आँका नहीं जा सकता। विदेशी व्यापार और अदायगियों के संदर्भ में प्राधिकृत व्यापारियों द्वारा किये गये लेनदेनों से यह विदित होता है कि आलोच्य वर्ष की पहली छमाही, अर्थात् जुलाई-दिसंबर 1972 में निर्यात से प्राप्त राशियाँ 1971 की तदनुरूप दूसरी छमाही की अपेक्षा 16 प्रतिशत अधिक, आयात संबंधी अदायगियाँ 18 प्रतिशत अधिक, अदृश्य प्राप्तियाँ 16 प्रतिशत कम और अदृश्य अदायगियाँ 6 प्रतिशत अधिक हुई होंगी। सरकारी आयातों के अधिकांश भाग के लिए प्राधिकृत व्यापारियों को छोड़कर अन्य माध्यमों से अदायगी की जाती है और उक्त आयात विदेशी सहायता के उपयोग पर काफ़ी निर्भर रहते हैं।

83. 1972-73 के वित्तीय वर्ष के दौरान विदेशी सहायता की प्राधिकृत राशि और उपयोग की गयी राशि दोनों में उल्लेखनीय रूप से कमी हुई। सहायता की प्राधिकृत राशि 651 करोड़ रुपये थी अर्थात् 1971-72 के 877 करोड़ रुपयों की अपेक्षा 226 करोड़ रुपये कम थी। 1972-73 में 604 करोड़ रुपयों की जो राशि उपयोग में लायी गयी वह पिछले वर्ष के 820 करोड़ रुपयों की अपेक्षा 26 प्रतिशत कम थी। जनवरी-जून 1973 के दौरान अनाजों के आधिकारिक आयात किये गये हैं; पिछले वर्ष ऐसे आयात नहीं किये गये थे। इसके साथ ही ऋण शोधन की आधिकारिक अदायगियों की राशि 1971-72 की

सारणी 14 : बैंक व्यवसाय संबंधी महत्वपूर्ण आंकड़ों में वार्षिक घट-बढ़—अनुसूचित वाणिज्य बैंक

(राशि करोड़ रुपयों में)

	26 जून 1970 को बकाया	26 जून 1970 को समाप्त हुए वर्ष में घट-बढ़	25 जून 1971 को बकाया	25 जून 1971 को समाप्त हुए वर्ष में घट-बढ़	30 जून 1972 को बकाया	30 जून 1972 को समाप्त हुए वर्ष में घट-बढ़	29 जून 1973 को बकाया*	29 जून 1973 को समाप्त हुए वर्ष में घट-बढ़
	1	2	3	4	5	6	7	8
1. कुल जमाराशियां	5275	+629	6216	+941	7610	+1394	9018	+1408
(क) मांग	2329	+225	2743	+414	3358	+615	3856	+498
(ख) मीयादी	2946	+404	3473	+527	4252	+675	5162	+910
2. कुल बैंक ऋण	4213	+614	4805	+592	5480	+717	6299	+819
उनमें से								
(क) अनाजों की उगाही के लिए दिए गए ऋण	207	—26	379	+172	542	+163	468	—74
(ख) दूसरे ऋण	4006	+640	4426	+420	4938	+512	5831	+893
3. कुल निवेश	1504	+145	1807	+303	2318	+511	2949	+631
(क) सरकारी प्रतिभूतियों में	1186	+60	1375	+189	1721	+346	2192	+471
(ख) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में	318	+85	432	+114	597	+165	757	+160
4. नकदी और रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया के पास बकाया	362	—37	397	+35	537	+140	794	+257
(क) हाथ में नकदी	179	—25	187	+8	254	+67	256	+2
(ख) रिजर्व बैंक के पास बकाया	183	—12	210	+27	283	+73	538	+255
5. मांग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि	48	—40	83	+35	91	+8	115	+24
6. रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया से लिए गए उधार	292	+120	207	—85	42	—165	141	+99
7. रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया द्वारा खरीदी और भुनायी गयी देशी हुंडियां	—	—	10	+10	11	+1	15	+4
ऋण—जमा अनुपात (मौसम के अन्त में)	79.9		77.3		72.0		69.8	
ऋण—(अनाजों की उगाही के लिए दिये गये ऋण को छोड़कर) जमा अनुपात	75.9		71.2		64.9		64.7	
निवेश—जमा अनुपात	28.5		29.1		30.5		32.7	

टिप्पणियां : 1. ये आंकड़े रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया अधिनियम, 1934 की धारा 42 (2) के अधीन बैंकों द्वारा पेश की गई साप्ताहिक विवरणियों पर आधारित हैं; किन्तु रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया से लिये गये उधारों के आंकड़े रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त साप्ताहिक उधार सूचनाओं पर आधारित हैं ।

2. ये आंकड़े जून के अन्तिम शुक्रवार से सम्बन्धित हैं ।

*अनन्तिम

सारणी 15 : अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के आंकड़ों में मौसमी घट-बढ़

(राशि करोड़ रुपयों में)

	मौसमी घट-बढ़					
	कम काम-काज का समय 1971	अधिक कामकाज का समय 1971-72	कम काम-काज का समय 1972*	अधिक कामकाज का समय 1972-73*	कम कामकाज का समय 29 जून 1973 तक*	कम कामकाज का समय 30 जून 1972 तक
	1	2	3	4	5	6
1. कुल जमा राशियां	+624	+624	+650	+796	+330	+369
(क) मांग	+202	+310	+228	+342	+143	+215
(ख) मीयादी	+422	+314	+422	+454	+187	+154
2. बैंक ऋण	+163	+355	+32	+884	+189	+287
उनमें से						
(क) अनाजों की उगाही के लिए दिए गए ऋण	+156	−71	−1	+6	+175	+254
(ख) दूसरे ऋण	+7	+426	+33	+878	+14	+33
3. सरकारी और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश	+254	+240	+624	+3	+53	+51
(क) सरकारी प्रतिभूतियों में	+209	+144	+527	−90	+43	+9
(ख) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में	+45	+96	+97	+93	+10	+42
4. नकदी और रिजर्व बैंक आफ इंडिया के पास बकाया	+46	+15	+54	+66	+236	+99
(क) हाथ में नकदी	+24	+1	+24	+26	+19	+67
(ख) रिजर्व बैंक आफ इंडिया के पास बकाया	+22	+14	+30	+40	+217	+32
5. मांग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि	+72	−9	+11	+89	−76	—
6. रिजर्व बैंक आफ इंडिया से लिए गए उधार	−172	+4	+16	+18	+117	+19
7. रिजर्व बैंक आफ इंडिया द्वारा खरीदी और भुनायी गई देसी हुंडियां	—	−3	−10	+19	−5	—
ऋण—जमा अनुपात (मौसम के अंत में)	73.1	71.7	66.2	70.3	69.8	72.0
ऋण—(अनाजों की उगाही के लिए दिये गये ऋण को छोड़कर) जमा अनुपात (मौसम के अंत में)	67.7	67.7	62.6	67.0	64.7	64.9
निवेश—जमा अनुपात (मौसम के अंत में)	30.6	31.3	36.6	33.3	32.7	30.5

टिप्पणियां : 1. ये आंकड़े रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया अधिनियम, 1934 की धारा 42 (2) के अधीन बैंकों द्वारा पेश की गई साप्ताहिक विवरणियों पर आधारित हैं । किन्तु रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया से लिये गये उधारों के आंकड़े रिजर्व बैंक आफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त साप्तामिक उधार सूचनाओं पर आधारित हैं ।

2. घट-बढ़ के ये आंकड़े अप्रैल और अक्तूबर के अन्तिम शुक्रवार के आंकड़ों पर आधारित हैं ।

*अनन्तिम

अपेक्षा लगभग 10 प्रतिशत अधिक थी ; इनमें से अधिकांश अदायगियाँ प्राधिकृत व्यापारियों के द्वारा नहीं की जानीं । इन सब बातों को देखते हुए इस निष्कर्ष पर पहुँचना उचित होगा कि जलाई 1972 से जून 1973 तक आयातों के लिए की गयी कुल अदायगियों की राशि पिछले वर्ष की अपेक्षा कुछ अधिक रही होगी और एक वर्ष की अवधि में अदृश्य लेखे में एक चौथाई से अधिक कमी हुई होगी ।

व्यापार संतुलन

84. वाणिज्यिक सूचना और अंक संकलन महानिदेशालय के आयात और निर्यात संबंधी आंकड़ों के अनुसार 1972–73 (अप्रैल-मार्च) में भारत के पास 185 करोड़ रुपयों का व्यापार अधिशेष विद्यमान था जबकि 1971–72 में 218 करोड़ रुपयों का व्यापार घाटा पाया गया था । निर्यातों में तेजी से वृद्धि (355 करोड़ रुपये) होने और आयातों में कमी (48 करोड़ रुपये) होने के कारण अधिशेष की उक्त स्थिति उत्पन्न हुई ।

आयातों की प्रवृत्तियां

85. वाणिज्यिक सूचना और अंक संकलन महानिदेशालय के आंकड़ों के अनुसार 1972–73 (अप्रैल-मार्च) में किये गये आयातों का मूल्य कम होकर 1777 करोड़ रुपये हो गया ; किन्तु 1971–72 में उक्त मूल्य 1970–71 के 1634 करोड़ रुपयों से बढ़कर 1825 करोड़ रुपये हो गया था । 1972–73 के दौरान जारी किये गये आयात लाइसेंसों के मूल्य (1855.7 करोड़ रुपये) में 1971–72 के स्तर (1853.7 करोड़ रुपये) की तुलना में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ ।

86. जब इस वर्ष के आयात संबंधी अंतिम आंकड़े उपलब्ध होंगे तब आयातों में स्पष्ट रूप से पायी जानेवाली यह कमी वास्तविक स्थिति की द्योतक नहीं होगी । वाणिज्यिक सूचना और अंक संकलन महानिदेशालय के व्यापार संबंधी आंकड़ों में परिशोधन किया जाएगा : क्योंकि सरकार द्वारा किये जानेवाले अनाजों, पेट्रोलियम, तेलों और चिकनाई के पदार्थों के आयातों से संबंधित आंकड़े पोतलदानों के पहुँचते समय निदेशालय को पूर्ण रूप से उपलब्ध नहीं होते जबकि उनकी राशि पहले ही चुका दी गयी होती है ।*

आयात नीति

87. आयात नीति के मूल में आत्मनिर्भरता और निर्यात विकास के समग्र उद्देश्य निहित रहते हैं। 1973–74 की आयात नीति के द्वारा इन उद्देश्यों की और अधिक पूर्ति की अपेक्षा की गयी । उक्त नीति के कारण आयातों के उद्देश्य के लिए अग्रताबाले उद्योगों की संख्या 59 से बढ़कर 70 हो गयी । उक्त नीति के अंतर्गत अनिवार्य निर्यात योजना को और उद्योगों के लिए लागू कर दिया गया जिससे उन्हें उस योजना के अंतर्गत प्रदान की जानेवाली उदार आयात सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके । अपने उत्पादन का 10 प्रतिशत या अधिक निर्यात करनेवाले छोटे यूनिटों को आयात के लिए अतिरिक्त सुविधाएँ दिये जाने की व्यवस्था थी बशर्ते कि 1972–73 के उनके निर्यातों की मात्रा 1971–72 की अपेक्षा दुगनी हो । निर्यात के लिए किये जाने वाले उत्पादन के लिए अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों पर पूर्ति की जानेवाली देशी वस्तुओं को आयात नीति के अंतर्गत उपलब्ध सभी सुविधाओं के लिए निर्यातों के रूप में मानना था ।

*वाणिज्यिक सूचना और अंक संकलन महानिदेशालय द्वारा दिये गये व्यापार आंकड़े और भुगतान शेष के आंकड़ों के आधार पर उपलब्ध व्यापार आंकड़े पूर्णतः मेल नहीं खाते । क्योंकि विभिन्न चरणों म इन लेनदेनों को दर्ज किया जाता है । अतः वाणिज्यिक सूचना और अंक संकलन महानिदेशालय के आंकड़ों पर सावधानी से विचार करना चाहिए ।

निर्यात

88. 1972–73 के दौरान किये गये निर्यातों की राशि 1962 करोड़ रुपये थी, अर्थात उसमें 1971–72 के दौरान हुई 4.7 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना म 22.1 प्रतिशत की वृद्धि पायी गयी । यदि इस तथ्य को ध्यान म रखा जाए कि निर्यात संबंधी आंकड़ों का संकलन करने प्रणाली में 1 नवम्बर 1970 से जो परिवर्तन किया गया (पिछले वर्ष की रिपोर्ट, पृष्ठ 30—31 देखें) उसके परिणामस्वरूप निर्यातों का अनुमान 1970-71 के लिए अधिक और 1971-72 के लिए कम लगाया गया था । तो 1972-73 में निर्यातों की वृद्धि-दर 1971-72 और 1970-71 की अपेक्षा अधिक महत्वपूर्ण रही है । इसके पहले निर्यातों मे इस प्रकार की उल्लेखनीय वृद्धि 1951–52 में (22 प्रतिशत) हुई थी जब कोरिया को किये गये निर्यातों में अनपेक्षित वृद्धि हुई थी ।

89. अनेक कारणों से 1972-73 मैं निर्यातों में यह उल्लेखनीय वृद्धि हो सकी । भारतीय निर्यातों के लिए नए बाजार के रूप में बंगला देश का उद्भव होने के कारण थोड़ी सी वृद्धि हुई । परन्तु अधिकांश वृद्धि भारतीय वस्तुओं विशेष रूप से खाल छाल और चमड़े सूती वस्त्र और समुद्री उत्पादों जैसी परम्परागत वस्तुओं के लिए विदेशी मांग के बहुत अधिक बढ़ जाने के कारण हुई । इसके परिणामस्वरूप अलग-अलग वस्तुओं के मूल्यों में भी वृद्धि हुई । इसके अलावा, विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्राओं के संदर्भ में रुपए का मूल्य ह्रास हो जाने के कारण रुपये में जो अधिक राशि प्राप्त हुई, उस के कारण भी निर्यातों से प्राप्त होनेवाली आमदनी में वृद्धि पायी गयी ।

90. भारत में निर्यातों में और वृद्धि होने के मार्ग में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार क्षेत्र की गतिविधियां रुकावटें डालती रहीं । इस संदर्भ में एक उल्लेखनीय घटना यह थी कि ब्रिटेन ने जनवरी 1973 में यूरोपीय आर्थिक समुदाय में प्रवेश किया जिसके परिणामस्वरूप 1939 का भारत-ब्रिटिश व्यापार करार समाप्त हो गया । जनवरी 1973 में ब्रिटेन के साथ एक नये करार पर हस्ताक्षर किये गये जिसके द्वारा वर्तमान शुल्क-दर और शुल्क-इतर अधिमानों को 1 जनवरी 1974 तक जारी रखा गया । इस तारीख के पश्चात् 1977 तक ब्रिटेन एक सामान्य विदेशी शुल्क दर को क्रमबद्ध रूप से लागू करेगा । 1974 से ब्रिटेन यूरोपीय आर्थिक समुदाय की सामान्ययीकृत अधिमान योजना को स्वीकार करेगा जिसके फलस्वरूप जूट और नारियल के रेशे से बनी वस्तुओं, काजू की गिरी, वनस्पति से बनी अन्य वस्तुओं, चीनी, गरम मसाले, काफी और कुछ समुद्री उत्पादों के निर्यातों पर ब्रिटेन में शुल्क लगाये जायगें क्योंकि इन वस्तुओं को यूरोपीय आर्थिक समुदाय की सामान्यीकृत अधिमान योजना के अन्तर्गत शामिल नहीं किया गया है । इसके फलस्वरूप भारत द्वारा ब्रिटेन को किये जाने वाले इन वस्तुओं के निर्यातों में बाधा पड़ेगी । मई 1973 में यूरोपीय आर्थिक समुदाय के साथ जो अस्थायी करार किया गया उससे यूरोपीय आर्थिक समुदाय के देशों को किये जाने वाले हमारे जूट के निर्यातों को कुछ हद तक लाभ पहुँच सकता है, यद्यपि फ्रांस और जर्मनी भारत के संदर्भ में द्विपक्षीय रूप से स्वीकृत प्रतिबंधों को जारी रखते हैं ।

मूल्यांकन और संभावनाएं

91. पिछले अनुच्छेदों में 1972–73 के दौरान अर्थव्यवस्था की गतिविधि का जो विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है उससे यह विदित होता है कि कई मामलों में वह निराशाजनक रही है । पिछले वर्ष के दबावों और तनावों का सामना करने के बाद यह आशा की गयी थी कि 1972–73 के दौरान अर्थव्यवस्था अपनी खोई हुई स्थायिता को कुछ हद तक पुनः प्राप्त कर लेगी । परन्तु ऐसा नहीं हुआ और लगातार दूसरे वर्ष मानसून की विफलता के कारण अनाजों और दूसरी वस्तुओं के मूल्यों में भारी मात्रा में वृद्धि होने लगी । मानसून की विफलता के कारण कई राज्यों में बिजली की कमी भी हुई । इससे औद्योगिक उत्पादन में जो सुधार हो रहा था, उसमें बाधा पड़ी ।

सारणी 16 : भारत के मुख्य आयात

(राशि करोड़ रुपयों में)

पण्य	1967–68	1968–69	1969–70	1970–71	1971–72	अप्रैल–दिसंबर 1971	अप्रैल–दिसंबर 1972	(6) की तुलना में (7) में वृद्धि (+)/कमी (—) वास्तविक	प्रतिशत
	1	2	3	4	5	6	7	8	9
1. अनाज (काजू को छोड़कर)	554	372	293	242	169	131	55	—76	—58
उनमें से									
दालों से भिन्न अनाज और उनसे बनी वस्तुएं	518	336	261	213	131	105	22	—83	—79
2. कच्ची रुई	83	90	83	99	113	87	76	—11	—12
3. पटसन और मेस्ता	5	16	5	—	—	—	1	+1	—
4. काजू	25	31	28	29	28	20	23	+3	+15
5. खनिज तेल	75	133	138	136	195	143	149	+6	+4
उनमें से									
(क) कच्चा और अंशतः परिष्कृत पेट्रोलियम	60	96	96	106	148	110	106	—4	—3
(ख) अन्य	15	37	42	30	47	33	43	+10	+30
6. रासायनिक पदार्थ	273	283	195	192	218	161	156	—5	—3
उनमें से									
(क) उर्वरक	139	139	77	61	81	52	47	—5	—10
(ख) अन्य	134	144	118	131	137	109	109	—	—
7. लोहा और इस्पात	106	86	82	147	238	179	157	—22	—12
8. अलौह धातुएं	89	89	75	120	102	83	77	—6	—7
9. कच्चा रबड़ (कृत्रिम और सुधारे गये रबड़ को मिलाकर)	4	5	10	4	4	3	3	—	—
10. ऊन और दूसरे पशुओं के रोम	12	11	17	16	14	11	10	—1	—9
11. पशुओं और वनस्पति के तेल और चर्बी	34	19	30	39	47	32	15	—17	—53
12. कागज, गत्ते और उनसे बनी वस्तुएं	18	18	24	25	35	24	18	—6	—25
13. मोती, बहुमूल्य और अर्ध बहुमूल्य पत्थर	12	28	28	25	26	19	30	+11	+58
14. मशीनें और परिवहन उपकरण	503	514	396	384	454	349	349	—	—
उनमें से									
(क) बिजली से इतर मशीनें	336	366	280	257	268	211	210	—1	—1
(ख) बिजली की मशीनें	86	82	64	69	102	72	85	+13	+18
(ग) परिवहन के उपकरण	81	66	52	58	84	66	54	—12	—18
15. अन्य	181	214	163	176	169	122	120	—2	—2
जोड़	1974*	1909	1567*	1634	1812	1364	1239	—125	—9

टिप्पणी : पण्यवार विवरण उपलब्ध नहीं है ।

*परिशोधित

स्रोत : वाणिज्यिक सूचना और अंक संकलन महानिदेशालय ।

सारणी 17 : भारत के मुख्य निर्यात

(राशि करोड़ रुपयों में)

	1967-68	1968-69	1969-70	1970-71	1971-72	अप्रैल-दिसम्बर 1971-72	अप्रैल-दिसम्बर 1972-73	(6) की तुलना में (7) में वृद्धि (+) /कमी (—) वास्तविक	वृद्धि (+) /कमी (—) प्रतिशत
	1	2	3	4	5	6	7	8	9
अ. प्रमुख परम्परेतर वस्तुएं									
इंजीनियरी सामान ..	35	69	91	126	108	82	96	+14	+17
लोहा और इस्पात ..	55	79	87	91	41	31	30	—1	—3
खनिज लोहा ..	75	88	95	117	105	72	80	+8	+11
रासायनिक पदार्थ ..	16	24	30	36	32	24	30	+6	+25
आ. अन्य वस्तुएं ..									
जूट का धागा और उससे बनी वस्तुएं ..	234	218	207	190	265	187	193	+6	+3
सूत का धागा और उससे बनी वस्तुएं ..	86	101	116	118	116	80	109	+29	+36
चाय ..	180	157	125	148	156	117	120	+3	+3
खाल, छाल, चमड़ा और चमड़े की चीजें, जूतों को मिलाकर ..	70	87	99	87	130	73	125	+52	+71
काजू की गिरी ..	43	61	57	52	61	51	57	+6	+12
तेल की खली ..	45	49	41	55	40	29	41	+12	+41
मोती, बहुमूल्य और अर्ध बहुमूल्य पत्थर, न तराशे नये/तराशे गये ..	30	45	42	42	53	38	56	+18	+47
गरम मसाले ..	27	25	34	39	36	23	18	—5	—22
मछली और मछली से बनी वस्तुएं ..	18	23	31	31	42	29	41	+12	+41
चीनी ..	16	10	9	28	30	28	10	—18	—64
काफी ..	18	18	20	25	22	19	23	+4	+21
खनिज मैंगनीज ..	11	13	11	14	11	8	7	—1	—13
तमाखू (अपरिष्कृत) ..	35	33	33	31	42	35	50	+15	+43
इ. जोड़ (अन्यों को मिलाकर)	1,199	1,358	1,413	1,535	1,569*	1,140	1,394@	+254	+22

टिप्पणी : 1 नवंबर 1970 से निर्यातों को अभिलेखित करने के लिए वाणिज्यिक सूचना और अंक संकलन महानिदेशालय द्वारा अपनायी गयी क्रिया विधि में (अंतिम रूप से पारित पोतलदान बिल के स्थान पर पोतलदान बिल की मूल प्रति के आधार पर अभिलेखित करने की विधि स्वीकार की गयी) परिवर्तन किये जाने के कारण 1970-71 और 1971-72 के आंकड़ों की पिछले वर्षों के आंकड़ों से तुलना नहीं की जा सकती।

*इनमें बंगला देश को किये गये लगभग 38 करोड़ रुपयों के निर्यात शामिल नहीं हैं।

@इनमें बंगला देश को किये गये 59 करोड़ रुपये के निर्यात शामिल हैं। परंतु बंगला देश को काफी मात्रा में किये गये वे निर्यात शामिल नहीं हैं, जिन्हें संबंधित सीमा-शुल्क अधिकारियों द्वारा पूर्ण रूप से अभिलेखित नहीं किया गया है।

92. देश के विभिन्न भागों में सूखे की गंभीर स्थिति विद्यमान थी जिसके कारण सरकार पर सूखा-राहत और आपाती कृषि कार्यक्रमों के लिए सहायता प्रदान करने की जिम्मेदारी आ पड़ी। अनाजों और कतिपय अन्य अत्यावश्यक वस्तुओं की पूर्ति की मात्रा को बढ़ाने के लिए उनके आपात-कालीन आयात भी करने पड़े। सरकारी व्यय के बढ़ जाने और बैंकों की जमा राशियों में भारी मात्रा में वृद्धि होने के परिणामस्वरूप देश में उपलब्ध कुल मुद्रागत साधनों में अप्रत्याशित वृद्धि हो गयी और कृषि उत्पादन में कमी हो जाने के संदर्भ में मुद्रागत साधनों की उक्त अप्रत्याशित वृद्धि के कारण अर्थव्यवस्था में मुद्रा स्फीति के तत्व सक्रिय हो गये।

93. आलोच्य वर्ष के दौरान मूल्य स्तर के बराबर बढ़ते रहने से ऐसे अल्पकालीन और दीर्घकालीन प्रयास करने की आवश्यकता हो गयी है जिससे पर्याप्त मात्रा में निर्वाह वस्तुओं, विशेषकर अनाजों की पूर्ति हो सके। इस संदर्भ में यह अत्यावश्यक हो गया है कि एक ओर सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सक्षम रूप से कार्यान्वित करने और दूसरी ओर चालू व्यय को कम करने के लिए अपेक्षित प्रयासों से संबंधित समस्याओं को हल किया जाए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के संबंध में अनाजों की उगाही और आयातों की समस्याओं के कारण कठिनाइयां विद्यमान रहती हैं। गेहूं की वसूली की मात्रा प्रत्याशित मात्रा से काफी कम हो गयी है। पिछले वर्ष सारे विश्व में वालों से भिन्न अनाजों के संदर्भ में विद्यमान कमी के कारण अनाजों की आयातों की मात्रा भी कम रही है। यदि आगामी खरीफ फसल संतोषजनक रही तो उससे इस स्थिति में काफी सुधार हो सकता है; परंतु पिछले दो वर्षों के दौरान स्टाकों में जो कमी आयी है, उसकी पूर्ति केवल एक ही संतोषजनक मौसम से नहीं हो सकेगी। यदि आगामी वर्ष के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए वर्ष भर में काफी मात्रा में अनाज उपलब्ध कराये जाने के अलावा कुछ स्टाकों का भी निर्माण करना हो तो यह बहुत आवश्यक होगा कि अधिक मात्रा में चावल की उगाही करने का कार्यक्रम शुरू किया जाय और संभवतः अनाजों का कुछ अतिरिक्त आयात भी किया जाए। यदि आगामी मौसम में अनाजों की पर्याप्त उगाही की जाए तो सरकार अनाजों की मूल्य-वृद्धि को भली-भांति रोक सकेगी। वर्तमान परिस्थिति में ऐसे व्यापक उगाही-कार्यक्रम के लिए निश्चित रूप से वसूली प्रणाली की सहायता लेनी पड़ेगी। यदि ऐसी प्रणाली को कार्यान्वित करने में कठिनाइयां हों तो इस बात का पुनरीक्षण करना होगा कि सरकार किस हद तक सार्वजनिक वितरण प्रणाली के द्वारा अनाजों के बिक्री का दायित्व उठा सकती है। अन्य पूरक उपायों को अपनाने की संभावना पर विचार किया जा सकता है।

94. जैसा कि पहले कहा जा चुका है, सरकारी और गैर सरकारी, दोनों क्षेत्रों के व्यय को कम कर के मूल्यों पर पड़े हुए दबावों को यथाशिघ्र कम करना होगा। घाटे की वित्त व्यवस्था को न्यूनतम मात्रा तक सीमित करने के उद्देश्य से सरकारी व्यय में कटौती करने के लिये कदम उठाये जा रहे हैं। केन्द्रीय सरकार ने 1973-74 के लिए अपने बजट में 85 करोड़ रुपयों के थोड़े से घाटे की व्यवस्था की है। अनाजों के संदर्भ में दिये जाने वाले उपदानों पर अपेक्षाकृत अधिक परिव्यय, तीसरे वेतन आयोग और बोनस पुनरीक्षण समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन के कारण वेतन पर होने वाले व्यय में वृद्धि, आदि के संबंध में जो अतिरिक्त सरकारी व्यय करने की आवश्यकता बाद में उत्पन्न हुई है अथवा उत्पन्न होने की संभावना है उसे योजनागत और योजनेतर व्यय में 400 करोड़ रुपयों तक की कटौती पर समायोजित करना होगा। चूंकि निश्चित रूप से भावी व्यय का अनुमान लगाना असंभव है अतः करों की अच्छी वसूली करने, अधिक मात्रा में ऋण प्राप्त करने, आदि पर ध्यान देना आवश्यक होगा जिससे कि यह सुनिश्चित हो सके कि बजट घाटा वास्तव में पिछले दो वर्षों की अपेक्षा काफी कम होगा।

95. ऋण नीति के क्षेत्र में वर्ष भर में वाणिज्य बैंकों की जमा राशियों में अधिक तेजी से वृद्धि हो जाने के कारण इस बात पर जोर दिया गया है कि ऋण के अनुचित विस्तार पर नियंत्रण लगाया जाए। जैसा कि पहले विश्लेषण किया जा चुका है, नवंबर 1972 से ऐसे विभिन्न उपाय किये गये हैं कि निजी क्षेत्र में अनुत्पादक और सट्टेबाजी के उद्देश्य से किये जाने वाले व्यय के लिए बैंकों के पास अधिक मात्रा में विद्यमान चल निधि का उपयोग न किया जा सके। इस वर्ष के दौरान इन नीतियों के कारण ऋण-जमा अनुपात पिछले दो वर्षों के अनुपातों के स्तरों की अपेक्षा काफी कम हो गये हैं। परंतु बैंकों की जमा राशियों में निरंतर वृद्धि होते रहने से उनके उपयोग को नियंत्रित करने की आवश्यकता होगी। इस प्रकार निकट भविष्य में ऋण-नीति की मूलभूत विशेषता नियंत्रणात्मक होगी; फिर भी नियंत्रण के संदर्भ में इतना ही लचीलापन बरता जाएगा कि एक ओर अत्यावश्यक उत्पादन में सुविधा हो सके और दूसरी ओर सट्टेबाजी को रोका जा सके।

96. दीर्घकालीन दृष्टि से इस तथ्य को स्वीकार करना होगा कि आगामी कई वर्षों तक अनाजों के सार्वजनिक वितरण और उसकी व्यवस्था को अत्यधिक प्रधानता दी जाती रहेगी। 1967-68 से चार वर्षों तक की अवधि में अच्छी वर्षा होने से अनाज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होते रहे और उसके परिणामस्वरूप अधिकांश राज्यों में गठित वितरण तंत्र में ढिलाई आ गयी थी। परंतु 1972-73 के अनुभव से यह स्पष्ट हुआ है कि यदि अभाव के समय पर अनाजों के सार्वजनिक वितरण तंत्र को अधिक प्रभावकारी ढंग से काम में लाना है तो उसे स्थायी स्वरूप प्रदान करना होगा। मूल्यों में प्रदेशवार जो उतार चढ़ाव पाया जाता है उसमें समानता लाने के लिए उचित वितरण प्रणाली के साथ अनाजों के परिवहन के लिए समन्वित रूप से प्रयास करने होंगे ताकि जिन क्षेत्रों में अधिक मात्रा में अनाज उपलब्ध हैं, वहां से उन क्षेत्रों को जहां अनाजों की कमी रहती है और कमी के क्षेत्रों के भीतर भी अनाजों को आसानी से ले जाया जा सके :

97. इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि उत्पादन के क्षेत्र में अधिक प्रयत्न करने होंगे। चावल, मोटे अनाजों और नकदी फसलों के संदर्भ में विभिन्न प्रकार के अधिक उपज वाले बीजों को विकसित करने और उनका उपयोग करने की दिशा में गंभीर अनुसंधान को जारी रखना है और साथ ही, समय-समय पर पड़े सूखे के कारण यह भी आवश्यक हो गया है कि देश में विद्यमान विभिन्न प्रकार की कृषि संबंधी परिस्थितियों के लिये उपयुक्त सूखी खेती की प्रणालियों को तत्काल विकसित किया जाए ताकि निरंतर सूखाग्रस्त होने वाले क्षेत्रों में कृषि उत्पादन में कुछ हद तक स्थायिता लायी जा सके। इस क्षेत्र में वित्तीय साधनों के उपयोग के लिये अधिक प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

98. औद्योगिक क्षेत्र में यदि यह मान लिया जाए कि नियमित रूप से बिजली और औद्योगिक कच्ची सामग्री की पूर्ति होती रहेगी, तो 1972 के कैलेण्डर वर्ष में उत्पादन में पायी गयी वृद्धि-दर (7.1 प्रतिशत) जारी रहे सकेगी। कच्ची रूई और पटसन का उत्पादन पिछले वर्ष की अपेक्षा केवल सीमान्त रूप से कम रहा है; परंतु यदि अगली फ़सल सामान्य रही तो स्थिति चिन्ताजनक नहीं होगी। संभव है कि इस्पात और इस्पात से बनी चीजों की पूर्ति में हुआ सुधार भी जारी रहे। इसके अलावा हाल ही में औद्योगिक लाइसेन्सीकरण का जो उदारीकरण किया गया वह भी औद्योगिक विकास के लिए एक अनुकूल कारण होगा। यदि 1972-73 के दौरान सरकारी क्षेत्र में औद्योगिक संबंधों में पाया गया सुधार 1973-74 में भी जारी रहे तो औद्योगिक उत्पादन में और वृद्धि होने में सहायता मिलेगी।

99. परंतु पिछले कुछ वर्षों के दौरान काफ़ी लंबी अवधि तक निवेश के कार्यकलापों की गति धीमी रही है जिससे न केवल वस्तुओं के क्षेत्रों में, बल्कि परिवहन बिजली, सिंचाई आदि के क्षेत्रों में भी अभाव की स्थिति उत्पन्न हुई है। पूंजीगत माल के कतिपय उद्योग क्षेत्रों की क्षमता का उपयोग नहीं हो पाया है। इसे भी अभाव की उपयुक्त स्थिति के कारण के रूप में माना जा सकता है। इस संदर्भ में सार्वजनिक क्षेत्र को पहले अग्रसर होने की आवश्यकता है। क्योंकि निजी क्षेत्र के निवेश में काफी वृद्धि तभी हो सकती है जब सार्वजनिक क्षेत्र में ऐसी ही वृद्धि हो। अतः यदि औद्योगिक क्षेत्र में अधिक विकास करना हो तो आगामी कुछ वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र के निवेशों की वृद्धि-दर को बनाये रखना होगा। ऐसा करते समय सार्वजनिक क्षेत्र के नये निवेशों की लागत से होने वाले लाभ का तथ्यपूरक मूल्यांकन करने के लिए उपायों का पता लगाना होगा ताकि दुर्लभ वित्तीय साधनों का कम उपयोग हो।

100. उद्योगों, बिजली और परिवहन में सार्वजनिक निवेश की मात्रा को बढ़ाने और व्यवस्थित करने के साथ ही निजी क्षेत्र के उद्योगों को विकसित करने के उपायों पर भी विचार किया जाना चाहिए। भारतीय औद्योगिक विकास बैंक जैसी विशेषीकृत संस्थाओं के द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सहायता पर निजी क्षेत्र का निवेश निर्भर रहता है। इससे अवश्य ही निवेश का अधिक अच्छी तरह से विनियमन और पर्यवेक्षण हो सकता है परंतु ऐसी संस्थाओं द्वारा वित्तीय साधन प्रदान किये जाने का आधार बाजार में इक्विटी शेयरों और डिबेंचरों द्वारा जुटायी जानेवाली पूंजी होना चाहिए। अतः पूंजी बाजार को निवेश-योग्य निधियों की जो उपलब्धि होती है उसे यदि बनाये नहीं रखा जाए और कुछ हद तक उसमें वृद्धि न की जाए तो यह संभव है कि कई उद्योगों, विशेष रूप से मझौले और छोटे उद्योगों की स्थापना भी कठिन हो जाए। पांचवी योजना के प्रवर्तन के पहले यह उचित होगा कि इस स्थिति का पुनरीक्षण किया जाए और सरकार द्वारा अपनायी गयी औद्योगिक और कर संबंधी नीतियों को योजना की अवधि में जारी रखने के लिए उपाय किये जाएं। इससे बचतकर्ताओं और नये उद्योग स्थापित करनेवाले उद्यमकर्ताओं, दोनों को प्रोत्साहन मिल सकेगा।

101. वर्तमान स्थिति के दबावों के कारण उपलब्ध वित्तीय साधनों का निवेश के लिए पुनर्वितरण करना जहां तत्काल संभव नहीं होगा, वहां जुटाये गये अधिकाधिक वित्तीय साधनों को उपयोगी निवेश कार्य के लिए उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। इससे स्पष्ट रूप से यह विदित होता है कि सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के प्रतिष्ठानों की स्थापित क्षमता का पूरा उपयोग किये जाने के लिए उपयुक्त प्रणालियां अपनायी जानी चाहिए। इन दोनों क्षेत्रों में नियोजित पूंजी से होनेवाली उपलब्धि की दरें या तो देश की आवश्यकताओं या उपयोग की गयी कुशल श्रमिक क्षमताओं के अनुरूप नहीं हैं। इसी प्रकार यह भी सही है कि राष्ट्रीय आय के प्रतिशत के रूप में कर राजस्व में हाल ही के वर्षों में क्रमशः वृद्धि होती आ रही है; फिर भी राज समिति के सुझावों के अनुसार विशेष रूप से राज्य स्तर पर अतिरिक्त वित्तीय साधन जुटाने के लिए भी और गुंजाइश है। सामान्य व्यवस्था के द्वारा कर बंचत की प्रवृत्ति को रोकने के लिए प्रशासन में सुधार लाने के प्रयत्नों को भी तीव्र बनाने की आवश्यकता है।

102. यद्यपि विदेशी भुगतान की स्थिति फ़िलहाल काफ़ी संतोषजनक है, फिर भी वह इतनी अनुकूल नहीं है कि निर्बाध वस्तुओं की पूर्ति के लिए अधिक मात्रा में और निरंतर आयातों पर निर्भर रहा जाए। भारी अभाव की स्थितियों में, जैसा कि फ़िलहाल विद्यमान है, अनाजों और अन्य अत्यावश्यक उपभोक्ता वस्तुओं के आयातों का वित्तपोषण करने के लिए अपनी विदेशी मुद्रा आय के एक अंश का उपयोग करना आवश्यक होगा; चूंकि इसके साथ ही, उद्योग क्षेत्र की विभिन्न प्रकार की अनुरक्षण सामग्री के आयातों के लिए भी व्यवस्था करनी है, अतः यह भी अधिक महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि निर्यातों से होने वाली आमदनियों को तेजी से बढ़ाने के लिए तत्काल उपाय किये जाएं।

103. चौथी पंचवर्षीय योजना के अन्तिम वर्ष अर्थात् 1973-74 में देश पांचवी पंचवर्षीय योजना तैयार करने के कार्य में व्यस्त रहेगा। अतः यही वर्ष है जबकि पांचवीं योजना को प्रवर्तित करने के लिए अनुकूल आर्थिक वातावरण का निर्माण करना होगा। न केवल मूल्यों में स्थिरता लाने, बल्कि अर्थ-व्यवस्था के प्रबन्धन में, विशेषकर सार्वजनिक निवेश और सार्वजनिक उपभोग के क्षेत्र में संतुलन लाने के लिए भी हर संभव प्रयत्न करना होगा। पांचवी योजना में बहुत अधिक मात्रा में निवेश किये जाने की जो परिकल्पना की गयी है उसके लिए करों की वसूली सार्वजनिक ऋण और सामान्यतः बचत की दर में काफी अधिक वृद्धि करनी होगी। न केवल अधिक मात्रा में जमा राशियों को जुटाने, बल्कि उद्योग, कृषि और अन्य क्षेत्रों को विस्तारित करने के लिए आवश्यक कार्यकारी पूंजीगत सहायता प्रदान करने के निमित्त भी बैंकिंग सेवाओं को अधिक व्यापक और सघन बना कर आने वाली चुनौती का सामना करने के लिए बैंकिंग क्षेत्र को सशक्त बनाना होगा। विकास और सामाजिक न्याय के दुहरे उद्देश्यों की पूर्ती के संदर्भ में सरकार की वित्तीय और दूसरी नीतियों का प्रत्यक्ष योगदान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण होगा और इन्हीं नीतियों से अर्थव्यवस्था का भावी रूप भी निर्धारित होगा।

II. वाणिज्य बैंक व्यवसाय की प्रगति

104. आलोच्य वर्ष में बैंक व्यवस्था ने अपने भौगोलिक विस्तार को और बढ़ाया। इससे बैंक व्यवसाय के विकास के संदर्भ में पाया गया क्षेत्रीय असंतुलन कम हो गया। 1972 के कैलेंडर वर्ष के दौरान वाणिज्य बैंकों ने 1,783 शाखाएं खोलीं। यह संख्या 1972 से 1974 तक के तीन वर्षों (कैलेंडर वर्षों) के दौरान 5,000 शाखाएं खोलने की संभाव्य योजना के अन्तर्गत इस वर्ष 1500 शाखाएं खोलने का जो लक्ष्य था उससे अधिक थी। शाखा विस्तार की गति को बनाए रखने के लिए बैंकों को अब सूचित किया गया है कि वे वर्ष 1973 से शुरू होने वाले तीन वर्षों की अवधि के लिए आवर्ती योजनाएं बनायें।

105. अग्रतावाले क्षेत्रों को प्रदान किये गये ऋण की मात्रा में इस वर्ष के दौरान वृद्धि हुई यद्यपि ऐसे क्षेत्रों को दिये जानेवाले ऋण में हुई वृद्धि की दर अपेक्षाकृत न्यून थी। क्षेत्रीय और प्रभागीय कार्यालयों के पुनर्गठन और ऋण प्रदान किये जाने की अधिक प्रभावकारी व्यवस्थाओं से यह आशा की जाती है कि आगामी वर्षों में इस क्षेत्र में अधिक तेजी से प्रगति होगी। भारतीय ऋण गारंटी निगम लिमिटेड द्वारा प्रदान की जानेवाली रक्षा के संदर्भ में की जानेवाली अतिरिक्त रियायतों के कारण उक्त संभावना के और सुदृढ़ होने की संभावना है। इसके अलावा प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समितियो के माध्यम से कृषकों को वाणिज्य बैंकों द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने की योजना को विस्तारित करने के कारण भी इन क्षेत्रों को अधिक मात्रा में अग्रिम उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

106. अग्रणी बैंक योजना के अन्तर्गत सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार करने का कार्य समाप्त होने वाला है। बैंक व्यवस्था के विकास के लिए कई जिलों में परामर्श समितियों की बैठकों का आयोजन किये जाने के अलावा ऋण-व्यवस्था में विद्यमान खाइयों का पता लगाने और जिलों के लिए ऋण संबंधी योजनाएं बनाने के लिए ब्योरेवार अध्ययन भी प्रारम्भ किये गये।

107. कृषि तथा उससे संबंधित कार्यकलापों के क्षेत्र में बैंकों ने अभिस्वीकृत गांवों के कृषकों की वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति करने के अपने प्रयत्नों को जारी रखा। स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया को 93 कृषि विकास शाखाएं खोलने के लिए लाइसेंस प्रदान किये गये हैं। इन में से 41 शाखाएं खोली जा चुकी हैं। बैंकों ने 1972-73 की रबी फ़सल के गहन कार्यक्रम तथा बिहार में पम्पसेट लगवाने के व्यापक कार्यक्रम में भाग लिया। बैंकों का यह कार्य छोटे कृषक विकास एजेन्सी/सीमान्त कृषक तथा कृषि श्रम एजेंसी योजनाओं के अन्तर्गत आनेवाले क्षेत्रों में उनके लिए नियत किये गये कार्य के अतिरिक्त था। इसके अलावा, ऐसी वित्तपोषक योजनाओं में बैंक सक्रिय रूप से भाग लेते आ रहे हैं जिन्हें कृषि पुनर्वित्त निगम से पुनर्वित्त प्राप्त हो सकता है।

108 इस वर्ष के दौरान राष्ट्रीयकृत बैंकों के लिए दक्षिणी, पश्चिमी, उत्तरी, पूर्वी और पूर्वोत्तरी क्षेत्रों के लिए गठित क्षेत्रीय परामर्श समितियों की बैठकें बैंक व्यवसाय के विकास का पुनरीक्षण करने के उद्देश्य से आयोजित की गयीं। इन बैठकों में बैंक व्यवसाय की प्रगति में तेज़ी लाने के लिए कई प्रकार के निर्णय लिये गये; उनमें से कुछ इस प्रकार हैं: (i) अग्रणी बैंकों और संबंधित राज्य सरकार के सहकारिता, कृषि और उद्योग विभागों की समन्वयन समितियों का गठन करना जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सहकारी संस्थाओं के कार्यकलाप वाणिज्य बैंकों के कार्यकलापों के अनुरूप हैं; (ii) बैंकों के संगठनात्मक स्वरूप और अपेक्षित मूलभूत तथा अन्य सुविधाओं की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुये ऋण प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में लचीला दृष्टिकोण अपनाना; (iii) सहकारी विन्यास को मज़बूत बनाना जिससे बैंकों को अविलम्ब वित्तीय सहायता प्रदान करने में सुविधा हो और राज्यों को अपेक्षित मूलभूत सुविधाओं का विकास करने की आवश्यकता से अवगत कराना ताकि वाणिज्य बैंकों को कार्यालय खोलने में सुविधा हो; और (iv) बैंकों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाना वांछनीय होगा ताकि पर्याप्त मात्रा में प्रशिक्षित कर्मचारियों के उपलब्ध न होने की समस्या को सुलझाने में सहायता मिल सके। इसके अलावा तलवार समिति की सिफ़ारिशों को शीघ्रतापूर्वक अमल में लाने और बैंकों तथा राज्य सरकारों के अधिकारियों के बीच सतत संपर्क होने से बैंकों के लिए कृषकों को वित्तीय सहायता प्रदान करना अधिक आसान होगा।

शाखा विस्तार

109. वाणिज्य बैंकों ने 1972 में 1,763 कार्यालय खोले जबकि 1971 में 1,805 कार्यालय और 1970 में 2,137 कार्यालय खोले थे। 1972 में खोले गये कार्यालयों की संख्या शाखा विस्तार की संभाव्य योजना के अन्तर्गत इस वर्ष के लिए निर्धारित 1,500 शाखाओं के लक्ष्य से अधिक थी; यह वृद्धि कतिपय केन्द्रों में आवश्यक मूलभूत वस्तुओं के उपलब्ध न होने और बैंकों द्वारा संगठन संबंधी कठिनाइयों का सामना किये जाने के बावजूद हुई। यह सुनिश्चित करने के लिए कि शाखा विस्तार निरंतर होता रहे और बैंक अपनी श्रम शक्ति सम्बन्धी योजनाएं पहले से ही बना सकें, 1973-75 (कलेंडर वर्ष) की अवधि से शुरू होने वाले तीन वर्षों की अवधि के लिए आवर्ती योजनाएं बनाने का निश्चय किया गया है। इस उद्देश्य के लिए फ़रवरी 1973 में बैंकों से यह कहा गया कि वे अपने पास पहले से ही बाकी रहने वाले लाइसेंसों/अपने लिए नियत किये गये केन्द्रों को ध्यान में रखते हुये उन केन्द्रों को निर्दिष्ट करें जहां वे 1973 के दौरान कार्यालय खोलेंगे और यह सूचित करें कि 1974 और 1975 में अलग-अलग राज्यों में कितने कार्यालय खोलने की उनकी

सारणी 18 : 1971-72 और 1972-73 के दौरान वाणिज्य बैंकों द्वारा खोले गये नये कार्यालय

	वाणिज्य बैंकों द्वारा खोले गये नये कार्यालय						बैंक कार्यालयों की संख्या	
	1971-72			1972-73				
	जुलाई-दिसंबर 1971	जनवरी-जून 1972	जुलाई-जून 1971-72	जुलाई-दिसंबर 1972	जनवरी-जून 1973	जुलाई-जून 1972-73	30 जून 1972 को	30 जून 1973 को
1. स्टेट बैंक आफ़ इंडिया	187 (106)	102 (58)	289 (164)	180 (58)	112 (39)	292 (97)	2575	2867
2. स्टेट बैंक आफ़ इंडिया के सहायक बैंक	66 (39)	84 (46)	150 (85)	127 (64)	54 (19)	181 (83)	1383	1563
3. चौदह राष्ट्रीयकृत बैंक	540 (321)	281 (149)	821 (470)	618 (272)	308 (100)	926 (372)	7189	8109
4. अन्य अनुसूचित बैंक	175 (108)	165 (99)	340 (207)	194 (74)	155 (58)	349 (132)	2240	2580
5. विदेशी बैंक	— (—)	— (—)	— (—)	— (—)	— (—)	— (—)	130	130
6. सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंक	968 (574)	632 (352)	1600 (926)	1119 (468)	629 (126)	1748 (684)	13517	15249
7. गैर अनुसूचित वाणिज्य बैंक	4 (3)	8 (7)	12 (10)	4 (3)	4 (3)	8 (6)	105	113
8. सभी वाणिज्य बैंक	972 (577)	640 (359)	1612 (936)	1123 (471)	633 (219)	1756 (690)	13622	15362

टिप्पणी :— कोष्ठकों के आंकड़े बैंक-सुविधारहित केन्द्रों में खोले गये कार्यालयों की संख्या को दर्शाते हैं।

योजनाएं हैं। 1973 के लिए कार्यक्रम बनाते समय बैंकों से यथासंभव यह भी सुनिश्चित कर लेने की सलाह दी गयी कि वर्ष के अन्तिम चरण में व्यनुपातिक रूप से भारी संख्या में शाखाएं खोले जाने के बदले वर्ष की चारों तिमाहियों में समान रूप से शाखा विस्तार किया जाएगा।

110. वाणिज्य बैंकों ने वर्ष 1972-73 (जुलाई-जून) के दौरान 1,756 कार्यालय खोले जबकि इसके विपरीत 1971-72 में 1,612 कार्यालय खोले गये थे। 1972-73 के दौरान खोले गये 1,756 कार्यालयों में से 473 कार्यालय स्टेट बैंक और उसके सहायक बैंकों ने और 926 कार्यालय राष्ट्रीयकृत बैंकों ने खोले। बैंक सुविधा रहित केन्द्रों में खोले गये कार्यालयों की संख्या 690 थी (सारणी 18)।

111. बैंक व्यवस्था के भौगोलिक विस्तार को बढ़ाने की दिशा में की गई प्रगति भी इस वर्ष के दौरान बनाये रखी गयी। बैंकों के राष्ट्रीयकरण से लेकर अब तक अर्थात 19 जुलाई 1969 से जून 1973 के अंत तक खोले गये 7,131 कार्यालयों में से लगभग 4,106 कार्यालय (56.2 प्रतिशत) बैंक सुविधा रहित केन्द्रों में थे। कम विकसित राज्यों अर्थात असम, बिहार, जम्मू और काश्मीर, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, उड़ीसा, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में इन नये कार्यालयों में से 30.8 प्रतिशत कार्यालय खोले गये। मणिपुर, नागालैंड तथा गोवा, दमन और दीव के संघशासित क्षेत्रों में और लक्कदीव, मिनीकाय और अमीनदीव द्वीपसमूहों में इस वर्ष के दौरान खोले गये सभी कार्यालय बैंक सुविधा रहित केन्द्रों में स्थित थे।

112. जून 1972 के अंत तक 14 राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में ऐसे 71 जिले थे जहां प्रति बैंक कार्यालय आबादी एक लाख से अधिक थी जबकि प्रति बैंक कार्यालय आबादी का राष्ट्रीय औसत 40,000 था। अतः बैंकों को, विशेष रूप से 'अग्रणी बैंकों' के रूप में नामित बैंकों को यह सलाह दी गयी कि वे प्रत्येक बैंक कार्यालय के अंतर्गत आनेवाली आबादी के अनुपात को यथासंभव कम करने के उद्देश्य से ऐसे जिलों पर विशेष ध्यान दें, परन्तु साथ ही वे उन केन्द्रों की उपेक्षा भी न करें जहां जमाराशियां जुटाये जाने की अच्छी संभावना दिखायी पड़ी है। 'अग्रणी बैंकों' को यह भी सलाह दी गयी कि वे विकसित तथा कम विकसित राज्यों के पिछड़े क्षेत्रों को प्राथमिकता दिये जाने की आवश्यकता पर ध्यान दें ताकि राज्यों के बीच तथा किसी राज्य के भीतर रहने वाली असमानताओं को दूर किया जा सके।

113. 1972-73 में 1,756 अतिरिक्त शाखाएं खोले जाने से प्रति बैंक कार्यालय आबादी का राष्ट्रीय औसत जून 1972 के अंत में विद्यमान 40,000 से घटकर जून 1973 के अंत में 36,000 हो गया। फिर भी, 21 राज्यों में से 10 राज्यों में अब भी प्रति बैंक कार्यालय आबादी 50,000 से अधिक है। असम, बिहार, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, उड़ीसा, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल ऐसे राज्य हैं। उनमें से दो राज्यों (अर्थात् मणिपुर और त्रिपुरा) में प्रति बैंक कार्यालय आबादी एक लाख से अधिक है (सारणी 19)। इन राज्यों में अधिक कार्यालय खोले जाने की दिशा में प्रयत्न किये जा रहे हैं।

114. आबादी के वर्गों के अनुसार वितरित वाणिज्य बैंकों के कार्यालयों से यह संकेत मिलता है कि वाणिज्य बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक दिलचस्पी ले रहे हैं। कुल बैंक कार्यालयों में ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बैंक कार्यालयों का जो प्रतिशत जून 1970 में 30.2 था वह जून 1971 में बढ़कर 35.6 हो गया था। जून 1972 के अंत में उक्त अनुपात सीमान्त रूप से घटकर 35.3 प्रतिशत हो गया जिसका मुख्य कारण यह था कि 1971 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर केन्द्रों का पुनर्वर्गीकरण किया गया था। कुछ सीमा तक इस कमी का कारण यह भी था कि पिछले वर्षों में वाणिज्य बैंकों द्वारा ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में शाखा विस्तार का जो कार्य किया गया था, उसके कारण उन्हें शहरी/महानगरीय केन्द्रों में कार्यालय खोलने की पात्रता प्राप्त हुई और इस अवधि के दौरान उन्होंने इसका अधिक लाभ उठाया। फिर भी, जून 1973 के अंत तक कुल कार्यालयों में ग्रामीण केन्द्रों में स्थित कार्यालयों का अनुपात बढ़कर 36.2 प्रतिशत हो गया, यद्यपि पता लगाये गये बैंक सुविधारहित विकास केंद्रों की संख्या में कमी आयी थी (सारणी 20)।

115 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि महानगरीय केन्द्रों में और अधिक जमाराशियों की संभावनाओं वाले कुछ शहरी केन्द्रों में प्रति बैंक कार्यालय आबादी के मान को 10,000 से घटाकर 5,000 कर दिया गया है और इस संबंध में पात्रता के जो मानदंड थे उनमें भी रियायत की गयी है ताकि बैंक ऐसे केन्द्रों में अधिक कार्यालय खोल सकें। आलोच्य अवधि में अहमदाबाद में बैंकों के प्रतिनिधियों की एक बैठक हुई और उस शहर में और 77 कार्यालय खोलने के लिए अस्थायी नियतन किये गये। इनके साथ अब तक सात महानगरीय केन्द्रों में 805 कार्यालय खोलने के लिए नियतन किये गये हैं। बिहार में छोटे कृषक विकास एजेंसी परियोजना और सीमान्त कृषक तथा कृषि श्रम एजेन्सी परियोजना जैसी विशेष परियोजनाओं के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में स्थित खंड विकास के बैंक सुविधा रहित प्रधान केन्द्रों का सरकारी क्षेत्र के बैंकों के बीच नियतन करने के उद्देश्य से दिसंबर 1972 में पटना में उनके प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में सरकारी क्षेत्र के सात बैंकों के बीच 146 बैंक-सुविधारहित केन्द्र वितरित किये गये। यह आशा की जाती है कि उनमें से 84 केन्द्रों में 1973 में कार्यालय खोले जायेंगे और शेष केन्द्रों में 1974 में कार्यालय खोले जायेंगे।

116 बैंकों की अस्तियों और देयताओं का अंतरण किये जाने, बैंक कार्यालयों के बंद किये जाने, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया अधिनियम 1934 के दूसरी अनुसूची में बैंकों के जोड़े जाने आदि के कारण कार्यालयों की संख्या में हुए परिवर्तनों के बाद जून 1973 तक की अवधि में अनुसूचित और गैर अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के कार्यालयों की संख्या में क्रमशः 1,732 और 8 की वास्तविक वृद्धि हुई। जून 1973 के अंत में अनुसूचित और गैर अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के कार्यालयों की कुल संख्या क्रमशः 15,011 और 113 थी, जबकि उनकी संख्या जून 1972 के अंत में क्रमशः 15,249 और 105 थी (सारणी 21)।

अग्रणी बैंक योजना

117. अग्रणी बैंक योजना के अंतर्गत बैंकों के लिए नियत किये गये जिलों की आर्थिक स्थिति के संबंध में ऐसे बैंकों ने 338 जिलों में से 306 जिलों में शीघ्र प्रभावकारी सर्वेक्षण समाप्त कर दिया है। अग्रणी बैंकों ने लगभग 267 जिलों में जिला स्तरीय परामर्श समितियों का गठन किया है जो निम्न लिखित कार्यों के लिए एक मंच प्रस्तुत करती है: (i) अन्य बातों के साथ-साथ ऐसी प्रणालियां तैयार करना जिनसे वे ऋण लेने का इरादा रखने वालों और जिले के अग्रता वाले क्षेत्रों को ऋण दिये जाने के संबंध में आपस में जानकारी का आदान-प्रदान कर सकेंगे; (ii) बैंक खोले जाने योग्य योजनाओं का पता लगाना; (iii) सर्वेक्षण के दौरान पता लगाये गये बैंक सुविधारहित केन्द्रों को वितरित करना और (iv) अग्रता वाले क्षेत्रों के वित्तपोषण से उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर विचार-विमर्श करने के लिए समाशोधन केन्द्र के रूप में कार्य करना। राष्ट्रीयकृत बैंकों से यह अपेक्षा की गयी है कि वे अग्रणी बैंक योजना के

सारणी 19 : जून 1971, जून 1972 और जून 1973 के अंत में विद्यमान बैंक कार्यालयों का राज्यवार वितरण

राज्य	बैंक कार्यालयों की संख्या			1971-72 के दौरान खोले गये	उनमें से बैंक-सुविधा रहित केन्द्रों में खोले गये	1972-73 के दौरान खोले गये	उनमें से बैंक-सुविधा रहित केन्द्रों में खोले गये	आबादी प्रति बैंक कार्यालय (हजारों में)	
	जून 1971 के अंत में	जून 1972 के अंत में	जून 1973 के अंत में					जून 1972 के अंत में	जून 1973 के अंत में
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1. आंध्र प्रदेश	869	959	1103	90	44	144	54	45	39
2. असम	122	149	168	27	22	19	11	98	89
3. बिहार	453	541	593	88	68	52	32	104	95
4. गुजरात	1105	1234	1320	129	83	90	25	22	20
5 हरियाणा	258	299	338	41	29	40	13	34	30
6 हिमाचल प्रदेश	87	108	336	21	19	29	23	32	25
7. जम्मू और काश्मीर	101	116	139	15	8	23	12	40	33
8. केरल	845	980	1072	136	92	92	32	22	20
9. मध्य प्रदेश	566	669	748	103	58	80	42	62	56
10. महाराष्ट्र	1471	1679	1866	208	77	189	44	30	27
11. मणिपुर	5	6	9	1	1	3	2	178	119
12. मेघालय	15	16	17	1	--	1	—	63	59
13. मैसूर	1124	1292	1479	168	107	188	76	23	20
14. नागालैंड	5	5	6	—	—	1	1	103	86
15. उड़ीसा	173	192	225	19	12	33	20	114	98
16. पंजाब	556	651	772	95	59	120	57	21	18
17. राजस्थान	525	570	664	45	25	94	62	45	39
18. तमिलनाडु	1371	1484	1650	115	73	1744	65	28	25
19. त्रिपुरा	12	12	14	--	—	2	1	130	111
20. उत्तर प्रदेश	1147	1324	1497	177	107	173	92	67	59
21. पश्चिम बंगाल	684	760	884	76	40	123	19	58	50
संघशासित क्षेत्र									
22. अंदमान और निकोबार द्वीप समूह	2	4	4	2	1	—	—	29	29
23. अरुणाचल प्रदेश	3	5	5	2	2	—	—	94	94
24. चंडीगढ़	28	33	41	5	—	7	—	8	6
25. दादरा और नागर हवेली	3	4	4	1	1	—	—	19	19
26. दिल्ली	350	385	455	35	1	70	—	10	9
27. गोवा, दमन और दीव	111	118	125	7	4	6	5	7	7
28. लक्कदीव, मिनीकॉय और अमीनदीव द्वीपसमूह	2	2	4	—	—	2	2	16	8
29. मिजोरम	—	1	1	1	1	—	—	332	332
30. पांडिचेरी	20	24	25	4	2	1	—	20	19
जोड़	**12013**	**13622**	**15362**	**1612**	**936**	**1756**	**690**	**40**	**36**

अंतर्गत अपने लिए नियत किये गये जिलों में से कुछेक जिलों के संबंध में ऋण योजनाएं बनायें। इस योजना के अंतर्गत आने वाली ऋण योजनायें तैयार की जा रही हैं। यह चुने हुए सामुदायिक विकास खंडों के उन गहन अध्ययनों के अतिरिक्त है जो स्टेट बैंक समूह द्वारा अपने अग्रणी जिलों में किये जाते हैं।

118. अब तक हुई प्रगति के बावजूद बहुत कुछ अभी और करना है जिससे कि विकास के महत्वपूर्ण साधन के रूप में अग्रणी बैंक योजना के अपेक्षित लक्ष्य की पूर्ति हो सके। अतः यह आवश्यक है कि जिला स्तरों पर गठित की गई परामर्श समितियां अमुक जिले के लिये उपयुक्त ऋण योजनाएँ बनाने की ओर अधिक ध्यान दें। इस कार्य में बैंकों को जिला स्तर पर राज्य सरकार के तकनीकी विशेषज्ञों की सहायता की आवश्यकता होगी ताकि ऐसी योजनाओं का पता लगाया जा सके जिन्हें बैंकों से ऋण उपलब्ध हो सकता हो। राज्य सरकार द्वारा संचार सुविधाये और पर्याप्त भवन आदि आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाएँ किये जाने से बैंकों के शाखा विस्तार कार्यक्रम में और सहायता होगी तथा क्षेत्रीय ऋण योजना को अधिक प्रभावकारी और लोहेण्य बनाने में सहायता मिलेगी।

वाणिज्य बैंकों द्वारा कृषि का वित्तपोषण

119. पिछले वर्ष की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि वाणिज्य बैंकों द्वारा कृषि को दिये जाने वाले अग्रिमों की वृद्धि दर कम हो गयी थी। इसका कारण यह था कि गुणवत्ता के आधार पर ऋण दिये जाने और गांवों के समेकित दृष्टिकोण, गांवों के अभिस्वीकरण वर्गवार ऋण आदि के आधार पर विशिष्ट क्षेत्रों में सघन प्रयत्न किये जाने पर अधिकाधिक जोर दिया गया। राज्य सरकारों द्वारा बनायी गयी विशेष योजनाओं, उदाहरण के लिये 1972–73 के रबी मौसम में बनायी गयी विशेष योजनाओं में भी बैंक अधिकाधिक भाग ले रहे हैं। पम्प सेट लगाने के गहन कार्यक्रम में भी सरकारी क्षेत्र के बैंक भाग ले रहे हैं और उन्होंने मार्जिन और जमानत संबंधी अपनी सामान्य शर्तों में कतिपय रियायतें भी की हैं ताकि बडी संख्या में छोटे कृषक लाभान्वित हो सकें। जहां तक छोटे कृषक विकास एजेंसी/सीमान्त कृषक तथा कृषि श्रम एजेन्सी परियोजना के क्षेत्रों का संबंध है, योग्य कृषकों का पता लगाने के संदर्भ में छोटे कृषक विकास एजेंसी के क्षेत्रों में काफी प्रगति की गयी है और बैंक उन क्षेत्रों में अधिक कार्यालय खोल रहे हैं। केन्द्रीय सरकार ने यह निश्चय किया था कि इन परियोजनाओं की अवधि 1971–72 से लेकर पाँच वर्षों की होगी और सरकार ने इन एजेन्सियों को यह सलाह दी है कि वे अपने कार्यक्रमों को तदनुसार बनायें और कार्यान्वित करें। मार्च 1973 के अंत तक वाणिज्य बैंकों ने छोटे कृषक विकास एजेन्सी/सीमान्त कृषक और कृषि श्रम एजेन्सी परियोजना क्षेत्रों में पता लगाये गये छोटे कृषकों को 159 लाख रुपयों के अल्पावधि ऋण और 434 लाख रुपयों की मीयादी ऋण प्रदान किये थे। वाणिज्य बैंकों द्वारा कृषि क्षेत्र को दिये जानेवाले अग्रिमों में क्रमशः सुधार पाया गया है और ऐसे अग्रिम की राशि दिसंबर 1971 के 395 करोड़ रुपये से बढ़कर दिसंबर 1972 मे 485 करोड़ रुपये हो गयी है। वृद्धि की यह प्रवृत्ति कृषि क्षेत्र को दिये गये प्रत्यक्ष तथा परोक्ष, दोनों अग्रिमों में पायी गयीं।

कृषक सेवा समितियों का संगठन

120. राष्ट्रीय कृषि आयोग ने छोटे और सीमान्त कृषकों तथा कृषि श्रमिकों के लिए अपेक्षित ऋण सेवाओं से संबंधित अपनी अंतरिम रिपोर्ट में कृषक सेवा समिति कहलाने वाली विशेष सहकारी संस्थाओं के संगठन की सिफारिश की थी जिससे उपर्युक्त व्यक्ति वर्गों को समेकित सेवाएँ प्रदान की जा सकें। उक्त आयोग द्वारा नियुक्त किए गए अध्ययन दल ने इस सिफारिश की और जाँच पड़ताल की। कृषक सेवा समिति अपने सदस्यों को जो अधिकांशतः छोटे कृषक होंगे, अल्पावधि, मध्यावधि और दीर्घावधि अग्रिम प्रदान करेगी। यह समिति मूल वस्तुओं की पूर्ति, उत्पादित वस्तुओं की विपणन की व्यवस्था, आदि भी करेगी। इन समितियों को वाणिज्य/सहकारी बैंकों से संबद्ध किया जाएगा। रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया ने जून 1973 में सरकारी क्षेत्र के बैंकों के कृषि वित्त विभागों के अध्यक्षों की एक बैठक बुलायी। उस बैठक में यह निश्चय किया गया कि वे बैंक प्रमुख राज्यों में प्रायोगिक रूप से कृषक सेवा समितियों का गठन करेंगे। वे समिति की शेयर पूंजी में नाममात्र का अंशदान करेंगे और 3 साल तक समिति के प्रबंध निदेशक के पारिश्रमिक की व्यवस्था करेंगे।

सारणी 20 : वाणिज्य बैंकों के कार्यालयों का केन्द्रवार वितरण

	कार्यालयों की संख्या									
	जून 1970 के अंत में	जोड़ में %	जून 1971 के अंत में	जोड़ में %	जून 1972*के अंत में	जोड़ में %	दिसंबर 1972 के अंत में	जोड़ में %	जून 1973 के अंत में	जोड़ में %
1. ग्रामीण @ . .	3062	30.2	4279	35.6	4814	35.3	5325	36.1	5561	36.2
2. अर्धशहरी . .	3695	36.5	4016	33.4	4385	32.2	4587	31.1	4723	30.8
3. शहरी . . .	1583	15.6	1778	14.8	2323	17.1	2461	16.7	2573	16.7
4. महानगर/पत्तन शहर . .	1791	17.7	1940	16.2	2100	15.4	2366	16.1	2505	16.3
जोड़ . . .	10131	100.0	12013	100.0	13622	100.0	14739	100.0	15362	100.0

*1971 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर पुनर्वर्गीकृत

@ ग्रामीण-केन्द्र —दस हजार तक की जनसंख्यायुक्त स्थान
अर्धशहरी केन्द्र—दस हजार से अधिक और एक लाख तक की जनसंख्यायुक्त स्थान
शहरी केंद्र
महानगर—दस लाख से अधिक जनसंख्यायुक्त स्थान
अन्य—एक लाख से अधिक और दस लाख तक की जनसंख्यायुक्त स्थान

सारणी 21 : अनुसूचित और गैर-अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा भारत में खोले गये और बंद किये गये कार्यालयों की संख्या

	खोले गये नये कार्यालय	समामेलन, विलियन, आस्तियों और देयताओं के अंतरण तथा रिजर्व बैंक आफ इंडिया अधिनियम 1934 की दूसरी अनुसूची में जोड़ या उसमें से हटाये जाने के कारण परिवर्तन	बंद किये गये वर्तमान कार्यालय	कार्यालयों की संख्या में समग्र घट-बढ़	अवधि के अंत में कार्यालयों की संख्या
	1	2	3	4	5
अनुसूचित वाणिज्य बैंक					
1970 जनवरी-जून	1068 (190)	+3	—	+1071	9938
जुलाई-दिसंबर	1052 (234)	+54	−4	+1102	11040
1971 जनवरी-जून	824 (178)	+32	−4	+852	11892
जुलाई-दिसंबर	968 (187)	+28	—	+996	12888
1972 जनवरी-जून	632 (102)	—	−3	+629	13517
जुलाई-दिसंबर	1119 (180)	—	−6	+1113	14630
1973 जनवरी-जून	629 (112)	—	−10	+619	15249
गैर अनुसूचित बैंक					
1970 जनवरी-जून	12	−3	—	+9	193
जुलाई-दिसंबर	5	−54	—	−49	144
1971 जनवरी-जून	9	−32	—	−23	121
जुलाई-दिसंबर	4	−28	—	−24	97
1972 जनवरी-जून	8	—	—	+8	105
जुलाई-दिसंबर	4	—	—	+4	109
1973 जनवरी-जून	4	—	—	+4	113
सभी वाणिज्य बैंक					
1970 जनवरी-जून	1080	—	—	+1080	10131
जुलाई-दिसंबर	1057	—	−4	+1053	11184
1971 जनवरी-जून	833	—	−4	+829	12013
जुलाई-दिसंबर	972	—	—	+972	12985
1972 जनवरी-जून	640	—	−3	+637	13622
जुलाई-दिसंबर	1123	—	−6	+1117	14739
1973 जनवरी-जून	633	—	−10	+623	15362

टिप्पणी : (1) कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े स्टेट बैंक आफ़ इंडिया से संबंधित हैं।

(2) इन आंकड़ों में प्रशासनिक, मौसमी, अस्थायी और गैर-बैंकिंग कार्यालय तथा भारत के बाहर स्थित कार्यालय शामिल नहीं हैं।

राज्य सरकारों से यह आशा की जाती है कि वे समिति की शेयर पूंजी में कम से कम 50,000 रुपये का अंशदान करेंगी और तकनीकी कर्मचारियों पर होने वाले व्यय के लिए उपदान प्रदान करेंगी। कृषक सेवा समितियों को संगठित करने के लिए अन्य कार्यवाइयां भी की जा रही हैं। इन समितियों के संगठन को प्रोत्साहित करने के लिए रिजर्व बैंक वाणिज्य बैंकों द्वारा कृषक सेवा समितियों का वित्तपोषण कराने के निमित्त उन्हें 5 प्रतिशत की रियायती दर पर पुनर्वित्त प्रदान करता है चाहे किसी बैंक का शुद्ध चल-निधि अनुपात कुछ भी क्यों न हो।

121. अनुसूचित वाणिज्य बैंक उन विभिन्न योजनाओं का अधिकाधिक मात्रा में वित्तपोषण कर रहे हैं, जिनके लिए कृषि पुनर्वित्त निगम से पुनर्वित्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। इनमें अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक/अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ से प्राप्त होने वाले ऋणों को उपयोग में लाने वाली परियोजनाएं भी शामिल है। अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार राज्यों में महत्वपूर्ण भूमिका सौंपी गयी है; उन बैंकों ने इन राज्यों के लिए समग्र बैंक व्यवसाय संबंधी योजनाओं में इन परियोजनाओं को समाविष्ट करने के संबंध में अपने ब्यौरेवार कार्यक्रम कृषि पुनर्वित्त निगम के पास भेजे हैं।

122. जैसाकि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में कहा जा चुका है, 'कृषि को वाणिज्य बैंकों द्वारा ऋण दिये जाने से संबंधित राज्य अधिनियमों के संदर्भ में गठित विशेषज्ञ दल' की सिफारिशों को शीघ्रता से कार्यान्वित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए राज्य सरकारों से कहा गया है। मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के राज्य विधान मंडलों ने विशेषज्ञ दल द्वारा सिफारिश किये गये 'आदर्श विधेयक' के अनुरूप विधेयक पारित किये हैं जिससे वाणिज्य बैंक बड़े पैमाने पर कृषि का वित्तपोषण कर सकें। मध्य प्रदेश का विधान अब राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद एक अधिनियम हो गया है। पश्चिम बंगाल सरकार ने भी 'आदर्श विधेयक' के कतिपय उपबंधों को सम्मिलित करते हुए एक विधेयक पारित किया है। विशेषज्ञ दल द्वारा सुझाये गए प्रशासनिक उपायों के संबंध में, कतिपय राज्य सरकारों ने वाणिज्य बैंकों के नाम निष्पादित किये जाने वाले दस्तावेजों पर कृषकों द्वारा देय मुद्रांक शुल्क को कम किया है तथा ऐसे और शहरों को अधिसूचित किया है जहां साम्यमूलक बंधक निर्मित किये जा सकते हैं।

भारतीय ऋण गारंटी निगम लिमिटेड

123. इस वर्ष के दौरान छोटे परिवहन चालकों और कृषकों की सुविधा के लिए छोटे ऋण गारंटी योजना को और अधिक उदार बना दिया गया। छोटे परिवहन चालकों के मामले में जो गारंटी रक्षा उन ऋण सुविधाओं तक सीमित की गयी थी जो परिवहन चालकों को केवल गाड़ियां खरीदने के लिए दी जाती थीं उसे अब 1 अक्तूबर, 1972 से उन ऋण सुविधाओं के लिए भी लागू कर दिया गया जो गाड़ियों की मरम्मत या नवीकरण या कार्यकारी पूंजी की आवश्यकताओं के निमित्त दी जाती है; उक्त मरम्मत और नवीकरण में गाड़ियों का ढांचा निर्माण और उनके पुर्जों का प्रतिस्थापन भी शामिल है। परन्तु इसके लिए एक लाख रुपये की उच्चतम सीमा लागू रहेगी। कृषि के क्षेत्र में संयुक्त हिन्दू परिवारों या व्यक्तियों के समूहों या संघों (जो कंपनियां या सहकारी समितियां न हों) को प्रदान की जाने वाली ऋण सुविधाओं को गारंटी रक्षा की सुविधा के लिए पात्र बना दिया गया है। किसी ऋणकर्ता को कृषि के क्षेत्र में अब तक जहां केवल एक कार्य के लिए दी जाने वाली ऋण सुविधाओं के संबंध में गारण्टी रक्षा दी जाती रही वहां उसके स्थान पर उक्त गारण्टी रक्षा दो कार्यों के लिए दी जाने-वाली ऋण सुविधाओं के संबंध में उपलब्ध करायी गयी। इस प्रकार किसी ऋणकर्ता को उसकी अपनी भूमि पर खेती करने के लिए तथा मछली पालन, रेशम उत्पादन, पशु पालन, मुर्गी पालन और डेरी उद्योग जैसे खेती से संबद्ध किसी एक सहायक कार्य के लिए अथवा यदि वह खेती नहीं करता हो तो उक्त कार्यों से किन्हीं दो कार्यों के लिए प्रदान की जाने वाली ऋण सुविधाएं गारन्टी रक्षा के लिए पात्र होंगी। इसके अलावा सूखे, बाढ़ या किसी अन्य प्राकृतिक विपत्ति या ऋणकर्ता की मृत्यु या शारीरिक अक्षमता की स्थिति में या ऋणकर्ता के काबू में न रहनेवाली दूसरी असामान्य परिस्थितियों के संदर्भ में अल्पावधि ऋणों को मध्यावधि ऋणों में परिवर्तित करके उन्हें आगे ले जाने की अनुमति दी जाएगी।

124. निगम द्वारा प्रवर्तित तीन योजनाओं के अन्तर्गत प्रदान की गयी ऋण सुविधाओं के संबंध में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार छोटे ऋण गारन्टी योजना के अधीन प्रदान की गयी ऋण राशि उक्त योजना में सम्मिलित 71 वाणिज्य बैंकों में से 65 वाणिज्य बैंकों के संदर्भ में 29 सितम्बर 1972 तक 173.42 करोड़ रुपये, 18 वित्तीय निगमों में से 12 निगमों के मामले में वित्तीय निगमों की गारन्टी योजना के अधीन दी गयी ऋण राशि 2.97 करोड़ रुपये और चार वाणिज्य बैंकों के मामले में सेवा सहकारी समिति गारन्टी योजना के अधीन दी गयी ऋण राशि 44.66 लाख रुपये थी।

125. सहकारी समितियों के माध्यम से दी जानेवाली ऋण सुविधाओं को गारन्टी रक्षा प्रदान किये जाने के प्रश्न की जांच करने के लिए निगम द्वारा गठित किए गए एक कार्यकारी दल का उल्लेख पिछली रिपोर्ट में किया गया था। सहकारी ऋण प्रणाली के तीनों स्तरों पर विद्यमान अतिदेय राशि की स्थिति का अध्ययन करने, स्थूल रूप से उसके कारणों और ऋण की उपलब्धि पर पड़ने वाले उसके प्रभावों का पता लगाने और उसके लिए सुधारात्मक उपाय सुझाने के लिए रिजर्व बैंक ने हाल ही में एक अध्ययन दल की नियुक्ति की है। यह आशा की जाती है कि सहकारी समितियों पर निगम द्वारा नियुक्त कार्यकारी दल अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप देने के पूर्व अध्ययन दल के विचारों और सुझावों पर ध्यान देगा।

126. ऋण प्रदान करनेवाली किसी संस्था ने 31 दिसंबर, 1972 तक योजना के अन्तर्गत गारन्टी रक्षा प्राप्त ऋण सुविधाओं के संबंध में प्रदान की गयी गारन्टी का उपयोग नहीं किया। 1973 की पहली छमाही के दौरान 5 बैंकों ने 59 ऋणकर्ताओं के संबंध में कुल 2.01 लाख रुपयों के भुगतानों के लिए दावे पेश किये। 30 जून 1973 तक निगम ने ऋणकर्ताओं के मामले में कुल 5324.33 रुपयों के दावों की राशियां अदा की और शेष 57 दावे विचाराधीन थे।

127. 1972 के दौरान निगम को 94.55 लाख रुपयों के गारन्टी शुल्क प्राप्त हुए। निवेशों से प्राप्त आय और अतिदेय गारंटी शुल्कों पर प्राप्त ब्याज और गारन्टी शुल्कों की राशि कुल मिलाकर 108.90 लाख रुपये थी। 4.76 लाख रुपयों के स्थापना व्यय तथा दूसरे व्यय की व्यवस्था करने के बाद निगम के पास 104.14 लाख रुपयों की राशि का अधिशेष विद्यमान था और इस राशि को असमाप्त गारन्टी जोखिमों की प्रारक्षित निधि में अंतरित करने का निगम का विचार था। वित्त अधिनियम, 1973 के अधीन निगम को आय कर और कंपनी (लाभ) अधिकर की अदायगी से दिसम्बर 1975 के अंत तक 5 वर्षों की अवधि के लिए छूट दी गयी है।

ऋण का क्षेत्रीय वितरण

128. बैंक ऋण के क्षेत्रीय वितरण के आंकड़ों के प्राक्कलन केवल दिसम्बर 1972 तक उपलब्ध हैं। इन आंकड़ों से इस बात का संकेत मिलता है कि जुलाई-दिसम्बर, 1971 की स्थिति की तुलना में जुलाई—दिसम्बर, 1972 के दौरान अर्थ-व्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को उपलब्ध ऋण की मात्रा में कुछ महत्वपूर्ण

सारणी 22 : अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के ऋण का क्षेत्रवार वितरण

(करोड़ रुपये में)

	बकाया राशि			(2) की तुलना में (3) में घट-बढ़	जून 1972 को बकाया	(3) की तुलना में (5) में घट-बढ़	दिसंबर 1972 को बकाया	(5) की तुलना में (7) में घट-बढ़
	जून 1969 को	जून 1971 को	दिसंबर 1971 को					
	(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
1 कुल बैंक ऋण	3599	4805	5052	+247	5480	+428	5559	+79
(उसमें से निर्यातों के लिए दिया गया)	(258*)	(382*)	(459*)	(+77)	(436*)	(−23)	(463*)	(+27)
	(7.2)	(7.9)	(9.1)		(8.0)		(8.3)	
2. अनाजों की उगाही के कार्यकलाप	233	379	365	−14	542	+177	159	−383
	(6.5)	(7.9)	(7.2)		(9.9)		(2.9)	
3. कृषि	188	382	395	+13	439	+44	485	+46
	(5.2)	(7.9)	(7.8)		(8.0)		(8.7)	
(क) प्रत्यक्ष वित्त	54	236	263	+27	267	+4	310	+43
	(1.5)	(4.9)	(5.2)		(4.9)		(5.6)	
(ख) परोक्ष वित्त	134	146	132	−14	172	+40	175	+3
	(3.7)	(3.0)	(2.6)		(3.1)		(3.1)	
4. लघु उद्योग	286	500	545	+45	597	+52	645	+48
	(7.9)	(10.4)	(10.8)		(10.9)		(11.9)	
5. फुटकर व्यापार सहित अन्य अग्रणीवाले क्षेत्र	31	144	163	+19	173	+9	196	+24
	(0.9)	(3.0)	(3.2)		(3.1)		(3.5)	
6. बड़े और मझौले उद्योगों† थोक व्यापार और अन्यों को बैंक ऋण @	8261	3400	3581	+184	3730	+146	4074	+344
[(1−(2+3+4+5)]	(79.5)	(70.8)	(70.9)		(68.1)		(73.3)	
7. उपलब्ध कुल जमाराशियां (इसमें हाथ में नकदी, रिज़र्व बैंक आफ़ इंडिया के पास बकाया राशियां, अन्य बैंकों के चालू खाते में बकाया राशियां तथा सरकारी और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में किये गये निवेश शामिल नहीं हैं)	2814	3936	4238	+302	4577	+339	4803	+226
	(83.3)	(81.9)	(83.9)		(83.5)		(86.4)	
8. मद 7 में मद 6 का प्रतिशत	93.9	85.3	84.6	60.9	79.1	43.1	84.00	152.2
9. रिज़र्व बैंक आफ़ इंडिया से उधार	172	207	171	−36	42	−129	9	−33

टिप्पणी : (i) दिसम्बर 1971 तक फुटकर व्यापार सहित अन्य अग्रणीवाले क्षेत्रों के आंकड़े केवल सरकारी क्षेत्र के बैंकों से संबंधित हैं ; अतः कुल ऋण में सरकारी क्षेत्र के बैंकों के ऋण के अनुपात (86%) के आधार बढ़ा गये हैं।

(ii) कोष्टकों में दिये गये आंकड़े कुल बैंक ऋण में प्रतिशत को दर्शाते हैं।

*इसमें मध्यावधि निर्यात ऋण शामिल है।

@अनुमानित।

†इसमें बड़े और मझौले उद्योग तथा थोक व्यापार को दिया गया सारा निर्यात ऋण शामिल है।

परिवर्तन हुए हैं। दिसम्बर 1972 के अंत तक बैंकों द्वारा दिये गए कुल ऋण की राशि 5,559 करोड़ रुपये थी जो जून 1972 के अंत में विद्यमान राशि से 79 करोड़ रुपयों की थोड़ी सी वृद्धि की द्योतक है जबकि 1971 की तदनुरूप अवधि में उक्त ऋण में 247 करोड़ रुपयों की वृद्धि पायी गयी थी। अनाजों के लिए दिए जाने वाले अग्रिमों में जुलाई-दिसम्बर 1971 में हुई 14 करोड़ रुपयों की कमी के मुकाबले में इस अवधि में 383 करोड़ रुपयों की कमी पायी गयी (सारणी 22)।

129. अनाजों की उगाही से संबंधित कार्यकलापों के लिए दी जाने वाली वित्तीय सहायता को आलोच्य वर्ष में और व्यवस्थित किया गया। भारतीय खाद्य निगम, राज्य सरकारों और उनकी एजेंसियों को अनाजों की उगाही से संबंधित कार्यकलापों, अनाजों के भंडारण और वितरण के लिए आवश्यक सारे ऋण की पूर्ति अब रिजर्व बैंक द्वारा स्टेट बैंक आफ इंडिया के नेतृत्व में गठित बैंकों के सहायता संघ द्वारा की जाती है। इस योजना के परिचालन से यह पता चला कि राज्य सरकारों और उनकी एजेंसियों ने ऋण सीमाओं का पूर्ण रूप से उपयोग नहीं किया जिसका संभवतः यह कारण था कि सहयोगी बैंकों के कार्य कलापों के बीच उचित समन्वय नहीं था। इस खाई को दूर करने के लिए प्रत्येक सहयोगी बैंक के लिए उसके वित्तीय साधनों की स्थिति के अनुरूप विशिष्ट ऋण सीमाएं निर्धारित की गयीं। अन्य बातों के साथ-साथ यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कि सहायता संघ के सदस्य बैंक के बीच ऋण का समान वितरण हो, रिजर्व बैंक ने दिसम्बर, 1972 में बैंकरों की एक समिति का गठन किया जो सहायता संघ के सदस्य बैंकों के बीच वितरित की गयी ऋण सीमाओं का आवधिक रूप से पुनरीक्षण करेगी और अनाजों की उगाही के कार्य में संलग्न एजेंसियों की ऋण संबंधी आवश्यकताओं का मूल्यांकन करेगी। आशा है कि यह समिति सहायता संघ की व्यवस्था से संबंधित विभिन्न क्रिया-विधियों और उनके दूसरे पहलुओं पर विचार करेगी। इस वर्ष समिति की छः बैठकें हुईं। रूई और कपास पर दिये जाने वाले अग्रिमों के लिए भी इसी प्रकार की सहायता संघ व्यवस्थाएं करने के प्रस्ताव विचाराधीन हैं ताकि भारतीय रूई निगम के कार्यकलापों में सुविधा हो।

130. जुलाई-दिसम्बर, 1972 की अवधि में निर्यात ऋण में 27 करोड़ रुपयों की थोड़ी सी वृद्धि पायी गयी जबकि 1971 की तदनुरूप अवधि में 77 करोड़ रुपयों की वृधि हुई थी। फिर भी निर्यात ऋण के बारे में जब पूरे विवरण उपलब्ध होंगे तब यह आशा की जाती है कि 1972-73 के दौरान निर्यातों में पर्याप्त मात्रा में हुई वृद्धि को देखते हुए पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष उसमें अधिक वृद्धि पायी जाएगी। पोत लदान पूर्व ऋण योजना और निर्यात बिल ऋण योजना इस वर्ष भी अमल में रही; परन्तु निर्यात बिल ऋण योजना में मामूली संशोधन किये गये ताकि समुद्री उत्पादों और कच्ची खनिज वस्तुओं के निर्यातों की विशेष आवश्यकताओं की पूर्ति भी की जा सके। 1968 की ब्याज उपदान योजना के क्षेत्र को व्यापक बनाकर उसमें निर्यातों के लिए पैकिंग ऋण प्रदान करनेवाले राज्य/केन्द्रीय सहकारी बैंकों को शामिल किया गया।

131. बैंकों द्वारा लघु उद्योगों को दिये गये ऋणों में जुलाई-दिसम्बर 1972 में 48 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जबकि जुलाई-दिसम्बर 1971 में उनमें 45 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी। 'बड़े और मझौले उद्योगों, थोक व्यापार और अन्यों' से युक्त शेष क्षेत्र को प्राप्त ऋणों की राशि 344 करोड़ रुपये थी जबकि उक्त राशि पिछले वर्ष 184 करोड़ रुपये थी। फुटकर व्यापार सहित अन्य अग्रता वाले क्षेत्रों को दिये गये अग्रिमों में 24 करोड़ रुपयों की वृद्धि पायी गयी जबकि जुलाई-दिसम्बर 1971 में उनमें 19 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी। जुलाई-दिसम्बर 1972 के बीच बैंकों द्वारा कृषि के लिए प्रदान किये गये ऋणों में 46 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जबकि 1971 की तदनुरूप अवधि में 13 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी। कृषि क्षेत्र को ऋण प्रदान किये जाने के लिए विद्यमान संगठनात्मक स्वरूप को मजबूत बनाने पर जोर दिया जा रहा है उसके संदर्भ में बैंकों द्वारा कृषि के लिए दिये गये ऋणों में हुई वृद्धि पर विचार किया जाना चाहिए। इसके अलावा रिजर्व बैंक द्वारा इस विषय पर जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरूप बैंकों ने भी अपनी नीति तथा क्रिया विधियों को व्यवस्थित किया। विशेष रूप से 1972-73 में कृषि के संबंध में प्रतिकूल स्थितियां विद्यमान होने के कारण ऋणों की वसूली की स्थिति कठिन ही बनी रही। इस तथ्य के बावजूद इस क्षेत्र को दिये गये ऋण में वृद्धि हुई है। यद्यपि आगामी कुछ समय तक यह समस्या बहुत कठिन बने रहने की संभावना है फिर भी बैंकों द्वारा इस क्षेत्र के प्रति अग्रता की जो नीति बरती जा रही है उसमें कोई परिवर्तन करने की आवश्यकता नहीं है।

132. उपलब्ध ऋणों की मात्रा में जो परिवर्तन हुए उनका स्वाभाविक परिणाम यह था कि कुल बैंक ऋण में अलग-अलग क्षेत्रों को प्राप्त होने वाले ऋणों के हिस्से में परिवर्तन हुए। जहां लघु उद्योगों को दिये गये ऋणों की मात्रा में कमी हुई, यद्यपि यह सीमान्त थी, वहां कृषि को दिये गये ऋणों की मात्रा में सुधार पाया गया। निर्यात और अन्य अग्रतावाले क्षेत्र दोनों को दिये गये ऋणों की मात्रा में वृद्धि हुई। सरकार के पास रहने वाले अनाजों के स्टाक में कमी हो जाने के साथ अनाजों के लिए दिये गये अग्रिमों में काफी गिरावट आयी और बड़े और मझौले उद्योगों और थोक व्यापार तथा अन्यों के ऋणों की मात्रा में वृद्धि हुई।

अधिक कामकाज का समय 1972-73

133. अक्तूबर 1972–अप्रैल, 1973 के अधिक कामकाज के समय में समग्र रूप से जो ऋण विस्तार हुआ उसकी राशि 884 करोड़ रुपये थी। अधिक कामकाज के समय कुल ऋण और ऋण विस्तार में 21 बड़े बैंकों का अंश 87 प्रतिशत था। उन बैंकों से प्राप्त आंकड़ों के समग्र वृद्धि की स्थूल दिशा का संकेत मिलता है। इन बैंकों द्वारा प्रमुख क्षेत्रों को जो ऋण प्रदान किया गया उसमें हुई वृद्धि नीचे दिखायी गयी है। प्रत्येक क्षेत्र में अक्तूबर 1972 और अप्रैल 1973 के अंतिम शुक्रवारों को जो ऋण वास्तव में बकाया थे कुल ऋण में उनका अनुपात भी दिखाया गया है।

क्षेत्र	कुल विस्तार का प्रतिशत	कुल ऋण में बकाया ऋण का प्रतिशत	
		अक्तूबर 1972 के अन्त में	अप्रैल 1973 के अन्त में
1. अग्रतावाले क्षेत्र (लघु उद्योग सहित) .	17.0	24.0	23.0
2. बड़े और मझौले उद्योग .	52.2	48.4	49.0
3. थोक व्यापार (अनाजों की उगाही के लिए और सरकारी क्षेत्र की व्यापार एजेंसियों को दिये गये ऋण को मिलाकर) .	17.2	15.8	16.0
4. अन्य क्षेत्र .	13.5	11.8	12.0
जोड़	100.0	100.0	100.0

मूल भूत सांख्यिकीय विवरणी योजना

134. एक-समान संतुलन वही योजना के बदले लागू की गयी मूलभूत सांख्यिकीय विवरणी योजना में अनुसूचियों को सरल बना दिया गया है और कतिपय विवरणियों के प्रेषण की अवधि को कम कर दिया गया है। मूलभूत सांख्यिकीय विवरणी योजना को प्रभावकारी ढंग से कार्यान्वित करने के उद्देश्य से बैंकों से समय पर विवरणियां प्रेषित करने के निमित्त एक वरिष्ठ अधिकारी को नियत करने का अनुरोध किया गया है। क्रियाविधियों को सरल बना देने और विवरणियां प्रेषित किये जाने की अवधि को कम कर देने के कारण बैंकों ने जून 1972 के लिए एक-समान संतुलन वही योजना विवरणियां प्रेषित करने की ओर संतोषजनक रुझान दिखाया है। इन आंकड़ों को अब समेकित कर प्रकाशित किया गया है। इन आंकड़ों का उपलब्ध होना बैंकों के लिए भी महत्वपूर्ण है; क्योंकि अग्रणी बैंक योजना के अधीन अपने लिए निर्दिष्ट कर्तव्यों का पालन करते समय उन्हें यह जान लेना चाहिए कि समग्र बैंक संघटन में किस दिशा में और किस क्षेत्रों को ऋण वितरित किया जा रहा है। मूलभूत सांख्यिकीय विवरणी योजना के अधीन साल में दो बार ऐसे आंकड़ों को प्रकाशित करने का इरादा है। बैंकिंग सांख्यिकीय निदेश समिति द्वारा की जानेवाली अनुवर्ती कार्रवाइयों के एक अंश के रूप में सरकारी क्षेत्र के बैंकों, बैंकिंग विभाग और राष्ट्रीय बैंक प्रबंध संस्थान के प्रतिनिधियों की एक बैठक 2 जुलाई 1973 को मूलभूत सांख्यिकीय विवरणी प्रणाली की प्रगति का पुनरीक्षण करने और बैंकों में प्रबंध सूचना प्रणाली को अमल में लाने के संदर्भ में विचार-विमर्श करने के लिए बुलायी गयी। बैठक में सबका यह सामान्य मत रहा कि मूलभूत सांख्यिकीय विवरणियों के समय पर सही आंकड़ों की सूचना दी जानी चाहिए ताकि उनको शीघ्र समेकित किया जा सके और बैंकों को पुनः उनकी सूचना दी जा सके। प्रबंध सूचना प्रणाली के संबंध में यह निश्चय किया गया कि (i) प्रबंध सूचना प्रणाली के संदर्भ में मार्गदर्शन देने और उसका पर्यवेक्षण करने के लिए रिजर्व बैंक आफ इंडिया के कार्यपालक अधिकारियों और बड़े बैंकों के अध्यक्षों की एक स्थायी समिति गठित की जाए, और (ii) प्रबंध सूचना प्रणाली से संबंधित सिफारिशों को अमल में लाने के लिए एक कार्यान्वयन समिति बनायी जाए। कार्यान्वयन समिति कार्यदलों को नियुक्त करेगी जो अलग-अलग बैंकों की प्रणालियों का अध्ययन करेंगे।

विभेदक ब्याज दरें

135. पिछले वर्ष की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि समाज के कमजोर वर्गों को सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा रियायती ब्याज दरों पर ऋण दिलाये जाने की योजना को कार्यान्वित करने का सरकार ने निश्चय किया था। परन्तु उक्त योजना के अन्तर्गत जो प्रगति हुई वह कुछ धीमी थी जिसका कारण यह था कि बैंकों ने अपना अधिकांश समय अनिवार्यतः प्रारंभिक कार्यों में तथा योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त करने के लिए पात्र घोषित किये गये जिलों की शाखाओं का चयन करने में बिताया। इसके परिणामस्वरूप, उक्त योजना जहां पहल जुलाई 1972 में प्रारंभ होने वाली थी वहां उसमें विलम्ब हो गया। योजना की सीमा और क्षेत्र को व्यापक बनाने के उद्देश्य से वित्त मंत्री ने 1973-74 के अपने बजट भाषण में कतिपय संशोधनों की घोषणा की। इन संशोधनों में निम्नलिखित शामिल हैं: योजना के अन्तर्गत आनेवाले जिलों की संख्या को 163 से बढ़ाकर 265 कर दिया गया, योजना की पात्रता के लिए शहरी और अर्धशहरी क्षेत्रों में आय की उच्चतम सीमा को बढ़ाकर वार्षिक 3,000 रुपये और ग्रामीण क्षेत्रों में वार्षिक 2,000 रुपये कर दिया गया, और किसी ऋणकर्ता को योजना के अन्तर्गत उपलब्ध अधिकतम राशि कार्यकारी पूंजी के लिए 1500 रुपये और मीयादी ऋणों के लिए 5000 रुपये निर्धारित कर दी गयी। योजना के अंतर्गत बकाया अग्रिमों की राशि मार्च 1973 के अन्त में 56,536 खातों के संबंध में 207.35 लाख रुपये थी।

हुंडी पुनर्भाजन योजना

136. हुंडी पुनर्भाजन योजना में भाग लेनेवाले अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की संख्या जून 1972 के अन्त में विद्यमान 35 से बढ़कर इस वर्ष के दौरान 38 हो गयी। रिजर्व बैंक में फिर से भुनायी गयी हुंडियों की बकाया राशि का जो स्तर लगातार कम रहा है उससे अन्य बातों के साथ इस बात का पता चलता है कि बैंकों के वित्तीय साधनों की स्थिति संतोषजनक थी। फिर भी इस योजना के उपयोग में क्रमशः वृद्धि होने के संकेत हैं। 1972-73 के अधिक कामकाज के समय में बकाया राशि में 19 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जबकि इसकी तुलना में 1971-72 के अधिक कामकाज के समय में 3 करोड़ रुपयों की कमी हुई थी। एक वर्ष की अवधि में फिर से भुनायी गयी हुंडियों की बकाया राशि 5 करोड़ रुपये अधिक थी। जबकि 1971-72 (जुलाई-जून) में उक्त राशि में 36 लाख रुपयों की थोड़ी सी वृद्धि हुई थी। चूंकी बैंक जहां कहीं संभव हो, वहीं ऋणों और स्टाकों की अपेक्षा हुंडियों पर ऋण प्रदान करने के लिए अधिक सक्षम रहते हैं, अतः यह योजना रिजर्व बैंक आफ इंडिया द्वारा फिर से भुनाये जाने का महत्वपूर्ण साधन होनी चाहिए। नवम्बर 1970 में प्रारंभ की गयी हुंडी पुनर्भाजन योजना के क्षेत्र को व्यापक बनाने के लिए इस वर्ष के दौरान इसमें और संशोधन किये गये। रक्षा पैकिंग व पूर्ति ऋण के संबंध में की गयी जो पुनर्वित्त व्यवस्था पुरानी हुंडी बाजार योजना के अधीन लागू थी उसे रक्षा पैकिंग व पूर्ति योजना को रद्द कर देने के कारण 30 मार्च, 1973 से वापस ले लिया गया।

ऋण आयोजना

137. वाणिज्य बैंकों के अर्थशास्त्रियों के साथ अप्रैल 1972 में जो विचार-विमर्श हुआ उसके बाद 1972-73 के लिए बैंक व्यवस्था की ऋण आयोजना के फार्मों में संशोधन किये गये ताकि उनमें वित्तीय वर्ष के आधार पर जमा-वृद्धि, कम तथा अधिक कामकाज के समय में (क्षेत्रवार और राज्य वार) ऋण वितरण के अनुमानित आंकड़ों और अग्रणी और गैर अग्रणी जिलों में राज्यवार शाखा विस्तार योजना के विवरण दिये जा सकें। उन बैंकों ने फार्म भरे जिनकी जमाराशियों और ऋणों के प्रतिशत बैंक व्यवस्था की कुल जमाराशियों और ऋणों में क्रमशः 96 और 97 थे। 50 करोड़ रुपयों से अधिक जमाराशियों वाले प्रत्येक बैंक की प्रायोजना पर मुख्य कार्यपालक तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया ताकि अनुमान निकालने के लिए अपनायी जानेवाली प्रणालियों का पता लगाया जा सके और विशेष रूप से कतिपय संवेदनशील प्रतिभूतियों पर दिये जानेवाले ऋण का पुनरीक्षण किया जा सके। इस के अलावा इस बात पर भी जोर दिया गया कि बैंक कम विकसित राज्यों में शाखा विस्तार का कार्य तेजी से करें और कृषि तथा अन्य अग्रतावाले क्षेत्रों को दिये जानेवाले ऋणों को बढ़ायें। अधिक कामकाज के समय के लिए ऋण-नीति की घोषणा करने के पूर्व चयनात्मक ऋण नियंत्रण के उपायों के अन्तर्गत किसी बैंक के लिए समग्र रूप से निर्धारित उच्चतम, ऋण सीमा के बजाय पार्टीवार आधार पर ऋण सीमाएं निर्धारित करने के संबंध में बैंकों की राय मांगी गयी। उत्पादन स्टाक, मूल्य, निर्यात आदि के संबंध में उपलब्ध जानकारी को ध्यान में रखते हुए समग्र बैंक व्यवस्था के लिए वर्ष 1972-73 के लिए एक यथार्थपरक और व्यापक ऋण आयोजना भी बनायी गयी।

138. इन विचार विमर्शों के दौरान जो महत्वपूर्ण तथ्य प्रकाश में आया वह यह था कि कतिपय बैंक अन्य बैंकों से उनके बड़े ऋणकर्ताओं के खातों को कम ब्याज दरों और दूसरे प्रकार की अधिक अनुकूल शर्तों की व्यवस्था कर अपने अधिकार में ले लिया करते थे। इस संबंध में सरकारी क्षेत्र के बैंकों की एक विशेष बैठक बुलायी गयी और रिजर्व बैंक ने उन्हें यह समझाया कि ऐसी प्रणालियों से दूर रहना वांछनीय होगा।

139. विचार-विमर्शों से यह भी पता चला कि बैंकों ने सरकारी क्षेत्र के यूनिटों को काफी अधिक राशि के ऋण देने का या तो वादा किया था या ऐसी राशि इस उद्देश्य के लिए अलग रखी थी। उनमें से कुछ राशि मीयादी ऋण के रूप में थी जबकि दूसरी शेयर/डिबेंचर जारी करने की

व्यवस्थाओं को नियमित करने तक दी गयी वित्तीय सहायता के रूप में थी। यह सुनिश्चित करने के लिए कि ऐसे ऋण प्राधिकरण योजना के अन्तर्गत निर्धारित ऋण मूल्यांकन मानकों के अनुरूप भी हैं, राज्य बिजली बोर्डों सहित सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के संदर्भ में 3 करोड़ रुपयों और उनसे अधिक राशि की मीयादी ऋण सीमाओं तथा एक करोड़ रुपयों और उनसे अधिक राशि के कार्यकारी पूंजीगत ऋणों को ऋण प्राधिकरण योजना की परिसीमा के अन्तर्गत लाया गया।

140. उक्त विचार-विमर्श का एक महत्वपूर्ण परिणाम यह था कि जैसा कि पहले कहा जा चुका है, अनाजों की उगाही के लिए दिये जाने वाले ऋणों का पर्यवेक्षण करने के लिए बैंकरों और रिजर्व बैंक की एक स्थायी समिति स्थापित करने का निश्चय किया गया। भारतीय रूई निगम के कामकाज की सुविधा के लिए रूई और कपास पर दिये जाने वाले अग्रिमों के लिए इसी प्रकार की सहायता व्यवस्थाएं करने से संबंधित प्रस्ताव विचाराधीन है।

141. उर्वरकों के वितरण और ट्रैक्टरों की खरीद के लिये बैंक ऋण की व्यवस्था करने में होने वाले विलंब के कारणों पर विचार-विमर्श करने के लिये वाणिज्य बैंकों की एक बैठक बुलायी गयी। इन विचार-विमर्शों के आधार पर रिजर्व बैंक ने यह सुनिश्चित करने के लिये स्थूल मार्गदर्शी सिद्धान्त निर्धारित किये हैं कि इन उद्देश्यों के लिये शीघ्रतापूर्वक अबाध ऋण उपलब्ध हो।

पोतलदान पूर्व ऋण योजना और निर्यात बिल ऋण योजना

142. पोतलदानपूर्व और निर्यात बिल ऋण योजनाएं अधिकाधिक मात्रा में निर्यात ऋण उपलब्ध कराने में सहायता पहुंचाने के लिये जारी रहीं। पोतलदान पूर्व ऋण योजना को लचीले ढंग से प्रवर्तित किया गया ताकि निर्यातकों द्वारा अनुभव की जानेवाली अप्रत्याशित कठिनाइयां कम ब्याज दर पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने के मार्ग में बाधाएं उत्पन्न न करें। विदेशी मुद्रा अर्जित करने में समुद्री खाद्य वस्तुओं के महत्व तथा उनकी भारी संभावनाओं को देखते हुये रिजर्व बैंक ने अप्रैल 1973 में संबंधित बकों, समुद्री खाद्य वस्तुओं के निर्यातकों और समुद्री निर्यात विकास प्राधिकारियों के साथ उक्त उद्योग की ऋण संबंधी समस्याओं पर विचार-विमर्श किया। बकों को यह सलाह दी गयी है कि वे निर्यातकों को निर्यात के विभिन्न स्तरों पर और उचित समय पर पर्याप्त मात्रा में ऋण सहायता प्रदान करें। इस संदर्भ में रिजर्व बैंक ने भी बैंकों को कतिपय सुझाव दिये है। उक्त योजनाओं में भाग लेने वाले बैंकों की कुल संख्या 30 जून 1973 को 24 थी। पैकिंग साख अग्रिमों के ब्याज तथा रुपया और विदेशी मुद्रा निर्यात बिलों के ब्याज/कमीशन/बट्टे की अधिकतम दर पूरी आलोच्य अवधि में बिना किसी परिवर्तन के वार्षिक 7 प्रतिशत ही रही।

निर्यात ऋण (ब्याज उपदान) योजना, 1968

143. मई 1968 में अमल में लायी गयी यह योजना बराबर लोकप्रिय रही और इस योजना के अन्तर्गत निर्यातक बैंकों से रियायती ब्याज दरों पर वित्तीय सहायता प्राप्त कर सके। यह निश्चय किया गया कि निर्यात व्यापार का वित्तपोषण करने वाले राज्य/केन्द्रीय सहकारी बैंकों द्वारा पैकिंग ऋण के रूप में प्रदान किये जाने वाले कार्यकारी पूंजीगत अग्रिमों को भी इस योजना के अन्तर्गत लाया जाए। इस वर्ष के दौरान तीन राज्य सहकारी बैंकों और 12 केन्द्रीय सहकारी बैंकों को योजना के अन्तर्गत लाया गया। वार्षिक 7 प्रतिशत की उच्चतम ब्याज दर अपरिवर्तित रही। निर्यात ऋण और गारंटी निगम लिमिटेड द्वारा अपनी निर्यात उत्पादन वित्त गारन्टी योजना को उदार बना दिया जाने के परिणामस्वरूप अगस्त 1972 में बैंकों को यह स्पष्ट कर दिया गया कि पोतलदान के जहाज तक नि.शुल्क मूल्य के ऊपर 75 प्रतिशत तक उनके द्वारा निर्यातकों को प्रदान किये गये अग्रिम ब्याज उपदान के पात्र होंगे बशर्ते कि योजना की दूसरी शर्तों का पालन किया जाए। योग्य वाणिज्य बैंकों से ब्याज उपदान के संदर्भ में प्राप्त 5.31 करोड़ रुपयों की राशि के (2.74 करोड़ रुपयों के पोतलदान पूर्व ऋण और 2.57 करोड़ रुपयों के पोतलदानोत्तर ऋण) दावों का निपटान किया गया।

ऋण प्राधिकरण योजना

144. पिछले वर्ष की रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया था कि बैंकों द्वारा ऋण मूल्यांकन की क्रियाविधियों को सशक्त बनाया जा रहा था और ऋण प्राधिकरण योजना के कार्यकलापों में कतिपय रियायतें की गयी ताकि बैंक वास्तविक कार्यकारी पूंजी के उद्देश्यों के लिए अपने ऋणकर्ताओं की सामयिक मांगों की पूर्ति कर सकें। यह अनुभव किया गया कि ऋण मूल्यांकन की क्रियाविधियों को युक्तिसंगत बनाये जाने के साथ-साथ बैंक स्वयं ऋणकर्ताओं को अनुशासनबद्ध बनाने और उनको उपलब्ध करायी गई निधियों का दुरुपयोग किये जाने से रोकने के लिए उपयुक्त शर्तें निर्धारित करेंगे। अतः इस योजना की अपेक्षाओं में की गयी रियायतों को दिसम्बर 1972 में और उदार बना दिया गया। इन संशोधनों के अधीन अनुसूचित वाणिज्य बैंक किसी ऋणकर्ता के लिए रिजर्व बैंक से पूर्व प्राधिकरण प्राप्त किये बिना वास्तविक उत्पादक/व्यापार संबंधी कार्यकलापों के लिए तीन महीनों से अनधिक अवधि तक 25 लाख रुपयों तक की अस्थायी/अंतरिम सीमाएं (इसके पूर्व यह रियायत 10 लाख रुपये की ऋण सीमा के लिए प्राप्त थी) मंजूर कर सकते हैं और उसे मंजूर की गयी सीमा के ऊपर दस प्रतिशत या 25 लाख रुपये, इनमें से जो भी कम हो, तक की राशि का अस्थायी रूप से अतिरिक्त आहरण करने के लिए अनुमति दे सकते हैं (इसके पूर्व यह रियायत 5 प्रतिशत या 10 लाख रुपये, इनमें से जो भी कम हो, तक उपलब्ध थी)।

145. ऋण प्राधिकरण योजना की सीमा और कार्यक्षेत्र में किया गया एक प्रमुख परिवर्तन यह था कि राज्य बिजली बोर्डों सहित सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों को बैंकों द्वारा प्रदान किये जाने वाले अग्रिमों और केन्द्रीय और राज्य सरकारों की गारन्टी पर प्रदान किये जानवाले अग्रिमों को उसके अन्तर्गत शामिल कर लिया गया। इस योजना के अन्तर्गत उपर्युक्त श्रेणी के ऋणकर्ताओं को 3 करोड़ रुपयों और उनसे अधिक राशि की कोई ऋण सीमा (इसमें वाणिज्य बिलों के बट्टे भी शामिल हैं) या ऐसी कोई ऋण सीमा, जिससे ऐसी पार्टी को पूरे बैंकिंग संगठन से जमानती या गैर-जमानती आधार पर प्राप्त कुल ऋण सीमाओं की राशि 3 करोड़ रुपये या उनसे अधिक हो जाएगी, मंजूर करने के पहले बैंकों को अब रिजर्व बैंक का पूर्व प्राधिकरण प्राप्त कर लेना आवश्यक है। उपर्युक्त श्रेणी के ऋणकर्ताओं को तीन वर्षों से अधिक अवधि में प्रतिदेय 1 करोड़ रुपये या अधिक राशि के व्यक्तिगत मध्यावधि या दीर्घावधि ऋण (अकेले या अन्य बैंक (को)/संस्था (ओं) के साथ संयुक्त रूप से) मंजूर करने के पहले भी इस प्रकार का पूर्व अनुमोदन प्राप्त कर लेना आवश्यक है, चाहे ऋणकर्ताओं द्वारा समग्र बैंकिंग संगठन से ली गयी पूरी ऋण सीमाओं की मात्रा कुछ भी क्यों न हो। राज्य बिजली बोर्डों के संदर्भ में बैंकों को यह सूचित किया गया है कि बिजली से संबंधित कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए उनके द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सहायता मुख्यतः बिजली बोर्डों द्वारा जारी किये गये खुले बाजार ऋणों या विशेष डिबेंचरों में अधिक मात्रा में अभिदान के रूप में हो। मार्गदर्शी सिद्धांतों के रूप में बैंकों को यह भी सूचित किया गया है कि वे नलकूपों या पंप सेटों में बिजली लगाने से संबंधित ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रमों के लिए भी उचित जांच करने के बाद ऋण प्रदान कर सकते है और बिजली बोर्डों को उनकी कार्यकारी पूंजी, सामयिक अपेक्षा तथा अर्थोपाय से संबंधित आवश्यकताओं की पूर्ति करने के निमित्त अल्पावधि सहायता प्रदान कर सकते है।

146. पिछले वर्ष की रिपोर्ट में इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाया गया था कि बैंक-वित्त की अधिकतम आवश्यकताओं को दिखाते समय कुछ बैंकों ने अदत्त स्टाकों को भी ऋणकर्ताओं की ऋण सीमाओं को निर्धारित करने के उद्देश्य के लिए उपलब्ध बैंक स्टाकों के रूप में दिखाया । इससे ऋण-कर्ता को एक ही वस्तु सूची के संबंध में विक्रेताओं से और साथ ही बैंकों से "दुहरा वित्त" उपलब्ध होता था। यद्यपि रिजर्व बैंक की नीति का लक्ष्य यह रहा है कि दुहरे वित्तपोषण की इस प्रणाली को समाप्त किया जाए, फिर भी वह लचीली होती जा रही थी। उत्पादक कार्यकलापों को हानि पहुंचाये बिना जिन मामलों में दुहरे वित्तपोषण के तत्व को हटाया नहीं जा सकता है, उन मामलों में बैंकों को यह सूचित किया गया कि वे उचित शर्तें निर्धारित कर क्रमबद्ध रूप से स्थिति में सुधार लायें जिससे कि आवश्यक परिणाम निकल सके ।

147. 1972-73 के मौसम के दौरान चीनी के अनुमानित उत्पादन और मौसम की व्यस्ततम अवधि में मिलों के पास रहनेवाले स्टाकों को ध्यान में रखते हुए 1972-73 के दौरान बैंकों द्वारा चीनी मिलों को चीनी के स्टाकों पर दिये जानेवाले अग्रिमों के संदर्भ में विद्यमान नीति का पुनरीक्षण किया गया । इस पुनरीक्षण के बाद नवम्बर 1972 में बैंकों को सूचित किया गया कि वे पूर्व प्राधिकरण प्राप्त करने की आवश्यकता के बिना ही गन्ना पेरने के अंतरिम उपाय के रूप में वर्तमान मौसम में अलग-अलग मामलों में उनके गुण-दोषों के आधार पर चीनी के स्टाकों पर 1969-70 के मौसम में मंजूर की गयी ऋण सीमाओं के 80 प्रतिशत तक या रिजर्व बैंक द्वारा पिछले मौसम में विशेष रूप से प्राधिकृत की गयी उच्चतर सीमाओं तक ऋण सीमाएं प्रदान कर सकते हैं। इस बात का सुनिश्चियन कर लेने के लिए कि मिलों द्वारा गन्ने के उत्पादकों को तत्काल अदायगी की जाती है, नियंत्रण संबंधी आंकड़े प्राप्त कर विनियामक क्रियाविधि अपनाये जाने की आवश्यकता से बैंकों को अवगत कराया गया।

148. 1972-73 के मौसम के दौरान जूट की फसल (मेस्ता को मिलाकर) में प्रत्याशित कमी को देखते हुए जट आयुक्त ने जूट (लाइसेंसी-करण और नियंत्रण) आदेश, 1961 की धारा 9 के अन्तर्गत आदेश जारी किये । इन आदेशों के अनुसार जूट मिलों से अपने स्टाकों को क्रमशः इस प्रकार कम करने की अपेक्षा की गयी कि उनके पास मिलों में या मिलों के बाहर आठ सप्ताह की खपत से अधिक स्टाक न हो। बाद में जूट द्वारा आयुक्त कतिपय संशोधन भी जारी किये गय। जूट उद्योग का वित्तपोषण करनेवाले बैंकों को रिजर्व बैंक द्वारा यह सुनिश्चित कर लेने की सूचना दी गयी कि उनके द्वारा जूट मिलों को उपलब्ध कराया गया ऋण जूट आयुक्त द्वारा जारी किय गय अनुदेशों के अनुरूप है। इन बैंकों को यह भी सूचना दी गयी कि यदि वे 1972-73 के मौसम के लिए 1970-71 में मंजूर की गयी ऋण सीमाओं की अपेक्षा अधिक ऋण सीमाएं प्रदान करना चाहते हों तो वे रिजर्व बैंक से पूर्व प्राधिकरण प्राप्त कर लें।

149. कोयला उद्योग को परिवहन की असुविधाओं से होनेवाली कठिनाइयों को दूर करने में सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से जनवरी 1972 में बैंकों को रिजर्व बैंक से पूर्व प्राधिकरण प्राप्त किये बिना 1972 के अन्त तक उक्त उद्योग को वर्तमान ऋण सीमाओं के अधिक से अधिक 15 प्रतिशत तक की अतिरिक्त ऋणसीमा प्रदान करने की छूट दी गयी। रिजर्व बैंक द्वारा कोयला उद्योग के वित्त के संबंध में गठित कार्यकारी दल की सिफारिशों के अनुसरण में दिसम्बर 1972 में बैंकों को जून 1973 तक उक्त छूट को जारी रखने की अनुमति दी गयी। दिसम्बर 1971 में भारत-पाक युद्ध शुरू होने पर वस्त्र मिलों और व्यापारियों को इस योजना के अन्तर्गत ऋण सीमाओं में दी गयी छूट को दिसम्बर 1972 तक जारी रखा गया और उसके बाद वह अमल में नहीं रही। पूर्वी क्षेत्र में तथा कम विकसित/पिछड़े क्षेत्र में स्थित औद्योगिक यूनिटों से प्राप्त ऋण संबंधी प्रस्तावों पर सहानुभूतिपूर्वक और अविलम्ब कार्रवाई की जाती रही ।

150. जैसाकि पहले कहा जा चुका है, रिजर्व बैंक ने देखा कि कुछ मंदर्भों में बैंक एक दूसरे से बड़े ऋणकर्ताओं के खातों को ब्याज की कम दरें प्रदान कर अपने अधिकार में लेने के प्रयास किया करते हैं। सरकारी क्षेत्र के बैंकों के बीच इस प्रकार की अस्वस्थ्य प्रतियोगिता होने से रोकने के लिए रिजर्व बैंक ने दिसम्बर 1972 में इस प्रणाली को समाप्त करने की सलाह दी। चूंकि उक्त प्रणाली पूर्ण रूप से समाप्त नहीं हुई अतः रिजर्व बैंक ने जनवरी 1973 में सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को यह सूचित किया कि प्रमुख बैंकों द्वारा इस समस्या पर संयुक्त रूप से विचार-विमर्श किये जाने तक वे एक दूसरे से 25 लाख रुपयों या उनसे अधिक राशि की ऋण सीमाओं या मीयादी ऋणों को उन बैंकों से पहले ही परामर्श किये बिना जिन्होंने संप्रति ऐसी ऋण सीमाएं/मीयादी ऋण प्रदान किये हों, और रिजर्व बैंक से पूर्व अनुमोदन प्राप्त किये बिना अपने अधिकार में न लें। ये अनुदेश प्रारंभ में अप्रैल 1973 के अन्त तक ही लागू थे; परन्तु बाद में उन्हें अगली सूचना तक अमल में रहने दिया गया ।

151. जुलाई 1972 से जून 1973 तक की अवधि के दौरान इस योजना के अंतर्गत ऋण सीमाओं के प्राधिकरण के लिए बैंकों से 954 आवेदनपत्र प्राप्त हुए जबकि पिछली अवधि में 727 आवेदनपत्र प्राप्त हुए थे। प्राधिकरण के लिए प्राप्त आवेदनपत्र मुख्यतः कार्यकारी पूंजीगत आवश्यकताओं की पूर्ति करने के संदर्भ में थे । इन आवेदनपत्रों में से दो आवेदन पत्र अस्वीकार कर दिए गये और सोलह आवेदनपत्र विभिन्न प्रश्न उठाये जाने के कारण वापस ले लिये गये। कुछ मामलों में रिजर्व बैंक ने ऋणकर्ताओं की आवश्यकता पर आधारित अपेक्षाओं पर सावधानी से विचार करते हुए कम मात्रा में ऋण सीमाओं को प्राधिकृत किया । जहां यह अनुभव किया गया कि ऋणकर्ता की ऋण संबंधी आवश्यकता का संबंधित बैंक द्वारा अधिक ब्योरेवार अध्ययन किया जाना जरूरी है या जहां क्रमबद्ध प्रणाली से कतिपय सुधारात्मक कार्य-वाहियां करना आवश्यक है वहां इस शर्त पर विशिष्ट अवधियों के लिए सीमाएं प्राधिकृत की गयी कि ऐसी अवधि के समाप्त हो जाने के बाद फिर से पुनरीक्षण किया जाए। सीमाएं प्राधिकृत करते समय, कई मामलों में उपयुक्त शर्तें निर्धारित की गयीं। ऋणकर्ताओं में वित्तीय अनुशासन लाने के उद्देश्य से बनायी गयी ये शर्तें प्रमुख रूप से निम्नलिखित विषयों से संबंधित थीं; ऐसे उद्देश्यों के लिए जो तात्कालिक नहीं हैं, अल्पावधि निधियों को विशातरित करना, लाभांशों की घोषणा के लिए बैंक की स्वीकृति की आवश्यकता, कंप-नियों द्वारा परस्पर ऋण प्रदान किया जाना/निवेश किया जाना, बैंक अग्रिमों की तुलना में प्रवर्तकों की निधियों की गौणता, गारन्टी-कमीशन की अदायगी न होना, आदि ।

शेयरों पर अग्रिम

152. रिजर्व बैंक को यह सूचित किया गया कि कतिपय अनुसूचित वाणिज्य बैंक ऋणकर्ताओं की वास्तविक आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए भी अल्पावधि ऋण या निर्दिष्ट भाववाले शेयरों की जमानत पर अनुपूरक सुविधाएं प्रदान करने के लिए तैयार नहीं हैं। अतः बैंक ने 17 जनवरी 1973 को यह स्पष्ट करते हुए सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के नाम एक परिपत्र जारी किया कि शेयरों पर प्रदान किये जानेवाले अग्रिमों के संबंध में बैंक ने जो मार्गदर्शी सिद्धांत जारी किये उनका उद्देश्य केवल नीति को तर्कसंगत बनाना है, न कि उत्पादन संबंधी वास्तविक आवश्यकताओं के लिए ऋण देने से अस्वीकार करना ; और बैंक वास्तविक निवेश और उत्पादन संबंधी आवश्यकताओं के लिए मामले के गुण-दोषों के आधार पर शेयरों पर ऋण प्रदान करना जारी रखें। इसके अलावा, वास्तविक उत्पादक कार्य की सहायता करने के उद्देश्य के लिए लघु अवधि के लिए या कार्यकारी पूंजीगत उद्देश्यों के लिए अनुपूरक सुविधाओं के रूप में शेयरों पर अग्रिम प्रदान

करने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए कि शेयरों में अधिकाधिक मात्रा में निवेश हो, बैंकों से यह कहा गया कि यदि वे निधियों के अंतिम उपयोग के संबंध में आश्वस्त हों तो मामले के गुण-दोषों के आधार पर शेयरों पर ऋण या ओवरड्राफ्ट प्रदान करना जारी रखें ; ऐसे मामलों में बैंक 5 लाख रुपयों तक के अग्रिमों के लिए वापसी अदायगी के कार्यक्रम निर्धारित करना अनिवार्य न समझें।

चयनात्मक ऋण नियंत्रण

153. उत्पादन, पूर्ति और मूल्य की वर्तमान स्थिति के संदर्भ में और 1972-73 में फसलों की प्रतिकूल संभावनाओं को देखते हुए अनाजों, तिलहनों और वनस्पति तेलों और वनस्पति घी और कपास जीनी गुड़ और खाडसारी पर दिये जानेवाले अग्रिमों के संदर्भ में इस वर्ष के दौरान चयनात्मक ऋण नियंत्रण संबंधी उपायों में कतिपय संशोधन किये गये। ये संशोधन करते समय रिजर्व बैंक के ध्यान में निम्नलिखित लक्ष्य रहे ऋणकर्ताओं को अनुचित स्टाक बनाये रखने से रोका जाए और अधिक मात्रा में उत्पादन और उगाही की दिशा में ऋण कोई समस्या न हो। इसके अलावा, इन संशोधनों का स्वरूप इस प्रकार था कि क्रियाविधियां सरल हो और नियंत्रणों को और प्रभावकारी ढंग से कार्यान्वित किया जा सके।

154. 1972-73 में अनाजों के उत्पादन के संदर्भ में प्रतिकूल संभावनाओं को देखते हुए ऋण के स्तर और शर्तों की दृष्टि से अनाजों पर दिये जानेवाले अग्रिमों के नियंत्रणों को काफी कठोर बना दिया गया। 16 नवम्बर 1972 से रिजर्व बैंक ने अनाजों पर बैंकवार उपलब्ध ऋण सीमा को पार्टीवार बना दिया। ऋण के स्तर से संबंधित पुरानी व्यवस्था पूर्व वर्ष के तदनुरूप दो महीनों में बनाये रखी गये (गेहूं को छोड़कर धान और अन्य अनाजों पर दिये जानेवाले) ऋण के कुल औसत स्तर का 110 प्रतिशत थी; अब उसे बदलकर पिछले तीन मौसमों अर्थात् 1971-72, 1970-71 और 1969-70 में से किसी भी मौसम में प्रत्येक पार्टी के नाम बकाया रहनेवाले अग्रिमों के शिखर स्तर का 100 प्रतिशत बना दिया गया। अन्य बातों के साथ-साथ इस व्यवस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित कर लेना था कि बैंक दूसरे ऋणकर्ताओं द्वारा उपयोग में न लायी गयी ऋण-सीमाओं का उपयोग करते हुए कुछ पार्टियों को भारी मात्रा में ऋण प्रदान न करें। इसके साथ ही बैंकों को नवम्बर 1972 में यह भी सूचना दी गयी कि वे अनाजों, विशेषकर दालों और मोटे अनाजों पर ऋण प्रदान करते समय सावधानी बरतें जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उनके द्वारा दिये जानेवाले अग्रिमों से विभिन्न क्षेत्रों में अनाजों की उगाही के कार्यक्रम को सुविधा पहुंचे और साथ ही ऋणकर्ता अनुचित मात्रा में स्टाक बनाये रखने के लिए उनके अग्रिमों का उपयोग न करें। मक्के पर दिये जानेवाले अग्रिमों को जहां पहले नियंत्रणों में छूट प्राप्त थी वहां उन्हें भी पुनः नियंत्रण के अन्तर्गत लाया गया ; किन्तु औद्योगिक उपयोगकर्ताओं को प्रदान किये जानेवाले अग्रिमों को इससे छूट दी गयी।

155. अनाजों की पूर्ति और मूल्य की स्थिति लगातार कठिन थी; अतः बैंक ने अपने नियंत्रणों को अनाजों पर दिये जानेवाले अग्रिमों के न्यूनतम मार्जिन को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत करते हुए 18 अप्रैल 1973 को और कठोर बना दिया। ऐसे अग्रिमों को न्यूनतम ब्याज दर को भी 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दिया गया। परन्तु भारतीय खाद्य निगम/केन्द्रीय या राज्य सरकारों द्वारा उगाही/वितरण के उद्देश्यों के लिए विधिवत् नियुक्त एजेंटों को नियंत्रणों से पूर्ण रूप से छूट दी गयी।

156 गेहूं के थोक व्यापार के अधिग्रहण के बाद 14 मई 1973 को बैंकों को यह सुनिश्चित कर लेने की सूचना दी गयी कि किसी थोक व्यापारी या जिन राज्यों में लाइसेंस प्रणाली निर्धारित की गयी हो उन राज्यों में फुटकर व्यापारियों के रूप में गेहूं के स्टाक रखने के लिए सम्बन्धित राज्य सरकारों के लाइसेंस प्राप्त फुटकर व्यापारियों को छोड़कर अन्य फुटकर व्यापारियों के नाम गेहूं की जमानत पर दिया गया कोई ऋण बकाया न हो और फुटकर व्यापारियों को दिये जाने वाले अग्रिमों को केवल स्टाकों की उस मात्रा तक सीमित किया गया जहां तक रखने के लिए वे अधिकृत हों। प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों अर्थात् पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार में गेहूं पर दिये जाने वाले अग्रिमों के संदर्भ में उन राज्यों में कार्यरत बैंकों से 15 मई 1973 को कहा गया कि वे निजी पार्टियों को गेहूं पर दी गयी 20,000 रुपयों से अधिक ऋण सीमाओं का विशेष पुनरीक्षण करें ताकि थोक व्यापारियों के मामले में उन सीमाओं को रद्द किया जा सके और लाइसेंस प्राप्त फुटकर व्यापारियों के मामले में उन्हें उचित ढंग से निर्धारित किया जा सके।

157. मूंगफली और उसके तेल के मूल्यों में हुई वृद्धि और गुजरात राज्य में इन पण्यों के सम्बन्ध में पायी गयी सट्टेबाजी की प्रवृत्ति को देखते हुए रिजर्व बैंक ने गुजरात राज्य में सभी पार्टियों को मूंगफली पर दिये जाने वाले अग्रिमों के सम्बन्ध में न्यूनतम मार्जिन को 24 जुलाई 1972 से 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया। गुजरात राज्य में वनस्पति के निर्यातकों को मूंगफली और वनस्पति के स्टाकों में सम्बन्धित गोदाम रसीदों पर दिये जाने वाले अग्रिमों के न्यूनतम मार्जिन को भी 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया। इन न्यूनतम उच्चतर मार्जिनों को महाराष्ट्र राज्य में 15 नवम्बर 1972 से लागू कर दिया गया। अनाजों की तरह, इस संदर्भ में भी ऋण की उच्चतम सीमा को 15 नवम्बर 1972 से पार्टी के आधार पर निर्धारित किया गया। इस प्रकार, ऋण की अनुमत सीमा अर्थात् 1967 के तदनुरूप दो महीनों की अवधि में बनाये रखे गये ऋण के कुल औसत स्तर के 70 प्रतिशत और (नयी पार्टियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 1970 के तदनुरूप दो महीनों के दौरान बनाये रखे गये ऋण के कुल औसत स्तर के 15 प्रतिशत के बराबर की) अतिरिक्त सीमा से सम्बन्धित व्यवस्था के स्थान पर 1971-72, 1970-71 और 1969-70 के तीन पिछले मौसमों में से किसी भी मौसम में प्रत्येक पार्टी के नाम बकाया रहने वाले अग्रिमों के शिखर स्तर का 100 प्रतिशत बना दिया गया।

158. कृषकों को प्रदान किये गये प्रत्यक्ष अग्रिमों और प्राथमिक सहकारी समितियों को अपने कृषक सदस्यों को नियंत्रित तिलहनों पर ऋण प्रदान किये जाने के लिए दिये गये अग्रिमों को मार्जिन और उच्चतम सीमा सम्बन्धी नियंत्रणों से छूट दी गयी बशर्ते कि ऐसी प्रत्येक ऋण सीमा प्रति कृषक, 2,500 रुपयों या बकाया फसली ऋण राशि, इनमें से जो भी कम हो, से अधिक न हो। खड़ी फसल पर पहले दिये गये उपर्युक्त अग्रिमों की अवधि को अब उक्त फसल की कटाई की तारीख से तीन महीने तक बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा छोटे ऋणकर्ताओं, अर्थात् निर्माता यूनिटों और अन्यों को, पूर्णतः या अंशतः अनाजों, तिलहनों और वनस्पति तेलों की जमानत पर प्रदान किये जाने वाले जो अग्रिम भारतीय ऋण गारन्टी संगठन लिमिटेड/ऋण गारन्टी संगठन की गारन्टी योजना के अन्तर्गत आते हैं, उन्हें भी पूरी सीमा तक मार्जिन और सीमा सम्बन्धी नियंत्रणों से छूट दी गयी, किन्तु अधिकतम राशि प्रत्येक यूनिट/ऋणकर्ता के लिए 20,000 रुपये होगी। साथ ही शर्त यह है कि वह इन पण्यों पर केवल एक बैंक से उधार लेने का वचन दे। आयातित तिलहनों/तेलों पर दिये जाने वाले अग्रिमों को पहले की तरह पूर्ण रूप से नियंत्रणों से छूट दी जाती रही। चूंकि खाद्य तिलहनों और तेलों की पूर्ति की स्थिति कठिन ही बनी रही अतः बैंकों से यह अनुरोध किया गया कि वे केवल असाधारण रूप से योग्य मामलों में रिजर्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के साथ नयी पार्टियों को वित्तीय सहायता प्रदान करें।

159. **रुई और कपास** पर दिये जाने वाले अग्रिमों के सम्बन्ध में यह निर्णय किया गया कि थोड़े से संशोधनों के साथ नियंत्रणों को जारी रखा जाए; क्योंकि कपास की बढ़ती हुई मांग की पूर्ति करने के लिए जब तक उसके उत्पादन में काफी अधिक मात्रा में स्थायिता नहीं आ जाती तब तक नियंत्रणों को हटाने या शिथिल करने की सिफारिश नहीं की । इसके अलावा अपेक्षाकृत अधिक मजबूत सूती वस्त्र मिलों की तुलसा में कमजोर सूती वस्त्र मिलों की आवश्यकता तथा स्थिति को भी इस संदर्भ में ध्यान में रखना था । इन पहलुओं पर विचार करने के बाद रिजर्व बैंक ने 1972-73 के अधिक कामकाज के समय के लिए 15 नवम्बर, 1972 को सूती मिलों की वर्तमान श्रेणियों और उनके लिए लागू होने वाले न्यूनतम मार्जिन और सूती वस्त्र मिलों को छोड़कर अन्य पार्टियों को दिये जाने वाले अग्रिमों से सम्बन्धित शर्तों को सरल बनाकर कुछ संशोधन किये । इस प्रकार सरकार द्वारा नियंत्रित मिलों और बिहार और पश्चिम बंगाल में स्थित मिलों को दिये जाने वाले अग्रिमों के सम्बन्ध में विद्यमान मार्जिन सम्बन्धी नियंत्रण में अर्थात् रुई की खपत की विशिष्ट अवधि के लिए निर्धारित 20 प्रतिशत से 35 प्रतिशत तक के मार्जिन नियंत्रण में कोई परिवर्तन नहीं हुआ । बम्बई और अहमदाबाद में स्थित मिलों के लिए न्यूनतम मार्जिन को घटाकर 12 सप्ताहों की खपत के स्टाकों के लिए 25 प्रतिशत और इससे अधिक स्टाकों के लिए 50 प्रतिशत कर दिया गया । ऊपर उल्लिखित मिलों को छोड़कर अन्य मिलों के सम्बन्ध में न्यूनतम मार्जिन को 14 सप्ताहों की खपत के स्टाकों के लिए 25 प्रतिशत और 14 सप्ताहों की खपत से अधिक स्टाकों के लिए 50 प्रतिशत निर्धारित किया गया । मिलों को छोड़कर अन्य पार्टियों को दिये जाने वाले अग्रिमों के सम्बन्ध में यह संशोधन किया गया कि नये और पुराने स्टाकों के बीच विद्यमान अन्तर तथा विपणन की विभिन्न अवधियों को समाप्त कर सरल त्रियाविधि लागू की गयी और ऐसे अग्रिमों के लिए 50 प्रतिशत का एक समान मार्जिन लागू कर दिया गया ।

160. **चीनी गुड़ और खांडसारी** पर दिये जाने वाले अग्रिमों के संदर्भ में निर्दिष्ट मात्रा में वितरित की गयी चीनी के व्यपगत कोटे के सम्बन्ध में लागू होने वाले 40 प्रतिशत के न्यूनतम मार्जिन को हटा दिया गया; क्योंकि व्यपगत कोटों पर दिये जाने वाले ऋणों को अलग से विनियमित करने की आवश्यकता नहीं रही । कारखाने या मिल के बाहर लायी गयी और उत्पादन शुल्क अदा की गयी खुले बाजार की चीनी के मामले में जहां 65 प्रतिशत का न्यूनतम मार्जिन जारी रहा वहां मिलों को दिये जाने वाले अग्रिमों के मामले में सरकार द्वारा नियंत्रित वितरण के लिए निर्धारित अनिवार्य रूप से उगाही गई चीनी के स्टाकों के संदर्भ में 10 प्रतिशत और खुले बाजार की चीनी के लिए 15 प्रतिशत का न्यूनतम मार्जिन निर्धारित किया गया बशर्ते कि उगाही गयी चीनी के स्टाकों का मूल्य वसूली की कीमत पर और मुक्त चीनी के स्टाकों का मूल्य सरकार द्वारा विनिश्चित शुल्क दर पर निर्धारित किये जाएं । निर्माण यूनिटों (अर्थात् औद्योगिक उपयोगकर्ताओं) को दिये जाने वाले अग्रिमों को नियंत्रणों से पूरी तरह छूट दे दी गयी ।

161. निर्दिष्ट सीमा क्षेत्र और सीमा क्षेत्र के निकटवर्ती जिलों में नियंत्रित पण्यों पर दिये जाने वाले अग्रिमों के सम्बन्ध में विद्यमान चयनात्मक ऋण नियंत्रणों से दी गयी छूट की अवधि पहले जहां दिसम्बर 1972 तक बढ़ायी गयी थी वहां उसे 20 दिसम्बर 1972 को रुई और कपास पर दिये जाने वाले अग्रिमों के सम्बन्ध में जून 1973 के अन्त तक और अन्य नियंत्रित पण्यों के सम्बन्ध में अप्रैल 1973 के अन्त तक बढ़ा दिया गया ।

जूट उद्योग संबंधी कार्यकारी दल

162. पिछले वर्ष की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि कार्यकारी दल ने जूट उद्योग को कुछ राहत देने की दृष्टि से जूट मिलों के उत्पादन के जिस अंश का नियति किया जाता है, उसके सम्बन्ध में दिये जाने वाले ऋणों के लिए ब्याज की रियायती दर लागू करने की जो विशेष योजना बनायी थी वह केन्द्रीय सरकार के विचाराधीन थी । कार्यकारी दल द्वारा की गयी कतिपय सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिए सरकार द्वारा जो अन्य आवश्यक कदम उठाये जाने चाहिए उनसे सरकार को सितम्बर 1972 में अवगत कराया गया । उपर्युक्त मामलों पर सरकार के निर्णय की प्रतीक्षा है ।

चाय उद्योग को वित्तीय सहायता से संबंधित कार्यकारी दल

163. चाय उद्योग की वित्तीय सहायता से सम्बन्धित कार्यकारी दल द्वारा चाय के बागानों की अल्पावधि ऋण सम्बन्धी आवश्यकताओं के संदर्भ में की गयी सिफारिशों की सूचना देते हुए मार्च 1972 में सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के नाम एक परिपत्र जारी किया गया । कार्यकारी दल की सिफारिशों के आधार पर रिजर्व बैंक ने सितम्बर 1972 में वाणिज्य बैंकों और राज्य वित्तीय निगमों को यह सुझाव दिया कि चाय उद्योग की विकास सम्बन्धी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के उद्देश्य से उसे नरम शर्तों पर मीयादी वित्त प्रदान करने के लिए वे कुछ कदम उठायें ।

कोयला उद्योग संबंधी कार्यकारी दल

164. कोयला उद्योग की तात्कालिक वित्तीय समस्याओं का अध्ययन करने के लिए रिजर्व बैंक द्वारा गठित कार्यकारी दल की सिफारिशों के आधार पर बैंक ने दिसम्बर 1972 में सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को कार्यकारी दल की सिफारिशों पर उचित ढंग से विचार करने की सूचना दी । कोयला उद्योग का वित्तपोषण करने वाले बैंकों को यह सूचित किया गया है कि वे, यदि आवश्यक हो, तो अपने द्वारा पहले मंजूर की गयी ऋण सुविधाओं का पुनरीक्षण कर वर्तमान ऋण सीमा में मामले के गुण दोषों के आधार पर उचित संशोधन करने के प्रश्न पर विचार करें ।

काजू उद्योग संबंधी अध्ययन दल

165. काजू उद्योग के निर्यात और उसकी नियोजन क्षमता के संदर्भ में उसे वाणिज्य बैंकों द्वारा दिये जाने वाले ऋणों का पुनरीक्षण करने के लिए रिजर्व बैंक ने मार्च 1972 में जिस अध्ययन दल का गठन किया था उसने जनवरी 1973 में अपनी रिपोर्ट पेश की । उक्त दल ने मार्जिन बनाये रखने, कच्ची सामग्री/गिरी के मूल्यांकन, स्टाकों के स्वर और पर्याप्त ऋण-सीमाएं निर्धारित करने आदि से सम्बन्धित कई सिफारिशें की । इन सिफारिशों से स्पष्ट रूप से सहमत होते हुए बैंक ने मार्च 1973 में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के नाम एक परिपत्र जारी किया और उन्हें वर्तमान ऋण-सीमाओं का गुण-दोषों के आधार पर पुनरीक्षण करने और जहां-कहीं आवश्यक हो, फिलहाल अमल में रहने वाली शर्तों और क्रियाविधियों में उचित संशोधन करने की सलाह दी ।

बैंकिंग आयोग की रिपोर्ट

166. इस वर्ष के दौरान भारत सरकार ने बैंकिंग आयोग की जिन कतिपय सिफारिशों के बारे में विशेष रूप से रिजर्व बैंक की लिखा था उनके सम्बन्ध में बैंक ने अपने विचार सरकार के पास भेजे । उक्त विचार प्रमुख रूप से निम्नलिखित से सम्बन्धित थे : (i) वैधानिक

सुधार, (ii) वाणिज्य बकों की परिचालन प्रणालियां और क्रियाविधियां जिनमें 'बैंक जिरो' पद्धति की स्थापना से सम्बन्धित प्रणालियां और क्रियाविधियां शामिल हैं, (iii) चिट निधि कारोबार जो वाणिज्य बैंकों द्वारा चलाया जाए, (iv) अलग व्यापारिक बैंकिंग संस्थाओं और विशेषीकृत अभिग्रहण और भांजन केन्द्रों की स्थापना की आवश्यकता, (v) उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए अलग संस्थाओं और विशेषीकृत बचत बकों की आवश्यकता, (vi) बैंकों के कर्मचारियों की भर्ती, प्रशिक्षण, आदि, और (vii) बैंकिंग अनुसंधान और शिक्षा ।

संगठन संबंधी अन्य बातें

राष्ट्रीयकृत बैंक

167. राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबन्ध और विविध व्यवस्थाएं) योजना 1970 के खण्ड 3 के अधीन की गयी अपेक्षा के अनुसार 11 दिसम्बर 1972 से राष्ट्रीयकृत बैंकों के लिए नये निदेशक बोर्डों की स्थापना की गयी । फ़िलहाल बोर्ड में 9 से 11 तक निदेशक हैं । बोर्डों का आधार व्यापक है और उनमें कर्मचारियों के दो प्रतिनिधि (कामगार कर्मचारियों और अधिकारियों का एक-एक प्रतिनिधि), जमाकर्ताओं और कारीगरों के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक-एक निदेशक और कृषि और लघु उद्योगों के क्षेत्रों का विशेष ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव रखने वाले व्यक्ति शामिल हैं । बोर्डों में केन्द्रीय सरकार और रिज़र्व बैंक द्वारा नामित एक-एक निदेशक भी हैं । नये बोर्डों के गठन के बाद अभिरक्षक का पद नहीं रहा । प्रत्येक राष्ट्रीयकृत बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को अब प्रबन्ध निदेशक की पद संज्ञा दी गयी है । फ़िलहाल प्रत्येक बैंक के प्रबन्ध निदेशक को निदेशक बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में भी नियुक्त किया गया है ।

168. प्रत्येक बैंक के लिए योजना के खण्ड 13 के अन्तर्गत अपेक्षित प्रबन्ध समिति का भी गठन किया गया है । प्रत्येक बैंक की समिति में प्रबन्ध निदेशक और अध्यक्ष, रिज़र्व बैंक और केन्द्रीय सरकार के नामित व्यक्ति और तीन अन्य निदेशक रहते हैं । संप्रति सात बैंकों की समिति में कामगार कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक निदेशक है जबकि शेष सात बैंकों की समिति में अधिकारी वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाला एक निदेशक है । यह समिति ऐसे अधिकारों का प्रयोग करती है, जो उसे बोर्ड द्वारा केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन के साथ दिये गये हैं । इसके अलावा, उपेक्षित क्षेत्रों की सहायता के लिए ऋण योजना, शाखा विस्तार नीति आदि पहलुओं की विस्तार से जांच करने के लिए राष्ट्रीयकृत बैंकों ने योजना के खण्ड 14 में परिकल्पित कुछ अतिरिक्त समितियों का भी गठन किया है ।

169. केन्द्रीय सरकार ने रिज़र्व बैंक से परामर्श कर बैंकों के पूंजीगत स्वरूप का पुनर्गठन करने और निदेशकों को पद से हटाए जाने पर उन्हें कारण बताने का अवसर प्रदान करने, आदि के सम्बन्ध में राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबन्ध और विविध व्यवस्थाएं) योजना, 1970 में कतिपय संशोधन किये ।

राष्ट्रीयकृत बैंकों की विदेशी शाखाएँ

170. उगांडा में स्थित राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाओं के संदर्भ में बैंक आफ़ इण्डिया (उगांडा) लिमिटेड का बैंकिंग व्यवसाय एक बिक्री करार के आधार पर 30 जून, 1972 को कारोबार समाप्त होने के समय पर बैंक आफ़ बड़ौदा (उगांडा) लिमिटेड को बेचा गया और उसके द्वारा अपने अधिकार में ले लिया गया । मलयेशिया की एक नयी बैंकिंग कम्पनी अर्थात् युनाइटेड एशियन बैंक बरहाद को 30 दिसम्बर 1972 को कोलालम्पूर में पंजीकृत किया गया । उक्त बैंक ने 26 मई, 1973 से अपना कारोबार प्रारम्भ किया और उसी तारीख से उसने इण्डियन बैंक, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक और युनाइटेड कमर्शियल बैंक की मलयेशिया स्थित 11 शाखाओं और उनके कारोबार को अपने अधिकार में ले लिया । युनाइटेड एशियन बैंक की प्राधिकृत पूंजी 250 लाख मलयेशियाई डालर है और चुकता पूंजी 100 लाख मलयेशियाई डालर है । तीन भारतीय बैंकों ने नये बैंक की चुकता पूंजी में 33⅓ प्रतिशत अभिदान किया है । शेष राशि का अभिदान भारतीय मूल के मलयेशियाई नागरिकों सहित मलयेशियाई नागरिकों, निगमों, आदि द्वारा किया गया है । तीन भारतीय बैंकों के अध्यक्ष इस नये बैंक के निदेशक हैं । इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के एक वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी नये बैंक के मुख्य कार्यकारी निदेशक हैं । आशा है कि युनाइटेड एशियन बैंक के प्रस्तावित स्वरूप से उसकी गतिविधियों का विस्तार होगा ताकि मलयेशिया के राष्ट्रीय बैंक व्यवसाय की आवश्यकताओं की अधिक पूर्ण रूप से पूर्ति की जा सके ।

171. बैंक आफ इण्डिया की केन्या स्थित किसुमु शाखा के कारोबार को 30 दिसम्बर, 1972 को कारोबार बन्द होने के समय से नेशनल बैंक आफ़ केन्या को बेचा गया । सिंगापुर में कार्यरत चार भारतीय बैंकों में से उन दो बैंकों के सम्बन्ध में पिछली रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था, जिन्होंने स्थानीय बैंककारी विधियों के अनुसार न्यूनतम पूंजी सम्बन्धी अपेक्षाओं का पालन नहीं किया था । इन बैंकों ने इस बीच इन अपेक्षाओं का पालन करते हुए अपनी प्रारक्षित निधियों के एक अंश को पूंजीकृत कर दिया और उनमें से प्रत्येक ने अपनी-अपनी चुकता पूंजी को बढ़ाकर उसे 2 करोड़ रुपये कर दिया ।

ऋण आसूचना

172 रिज़र्व बैंक का ऋण आसूचना प्रभाग बैंकों और अधिसूचित अन्य वित्तीय संस्थाओं को उनके द्वारा अनुरोध किये जाने पर, व्यक्तिगत उधारकर्ताओं को प्रदान की गयी ऋण सुविधाओं की जानकारी प्रदान करते हुए उनकी सहायता करता रहा । विवरणियों की प्राप्ति की तारीख और उनके समेकित किये जाने की तारीख के बीच विद्यमान समयान्तर को कम करने के उद्देश्य से बैंकों से यह अनुरोध किया गया कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि सही ढंग से और समान रूप से संकेतिक विवरणियां अविलम्ब पेश की जाती हैं । जहां पिछले वर्ष 2,255 आवेदनपत्रों के संदर्भ में आवेदन बैंकों/वित्तीय संस्थाओं को ऋण आसूचना दी गयी थी, वहां इस वर्ष 1,186 आवेदनपत्रों के संदर्भ में ऋण आसूचना दी गयी ।

बैंकों का निरीक्षण

173. वाणिज्य बैंकों के आवधिक निरीक्षण के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा बनाये गये कार्यक्रम के अनुसरण में इस वर्ष बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35 के अधीन 38 अनुसूचित बैंकों और 6 गैर-अनुसूचित बैंकों का निरीक्षण किया गया या उनका निरीक्षण शुरू किया गया । इसके अलावा, एक भारतीय बैंक की सिक्किम स्थित शाखा और केन्या स्थित दो बैंकों का निरीक्षण किया गया । इस अवधि में चार बैंकों के कार्यकलापों की संवीक्षा का कार्य शुरू किया गया । उनमें से तीन बैंकों की संवीक्षा अधिनियम की धारा 44(1) के अधीन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए और एक बैंक की संवीक्षा अधिनियम की धारा 49(ग) के अधीन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए शुरू की गयी । इस वर्ष के दौरान वाणिज्य बैंकों की शाखाओं का केन्द्रवार निरीक्षण उन 194 केन्द्रों में किया गया जहां वाणिज्य बैंकों के 709 कार्यालय कार्यरत हैं । एक बैंक का अध्ययन इस आशय से भी किया गया कि

उसकी प्रणालियों और क्रिया विधियों की जांच की जाए और जहां-जहां आवश्यक हो, सुधार के सुझाव दिये जाएं । इसी प्रकार के और अध्ययन किये जाने की आशा है ।

174. पिछले तीन लेखा वर्षों में बैंकों और उनकी शाखाओं का जो निरीक्षण किया गया उसका तुलनात्मक विवरण नीचे दर्शाया गया है :—

वित्तीय निरीक्षण	1970-71	1971-72	1972-73
निरीक्षण किये गये/निरीक्षणार्थ लिये गये बैंकों की संख्या .	47	37	44
निरीक्षण किये गये कार्यालयों की संख्या . .	721	1116	1013
केन्द्रवार निरीक्षण			
केन्द्रों की संख्या . .	58	76	194
शाखाओं की संख्या . .	565	364	789
प्रणालियों का निरीक्षण			
निरीक्षण किये गये बैंकों की संख्या . .	—	2	1

बैंकों का लाइसेंसीकरण

175 हांगकांग एण्ड शांघाई बैंकिंग कारपोरेशन के कारोबार का मर्कन्टाइल बैंक लिमिटेड में विलयन हो जाने के फलस्वरूप उसे प्रदान किये गये लाइसेंस को रद्द कर दिया गया । इस प्रकार जून 1973 के अन्त में लाइसेंसीकृत बैंकों की संख्या कम होकर 45 हो गयी जबकि ऐसे बैंकों की संख्या बढ़कर 52 हो गयी जिनके लाइसेंस रद्द किये गये । इनके अलावा, सरकारी क्षेत्र में 22 बैंक हैं जिन्हें लाइसेंस की आवश्यकता नहीं है । जिन बैंकों को लाइसेंस प्रदान करने से इन्कार किया गया उनकी संख्या बिना किसी परिवर्तन के जून 1973 में 283 ही रही ।

परिसमापन की कार्रवाइयां

176. आलोच्य अवधि के दौरान उच्च न्यायालयों द्वारा चार-गैर-अनुसूचित बैंकों का परिसमापन किया गया । बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 44(1) के अधीन तीन गैर अनुसूचित बैंकों को प्रमाणपत्र दिये गये ताकि वे स्वैच्छिक परिसमापन कर सकें ।

177. केन्द्रीय सरकार से आवश्यक निदेश प्राप्त करने के बाद, बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 45(थ) के अधीन चार बैंकों का निरीक्षण शुरू किया गया । इनमें से तीन बैंकों अर्थात् कलकत्ता नेशनल बैंक लिमिटेड, पुरी बैंक लिमिटेड और छोटा नागपुर बैंकिंग एसोसिएशन लिमिटेड का निरीक्षण पूरा हो चुका जबकि एक बैंक अर्थात् एसोसिएटेड बैंकिंग कारपोरेशन आफ इण्डिया लिमिटेड, बम्बई का निरीक्षण स्थगित कर दिया गया; क्योंकि निरीक्षण अधिकारी को सम्बन्धित अभिलेख उपलब्ध नहीं हो सके । कलकत्ता नेशनल बैंक लिमिटेड पुरी बैंक लिमिटेड और छोटा नागपुर बैंकिंग एसोसिएशन लिमिटेड की निरीक्षण रिपोर्टें भारत सरकार और सम्बन्धित उच्च न्यायालयों को क्रमशः 12 फरवरी, 11 मई और 18 जून 1973 को भेज दी गयी ।

समाशोधन गृह की सुविधाएं

178. 1 जुलाई, 1972 से 30 जून, 1973 तक की अवधि के दौरान इकतीस समाशोधन गृहों की स्थापना की गई । इससे देश में विद्यमान समाशोधन गृहों की कुल संख्या 178 हो गयी । इनमें से 9 समाशोधन गृहों का प्रबन्ध रिजर्व बैंक आफ इण्डिया, 137 का प्रबन्ध स्टेट बैंक आफ इण्डिया, और 32 का प्रबन्ध स्टेट बैंक आफ इण्डिया के सहायक बैंक करते हैं ।

179. ऐसे 156 केन्द्रों जहां 50,000 या अधिक आबादी है और तीन या चार से अधिक बैंक कार्यरत हैं, की एक नयी सूची तैयार की गयी और अगस्त 1972 में स्टेट बैंक आफ इण्डिया को भेजी गयी ताकि वह समाशोधन गृहों की स्थापना करने का अपना भावी कार्यक्रम बना सके । स्टेट बैंक आफ इण्डिया उपर्युक्त आधार पर समाशोधन गृहों की स्थापना किये जाने की सम्भावना की जांच कर रहा है ।

180. महानगरीय केन्द्रों में अतिरिक्त समाशोधन गृहों की स्थापना करने के प्रश्न पर बैंकिंग आयोग की सिफारिश पर रिजर्व बैंक विचार कर रहा है । प्रारम्भ में बम्बई, कलकत्ता और मद्रास में अतिरिक्त समाशोधन गृहों की स्थापना किये जाने की सम्भावनाओं पर गौर किया जा रहा है ।

सरकारी क्षेत्र के बैंकों के कार्य परिणाम

सरकारी क्षेत्र के सभी बैंक

181. सरकारी क्षेत्र के 22 (स्टेट बैंक आफ इण्डिया और उसके 7 सहायक बैंक और 14 राष्ट्रीयकृत बैंक) बैंकों के लाभ और हानि लेखों पर आधारित उनके कार्य परिणामों का विश्लेषण करने पर यह विदित होता है कि वर्ष 1972 में 11.9 करोड़ रुपयों का उनका जो लाभ* था वह पिछले वर्ष के लाभ की तुलना में 0.9 करोड़ रुपया (6.4 प्रतिशत) कम था । 1972 के दौरान बैंकों द्वारा दिये गये ऋणों में 346 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जबकि 1971 में उक्त वृद्धि 600 करोड़ रुपये थी । अतः ब्याज और बट्टे से प्राप्त आय में 82 करोड़ रुपयों (18.8 प्रतिशत) की अपेक्षाकृत कम वृद्धि हुई जबकि 1971 में 91.6 करोड़ रुपयों (26.5 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी । इन बैंकों के कुल व्यय में 1971 की अपेक्षा 93.1 करोड़ रुपयों (18.7 प्रतिशत) की वृद्धि हुई अर्थात् उनका व्यय बढ़कर 592.9 करोड़ रुपये हो गया । 1971 में उनके व्यय में 98.2 करोड़ रुपयों (24.5 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी । 1972 में जमाराशियों और उधारों पर अदा किये गये ब्याज की राशि में 49 करोड़ रुपयों (20.2 प्रतिशत) की वृद्धि हुई जबकि 1971 में 51.3 करोड़ रुपयों (27.0 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी । कर्मचारियों को अदा किये गये वेतन और भत्तों की राशि में जहां 1971 में 37.7 करोड़ रुपयों (21.7 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी वहां 1972 में 31.4 करोड़ रुपयों (15.5 प्रतिशत) की ही वृद्धि हुई । इसका कारण यह था कि शाखा विस्तार की गति पहले की अपेक्षा थोड़ी सी धीमी थी ।

स्टेट बैंक समूह

182. स्टेट बैंक आफ इण्डिया की आय में सुधार हुआ अर्थात् जहां वह 1971 में 142.1 करोड़ रुपये थी वहां वह 1972 में बढ़कर 168.9 करोड़ रुपये हो गयी । इस प्रकार उसमें 18.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई । ब्याज और बट्टे से प्राप्त आय में जहां 1971 में 25.6 करोड़ रुपयों (28.9 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी वहां 1972 में उसमें 22.6 करोड़ रुपयों (19.8 प्रतिशत) की वृद्धि हुई । स्टेट बैंक के कुल व्यय में 1971 में हुई 28.3 करोड़ रुपयों की वृद्धि की तुलना में 1972 में 26.8 करोड़ रुपयों (19.4 प्रतिशत) की वृद्धि हुई । जमाराशियों और उधारों पर अदा किये जाने वाले ब्याज की राशि में

*करों और बोनस की व्यवस्था करने के बाद विद्यमान लाभ ।

जहां 1971 में 13.2 करोड़ रुपयों (28.1 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी वहां 1972 में 11.6 करोड़ रुपयों (19.3 प्रतिशत) की वृद्धि हुई। स्टेट बैंक के लाभ की शेष राशि 1972 में 3.85 करोड़ रुपये थी अर्थात् उसमें 7 लाख रुपयों की वृद्धि हुई जबकि 1971 में उसमें 1.1 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी। लाभ की उपर्युक्त राशि में से 2 करोड़ रुपये प्रारक्षित निधियों में अन्तरित किये गये और बैंक के शेयर धारियों को लाभांश अदा करने के लिए 1.3 करोड़ रुपयों की व्यवस्था की गयी।

183. स्टेट बैंक के 7 सहायक बैंकों के कार्य परिणामों से यह विदित होता है कि उनकी आय जहां 1971 में 39.9 करोड़ रुपये थी वहां 1972 में बढ़कर 47.1 करोड़ रुपये हो गयी अर्थात् उसमें जहां 1971 में 23.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी वहां 1972 में 18.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उनके कुल व्यय में भी 1972 के दौरान उतनी ही राशि (7.2 करोड़ रुपये) की वृद्धि हुई। फलस्वरूप, उनकी लाभराशि में 1971 के स्तर की तुलना में कोई परिवर्तन नहीं हुआ अर्थात् वह 51 लाख रुपये ही थी। इन बैंकों ने अपनी इस लाभराशि में से 11 लाख रुपये प्रारक्षित निधियों में अन्तरित किये और लाभांश अदा करने के लिए 35 लाख रुपयों की व्यवस्था की।

राष्ट्रीयकृत बैंक

184. 1972 में 14 राष्ट्रीयकृत बैंकों की कुल आय 388.8 करोड़ रुपये थी। उनकी आय में जहां 1971 में 63.8 करोड़ रुपयों (23.9 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी वहां 1972 में 58.3 करोड़ रुपयों (17.6 प्रतिशत) की वृद्धि हुई। इसका प्रमुख कारण यह था कि ब्याज और बट्टे से प्राप्त आय में अपेक्षाकृत धीमी गति से वृद्धि हुई। इस संदर्भ में प्राप्त 342 करोड़ रुपयों की आय 53 करोड़ रुपयों (18.3 प्रतिशत) की वृद्धि की द्योतक है जबकि उसमें 1971 में 59.1 करोड़ रुपयों (25.6 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी। 1972 में इन बैंकों के व्यय की कुल राशि 381.3 करोड़ रुपये थी अर्थात् उसमें 1971 में हुई 62.2 करोड़ रुपयों की वृद्धि की तुलना में 1972 में 59.2 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई। इसके मुख्य कारण इस प्रकार थे: जहां स्थापना व्यय में 1971 में 20.1 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी वहां 1972 में 18.1 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जो अपेक्षाकृत कम थी और जमाराशियों और उधारों पर अदा किये जाने वाले ब्याज की राशि में 1971 में हुई 34.4 करोड़ रुपयों की वृद्धि की तुलना में 1972 में हुई 33.9 करोड़ रुपयों की वृद्धि कम थी। चूंकि आय में हुई वृद्धि (58 करोड़ रुपये) की अपेक्षा व्यय में अधिक वृद्धि (59 करोड़ रुपये) हुई अतः राष्ट्रीयकृत बैंकों की लाभ राशि 1971 के 8.6 करोड़ रुपयों से घटकर 1972 में 7.6 करोड़ रुपये हो गयी। उनकी लाभ-राशि में से 3.20 करोड़ रुपये सांविधिक प्रारक्षित निधियों में अन्तरित किये गये। सरकार को अन्तरित की गयी राशि जहां पिछले वर्ष 4.33 करोड़ रुपये थी वहां इस वर्ष 4.18 करोड़ रुपये थी। इस प्रकार सरकार को इस वर्ष अन्तरित की गयी राशि इन बैंकों को अधिकार में लेने के लिए अदा की गयी कुल क्षतिपूर्ति की 4.8 प्रतिशत है जबकि उक्त प्रतिशत पिछले वर्ष 5.1 था।

अन्य अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के कार्य परिणाम

अन्य भारतीय अनुसूचित बैंक

185. उन 22 अन्य भारतीय अनुसूचित बैंकों की, जिनमें से प्रत्येक की जमाराशियां 10 करोड़ रुपयों से अधिक हैं, कुल आय में काफी वृद्धि हुई और वह 38.0 करोड़ रुपयों से बढ़कर 1972 में 49.8 करोड़ रुपये हो गयी अर्थात् उसमें इस वर्ष के दौरान 31.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई (लाभ में कोई वृद्धि नहीं हुई; इसका उल्लेख नीचे किया गया है)। ब्याज और बट्टे से प्राप्त होने वाली आय 32.9 करोड़ रुपयों से बढ़कर 1972 में 43.3 करोड़ रुपये हो गयी (अर्थात् 31.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई)। इन बैंकों के कुल व्यय में भी 12 करोड़ रुपयों की भारी वृद्धि हुई अर्थात् उनकी व्यय राशि बढ़कर 48.6 करोड़ रुपये हो गयी। इस प्रकार पिछले वर्ष की अपेक्षा उसमें 32.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जमाराशियों, उधारों आदि पर अदा किये गये ब्याज और स्थापना व्यय में काफी वृद्धि हुई अर्थात् उनमें पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 36.1 प्रतिशत और 29.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आय की अपेक्षा व्यय में बहुत वृद्धि होने के कारण इन बैंकों की लाभ राशि में कमी हुई और जहां वह 1971 में 137 लाख रुपये थी वहां वह 1972 में घटकर 114 लाख रुपये हो गयी। इन बैंकों द्वारा 1972 की लाभ राशि में से संविधिक प्रारक्षित निधियों में अन्तरित की गयी राशि 48 लाख रुपये थी जबकि पिछले वर्ष उक्त राशि 30 लाख रुपये थी। इसके अलावा अन्य प्रारक्षित निधियों में विनियोजित की गयी राशि 1971 की राशि (68 लाख रुपये) से लगभग आधी ही (34 लाख रुपये) थी। फिर भी शेयर धारियों को दिये जाने वाले लाभांश की राशि 19 लाख रुपये अर्थात् 1972 के स्तर पर ही बनी रही।

विदेशी बैंक

186. 11 विदेशी बैंकों की कुल आय 1971 के 60.9 करोड़ रुपयों से बढ़कर 1972 में 66.7 करोड़ रुपये हो गयी अर्थात् पिछले वर्ष की अपेक्षा उसमें 9.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। परन्तु उनकी आय की तुलना में उनके कुल व्यय में अपेक्षाकृत धीमी गति से वृद्धि हुई अर्थात् उनके व्यय में 4.6 करोड़ रुपयों की बढ़ोतरी हुई और वह कुल 62.8 करोड़ रुपये हो गयी। इस प्रकार, उसमें इस वर्ष के दौरान 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उनके स्थापना व्यय में 1 करोड़ रुपयों और ब्याज की अदायगी और दूसरे व्यय में से प्रत्येक में लगभग 1.8 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई। किन्तु 1971 में 'व्यय' में 4.8 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी; इस कारण उनकी 2.8 करोड़ रुपयों की लाभराशि केवल 15 लाख रुपयों की वृद्धि को दर्शाती है। 1972 में इन बैंकों की लाभराशि 2.8 करोड़ रुपयों से बढ़कर 3.9 करोड़ रुपये हो गयी; इस प्रकार उसमें इस वर्ष के दौरान 39.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। विदेशी बैंकों में नेशनल और ग्रिण्डलेज बैंक ने सर्वाधिक लाभ (1.20 करोड़ रुपये) अर्जित किया; उसके बाद फर्स्ट नेशनल सिटी बैंक का स्थान (1.09 करोड़ रुपये) आता है। सभी विदेशी बैंकों ने अपने मुख्य कार्यालयों को कुल मिलाकर 3.93 करोड़ रुपयों की राशि 1972 में अन्तरित की जबकि 1971 में उनके द्वारा अन्तरित की गयी राशि 2.54 करोड़ रुपये थी।

गैर बैंकिंग कंपनियों पर नियंत्रण

187. इस वर्ष के दौरान गैर बैंकिंग वित्तीय और वित्तेतर कम्पनियों को अक्तूबर 1966 में जारी किये गये निदेशों में और संशोधन किये गये। 1 जनवरी 1973 से लागू हुए उक्त संशोधन इस प्रकार हैं: पहला संशोधन यह है कि गैर बैंकिंग वित्तीय और वित्तेतर कम्पनियां जिस न्यूनतम अवधि के लिए जमाराशियां स्वीकार कर सकती हैं उसे बारह महीने से घटाकर छः महीने कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, वित्तेतर कम्पनियां अपनी मौसमी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपनी चुकता पूंजी और निर्बाध प्रारक्षित निधियों के 25 प्रतिशत की सीमा के भीतर इस प्रतिशत तक तीन महीने की अवधि के लिए अब जमाराशियां स्वीकार कर सकती हैं। दूसरा संशोधन यह है कि एक कम्पनी द्वारा दूसरी कम्पनी से ली गयी राशि को 'जमाराशि' की परिभाषा

में शामिल नहीं किया गया है । तीसरा संशोधन यह है कि पारस्परिक हितवाली वित्तीय कम्पनियों को इन निदेशों से छूट दी गयी है वह केवल उन कम्पनियों के लिए लागू होगी जो अपने सदस्यों से जमाराशियां स्वीकार करती हों और जो केन्द्रीय सरकार द्वारा कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 620 अ के अधीन अधिसूचित की गयी हों । इसके अलावा, जो 'सहयोगी सदस्य' कम्पनियों के शेयरधारियों के रूप में पंजीकृत न हो उनसे प्राप्त जमाराशियों को जमाराशियों की निर्धारित उच्चतम सीमा से छूट प्राप्त करने योग्य नहीं माना जाएगा । ऐसी कम्पनियों को जिनके पास निर्धारित उच्चतम सीमा से अधिक जमाराशियां हों, 1 जनवरी 1974 के पहले अपनी स्थिति को नियमित कर लेना होगा । चौथा संशोधन यह है कि उक्त निदेशों के अधीन, किसी ऐसे व्यक्ति से प्राप्त किसी भी 'ऋण' को जो ऐसे ऋण की प्राप्ति के समय कम्पनी का निदेशक हो, "जमाराशियों" की परिभाषा से छूट दी गयी है । अब उक्त निदेशों में ऐसा संशोधन किया गया है जिससे 1 जनवरी 1973 को या उसके बाद किसी निदेशक से प्राप्त किसी भी 'राशि' को यह छूट प्राप्त हो बशर्ते कि जिस व्यक्ति से कम्पनी राशि प्राप्त करती हो उससे इस आशय की एक लिखित घोषणा प्राप्त कर ले कि उसने किसी दूसरे व्यक्ति से जमाराशि प्राप्त कर या उधार लेकर अर्जित की गयी निधियों में से उक्त राशि नहीं दी है । इसी प्रकार के कारणों से अब यह व्यवस्था की गयी है कि किसी निजी कम्पनी के मामले में, उसके द्वारा अपने शेयर धारियों से प्राप्त की गयी कोई भी राशि (इसे भी "जमाराशि" की परिभाषा में शामिल नहीं किया गया है) छूट प्राप्त करने योग्य होगी बशर्ते कि कम्पनी ने उससे राशि प्राप्त करते समय उपर्युक्त प्रकार की घोषणा प्राप्त कर ली हो । अन्तिम संशोधन यह है कि जिस कम्पनी में जमाकर्ता अपनी राशि जमा करने का विचार करता हो उस कम्पनी की वित्तीय स्थिति से उसे अवगत कराने के उद्देश्य से 1 अप्रैल 1973 से जमाराशियां (उनके पुनर्वीकरण या परिवर्तन सहित) स्वीकार करने वाली सभी कम्पनियों के लिए यह अनिवार्य कर दिया गया है कि वे जमा करने की इच्छा रखने वाले व्यक्तियों से अपने द्वारा दिये गये फार्मों पर लिखित आवेदनपत्र प्राप्त होने पर जमाराशियां प्राप्त कर सकती हैं । उन फार्मों में वे सभी विवरण निहित रहने चाहिए जो जमाराशियों की अभ्यर्थना करते हुए जारी किये गये विज्ञापनों में निर्दिष्ट किये गये हों ।

188. रिजर्व बैंक से यह निवेदन किया गया है कि गैर बैंकिंग वित्तेतर कम्पनियों को जारी किये गये निदेशों के कतिपय उपबन्धों का पालन करने से लघु उद्योग यूनिटों को कठिनाई होने की सम्भावना है । अतः रिजर्व बैंक ने भारत सरकार से परामर्श कर जिन लघु उद्योग कम्पनियों की चुकता पूंजी (उद्योग या लघु उद्योग निदेशालय में पंजीकृत) और निर्बाध प्रारक्षित निधियों की राशि कुल मिलाकर 3 लाख रुपयों से अधिक नहीं हो और जो अधिक से अधिक 50 व्यक्तियों जमाराशियां स्वीकार करती हों उन्हें जमाराशियों की उच्चतम सीमाओं, उच्चतम सीमाओं से अधिक रखी गयी जमाराशियों की वापसी अदायगीह जमाराशियों की अभ्यर्थना करते हुए जारी किये गये विज्ञापनों और तत्सम्बन्धी आवेदनपत्रों में बर्ताये जाने वाले विवरणों और समाप्ति की अवधि से पहले वापस ले ली गयी जमाराशियों पर देय ब्याज की दरों के सम्बन्ध में निदेशों में दिये गये उपबन्धों से छूट दी है । 1 जुलाई 1973 से लागू हुई यह छूट तीन वर्षों की अवधि तक अमल में रहेगी । अन्य सभी लघु उद्योग कम्पनियों को भी जमाकर्ताओं की उच्चतम सीमा सम्बन्धी प्रतिबन्धों से छूट दी गयी है बशर्ते कि किसी कम्पनी द्वारा स्वीकृत जमाराशियों और ऋणों की कुल राशि, किसी भी समय पर हानि-शेष (यदि कोई हो) को घटाने पर विद्यमान उसकी चुकता पूंजी और निर्बाध प्रारक्षित निधियों की कुल राशि से अधिक न हो । फिर भी, निदेशों में निर्धारित वार्षिक विवरणियां पेश करने और जमाराशियों के रजिस्टर रखने आदि से सम्बन्धित जो दूसरे उपबन्ध दिये गये हैं उनका लघु उद्योग कम्पनियों को पालन करना होगा ।

189. महाराष्ट्र सरकार ने अपने राज्य में चिट फण्डों का नियंत्रण करने के लिए एक अधिनियम बनाने का निश्चय किया है । इस आशय का एक विधेयक शीघ्र ही विधान मण्डल में पेश किया जाएगा । केरल सरकार ने केरल चिट विधेयक 1972 का प्रारूप तैयार कर लिया है । उक्त विधेयक में पहले के विधेयकों के उपबन्धों के साथ कतिपय और उपबन्ध जोड़ने की व्यवस्था है और जब वह अधिनियमित हो जाएगा तब सारे केरल राज्य में लागू होगा ।

190. रिजर्व बैंक आफ इण्डिया अधिनियम, 1934 के अध्याय III ख के गैर बैंकिंग संस्थाओं से सम्बन्धित उपबन्धों के परिचालन से प्राप्त अनुभव के आधार पर यह देखा गया कि उनमें से कतिपय उपबन्ध, विशेषकर, गैर बैंकिंग कम्पनियों के निरीक्षण, विज्ञापनों के विनियमन, निदेशों के विभिन्न उपबन्धों के उल्लंघन के लिए निर्धारित दण्ड आदि से सम्बन्धित उपबन्ध पर्याप्त नहीं है । अतः अधिनियम के सम्बन्धित उपबन्धों में कतिपय संशोधन भारत सरकार को विचारार्थ और आवश्यक कार्रवाई के लिए सुझाये गये हैं ।

191. 31 मार्च 1970 को समाप्त हुए वर्ष के लिए गैर बैंकिंग कम्पनियों के पास रखी हुई जमाराशियों का जो सर्वेक्षण किया गया है उसके अनुसार सूचना देने वाली वित्तीय कम्पनियों की संख्या में 51 की कमी हुई जबकि वित्तेतर कम्पनियों की संख्या में 21 की वृद्धि हुई । सूचना देने वाली कम्पनियों की कुल संख्या इस प्रकार थी—676 वित्तीय कम्पनियां और 1,535 वित्तेतर कम्पनियां । यद्यपि सूचना देने वाली कम्पनियों की कुल संख्या में थोड़ी सी कमी हुई फिर भी लेखों की संख्या 6.24 लाख से बढ़कर 7.14 लाख हो गयी । कुल जमा राशियां (287.3 करोड़ रुपयों के ऐसे छूट-प्राप्त ऋणों के साथ जिन्हें जमाराशियों के रूप में नहीं माना जाता) भी 593.7 करोड़ रुपयों से बढ़कर 633.3 करोड़ रुपये हो गयी । वित्तीय कम्पनियों के पास रखी हुई कुल जमाराशियां 181.9 करोड़ रुपये थीं जबकि वित्तेतर कम्पनियों के पास 451.4 करोड़ रुपये की जमाराशियां थीं । कम्पनियों द्वारा स्वीकृत और धारित कुल छूट-प्राप्त ऋणों और जमाराशियों में इस वर्ष के दौरान 39.6 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई । इस वृद्धि में से 23.11 करोड़ रुपयों की अधिकांश राशि जमाराशियों के रूप में थीं ।

192. गैर बैंकिंग कम्पनी क्षेत्र द्वारा स्वीकृत और धारित जमाराशियों और छूट-प्राप्त ऋणों का बहुत बड़ा अंश ऐसी कतिपय बड़ी कम्पनियों के पास था, जिनमें से प्रत्येक के पास 25 लाख रुपयों से अधिक बकाया जमाराशियां और छूट-प्राप्त ऋण थे । इस प्रकार, सूचना देने वाली 2,211 कम्पनियों में से 370 कम्पनियों के पास 346.0 करोड़ रुपयों की कुल जमाराशियों का 83.3 प्रतिशत और 633.3 करोड़ रुपयों की बकाया जमाराशियों और छूट-प्राप्त ऋणों का 80.2 प्रतिशत था । इनमें से 48 ऐसी वित्तीय कम्पनियां थीं जिनके पास सभी वित्तीय कम्पनियों की कुल जमाराशियों की 88 प्रतिशत राशि थी जबकि 322 वित्तेतर कम्पनियों के पास सभी वित्तेतर कम्पनियों की कुल जमाराशियों की 81.7 प्रतिशत राशि थी ।

193. सूचना देने वाली कम्पनियां मुख्यतः, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के राज्यों में सर्वाधिक हैं । 633.3 करोड़ रुपयों की कुल जमाराशियों और छूट-प्राप्त ऋणों में से इन राज्यों में स्थित

कम्पनियों के पास 453.3 करोड़ रुपयों की राशि थी; शेष 180 करोड़ रुपयों की राशि अन्य राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में स्थित कम्पनियों के पास थी ।

जमा बीमा निगम

194. रिजर्व बैंक आफ इण्डिया द्वारा बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 के अधीन एक वाणिज्य बैंक अर्थात् पूर्वांचल बैंक लिमिटेड को भारत में बैंकिंग व्यवसाय करने के लिए लाइसेंस प्रदान किये जाने पर उसको आलोच्य अवधि में बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकृत किया गया । फिर भी, बीमाकृत वाणिज्य बैंकों की संख्या में कोई परिवर्तन नहीं हुआ अर्थात् उक्त संख्या 81 ही रही; क्योंकि एक विदेशी विनिमय बैंक की भारतीय शाखाओं के दूसरे विनिमय बैंक में विलीन हो जाने के फलस्वरूप उसका पंजीकरण रद्द कर दिया गया था । बीमाकृत सहकारी बैंकों की संख्या 391 से बढ़कर 404 हो गयी ।

195. जमा बीमा योजना को दो और राज्यों अर्थात् जम्मू और काश्मीर तथा दिल्ली के संघ शासित क्षेत्र में स्थित योग्य सहकारी बैंकों के लिए भी लागू करने की कार्रवाइयां की जा रही हैं । क्योंकि उन राज्यों ने इस बीच अपने-अपने सहकारी समिति अधिनियम में उचित संशोधन कर लिया है । रिजर्व बैंक शेष राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों के साथ सक्रिय रूप से इस बात पर विचार विमर्श कर रहा है कि उन क्षेत्रों में कार्यरत सहकारी बैंकों को भी इस योजना की सुविधा उपलब्ध करायी जाए ।

196. जमा बीमा योजना को सहकारी बैंकों के लिए लागू कर दिये जाने के कारण निगम की शेयर पूंजी में केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से 1 जनवरी 1972 से 50 लाख रुपयों की वृद्धि की गयी, अर्थात् उसे 1.50 करोड़ रुपये कर दिया गया । रिजर्व बैंक आफ इण्डिया द्वारा सारी शेयर पूंजी का अभिदान किया गया है ।

अनुबन्ध

रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया से अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को प्राप्त पुनर्वित्त सुविधाएं

1 नवम्बर 1971 से 16 नवम्बर 1972 तक लागू			
शुद्ध चल निधि की स्थिति	4½% पर	बैंक दर (6%) पर	टिप्पणी
(1)	(2)	(3)	(4)
		I. निर्यात ऋण	
चाहे शुद्ध चल निधि अनुपात कुछ भी हो	1971 के वार्षिक औसत के 10% के बराबर की राशि तक	1971 के वार्षिक औसत के 10% की अतिरिक्त राशि	1971 के निर्यात ऋण के वार्षिक औसत के 20% के बराबर के उधारों से शुद्ध चल निधि अनुपात पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा । 1 जनवरी 1972 से 1971 आधार लागू होगा ।
		II. निम्नलिखित के संबंध में निर्धारित आधार अवधि की अपेक्षा अग्रिमों में हुई वृद्धि के बराबर की राशि	**आधार अवधि**
–वही–	आन्ध्र प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और मैसूर के चुने हुए जिलों में स्थित प्राथमिक सहकारी ऋण समितियों को दिये गये ऋण	(क) लघु उद्योगों को दिये गये अल्पावधि ऋण जो ऋण गारन्टी संगठन की गारन्टी के अन्तर्गत आते हैं ।	पिछले वर्ष की तदनुरूप कैलेण्डर तिमाही में लिये गये ऋणों का औसत स्तर, अर्थात् जनवरी-मार्च 1972 की तिमाही के लिए जनवरी-मार्च 1971 की तिमाही का औसत आधार होगा ।
		(ख) कृषकों को दिए गए अल्पावधि प्रत्यक्ष ऋण	
		III. नयी हुंडी बाजार योजना	
–वही–	—	नयी योजना के अन्तर्गत हुण्डियों का पुनर्भांजन	नयी योजना के अधीन पुनर्भांजन की गयी हुण्डियों के सम्बन्ध में बकाया देयता का अक्तूबर 1972 के अन्त तक शुद्ध चल निधि अनुपात पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा ।
		IV. अनाजों की उगाही के लिए अग्रिम	
–वही–	—	अक्तूबर 1971 के अन्तिम शुक्रवार को अनाजों की उगाही के लिए दिये गये अग्रिमों के बकाया स्तर का 10% और अक्तूबर 1971 के अन्तिम शुक्रवार के स्तर की अपेक्षा हुई वृद्धि का अतिरिक्त ½	
		V. "रक्षा पैकिंग-अ-पूर्ति" ऋण	
–वही–	—	कुल बकाया स्तर तक	यह सुविधा रिजर्व बैंक ऑफ़ इण्डिया अधिनियम, 1934 की धारा 17(4) (ग) के अधीन पुरानी हुण्डी बाजार योजना के अन्तर्गत उपलब्ध होगी (देखिए गवर्नर का तारीख 11 दिसम्बर 1971 का परिपत्र डीबीओडी सं० जीसीएस बीसी 142/सी 483-71)

टिप्पणी : बैंक दर पर दिये जाने वाले पुनर्वित्त के लिए न्यूनतम शुद्ध चल निधि अनुपात 34% है । किसी बैंक द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक मात्रा में लिये गये उधारों पर बढ़ाई गयी ब्याज-दर लागू होगी । बैंक के शुद्ध चल निधि अनुपात में होने वाली प्रत्येक अंक या उसके अंश की कमी के लिए (फ़िलहाल 34% के नीचे) बैंक दर के स्तर के ऊपर वार्षिक 1% की वृद्धि की जाएगी । फिर भी, जब शुद्ध चल निधि अनुपात 26% से कम हो जाएगा तब 15% की अधिकतम ब्याज-दर लागू की जाएगी ।

रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया से अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को प्राप्त पुनर्वित्त सुविधाएं

17 नवम्बर, 1972 से 29 मार्च, 1973 तक लागू

शुद्ध चल निधि की स्थिति	$4\frac{1}{2}\%$ पर	बैंक दर (6%) पर	टिप्पणी
(1)	(2)	(3)	(4)
		I निर्यात ऋण	
चाहे शुद्ध चल निधि अनुपात कुछ भी हो ।	1972 के वार्षिक औसत के 10% के बराबर की राशि तक	1972 के वार्षिक औसत के 10% की अतिरिक्त राशि	1972 के निर्यात ऋण के वार्षिक औसत के 20% के बराबर के उधारों से शुद्ध चल निधि अनुपात पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा । 1 जनवरी, 1973 से 1972 आधार लागू होगा ।
		II निम्नलिखित के संबंध में निर्धारित आधार अवधि की अपेक्षा अग्रिमों में हुई वृद्धि के बराबर की राशि	**आधार अवधि**
-वही-	उन क्षेत्रों में जहां रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया के पूर्व अनुमोदन के साथ योजना लागू की गयी है, स्थित प्राथमिक सहकारी ऋण समितियों को दिये गये ऋण	(क) लघु उद्योगों को दिये गये अल्पावधि ऋण जो ऋण गारन्टी संगठन की गारन्टी के अन्तर्गत आते हैं ।	पिछले वर्ष की तदनुरूप कैलेण्डर तिमाही में लिये गये ऋणों का औसत स्तर अर्थात् जनवरी-मार्च 1973 की तिमाही के लिए जनवरी-मार्च 1972 की तिमाही का औसत आधार होगा ।
		(ख) कृषकों को दिये गये अल्पावधि प्रत्यक्ष ऋण	
		III नयी हुंडी बाजार योजना	
-वही-	--	नयी हुण्डी बाजार योजना के अन्तर्गत हुण्डियों का पुनर्भाजन	नयी हुण्डी बाजार योजना के अधीन पुनर्भाजन की गयी हुण्डियों के सम्बन्ध में बकाया देयता का अक्तूबर 1973 के अन्त तक शुद्ध चल निधि अनुपात पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा ।
		IV अनाजों की उगाही के लिए अग्रिम	
-वही-	--	अक्तूबर 1972 के अन्तिम शुक्रवार को अनाजों की उगाही के लिए दिये गये अग्रिमों के बकाया स्तर का 10% और अक्तूबर 1972 के अन्तिम शुक्रवार के स्तर की अपेक्षा हुई वृद्धि का अतिरिक्त ।	यह सुविधा रिजर्व बैंक ऑफ़ इण्डिया अधिनियम, 1934 की धारा 17 (4) (ग) के अधीन पुरानी हुण्डी बाजार योजना के अन्तर्गत उपलब्ध होगी ।
		V 'रक्षा पैकिंग-व-पूर्ति' ऋण	
-वही-	--	कुल बकाया स्तर तक	-वही-

टिप्पणी : 17 नवम्बर 1972 से बैंक दर पर दिये जाने वाले पुनर्वित्त के लिए न्यूनतम चल निधि अनुपात 36% है । किसी बैंक द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक मात्रा में लिये गये उधारों पर बढ़ायी गयी ब्याज-दर लागू होगी । बैंक के शुद्ध चल निधि अनुपात में 36% से नीचे होने वाली प्रत्येक अंक या उसके अंश की कमी के लिए बैंक दर के स्तर के ऊपर वार्षिक 1% की वृद्धि की जाएगी । फिर भी, जब शुद्ध चल निधि अनुपात 28% से कम हो जाएगा तब 15% की अधिकतम ब्याज-दर लागू की जाएगी ।

रिज़र्व बैंक आफ़ इंडिया से अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को प्राप्त पुनर्वित्त सुविधाएं

30 मार्च 1973 से 12 जून 1973 तक लागू

शुद्ध चल निधि की स्थिति	$4\frac{1}{2}\%$ पर	बैंक दर पर@	टिप्पणी
		I निर्यात ऋण	
चाहे शुद्ध चल निधि अनुपात कुछ भी हो।	1972 के वार्षिक औसत के 10% के बराबर की राशि तक	1972 के वार्षिक औसत के 10% की अतिरिक्त राशि	1972 के निर्यात ऋण के वार्षिक औसत के 20% के बराबर के उधारों में शुद्ध चल निधि अनुपात पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। 1 जनवरी 1973 से 1972 आधार लागू होगा।
		II निम्नलिखित के संबंध में निर्धारित आधार अवधि की अपेक्षा अग्रिमों में हुई वृद्धि के बराबर की राशि	**आधार अवधि**
–वही–	उन क्षेत्रों में जहां रिज़र्व बैंक ऑफ़ इण्डिया के पूर्व अनुमोदन के साथ योजना लागू की गयी है, स्थित प्राथमिक सहकारी ऋण समितियों को दिये गये ऋण	(क) लघु उद्योगों को दिये गये अल्पावधि ऋण जो ऋण गारन्टी संगठन की गारन्टी के अन्तर्गत आते हैं।	पिछले वर्ष की तदनुरूप कैलेण्डर तिमाही में लिये गये ऋणों का औसत स्तर अर्थात् जनवरी-मार्च 1973 की तिमाही के लिए जनवरी-मार्च 1972 की तिमाही का औसत आधार होगा।
		(ख) कृषकों को दिये गये अल्पावधि प्रत्यक्ष ऋण।	
		III अनाजों की उगाही के लिए अग्रिम	
–वही–	––	अक्तूबर 1972 के अन्तिम शुक्रवार को अनाजों की उगाही के लिए दिये गये अग्रिमों के बकाया स्तर का 10% और अक्तूबर 1972 के अन्तिम शुक्रवार के स्तर की अपेक्षा हुई वृद्धि का अतिरिक्त $\frac{1}{2}$	यह सुविधा रिज़र्व बैंक ऑफ़ इण्डिया अधिनियम, 1934 की धारा 17 (4) (ग) के अधीन पुरानी हुण्डी बाजार योजना के अन्तर्गत उपलब्ध होगी।
		IV नयी हुंडी बाजार योजना	
–वही–	––	नयी हुण्डी बाजार योजना के अन्तर्गत हुण्डियों का पुनर्भोजन	चूंकि इस सुविधा को रिज़र्व बैंक से लिये गये उधार के रूप में नहीं माना जाता अतः शुद्ध चल-निधि अनुपात का हिसाब लगाने के लिए इस पर विचार नहीं किया जाएगा। अतः इस सुविधा का शुद्ध चल निधि अनुपात पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

@ 30 मई 1973 तक 6% और उसके बाद 7%।

टिप्पणी : 30 मार्च 1973 से 12 जून 1973 तक बैंक दर पर दिये जाने वाले पुनर्वित्त के लिए न्यूनतम चल निधि अनुपात 37% है। किसी बैंक द्वारा निर्धारित सीमा से **अधिक मात्रा** में लिये गये उधारों पर बढ़ायी गयी ब्याज-दर लागू होगी। 37% से होने वाली 1 प्रतिशत की प्रारम्भिक कमी के लिए लागू होने वाली बढ़ायी गयी ब्याज-दर बैंक दर से 2 प्रतिशत अधिक होगी। अतः, 30 मई 1973 तक (जब बैंक दर 6% थी) बढ़ायी गयी उक्त ब्याज-दर 8% होगी और 31 मई 1973 से (जिस तारीख से बैंक दर को बढ़ाकर 7 प्रतिशत किया गया) यह 9% होगी। उसके बाद, उसमें होने वाली प्रत्येक एक प्रतिशत या उसके अंश की कमी के लिए ब्याज-दर में 1 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। किन्तु अधिकतम ब्याज-दर 12% होगी।

रिजर्व बैंक आफ इंडिया से अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को प्राप्त पुनर्वित्त सुविधाएँ

13 जून, 1973 से 12 जुलाई, 1973 तक लागू

शुद्ध चल निधि की स्थिति	5 प्रतिशत पर	5½ प्रतिशत पर	बैंक दर (7%) पर	टिप्पणी
I निर्यात ऋण				
चाहे शुद्ध चल निधि अनुपात कुछ भी हो		1972 के वार्षिक औसत के 10% के बराबर की राशि तक	1972 के वार्षिक औसत के 10% की अतिरिक्त राशि	1972 के निर्यात ऋण के वार्षिक औसत के 20% के बराबर के उधारों से शुद्ध चल निधि अनुपात पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। 1 जनवरी, 1973 से 1972 आधार लागू होगा।
II निम्नलिखित के संबंध में निर्धारित आधार अवधि की अपेक्षा अग्रिमों में हुई वृद्धि के बराबर की राशि				**आधार अवधि**
-वही-	उन क्षेत्रों में जहां रिजर्व बैंक आफ इंडिया के पूर्व अनुमोदन के साथ योजना लागू की गयी है, स्थित प्राथमिक सहकारी ऋण समितियों को दिये गये ऋण और रिजर्व बैंक के अनुमोदन से बैंकों द्वारा प्रवर्तित कृषक सेवा समितियों को दिये गये ऋण		(क) लघु उद्योगों को दिये गये अल्पावधि ऋण जो ऋण गारंटी संगठन की गारंटी के अंतर्गत आते हैं। (ख) कृषकों को दिये गये अल्पावधि प्रत्यक्ष ऋण	पिछले वर्ष की तदनुरूप कैलेण्डर तिमाही में लिये गये ऋणों का औसत स्तर अर्थात जनवरी-मार्च 1973 की तिमाही के लिए जनवरी-मार्च 1972 की तिमाही का औसत आधार होगा।
III अनाजों की उगाही के लिए अग्रिम				
-वही-	--	--	अक्तूबर 1972 के अंतिम शुक्रवार को अनाजों की उगाही के लिए दिये गये अग्रिमों के बकाया स्तर का 10% और अक्तूबर 1972 के अंतिम शुक्रवार के स्तर की अपेक्षा हुई वृद्धि का अतिरिक्त ½	यह सुविधा रिजर्व बैंक आफ इंडिया अधिनियम, 1934 की धारा 17 (4) (ग) के अधीन पुरानी हुंडी बाजार योजना के अंतर्गत उपलब्ध होगी।
IV नयी हुंडी बाजार योजना				
-वही-	--	--	नयी हुंडी बाजार योजना के अंतर्गत हुंडियों का पुनर्भांजन	चूंकि इस सुविधा को रिजर्व बैंक से लिये गये उधार के रूप में नहीं माना जाता, अतः शुद्ध चल निधि अनुपात का हिसाब लगाने के लिए इस पर विचार नहीं किया जाएगा। अतः इस सुविधा का शुद्ध चल निधि अनुपात पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

टिप्पणी : 29 जून, 1973 से बैंक दर पर दिये जाने वाले पुनर्वित्त के लिए न्यूनतम चल निधि अनुपात 39 प्रतिशत है। किसी बैंक द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक मात्रा में लिये गये उधारों पर बढ़ायी गयी ब्याज-दर लागू होगी। बैंकों के शुद्ध चल निधि अनुपात में 39 प्रतिशत से नीचे होने वाली प्रत्येक एक अंक या उसके अंश की कमी के लिए बैंक दर के ऊपर वार्षिक 1 प्रतिशत की वृद्धि जाएगी। फिर भी जब शुद्ध चल निधि अनुपात 35 प्रतिशत से कम हो जाएगा तब 12 प्रतिशत की अधिकतम ब्याज-दर लागू की जाएगी।

रिजर्व बैंक आफ इंडिया से अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को प्राप्त पुनर्वित्त सुविधाएँ

13 जुलाई 1973 से लागू

शुद्ध चल निधि की स्थिति	5 प्रतिशत पर	बैंक दर (7%) पर	टिप्पणी
		I निर्यात ऋण	
चाहे शुद्ध चलनिधि अनुपात कुछ भी हो		1972 के वार्षिक औसत के 10 प्रतिशत के बराबर की राशि	ऐसे उधारों का शुद्ध चल निधि अनुपात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा । यदि किसी बैंक ने धारा 17 (3क) के अधीन पहले ही उधार लिया हो और ऐसे बकाया उधार 12 जुलाई, 1973 के बाद जारी रहें तो बैंक के शुद्ध चल निधि पर उनका भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा । 1 जनवरी, 1973 से 1972 आधार लागू होगा ।
		II निम्नलिखित के संबंध में निर्धारित आधार अवधि की अपेक्षा अग्रिमों में हुई वृद्धि के बराबर की राशि	
-वही-	उन क्षेत्रों में जहां रिजर्व बैंक आफ इंडिया के पूर्व अनुमोदन के साथ योजना लागू की गयी है, स्थित प्राथमिक सहकारी ऋण समितियों को दिये गये ऋण और रिजर्व बैंक के अनुमोदन से बैंकों द्वारा प्रवर्तित कृषक सेवा समितियों को दिये गये ऋण		पहले की तरह ऐसे आधारों का शुद्ध चल निधि अनुपात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा । **आधार अवधि** पिछले वर्ष की तदनुरूप कैलेण्डर तिमाही में लिये गए ऋणों का औसत स्तर अर्थात जनवरी—मार्च, 1973 की तिमाही के लिए जनवरी—मार्च, 1972 की तिमाही का औसत आधार होगा ।
		III नई हुण्डी बाजार योजना	
-वही-		नयी हुंडी बाजार योजना के अंतर्गत हुंडियों का पुनर्भाज	चूंकि इस सुविधा को रिजर्व बैंक से लिये गये उधार के रूप में नहीं माना जाता अतः शुद्ध चल निधि अनुपात का हिसाब लगाने के लिए इस पर विचार नहीं किया जाएगा । अतः इस सुविधा का शुद्ध चल निधि अनुपात पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

टिप्पणी : 29 जून 1973 से बैंक दर पर दिये जाने वाले पुनर्वित्त के लिए न्यूनतम चल निधि अनुपात 39 प्रतिशत है। किसी बैंक द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक मात्रा में लिये गये उधारों पर बढ़ायी गयी ब्याज दर लागू होगी । बैंक के शुद्ध चल निधि अनुपात में 39 प्रतिशत से नीचे होने वाली प्रत्येक एक अंग या उसके अंश की कमी के लिए बैंक दर से ऊपर वार्षिक 1 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। फिर भी जब शुद्ध चल निधि अनुपात 35 प्रतिशत से कम हो जाएगा तब 12 प्रतिशत की अधिकतम ब्याज दर लागू की जाएगी। बैंक दर पर दिये जाने वाले पुनर्वित्त के लिए निर्धारित न्यूनतम शुद्ध चल निधि अनुपात को 8 सितम्बर 1973 से बढ़ाकर 40 प्रतिशत किया जाएगा । अतः अतिरिक्त उधारों पर लागू होने वाली 12 प्रतिशत की अधिकतम ब्याज दर शुद्ध चल निधि अनुपात के 36 प्रतिशत के नीचे के स्तर पर लागू होगी।

III. सहकारी बैंक व्यवसाय की गतिविधियां

197. 1972-73 के दौरान देश के सहकारी ऋण विन्यास को विशेषकर अपेक्षाकृत अधिक कमजोर राज्यों में वित्तीय और संगठनात्मक दृष्टि से मजबूत बनाने के लिए सहकारी बैंककारी नीति का प्रयोग किया गया। इसका उद्देश्य यह था कि विशेष रूप से छोटे और कमजोर कृषकों को सहायता दी जाये, उत्पादन और निवेश के लिए अधिक ऋण उपलब्ध कराया जाये और व्यापक सूत्रों से प्रभावित कृषकों को राहत प्रदान की जाये। इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किये गये अधिक महत्वपूर्ण उपायों का उल्लेख इस खंड में किया गया है।

कृषि ऋण मंडल

198. केन्द्रीय सहकारी बैंक द्वारा रिजर्व बैंक से लिये गये उधारों को उनके द्वारा जुटायी जाने वाली जमा राशियों से संबद्ध करने के संबंध में रिजर्व बैंक द्वारा गठित किये गये अध्ययन दल ने जो सिफारिशें की थीं उन पर कृषि ऋण मंडल द्वारा विचार किये जाने के बाद निम्नलिखित महत्वपूर्ण विशेषताओं से युक्त संशोधित योजना जुलाई, 1973 से लागू की गई: (क) कृषि संबंधी मौसमी कार्यकलापों के लिए राज्य सहकारी बैंकों को केन्द्रीय सहकारी बैंकों की ओर से रिजर्व बैंक से बैंक दर से ½ प्रतिशत कम दर पर वित्तीय सहायता उपलब्ध होगी, (ख) जून, 1973 में समाप्त हुए तीन वर्षों के दौरान रिजर्व बैंक से प्राप्त उधारों के उच्चतम स्तर को उधारों के आधार स्तर के रूप में माना जायेगा और इस सीमा तक के नये ऋणों पर ब्याज में 1½ प्रतिशत की छूट दी जायेगी (ग) केन्द्रीय सहकारी बैंक अपने निजी स्रोतों से जो अल्पावधि कृषि ऋण प्रदान करते हैं उनमें होने वाली वृद्धि के दुगुने अंश तक के अतिरिक्त उधार पर या छोटे कृषकों को दिये जाने वाले सारे अतिरिक्त वित्त पर भी ब्याज में 1½ प्रतिशत की छूट दी जायेगी, (घ) चूंकि पहले ही काफी अधिक जमा राशियां जुटायी जा चुकी है इसलिए फिलहाल रिजर्व बैंक से लिए जाने वाले न्यून स्तर के ऋणों के संदर्भ में केन्द्रीय सहकारी बैंक द्वारा दिए जाने वाले ऋणों के चौगुने भाग तक ब्याज में 1½ प्रतिशत की विशेष रियायती छूट दी जायेगी (ङ) कमजोर और अक्षम केन्द्रीय बैंकों अर्थात उन बैंकों जिनका ऋण-कारोबार 1 करोड़ रुपये से कम है पर यह योजना लागू नहीं होगी। उक्त मण्डल ने यह निश्चय किया कि अध्ययन दल और अधिक व्यापक हो और समय समय पर योजना के कार्यान्वयन से संबंधित मामलों की जांच करने के लिए स्थायी समिति के रूप में कार्य करे।

199. देश में स्थापित की गई 46 छोटे कृषक विकास एजेन्सी और 41 सीमांत कृषक और कृषि श्रम एजेन्सी परियोजनाएं केवल 1971-72 के सहकारी वर्षों† से उल्लेखनीय रूप से वास्तव में कार्यान्वित की जाने लगी। आलोच्य वर्ष में इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी आई। अतः उनके कुछ अत्यावश्यक पहलुओं में समग्र रूप से संतोषजनक प्रगति पायी गयी। उदाहरण के लिए उनमें भाग लेने के लिए पता लगाए गए व्यक्तियों की संख्या मार्च, 1973 के अंत में छोटे कृषक विकास एजेन्सी परियोजनाओं के संदर्भ में 23.66 लाख और सीमान्त कृषक और कृषि श्रम एजेन्सी परियोजनाओं के संदर्भ में 11.27 लाख थी जबकि मार्च, 1972 के अंत में उक्त संख्या क्रमशः 14.21 लाख और 8.09 लाख थी। इसी अवधि में सहकारी संस्थाओं के सदस्यों के रूप में अपने नाम दर्ज कराने वाले ऐसे सहभागियों की संख्या छोटे कृषक विकास एजेंसी परियोजना के अधीन 5.85 लाख से बढ़कर 11.40 लाख और सीमान्त कृषक और कृषि श्रम परियोजनाओं के अधीन 1.40 लाख से बढ़कर 3.55 लाख हो गई। सहकारी, संस्थाओं और वाणिज्य बैंकों द्वारा छोटे कृषक विकास एजेंसी के संदर्भ में वितरित किये कुल ऋण दुगने से अधिक हो गये अर्थात् उक्त ऋण 2315.92 लाख रुपयों से बढ़कर 4942.97 लाख रुपये हो गए और सीमान्त कृषक और कृषि श्रम एजेंसी के संदर्भ में उक्त ऋणों में हुई वृद्धि छः गुनी थी अर्थात वे 157.46 लाख रुपयों से बढ़कर 936.17 लाख रुपये हो गए। इन दोनों परियोजनाओं के अधीन सिंचाई-सुविधाओं की व्यवस्था करने के संदर्भ में हुई प्रगति विशेष उल्लेखनीय है। इस अवधि के दौरान खोदे गए कुओं/नल कूपों की संख्या 22998 से बढ़कर 71220 और पंप सैटों की संख्या 7682 से बढ़कर 19517 हो गई। इनके अलावा उनको उपलब्ध कराए गए दुधारू पशुओं की संख्या भी 11033 से बढ़कर 41358 हो गई। शुरू किए गए ग्रामीण निर्माण कार्यों में भी निरन्तर वृद्धि होती रही है। ऐसे कार्यों की संख्या 2664 से बढ़कर 1,08,661 हो गई। भारत सरकार ने उतने ही परिव्यय के साथ इन योजनाओं को 1975-76 तक जारी रखने का निश्चय किया है। छोटे कृषक विकास एजेन्सियों द्वारा शुरू किए गये कार्यक्रमों के विशेष अध्ययन भी योजना आयोग के आग्रह पर इस वर्ष के दौरान जारी रहे। इस वर्ष दार्जिलिंग की छोटे कृषक विकास एजेंसी के कार्यकलापों का अध्ययन किया गया और उसकी रिपोर्ट योजना आयोग को पेश की गयी। मैसूर छोटे कृषक विकास एजेन्सी का अनुवर्ती अध्ययन भी किया गया।

200. जैसाकि पिछले वर्ष उल्लेख किया गया था केन्द्रीय सहकारी बैंकों से यह अपेक्षा की गयी कि वे ऐसी स्थिति में पहुंच कि शिखर बैंक से उनके द्वारा लिये गये ऋणों की बकाया राशि के कम से कम 20 प्रतिशत को छोटे और आर्थिक रूप से कमजोर कृषकों अर्थात ऐसे कृषकों जिनकी जोत 3 एकड़ या कम हो, के लिए समितियों को दिये जाने वाले बकाया ऋणों के रूप में दिखाया जा सके। इस संदर्भ में अनुशासन लागू करने के अतिरिक्त उपाय के रूप में बैंक ने यह निर्धारित किया है कि कृषि संबंधी मौसमी कार्यकलापों के वित्तपोषण के लिए स्वीकृत ऋण सीमाओं के पहले 70 प्रतिशत को निर्बाध रूप से लिया जा सकता है दूसरे 20 प्रतिशत को छोटे सीमान्त और आर्थिक रूप से कमजोर कृषकों के नाम बकाया रहने वाले तदनुरूप अग्रिमों से 10 प्रतिशत की शेष बकाया राशि का आहरण करने के पहले संबद्ध करना होगा। इस वर्ष के दौरान कुछ बैंकों ने यह निवेदन किया कि जिन किसानों के पास 3 एकड़ या कम जमीन रहती है उनमें से प्रत्येक के अधिकार में रहने वाला क्षेत्र 3 एकड़ के जोते गए कुल क्षेत्र के मान की तुलना में काफी कम है इसलिए वे छोटे किसानों से संबंधित शर्तों का पालन नहीं कर सकेंगे। अतः बैंक ने यह निश्चय किया कि जिलों की जोत के आकार-वितरण के आधार पर जिलेवार समुचित परिमाप की व्यवस्था की जाए।

वाणिज्य बैंकों द्वारा ऋण समितियों का वित्तपोषण

201 वाणिज्य बैंकों द्वारा 1970 में शुरू की गई प्राथमिक ऋण समितियों की वित्तीय पोषण योजना इस वर्ष छः राज्यों अर्थात आंध्र प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, मैसूर, उड़ीसा और उत्तर प्रदेश के 51 जिलों में जारी रही। बिहार, जम्मू और कश्मीर, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के जिन क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में ऋण संबंधी खाइयां विद्यमान रहती हैं, वहां इस योजना का विस्तार करने के प्रस्ताव सक्रिय रूप से संबंधित राज्य सरकारों के विचाराधीन थे। कुल मिलाकर अब तक 20 वाणिज्य बैंकों ने अपनी 318 शाखाओं के माध्यम से अपने लिये नियत 2253 समितियों में से 1509 समितियों के संबंधित

†1 जुलाई से 30 जून तक।

कार्यक्रम में भाग लिया है। योजना के तीसरे वर्ष के दौरान (मार्च 1973 तक) वाणिज्य बैंकों द्वारा समितियों को दिये गये अल्पावधि और मध्यावधि ऋणों की राशि 10.13 करोड़ रुपये थी जबकि पिछले वर्ष उक्त राशि 7.16 करोड़ रुपये थी।

202 रिजर्व बैंक द्वारा गठित किये गये विशेष दलों ने 5 राज्यों अर्थात् आंध्र प्रदेश, मैसूर, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में इस योजना के कार्य संचालन का अध्ययन किया। अध्ययन दलों ने यह मत व्यक्त किया कि यदि समितियां अतिदेय राशियों को कम करने, अधिक सदस्यों पर योजना को लागू करने और पूर्णकालिक सचिव नियुक्त करने, आदि की उचित व्यवस्था करें तो वे थोड़ी ही अवधि में सक्षम हो सकेंगी। योजना की प्रगति और उन क्षेत्रों में जहां योजना लागू है, कमजोर केन्द्रीय सहकारी बैंकों के पुनर्गठन कार्यक्रम पर बैंक निगरानी रखता आ रहा है। योजना की प्रगति का पुनरीक्षण करने के उद्देश्य से सभी राज्यों में राज्य स्तरीय समन्वयन समितियों का गठन किया गया है।

सहकारी गतिविधि

203. पिछले वर्ष की रिपोर्ट (पृष्ठ 58) में कमजोर केन्द्रीय सहकारी बैंकों के पुनर्गठन की केन्द्रीय क्षेत्रगत योजना का उल्लेख किया गया था; उक्त योजना इस वर्ष अमल में आयी। योजना में निर्धारित मानदण्डों के अनुसार रिजर्व बैंक द्वारा 11 राज्यों में कमजोर बैंकों के रूप में निर्दिष्ट किये गये 72 बैंकों के संबंध में संबंधित राज्य सरकारों ने भारत सरकार को प्रस्ताव पेश किये। भारत सरकार ने 37 बैंकों के लिए 53.75 लाख रुपयों की वित्तीय सहायता अनुमोदित की। रिजर्व बैंक इस विषय पर आगे भी प्रयास करता रहेगा।

204. किसी भी राज्य के सहकारी बैंकों के लिए जमा बीमा योजना लागू करने से पहले बैंक ने कमजोर प्राथमिक सहकारी बैंकों के पुनर्गठन का एक कार्यक्रम तैयार करना उचित समझा। उन प्राथमिक सहकारी बैंकों को कमजोर माना गया जिनके अशोध्य और संदिग्ध ऋण और संचित हानि स्वाधिकृत निधियों के 25 प्रतिशत से अधिक हो अथवा 30 जून 1971 को जिनकी अतिदेय राशि उनकी मांग या बकाया राशि के 50 प्रतिशत से अधिक हो। केवल उन्हीं बैंकों को जो सक्षम है और जिनके पास 25 लाख रुपयों की न्यूनतम कार्यकारी पूंजी है और जिनका ऋण कारोबार 18 लाख रुपयों का है या जो सक्षमता के लिए निर्धारित मानदंडों के 75 प्रतिशत तक पहुंच गये हैं और जिनमें आगामी 3 से 5 वर्षों तक की अवधि में सक्षमता की स्थिति तक पहुंचने की संभावना है, पुनर्गठन योग्य माना जाता है। इन मानदंडों के आधार पर 21 सहकारी बैंकों को चुना गया और संबंधित राज्य सरकारों को रिजर्व बैंक द्वारा निर्दिष्ट प्रणाली के अनुसार उनके पुनर्गठन के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा गया। इसी प्रकार ऐसे सक्षम या क्षमता की संभावना रखने वाले प्राथमिक भूमि विकास बैंक/राज्य भूमि विकास बैंक की शाखा * को जिसकी अतिदेय राशियां 30 जून 1971 को मांग राशि के 50 प्रतिशत से अधिक थी कमजोर माना गया और इसी आधार पर 52 प्राथमिक भूमि विकास बैंकों और राज्य भूमि विकास बैंकों की 13 शाखाओं को रिजर्व बैंक द्वारा इस उद्देश्य के लिए कमजोर निर्दिष्ट किया गया कि संबंधित राज्य सरकारें उनके पुनर्गठन की कार्यवाई करें।

*किसी प्राथमिक भूमि विकास बैंक/राज्य भूमि विकास बैंक की शाखा को तब सक्षम माना जाता है जब उसके ऋण कारोबार की राशि 30 लाख रुपयों तक पहुंच गयी हो, या तब क्षमता की संभावना रखनेवाला/रखनेवाली माना जाता है जब उसके ऋण कारोबार की राशि 20 लाख रुपयों तक पहुंच गयी हो।

ऋण के संबंध में विद्यमान खाइयों आदि का पता लगाने के लिए विशेष उपाय

205. कुछ राज्यों में सहकारी संस्थाओं से ऋण उपलब्ध होने में विद्यमान गतिरोधों को हटाने के उद्देश्य से उनके कार्य संचालन के दोषों को दूर करने के लिए कार्यवाइयां की गई। सहकारी संस्थाओं द्वारा प्रदत्त ऋण की सहायता से कृषि उत्पादन के विकास में तेजी लाने के लिए उत्तर प्रदेश, बिहार, जम्मू और काश्मीर, असम और मेघालय के लिए रिजर्व बैंक ने वृहत योजनाएं तैयार की। इन योजनाओं की प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार है : (क) प्राथमिक ऋण समितियों के शेयर खरीदने और उनके सदस्य बनने के लिए सहकारी संस्थाओं के गैर-सदस्यों को राज्य सरकारों द्वारा ऋण प्रदान कराना, (ख) केन्द्रीय सहकारी बैंकों और प्राथमिक कृषि समितियों की शेयर पूंजी में अंशदान करना ताकि वे अपने ऋण कार्यक्रमों को बनाये रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में उधार ले सके, (ग) संबंधित राज्य सरकारों द्वारा सहकारी बैंकों में दीर्घावधि जमाराशियां रखना ताकि वे रिजर्व बैंक आफ इंडिया आदि से लिये जाने वाले उधारों में से अतिदेय न होने वाली राशि के लिए राशि रक्षा राशि बनाये रखें।

206. दिसंबर 1972 में गवर्नर ने 'सहकारी ऋण संस्थाओं की अतिदेय राशियों के संदर्भ में अध्ययन दल' की नियुक्ति की, जो ऐसी अतिदेय राशियों के कारणों का विश्लेषण करेगा। इस दल को स्थिरीकरण संबंधी व्यवस्थाओं की पर्याप्तता का अध्ययन करना था और साथ ही परिवर्तन/पुनर्व्यवस्था सुविधाएं प्रदान करने और इस कार्य के लिए विभिन्न निधियों का संवर्द्धन करने में संबंधित नीतियों और क्रियाविधियों को युक्तिसंगत बनाने की आवश्यकता की भी छानबीन करनी थी। केरल में केन्द्रीय सहकारी बैंकों को, उनकी वित्तीय स्थिति और संगठन व्यवस्थाओं को देखते हुए जारी रखने के औचित्य या अनौचित्य के बारे में तथा ऋण संबंधी खाइयों को दूर करने के लिए संक्रमणकालीन व्यवस्था के रूप में राज्य सहकारी बैंक द्वारा समितियों का प्रत्यक्ष वित्तपोषण कराने की संभावनाओं के बारे में जांच पड़ताल करने के लिए गवर्नर ने दिसंबर 1972 में एक दूसरे दल की नियुक्ति की।

207. व्यापक सूखे की स्थिति के परिणामस्वरूप महाराष्ट्र में सहकारी ऋण वितरण की कार्यप्रणाली में बाधा पड़ी। अतः स्थिति की व्यापक जांच पड़ताल करने और उपयुक्त सिफारिशें करने के लिए रिजर्व बैंक के गवर्नर ने दिसम्बर 1972 में 'महाराष्ट्र की सहकारी कृषि ऋण संस्थाओं से संबंधित अध्ययन दल' की नियुक्ति की। मार्च 1973 में प्रस्तुत की गयी अपनी अंतरिम रिपोर्ट में इस दल ने निम्नलिखित सिफारिशें की है : चाहे सूखे की स्थिति 1972-73 में हुई हो या दो या तीन वर्षों में लगातार हुई हो, उसके आधार पर ऋण परिवर्तन सुविधाएं 3 से 7 वर्षों तक की अवधियों के लिए प्रदान की जाएं; रिजर्व बैंक द्वारा अपनी स्थिरीकरण निधि में से ऋण की 5/7 राशि के संदर्भ में 5 वर्षों की अधिकतम अवधि तक और शेष राशि के संदर्भ में उन मामलों में जहां परिवर्तन की अवधि को 5 वर्षों से अधिक बढ़ाना हो, राज्य/केन्द्रीय सहकारी बैंकों द्वारा 7 वर्षों तक मध्यावधि ऋण मंजूर किया जाए; और अनजाने में ऋण न चुकानेवाले ऋणकर्ताओं के संदर्भ में अतिदेय राशियों को मध्यावधि ऋणों में परिवर्तित करने की सुविधा प्रदान कर उनको पुनर्व्यवस्थित करने का कार्यक्रम बनाया जाए। उन प्रस्तावों का उद्देश्य सूखे से प्रभावित कृषकों को नये ऋण दिलाये जाने में सुविधा पहुंचाना था। महाराष्ट्र सरकार को ये प्रस्ताव प्रेषित किये गये और उन्हें कार्यान्वित करने के लिए वह आवश्यक कदम उठा रही है।

208. पश्चिम बंगाल की सहकारी कृषि ऋण संस्थाओं का अध्ययन करने के लिए गठित किये गये दल का उल्लेख पिछली रिपोर्ट में किया गया था। उक्त दल की सिफारिशों के अनुसरण में बंगाल सहकारी समिति अधिनियम, 1940 में संशोधन किया गया जिससे सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार को कमजोर केन्द्रीय सहकारी बैंकों को अन्य केन्द्रीय सहकारी बैंकों या राज्य सहकारी बैंक के साथ अनिवार्य रूप से समामेलित करने की शक्ति प्राप्त हो। पश्चिम बंगाल के 4 केन्द्रीय सहकारी बैंकों को 27 जनवरी 1973 को कारोबार बंद होने के समय से अधिस्थगन के अधीन रखते हुए जनवरी 1973 में भारत सरकार ने आदेश जारी किये जिससे इनमें से तीन बैंकों को एक राज्य सहकारी बैंक के साथ और एक बैंक को दूसरे केन्द्रीय सहकारी बैंक के साथ समामेलित करने की योजना को कार्यान्वित करने में सुविधा हो। इस संदर्भ में हुई प्रगति का पुनरीक्षण करने के उद्देश्य से पश्चिम बंगाल सरकार ने एक राज्य स्तरीय पुनरीक्षण समिति को नियुक्त किया है।

सहकारी ऋण नीति, क्रियाविधियां और कार्यकलाप

209. **खरीफ़** और **रबी** की फसलों के उत्पादन और विपणन के निमित्त 1971-72 में अलग अल्पावधि ऋण सीमाएं मंजूर करने की जो प्रणाली शुरू की गयी थी वह इस वर्ष के दौरान भी जारी रही; इसी प्रकार रूई और कपास के विपणन के लिए चयनात्मक ऋण नियंत्रणों के अंतर्गत जो विशेष ऋण व्यवस्थाएं की गयी थीं, उन्हें भी जारी रखा गया। ऋण प्रणाली को और सरल बनाया गया और 'कृषि के लिए ऋण प्रदान करने की उत्पादन प्रधान प्रणाली में संबंधित संशोधित नियमावली' में महत्वपूर्ण परिवर्तन किये गये। उक्त परिवर्तन निम्न प्रकार थे : (क) इसके पूर्व तीन या चार घटकों के वित्त की सिफारिश की गयी थी; उसके बदले अब दो घटकों अर्थात नकदी और वस्तुओं के वित्तीय मान निर्धारित किये जाएं, (ख) पहले के क्षेत्र कार्यकर्ता सम्मेलन के स्थान पर तकनीकी दल का गठन किया जाए, (ग) छोटे कृषकों और दूसरों के लिए अलग-अलग ऋण सीमा विवरणियां बनायी जाएं, (घ) जिन बड़े कृषकों के संदर्भ में यह अपेक्षा की जाती है कि कृषि से संबंधित कारोबार में अपने वित्तीय स्रोतों के एक भाग का वे पुनः उपयोग करें, उनको उपलब्ध ऋण की मात्रा को कम किया जाए, (ङ) विविध फसलों के क्षेत्र में या उन क्षेत्रों में जहां गन्ना, पान की बेल आदि नकदी फसलें उगायी जाती हैं, सावधि ऋण प्रदान किये जाने के बदले नकदी ऋण प्रणाली अमल में लायी जाए, और (च) निवेश वित्त में लाभान्वित भूमि में प्राप्त विकासोत्तर आय को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिक पद्धति से ऋण की वापसी अदायगी की क्षमता निर्धारित की जाए।

210. 1971-72 में समाप्त हुए तीन वर्षों के दौरान सहकारी ऋण अभियान में जो प्रगति हुई उसे संक्षेप में आगे की सारणी में दर्शाया गया है।

सारणी 23: सहकारी ऋण अभियान में प्रगति

(राशि करोड़ रुपयों में)

संस्था का प्रकार	1969-70	1970-71	1971-72*
1	2	3	4
(क) राज्य सहकारी बैंक			
(1) संख्या	25	25	26
(2) स्वाधिकृत निधियां	83	92	101
(3) जमाराशियां	234	279	329
(4) रिजर्व बैंक आफ इंडिया से लिए गये ऋण	219	242	229
(क) उनमें से अल्पावधि कृषि ऋण†	216	190	153
(5) कार्यकारी पूंजी	619	685	738
(6) जारी किए गए ऋण	707	749	928
(7) बकाया ऋण	510	534	552
(क) उनमें से अल्पावधि कृषि ऋण†	276	288	348
(8) (7-क)† में (4-क)† का प्रतिशत	78	66	44
(ख) केन्द्रीय सहकारी बैंक			
(1) संख्या	340	341	341
(2) स्वाधिकृत निधियां	174	199	223
(3) जमा राशियां	382	439	507
(4) रिजर्व बैंक आफ इंडिया/ शिखर बैंक से लिये गये ऋण	331	353	343@
(5) कार्यकारी पूंजी	928	1081	1174
(6) जारी किए गए ऋण	873	894	907
(7) बकाया ऋण	710	813	852
(ग) राज्य भूमि विकास बैंक			
(1) संख्या	19	19	19
(2) स्वाधिकृत निधियां	46	58	66
(3) बकाया डिबेंचर	571	725	882
(4) कार्यकारी पूंजी	638	841	1003
(5) जारी किए गये ऋण	153	168	148
(6) बकाया ऋण	510	638	731
(घ) प्राथमिक कृषि ऋण समितियां‡			
(1) संख्या (हजारों में)	163	161	144
(2) सदस्यता (हजारों में)	29766	30963	29754
(3) स्वाधिकृत निधियां	242	265	250
(4) जमाराशियां	63	69	71
(5) उधार	618	675	601
(6) जारी किये गये ऋण	540	578	584
(7) बकाया ऋण	711	781	789

†अनन्तिम।

@महाराष्ट्र को छोड़कर।

‡आन्ध्र प्रदेश तथा जम्मू और कश्मीर को छोड़कर।

अल्पावधि वित्त

211. अल्पावधि वित्त के क्षेत्र में रिजर्व बैंक ने निम्नलिखित उपाय किये : (i) यद्यपि खरीफ और रबी फसलों के लिए अलग-अलग ऋण सीमाएं प्रदान की गयी थीं फिर भी यह निर्धारित किया गया कि जहां रबी का मौसम प्रमुख हो, वहां रबी का वित्तपोषण पूरा हो जाने पर ऋण सीमाओं को कम कर खरीफ के स्तर तक लाया जाए और इन ऋण सीमाओं से जो राशि ली जाती है वह रबी मौसम के दौरान समितियों के वास्तविक वित्तपोषण के अनुरूप हो; (ii) रिजर्व बैंक ने इस बात को स्वीकार किया कि कृषकों द्वारा ग्राहक सेवा समितियों की सेवाओं के लिए देय प्रभारों को ऐसे व्यय के रूप में माना जाए जिसके लिए ऋण प्रदान करने की उत्पादन प्रधान प्रणाली के वस्तु घटक के रूप में अग्रिम प्रदान किये जा सकें; (iii) 1973 के दौरान उर्वरकों की खरीद, संग्रहण, वितरण आदि के निमित्त राज्य सहकारी बैंकों से वित्तीय सहायता का जो अनुरोध प्राप्त होगा उस पर रिजर्व बैंक सामान्यतः विचार नहीं करेगा; (iv) कृषि पुनर्वित्त निगम द्वारा खरीदे गये विशेष विकास डिबेंचरों की जमानत पर रिजर्व बैंक निगम को अपने अधिनियम की धारा 17(4क) के अंतर्गत बैंक दर पर अल्पावधि ऋण सीमाएं प्रदान करता रहा ; (v) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया अधिनियम की धारा 17(2) (खख) के अंतर्गत हथकरघा/बिजलीचालित करघा बुनकरों की सहकारी समितियों के उत्पादन और विपणन संबंधी कार्यकलापों का वित्तपोषण करने के लिए बैंक दर से 1½ प्रतिशत कम रियायती ब्याज दर पर रिजर्व बैंक वित्तीय सहायता प्रदान करता रहा ; किन्तु शर्त यह थी कि हथकरघा बुनकर समितियों से ली जानेवाली ब्याज दर 4½ प्रतिशत या भारत सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित किसी दूसरी ब्याज दर से अधिक न हो और बिजलीचालित करघा बुनकर समितियों के मामले में, जिनके लिए ब्याज उपदान योजना लागू नहीं थी, ली जाने वाली ब्याज दर अनुचित रूप से अधिक न हो; (vi) हथकरघा बुनकर सहकारी समितियों की कार्यकारी पूंजीगत आवश्यकताओं के वित्तपोषण के संदर्भ में मार्जिन बनाये रखने के लिए हिसाब में ली जाने वाली आस्तियों के संबंध में की गयी जो अस्थायी रियायतें मार्च 1973 के अंत तक अमल में थीं उनकी अवधि मार्च 1974 के अंत तक बढ़ा दी गयी और (vii) शिखर/प्रादेशिक बुनकर समितियों द्वारा धागे के व्यापार के लिए किये जाने वाले वित्तपोषण के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया अधिनियम की धारा 17(4) (ग) के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 17 (2) (क) के अंतर्गत रिजर्व बैंक ने बैंक दर पर जो ऋण सीमाएं प्रदान की थी उन्हें आलोच्य वर्ष में भी जारी रखा गया (सारणी 24)।

212. रूई और कपास पर राज्य और केन्द्रीय सहकारी बैंकों द्वारा दिये जाने वाले अग्रिमों को विनियमित करने के लिए किये गये चयनात्मक ऋण नियंत्रण संबंधी उपायों को आलोच्य वर्ष में इस उद्देश्य से जारी रखा गया कि मूल्य-वृद्धि होने की प्रत्याशा करते हुए स्टाक बनाये रखने की प्रवृत्ति को रोका जाए। कतिपय प्राथमिक सहकारी बैंकों द्वारा रूई और कपास पर दिये जाने वाले अग्रिमों पर भी ऐसे संदर्भों में उक्त उपाय लागू किये गये, जहां 1971-72 के दौरान दिये गये अग्रिमों की राशि 5 लाख रुपये या अधिक थी।

ऋण गारंटी योजना

213. मई 1973 के अंत तक भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों का पालन करते हुए 9 राज्य सहकारी बैंक, 49 केन्द्रीय सहकारी बैंक, 5 लाइसेंसीकृत प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक और 29 गैर लाइसेंसीकृत प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक आवश्यक करार निष्पादित कर योजना में शामिल हुए थे।

सहकारी संस्थाओं द्वारा औद्योगिक वित्त

214. रिजर्व बैंक ने यह निश्चय किया कि यदि कृषकों ने शहतूत के पौधों को विकसित किया हो और रेशम के कीड़ों को पाला हो तो रेशम-कोयों के उत्पादन और उनकी बिक्री की स्थिति तक के कार्यकलापों को कृषि संबंधी कार्यकलाप माना जाएगा और इस उद्देश्य के लिए कृषक प्राथमिक कृषि ऋण समितियों से वित्तीय सहायता प्राप्त करने योग्य होंगे और इस वित्तीय सहायता के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया अधिनियम की धारा 17(2) (ख) के अंतर्गत पुनर्वित्त प्राप्त होगा।

215. एक व्यक्ति द्वारा किये जाने वाले रेशम उत्पादन संबंधी सभी कार्यकलापों को रिजर्व बैंक आफ इंडिया अधिनियम की धारा 17(2) (खख) के अधीन बैंक दर पर उपलब्ध पुनर्वित्त के उद्देश्य के लिए लघु उद्योग कार्यकलापों के अंतर्गत स्वीकार किया गया। जो रेशम-उत्पादक सहकारी आधार पर संगठित न हों, परन्तु सम्मिलित रूप से रेशम उत्पादन संबंधी कार्य करते हों, उन्हें अपनी कार्यकारी पूंजीगत आवश्यकताओं के लिए प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों द्वारा वित्तीय सहायता मिलती रहेगी और उस सहायता के लिए उक्त बैंक रिजर्व बैंक से प्रतिपूर्ति प्राप्त कर सकते हैं।

216. बुनकर समितियों से भिन्न दूसरी औद्योगिक सहकारी समितियों को उनकी कार्यकारी पूंजीगत आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त ऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया अधिनियम की धारा 17(2) (खख) या 4(ग) के अधीन ऋणों के लिए निर्धारित मार्जिन के स्थान पर स्वीकार्य मदों की सूची को व्यापक बनाकर रियायतें प्रदान की गयीं। महाराष्ट्र में नियोजन गारंटी योजना के अधीन, खंड स्तरीय देहाती कारीगरों की विविध उद्देश्यीय सहकारी समितियों का गठन किया गया है ताकि उत्पादन और बिक्री संबंधी कार्यों में संलग्न कारीगरों को ऋण तथा अन्य सुविधायें प्रदान की जा सकें। ऐसी समितियों को उनके द्वारा कारीगरों को प्रदान किये जाने वाले कार्यकारी पूंजीगत अग्रिमों के संदर्भ में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया अधिनियम की धारा 17 (2) (ख) या 4(ग) के अधीन पुनर्वित्त प्रदान करने के लिए रिजर्व बैंक ने विशेष रूप से मान्यता दी है।

217. गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पंजाब और आन्ध्र प्रदेश की राज्य सरकारों ने बुनकर समितियों को छोड़कर अन्य औद्योगिक सहकारी समितियों के बारे में कार्यकारी दल द्वारा की गयी परिकल्पना के अनुसार इस बात का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण किया था कि उनमें से कौन-कौन सी समितियां सक्षम हैं, क्षमता की संभावना रखती हैं और अक्षम हैं। किन्तु उन सरकारों ने अभी पुनर्गठन का कार्य समाप्त नहीं किया है। बिहार, केरल, राजस्थान, मैसूर, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल राज्यों ने सर्वेक्षण कार्य आरंभ किया है और शेष राज्यों और संघशासित क्षेत्रों को इस दिशा में अभी कार्य प्रारंभ करना है।

218. गुजरात, मणिपुर और महाराष्ट्र राज्यों की सरकारों ने राज्य सहकारी समिति अधिनियम और प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों की उपविधियों में संशोधन किया है ताकि अलग-अलग मालिकों, साझेदारी-युक्त फर्मों, मिश्रित पूंजी कंपनियों, आदि द्वारा स्वाधिकृत कुटीर और लघु उद्योगों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा सके। अन्य राज्यों में संबंधित राज्य सरकारों के साथ इस विषय पर विचार-विमर्श किया जा रहा है।

सारणी 24 : सहकारी संस्थाओं को रिजर्व बैंक द्वारा 1971-72 और 1972-73 में दिये गये ऋण

(राशि करोड़ रुपयों में)

वित्तीय सहायता का उद्देश्य	1971-72 (जुलाई-जून)				1972-73 (जुलाई-जून††)			
	मंजूर की गयी सीमाएं	लिये गये ऋण	चुकौतियां	बकाया राशि	मंजूर की गयी सीमाएं	लिये गये ऋण	चुकौतियां	बकाया राशि
	1	2	3	4	5	6	7	8
1. अल्पावधि								
(i) कृषि संबंधी मौसमी कार्यकलाप (बैंक दर से 2% कम दर पर)	394.04	468.51	505.27	152.08	415.38	596.67	603.84	144.91
(ii) रुई और कपास को छोड़कर अन्य फसलों का विपणन	3.18	3.59	2.96	0.66	51.20	9.33	9.41	0.58
(iii) रुई और कपास का विपणन (रुई की एकाधिकार उगाही सहित)	11.70	10.25	10.10	1.19		113.61	111.88	2.92
(iv) उर्वरकों की खरीद और वितरण (बैंक दर से 2% अधिक दर पर)*	24.75	23.04	18.49	8.76	14.75	7.50	13.51	2.75
(v) हथकरघे पर वस्त्रों का उत्पादन और उनका विपणन (बैंक दर से 1½% कम दर पर) @	12.76	14.92	13.24	9.51	13.99	9.13	10.91	7.73
(vi) अन्य कुटीर और लघु उद्योगों का वित्तपोषण @	0.86	0.59	0.20	0.03	0.56	0.30	0.22	0.11
(vii) धागे की खरीद और बिक्री (बैंक दर पर) @	0.97	0.14	0.17	कुछ नहीं	0.92	0.09	0.06	0.03
(viii) कृषि पुनर्वित्त निगम को ऋण (बैंक दर पर)	8.00	1.36	8.88	कुछ नहीं	15.00	4.89	1.19	3.70
2. मध्यावधि								
(i) कृषि उद्देश्य (बैंक दर से 1½% कम दर पर)†	18.14	13.09	12.59	24.30	8.72	—	7.42	16.88
(ii) अभावग्रस्त क्षेत्रों में अल्पावधि ऋणों का मध्यवधि ऋणों में परिवर्तन (बैंक दर से 1½% कम दर पर)	31.39	24.08	12.04**	25.70**	24.45** (48.85)	39.22** (28.87)	23.86** (0.26)	41.06** (27.60)
(iii) सहकारी चीनी कारखानों/अभिसंरकरण समितियों के शेयरों की खरीद (बैंक दर पर)	3.43	0.25	0.14	0.62	1.85	0.80	0.33	1.09
3. दीर्घावधि								
(i) सहकारी ऋण संस्थाओं की शेयर पूंजी में अंशदान करने के लिए राज्य सरकारों को दिये गये ऋण @	16.38	14.14	4.72	51.34	16.29	18.69	4.48	65.55
(ii) कृषि पुनर्वित्त निगम को दिये गये दीर्घावधि ऋण (वार्षिक 4¼%/4¾% की दर पर)	5.00	5.00	—	5.00	25.00	30.00	0.50	34.50

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया अधिनियम की धारा 18 (1) (3) के अंतर्गत मंजूर किये गये और लिये गये उन ऋणों को दर्शाते हैं जिन्हें 1-7-1973 के बाद मध्यावधि ऋणों (परिवर्तन) के रूप में समायोजित किया जाएगा।

* 1972 के पहले उर्वरकों की खरीद और वितरण के लिए रिजर्व बैंक द्वारा बैंक दर पर वित्तपोषण किया जाता था, परन्तु उक्त दर को वाणिज्य बैंकों की ब्याज दरों के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से जनवरी 1972 से बढ़ाकर बैंक दर से 2% अधिक बना दिया गया। उक्त आंकड़े 1971 और 1972 के कैलेण्डर वर्षों से सम्बन्धित हैं।

** पुनर्व्यवस्था को मिलाकर

@आंकड़े वित्तीय वर्ष से सम्बन्धित हैं।

†1971-72 के आंकड़े दिसम्बर 1972 तक के हैं और 1972-73 के आंकड़े जून 1973 तक 1973 के कैलेण्डर वर्ष से सम्बन्धित हैं

††अनन्तिम।

मध्यावधि वित्त

219. मध्यावधि वित्त के क्षेत्र में रिजर्व बैंक ने निर्धारणीय उत्पादक उद्देश्यों के लिए अधिकाधिक मात्रा में ऋण उपलब्ध कराने की अपनी नीति को जारी रखा। रिजर्व बैंक से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए इसके पहले यह शर्त लगायी गयी थी कि केन्द्रीय सहकारी बैंक अपने द्वारा प्रदान किए गये कुल मध्यावधि ऋणों का कम से कम 40 प्रतिशत अंश सरलता पूर्वक निर्धारणीय उत्पादक उद्देश्यों के लिए वर्ष के दौरान प्रदान करें; उक्त शर्त इस वर्ष भी जारी रही। इस उद्देश्य से कि रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित अनुशासन का पालन हो, केन्द्रीय सहकारी बैंकों और सहकारी विभाग का ध्यान निम्न-लिखित महत्वपूर्ण तथ्यों की ओर आकर्षित किया गया :

(i) ऐसे लघु सिंचाई उद्देश्यों के लिए जिन पर 5 लाख रुपये या उससे अधिक राशि का परिव्यय होगा, दिये जाने वाले ऋणों के संबंध में भूमिगत जल की संभाव्यता के बारे में सक्षम प्राधिकारी का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाए।

(ii) कृषि पुनर्वित्त निगम/अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ की योजनाओं के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में लघु सिंचाई के उद्देश्यों के लिए प्राप्त प्रस्तावों को कृषि पुनर्वित्त निगम की स्वीकृति के बिना स्वीकार न किया जाए।

(iii) केन्द्रीय सहकारी बैंकों तथा भूमि विकास बैंकों द्वारा लघु सिंचाई के उद्देश्यों के लिए मध्यावधि ऋण मंजूर किये जाने से संबंधित शर्तों में समानता हो।

(iv) पशुओं की खरीद, मुर्गीपालन, सुअर पालन, और भेड़/बकरी पालन संबंधी कार्यकलापों के लिए बनाये जानेवाले कार्यक्रम आर्थिक और वाणिज्यिक दृष्टि से सक्षम हों।

220. रिजर्व बैंक ने यह संकेत किया है कि ट्रैक्टर खरीदने के लिए भूमि की जमानत पर जोर न देते हुए ट्रैक्टर को ही दृष्टिबंधक रखने पर उन कृषकों को पंचवर्षीय मध्यावधि ऋण प्रदान किये जाएं जो इस बात को सिद्ध कर सकते हों कि प्रति वर्ष कम से कम 60 हैक्टेयर क्षेत्रफल वाली कृषि भूमि पर खेती करने या उनकी अपनी भूमि पर 1500 घंटे तक उत्पादक कार्य करने के लिए या कतिपय शर्तों के अधीन ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए ट्रैक्टर का उपयोग किया जाएगा।

221. चीनी कारखानों, रूई ओटनेवाली मिलों और मूंगफली के तेल की मिलों, चावल मिलों और सहकारी कताई मिलों के शेयर खरीदने के लिए ऋण मंजूर किये जाने से संबंधित शर्तों को उदार बनाया गया है। भारत सरकार द्वारा पिछड़े/औद्योगिक दृष्टि से कम विकसित क्षेत्रों के रूप में घोषित किये गये इलाकों में स्थापित/स्थापना करने के लिए प्रस्तावित अभिसंस्करण समितियों की शेयर पूंजी के लिए दिये जाने वाले ऋण के संदर्भ में सदस्यों को 25 प्रतिशत का जो अंशदान करना था उसे घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है; इसके अलावा 5 प्रतिशत का जो नियमित अंशदान पहले से ही निर्धारित है वह भी जारी रहेगा।

222 मध्यावधि वित्त के क्षेत्र को व्यापक बनाकर उसे उन कृष्येतर व्यक्तियों और कृषि श्रमिकों के लिए भी लागू कर दिया गया है जिन्हें दुधारू पशु खरीदने और मुर्गी पालन से संबंधित कार्य-कलापों के लिए रिजर्व बैंक से उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग करने के लिए पात्र स्वीकार किया गया है; परन्तु ऐसे ऋण भाजित बनाए रखने, पशुओं या पक्षियों की मृत्यु के कारण होने वाली हानियों को बट्टेखाते डालने के लिए बीमा निधियों का निर्माण करने आदि से संबंधित कतिपय शर्तों के अधीन प्रदान किये जायेंगे।

223. 11 राज्य सहकारी बैंकों के लिए राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि से कुल 24.45 करोड़ रुपयों और सामान्य निधि से 48.85 करोड़ रुपयों की ऋण सीमाएं मंजूर की गयी ताकि वे अल्पावधि ऋणों को मध्यावधि ऋणों में परिवर्तित कर सकें, उक्त ऋण सीमाओं के साथ पहले दिये गये ऋणों की पुनर्व्यवस्था भी की गयी है। रिजर्व बैंक ने इस बात पर जोर नहीं दिया कि किसी विशिष्ट अवधि में राज्य सहकारी बैंकों द्वारा दिये गये विशिष्ट ऋणों से परिवर्तन सुविधाओं को प्रत्यक्षतः संबद्ध किया जाए; किन्तु उन्हें रिजर्व बैंक से प्राप्त उधारों के अपेक्षित अंश को परिवर्तित करने की अनुमति दी गयी चाहे किसी भी तारीख को वित्त उपलब्ध किया गया हो। रिजर्व बैंक ऐसे योग्य मामलों में जहां रिजर्व बैंक से प्राप्त ऋणों की अवधि समाप्त होने के पहले औपचारिकताएं पूरी नहीं की जा सकी, अल्पावधि उधारों की चुकौती की अवधि को तीन महीने तक बढ़ाने के संबंध में भी विचार करता रहा। देश के कई भागों में व्यापक रूप से सूखा पड़ने के कारण यह आवश्यक हो गया कि अल्पावधि ऋणों को मध्यावधि ऋणों में परिवर्तित किया जाए; इस कारण रिजर्व बैंक को ऋण परिवर्तन की जो मंजूरी देनी पड़ी वह अभूतपूर्व थी। इसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि में इस वर्ष के लाभ में से 40 करोड़ रुपयों तक का विनियोजन कर और निधी की कुल राशि को 85 करोड़ रुपयों तक बढ़ाकर उक्त निधि को मजबूत बनाना पड़ा।

शेयर पूंजी ऋण

224. चालू वर्ष के दौरान दीर्घकालीन क्रिया निधि से राज्य सरकारों को सहकारी ऋण संस्थाओं विशेषकर उन संस्थाओं जिन्हें पुनर्गठन कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किया गया है, की शेयर पूंजी में अंशदान करने के लिए उदारतापूर्वक ऋण प्रदान करने की नीति जारी रही। 1972-73 के वित्तीय वर्ष के दौरान 7 शिखर बैंकों, 100 केन्द्रीय सहकारी बैंकों, 5571 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, 5 केन्द्रीय भूमि विकास बैंकों, 113 प्राथमिक भूमि विकास बैंकों और 34 प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों की शेयर पूंजी में अंशदान करने के लिए राज्य सरकारों को दीर्घकालीन क्रिया निधि से कुल 16.29 करोड़ रुपयों के ऋण प्रदान किये गये। इन ऋणों से संबंधित शर्तों में इस वर्ष संशोधन किया गया ताकि राज्य सरकारों के पास ऋण लेने की तारीख से तीन महीनों से अधिक अवधि तक जो राशि बिना वितरित हुए पड़ी रहती है उसे रिजर्व बैंक इस संबंध में उचित सूचना देने के बाद उन सरकारों के लेखों में नामे डालकर वसूल करने का अधिकार प्राप्त कर सकें।

दीर्घावधि वित्त

225. रिजर्व बैंक ने भूमि विकास बैंकों के डिबेंचर कार्यक्रम के लिए पर्याप्त सांस्थानिक सहायता प्रदान की। 1972-73 के वित्तीय वर्ष के 126 करोड़ रुपयों के परिशोधित डिबेंचर कार्यक्रम के स्थान पर भूमि विकास बैंकों ने वास्तव में 96.48 करोड़ रुपयों के डिबेंचर जारी किये जिनमें से 67 करोड़ रुपयों का अभिदान केन्द्रीय और राज्य सरकारों के अभिकरणों, भारतीय जीवन बीमा निगम, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, अन्य वाणिज्य बैंकों और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया जैसी संस्थाओं ने किया। शेष 29.48 करोड़ रुपयों की राशि पारस्परिक सहायता से प्राप्त हुई। लक्ष्य की प्राप्ति में 29.52 करोड़ रुपयों

की जो कमी हुई वह मुख्यतः अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ की परियोजनाओं के अधीन कतिपय राज्यों में, विशेषकर आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु, मैसूर, गुजरात और महाराष्ट्र, में दिये गये ऋणों के कारण हुई।

226 रिजर्व बैंक ने प्रमुख निवेशकों और केन्द्रीय भूमि विकास बैंकों के प्रतिनिधियों की एक बैठक फरवरी 1973 में आयोजित की; उक्त बैठक में 1973-74 के वित्तीय वर्ष के लिए 156 करोड़ रुपयों के ऋण कार्यक्रम के मुकाबले में 131 करोड़ रुपयों के डिबेंचर कार्यक्रम का अनुमोदन किया गया। पारस्परिक सहायता कार्यक्रम से 117 करोड़ रुपये प्राप्त किये जायेंगे और यह आशा की गयी कि शेष 14 करोड़ रुपये वे अपनी ओर से जुटाएंगे। संस्थानिक सहायता को प्राथमिक समितियों/केन्द्रीय भूमि विकास बैंकों की शाखाओं के अतिदेय ऋणों से संबद्ध करने की प्रणाली का उल्लेख पिछली रिपोर्ट में किया गया था, उक्त प्रणाली इस वर्ष भी जारी रही।

227. राज्य भूमि विकास बैंकों के लिए 1972-73 के वित्तीय वर्ष में 7 करोड़ रुपयों के ग्रामीण डिबेंचरों का कोटा निश्चित किया गया। अप्रैल 1972 और मार्च 1973 के बीच 11 बैंकों को कुल 292.92 लाख रुपयों के ग्रामीण डिबेंचरों की शृंखलाएं जारी करने की अनुमति दी गयी। जो भूमि विकास बैंक ग्रामीण डिबेंचरों के अपने कोटे को प्राप्त करने में असफल रहे, उनके 1972-73 के सामान्य डिबेंचर कार्यक्रम के लिए दी जानेवाली सहायता में व्यक्तियों से प्राप्त अंशदानों में हुई कमी के 10 गुने तक कमी की गयी।

228 रिजर्व बैंक ने केवल ऐसे ऋणों को प्रोत्साहित किया जो सरलतापूर्वक निर्धारणीय उत्पादक उद्देश्यों के लिए दिये जाते हैं और पहले लगायी गयी निम्नलिखित शर्तों पर इस वर्ष भी जोर दिया गया। भूमि विकास बैंकों द्वारा प्रदान किये जानेवाले ऋणों का 90 प्रतिशत उत्पादक उद्देश्यों के लिए प्राप्त हो और उसमें से 70 प्रतिशत ऋण सरलतापूर्वक निर्धारणीय उत्पादक उद्देश्यों के लिए उपलब्ध हों। भूमि विकास बैंकों को यह अनुमति दी गयी कि वे नीचे दिये हुए उद्देश्यों को निर्धारिणी उत्पादक उद्देश्यों के अन्तर्गत शामिल कर ले बशर्ते कि संबंधित योजनाएं तकनीकी योग्यताप्राप्त एजेंसियों द्वारा बनायी और अमल में लायी गई हों :

(i) भूमि को समतल बनाना, उस पर मेड़ बनाना और उसका उद्धार करना।

(ii) भूमि संरक्षण या खेतों को सीढ़ीदार बनाना।

(iii) बाढ़ को रोकने के लिए जल विकास नालियों का निर्माण करना या भूक्षरण को रोकने के लिए भूमि पर मेड़ बनाना।

(iv) फलोद्यानों के लिये भूमि को तैयार करना।

229. दीर्घकालीन वित्तपोषण के क्षेत्र में इस वर्ष किये गये महत्वपूर्ण नीति संबंधी परिवर्तन निम्न प्रकार थे :

(i) भूमि विकास बैंकों को पहले की तरह 10 और 15 वर्षीय डिबेंचर शृंखलाओं के अलावा 12 वर्षीय डिबेंचर जारी करने की भी अनुमति दी गयी। 10 वर्षीय डिबेंचरों की अपेक्षा 12 वर्षीय डिबेंचरों की ब्याज-दर थोड़ी सी अधिक है, किन्तु 15 वर्षीय डिबेंचरों के निर्गम मूल्य में थोड़ी सी कमी की गयी। अन्य शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

(ii) भूमि विकास बैंकों को यह सूचित किया गया कि वे

(क) भूमि के विकास कार्य के बाद होने वाली आय के आठ गुने तक भूमि का मूल्यांकन करें और विकास कार्य से लाभान्वित होने वाली भूमि से अधिक मात्रा में जो शुद्ध आय प्राप्त होती है उसके 75 से 90 प्रतिशत तक उधारकर्ताओं के ऋण के कुल आकार के आधार पर उनकी ऋण चुकाने की क्षमता निर्धारित करें ;

(ख) ट्रैक्टरों, फसल काटने की मशीनों आदि की खरीद के लिये दिये जाने वाले ऋणों के नकदी भुगतान की मात्रा को निवेश की लागत के 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दें,

(ग) जनजातियों से प्राप्त ऐसे ऋण आवेदनपत्रों पर विचार करें जिनमें ऋण का कुछ अंश पिछले कर्जों को चुकाने और जमानत के रूप में दी जानेवाली भूमि को बंधक से छुड़ाने के उद्देश्य के लिये मांगा गया हो।

(घ) उधारकर्ताओं से सहकारी चीनी कारखानों के शेयर खरीदने के लिये प्राप्त ऋण आवेदन पत्रों पर ऐसे संदर्भों में ऋण चुकाने की उनकी क्षमता के अनुसार विचार करें जहां कुआं खोदने, पम्प सेट खरीदने या भूमि को बंधक से छुड़ाने आदि उद्देश्यों के लिये ऋण मांगा गया हो ; और

(ङ) यह सुनिश्चित करें कि 1973-74 में प्रदान किये जाने वाले अग्रिमों का कम से कम 20 प्रतिशत छोटे कृषकों के लिये हो।

230. रिजर्व बैंक ने सहकारी भूमि विकास बैंकों के संबंध में एक समिति का गठन किया है जो भूमि विकास बैंकों की कार्यप्रणाली के सभी पहलुओं का अध्ययन करेगी और उन बैंकों में पायी जानेवाली कमियों को यथाशीघ्र दूर करने के लिये आवश्यक सुधार के समुचित उपाय सुझायेगी।

सहकारी बैंककारी विनियमन

231. इस वर्ष के दौरान एक राज्य सहकारी बैंक और 5 प्राथमिक सहकारी बैंकों को बैंककारी विनियमन अधिनियम 1949 (सहकारी समितियों पर लागू) की धारा 22 के अधीन भारत में बैंक व्यवसाय शुरू करने के लिये लाइसेंस दिये गये ; इनसे लाइसेंसीकृत सहकारी बैंकों की कुल संख्या बढ़कर 44 हो गयी। सहकारी बैंकों के कार्यालयों की संख्या 30 जून 1972 को 5562 थी और उक्त संख्या बढ़कर 31 मार्च 1973 को 5841 हो गई (राज्य सहकारी बैंकों के 208, केन्द्रीय सहकारी बैंकों के 4516 और प्राथमिक सहकारी बैंकों के 1117 कार्यालय हैं)। 1 जुलाई 1972 से 30 जून 1973 तक की अवधि के दौरान राज्य और प्राथमिक सहकारी बैंकों को 73 नये कार्यालय खोलने के लिए लाइसेंस दिये गये जबकि पिछले वर्ष 74 लाइसेंस दिए गये थे।

232. 30 जून 1973 को बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 के कार्यक्षेत्र के अधीन आने वाले सहकारी बैंकों की संख्या 1383 (28 राज्य सहकारी बैंक, 367 केन्द्रीय सहकारी बैंक और 988 प्राथमिक सहकारी बैंक) थी जबकि इस वर्ष के प्रारंभ में ऐसे सहकारी बैंकों की संख्या 1336 थी। इस वर्ष के दौरान बैंकों की संख्या में हुई इस वृद्धि का प्रमुख कारण यह था कि प्राथमिक सहकारी बैंकों की सूची में कतिपय कृष्येतर ऋण समितियों को भी शामिल कर लिया गया है।

233. 7 केन्द्रीय सहकारी बैंकों ने बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 11(1) के उपबंधों का पालन नहीं किया और 5 केन्द्रीय सहकारी बैंकों के संबंध में या तो समामेलन/परिसमापन की प्रक्रिया चल रही थी या उनके लिए अधिस्थगन आदेश दिये गये थे। बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 11 (1) के उपबंधों से जिन 11 प्राथमिक सहकारी बैंकों को छूट दी गयी थी उनमें से 4 बैंकों ने बाद में निर्धारित शर्तों का पालन कर दिया और 4 बैंकों के संबंध में परिसमापन का प्रस्ताव किया गया है। इस वर्ष के दौरान और छः बैंकों ने संबंधित उपबंधों का पालन नहीं किया। रिजर्व

बैंक ने भारत सरकार को यह सिफारिश की है कि बैंककारी विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 11 के उपबंधों से 28 फरवरी, 1974 तक 9 बैंकों को छूट दी जाए। इनमें उन 3 बैंकों के आवेदन भी शामिल हैं जिन्हें 28 फरवरी, 1973 तक छूट दी गयी थी। रिजर्व बैंक इन बैंकों की वित्तीय स्थिति और कार्य पर कड़ी निगरानी रखता आ रहा है।

234. इस वर्ष के दौरान 12 राज्य सहकारी बैंकों, 218 केन्द्रीय सहकारी बैंकों, 10 राज्य/केन्द्रीय भूमि विकास बैंकों और 2 शिखर बुनकर समितियों के निरीक्षण से संबंधित 242 रिपोर्टें जारी की गयीं। इस वर्ष के दौरान जिन 471 प्राथमिक सहकारी बैंकों का निरीक्षण किया गया उनमें से 97 बैंकों का निरीक्षण बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी समितियों पर लागू) की धारा 35(1) के अधीन रिजर्व बैंक की ओर से राज्य सहकारी बैंकों के अधिकारियों द्वारा किया गया। इस वर्ष 433 प्राथमिक सहकारी बैंकों की निरीक्षण रिपोर्टें जारी की गयीं। केन्द्रीय कृषि ऋण विभाग के अधिकारियों द्वारा अहमदाबाद, मद्रास, गौहाटी, चंडीगढ़, पटना, कलकत्ता और भुवनेश्वर के क्षेत्रीय कार्यालयों में 7 निरीक्षण विचारगोष्ठियां आयोजित की गयीं। उक्त गोष्ठियों का उद्देश्य यह था कि निरीक्षण अधिकारी अपनी निरीक्षण रिपोर्ट को अधिकाधिक उपयोगी बना सकें और बैंकों के हित के लिए कार्य-प्रधान योजनाएं बनाने में सुविधा हो।

235. जमा बीमा निगम द्वारा जून 1973 के अंत तक आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, और महाराष्ट्र राज्यों और गोवा, दमन और दीव के संघ शासित क्षेत्रों के 404 सहकारी बैंकों को पंजीकृत किया गया जबकि इस प्रकार पंजीकृत सहकारी बैंकों की संख्या वर्ष के आरंभ में 391 थी। जम्मू और कश्मीर राज्य और दिल्ली के संघशासित क्षेत्र ने अधिक्रमण, समापन, समामेलन, पुनर्गठन, आदि के संबंध में रिजर्व बैंक को शक्तियां प्रदान करते हुए अपने-अपने सहकारी समिति अधिनियमों में आवश्यक संशोधन पारित कर दिये हैं और उपर्युक्त राज्य और संघशासित क्षेत्र में शीघ्र ही जमा बीमा योजना लागू किये जाने की आशा है। रिजर्व बैंक शेष राज्य सरकारों/संघशासित क्षेत्रों के साथ इस संबंध में उपयुक्त वैधानिक उपाय करने के लिए विचार-विमर्श करता रहा ताकि उनके कार्य क्षेत्र में स्थित सहकारी बैंकों पर भी यह योजना लागू की जा सके।

कृषि पुनर्वित्त निगम

236. कृषि पुनर्वित्त निगम ने 30 जून 1973 को अपने कार्यकाल के 10 वर्ष समाप्त किये। निगम ने जुलाई 1972-जून 1973 के वर्ष में 94 करोड़ रुपयों की राशि वितरित की। इस राशि में चार राज्यों की भूमि विकास बैंकों को अपने सामान्य ऋण कार्यक्रमों से अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ के ऋण कार्यक्रम/परियोजनाओं में अंतरित होने के लिए प्रदान किये गये 29 करोड़ रुपये भी शामिल थे। पिछले वर्ष वितरित की गयी राशि 35 करोड़ रुपये थी। निगम ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक कुल 219 करोड़ रुपये वितरित किये हैं।

237. निगम ने अधिकांश पुनर्वित्त लघु सिंचाई (77 प्रतिशत) और भूमि विकास (12 प्रतिशत) के लिए प्रदान किया (सारणी 25)। इस वर्ष के दौरान ऋणों के उद्देश्यों में विविधता लाने के लिए प्रयत्न किये गये। 1972-73 के दौरान मंजूर की गयी 230 योजनाओं में से लगभग 101 योजनाएं लघु सिंचाई को छोड़कर अन्य उद्देश्यों अर्थात् भूमि विकास, भूमि संरक्षण, खेतों के समीनीकरण, बागान और बागवानी, मुर्गीपालन, मत्स्य उद्योग, डेरी और ऐसे अन्य उद्देश्यों से संबंधित थी।

238. 1972-73 के दौरान निगम ने हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात और तमिलनाडु में किये जाने वाले अपने कार्यों के स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि की। अब तक जिन राज्यों ने निगम की पुनर्वित्त सुविधाओं का लाभ उठाया है, वे दक्षिणी, पश्चिमी और उत्तरी क्षेत्रों के हैं और निगम द्वारा प्रदान की गयी पुनर्वित्त सुविधाओं में उन राज्यों को प्राप्त अंश क्रमशः 32 प्रतिशत, 25 प्रतिशत और 26 प्रतिशत था (सारणी 26)। दूसरे क्षेत्रों को प्राप्त सहायता अपेक्षाकृत कम थी। क्योंकि वहां आवश्यक मूल वस्तुएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं थीं। विभिन्न संस्थाओं से प्राप्त ऋण की मात्रा कम थी और मूलभूत तकनीकी आंकड़े अपर्याप्त थे। परन्तु जहां उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश को कुछ वर्ष पहले तक कम ऋण ही उपलब्ध होते थे वहां वे राज्य फिलहाल अपने यहां उपलब्ध सुविधाओं को बढ़ा सके हैं और अधिक मात्रा में पुनर्वित्त सुविधाओं का लाभ उठा सके हैं। निगम यह आशा करता है कि निकट भविष्य में उड़ीसा को अधिक सहायता प्रदान की जा सकेगी। शेष पूर्वी और पूर्वोत्तरी क्षेत्रों में जो विकास प्रयत्न किये जा रहे हैं उनका कुछ समय बाद अच्छा परिणाम निकल आने की आशा है।

239. भूमि विकास बैंक पहले की तरह अब भी प्रमुख एजेन्सी के रूप में कार्य करते हैं और उनके माध्यम से निगम की सहायता वितरित की गयी। 1972-73 में कुल 94 करोड़ रुपयों की जो राशि वितरित की गयी उसमें से भूमि विकास बैंकों के माध्यम से वितरित की गयी राशी 86 करोड़ रुपये थी। उक्त राशि में अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ के कार्यक्रमों के लिए अंतरित किये गये 29 करोड़ रुपये भी शामिल हैं (सारणी 27)। परन्तु राज्य सहकारी बैंकों और वाणिज्य बैंकों के माध्यम से दी जाने वाली सहायता में क्रमशः वृद्धि हो रही है। आशा की जाती है कि कृषि के वित्तपोषण के लिए वाणिज्य बैंकों के संगठन को मजबूत बनाये जाने और भौगोलिक विस्तार को बढ़ाने और कार्यकलापों में विविधता लाने के संदर्भ में निगम द्वारा अधिक जोर दिये जाने के फलस्वरूप वाणिज्य बैंकों को सहायता कार्यक्रम में अधिक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त होगा।

240. आलोच्य वर्ष में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में लघु सिंचाई के लिए अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ की क्रमशः 380 लाख डालर और 330 लाख डालर की सहायता से युक्त दो और ऋण परियोजनाओं और मैसूर राज्य में विपणन की गतिविधियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ की 80 लाख डालर की सहायता युक्त एक परियोजना को अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ का अनुमोदन प्राप्त हुआ। इस प्रकार अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ की सहायता के साथ कृषि पुनर्वित्त निगम द्वारा वित्तपोषण की जाने वाली परियोजनाओं की संख्या बढ़कर बारह हो गयी है। इनके अलावा अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक उत्तर प्रदेश में एक परियोजना का वित्तपोषण कर रहा है। इन 12 परियोजनाओं के अधीन अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ से प्राप्त सहायता की कुल राशि 3,160 लाख डालर होगी।

241. निगम ने मई 1973 में 5 करोड़ रुपयों के शेयर निर्गम की तीसरी श्रृंखला के लिए अभिदान आमंत्रित किया। इस निर्गम में पूर्णरूप से अभिदान किया गया और 1 जुलाई 1973 से शेयरों का आवंटन किया गया। इस वर्ष के दौरान निगम ने भारत सरकार से 48 करोड़ रुपये उधार लिये। भारत सरकार से प्राप्त राशि का बकाया अंश 30 जून 1973 को 125 करोड़ रुपये था। निगम ने खुले बाजार में बांड जारी कर 11 करोड़ रुपयों की राशि एकत्र की और रिजर्व बैंक

सारणी 25 : उद्देश्य के अनुसार पुनर्वित्त का वितरण

(करोड़ रुपये)

उद्देश्य	1963 से 1968 तक	1968-69	1969-70	1970-71	1971-72	1972-73	जोड़
1. लघु सिंचाई	1.29	11.54	22.33	23.06	26.74	84.18*	169.14
	(10.20)	(64.69)	(78.08)	(75.31)	(76.44)	(89.42)	(77.29)
2. भूमि विकास और भूमि संरक्षण	10.12	3.76	3.32	4.37	2.37	2.30	26.24
	(80.00)	(21.08)	(11.61)	(14.27)	(6.77)	(2.44)	(11.99)
3. खेतों का मशीनीकरण	0.03	0.11	0.16	0.11	0.36	2.18	2.95
	(0.24)	(0.62)	(0.56)	(0.36)	(1.03)	(2.32)	(1.35)
4. बागान और बागबानी	1.01	1.06	1.50	1.99	2.05	1.49	9.10
	(7.98)	(5.94)	(5.24)	(6.50)	(5.86)	(1.58)	(4.16)
5. मुर्गी पालन	—	0.01	0.06	—	—	0.15	0.22
	(—)	(0.06)	(0.21)	(—)	(—)	(0.16)	(0.10)
6. मत्स्य उद्योग	0.20	0.36	0.36	0.37	0.59	0.12	82.00
	(1.58)	(2.02)	(1.26)	(1.21)	(1.69)	(0.13)	(0.91)
7. डेरी	—	—	—	—	0.39	0.26	0.65
	(—)	(—)	(—)	(—)	(1.11)	(0.38)	(0.30)
8. भंडार सुविधाएं और बाजार क्षेत्र	—	1.00	0.87	0.72	2.48	3.46	8.53
	(—)	(5.60)	(3.04)	(2.35)	(7.09)	(3.68)	(3.90)
जोड़	**12.65**	**17.84**	**28.60**	**30.62**	**34.98**	**94.13**	**218.83**
	(100.00)	(100.00)	(100.00)	(100.00)	(100.00)	(100.00)	(100.00)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आकड़े जोड़ में प्रतिशत को दर्शाते हैं।

*इसमें सामान्य डिबेंचर कार्यक्रम से अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ की परियोजनाओं में अंतरित 29.42 करोड़ रुपये शामिल हैं ।

सारणी 26 : राज्यों के लिए पुनर्वित्त का वितरण

(करोड़ रुपये)

राज्य	1963 से 1968 तक	1968–69	1969–70	1970–71	1971–72	1972–73		जोड़
						अंतरण को छोड़कर	अंतरण	
1	2	3	4	5	6	7	8	9
I उत्तरी क्षेत्र								
1. हरियाणा	0.59	2.44	2.63	3.62	3.26	7.59	2.61	22.74
	(4.66)	(13.68)	(9.20)	(11.82)	(9.32)	(11.73)		(10.39)
2. पंजाब	0.76	5.77	6 54	5.56	3.86	6.07	—	28.55
	(6.01)	(32.34)	(22.88)	(18.16)	(11.03)	(9.38)		(13.05)
3. राजस्थान	—	0.06	0.77	0.77	0.83	1.36	—	3.79
	(—)	(0.34)	(2.69)	(2.51)	(2.37)	(2.10)		(1.73)
4. जम्मू और कश्मीर	0.11	0.21	0.20	0.11	0.07	—	—	0.71
	(0.87)	(1.18)	(0.70)	(0.36)	(0.20)	(—)		(0.32)
5. दिल्ली	—	—	0.06	—	—	—	—	0.06
	(—)	(—)	(0.21)	(—)	(—)	(—)		(0.03)
	1.46	**8.48**	**10.20**	**10.06**	**8.02**	**15.02**	**2.61**	**55.85**
	(11.54)	(47.54)	(35.68)	(32.85)	(22.92)	(23.21)		(25.52)
II पूर्वोत्तरी क्षेत्र								
1 असम	**0.26**	**0.44**	**0.04**	—	**0.32**	—	—	**1.05**
	(2.06)	(2.47)	(0.14)	(—)	(0.91)	(—)		(0.48)
	0.26	**0.44**	**0.04**	—	**0.32**	—	—	**1.05**
	(2.06)	(2.47)	(0.14)	(—)	(0.91)	(—)		(0.48)
III पूर्वी क्षेत्र								
1. बिहार	—	0.18	0.61	1.13	0.67	1.54	—	4.14
	(—)	(1.01)	(2.13)	(3.69)	(1.92)	(2.38)		(1.89)
2. उड़ीसा	—	0.04	0.18	0.06	0.08	0.11	—	0.47
	(—)	(0.22)	(0.63)	(0.20)	(0.23)	(0.17)		(0.21)
3 पश्चिम बंगाल	—	0.02	0.01	0.10	0.05	0.04	—	0.21
	(—)	(0.11)	(0.03)	(0.33)	(0.14)	(0.06)		(0.10)
	—	**0.24**	**0.80**	**1.29**	**0.80**	**1.69**	—	**4.82**
	(—)	(1.34)	(2.79)	(4.22)	(2.29)	(2.61)		(2.20)
IV मध्यवर्ती क्षेत्र								
1. मध्य प्रदेश	—	0.31	0.49	0.91	1.87	3.19	—	6.78
	(—)	(1.74)	(1.71)	(2.97)	(5.35)	(4.93)		(3.10)
2 उत्तर प्रदेश	—	1.22	2.56	2.93	6.01	11.43	—	24.18
	(—)	(6.84)	(8.95)	(9.57)	(17.27)	(17.66)		(11.05)
	—	**1.53**	**3.05**	**3.84**	**7.91**	**14.62**	—	**30.96**
	(—)	(8.58)	(10.66)	(12.54)	(22.62)	(22.59)		(14.15)

सारणी 26 : (जारी)

1	2	3	4	5	6	7	8	9
V पश्चिमी क्षेत्र								
1 गुजरात	0.14	1.93	1.31	1.90	2.62	8.08	19.87	35.85
	(1.11)	(10.82)	(4.58)	(6.21)	(7.49)	(12.48)		(16.38)
2. महाराष्ट्र	1.08	0.81	3.49	2.33	4.56	7.32	—	19.60
	(8.54)	(4.54)	(12.21)	(7.61)	(13.04)	(11.31)		(8.96)
	1.22	**2.74**	**4.80**	**4.23**	**7.18**	**15.40**	**19.87**	**55.45**
	(9.65)	(15.36)	(16.79)	(13.82)	(20.53)	(23.79)		(25.34)
VI दक्षिणी क्षेत्र								
1. आंध्र प्रदेश	6.37	1.72	6.07	3.42	2.85	3.87	4.60	28.90
	(50.36)	(9.64)	(21 23)	(11.17)	(8.15)	(5.98)		(13.21)
2. केरल	0.10	0.07	0.35	0.82	0.97	0.28	—	2.58
	(0.79)	(0.39)	(1.22)	(2.68)	(2.77)	(0.43)		(1.18)
3. मैसूर	1.25	1.36	1.66	2.74	3.25	4.05	—	14.32
	(9.88)	(7.62)	(5.81)	(8.95)	(9.29)	(6.26)		(6.54)
4. तमिल नाडु	1.99	1.26	1.62	4.22	3.68	9.79	2.34	24.90
	(15.73)	(7.06)	(5.67)	(13.78)	(10.52)	(15.13)		(11.38)
	9.71	**4 41**	**9.70**	**11.20**	**10.75**	**17.99**	**6.94**	**70.70**
	(76.76)	**(24.71)**	**(33.93)**	**(36.58)**	**(30.73)**	**(27.80)**		**(32.31)**
कुल जोड़	**12.65**	**17.84**	**28.60**	**30.62**	**34.98**	**64.72**	**29.42**	**218.83**
	(100.00)	(100.00)	(100.00)	(100.00)	(100.00)	(100.00)		(100.00)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े जोड़ में प्रतिशत को दर्शाते है ।

सारणी 27 : एजेन्सी के अनुसार पुनर्बिल का वितरण

(करोड़ रुपये)

एजेन्सी	1963 से 1968 तक	1968–69	1969–70	1970–71	1971–72	1972–73	जोड़
भूमि विकास बैंक	11.90	15.95	26.75	26.65	28.39	86.14*	195.78
	(94.07)	(89.41)	(93.53)	(87.00)	(81.16)	(91.50)	(89.47)
(उसमें अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ की सहायता का अंश)	—	—	—	—	(5.37)	(63.58)	(68.95)
राज्य सहकारी बैंक	0.20	1.36	1.29	1.19	3.33	3.51	10.88
	(1.58)	(7.62)	(4.51)	(3.92)	(9.52)	(3.73)	(4.97)
वाणिज्य बैंक	0.55	0.53	0.56	2.78	3.26	4.49	12.17
	(4.35)	(2.97)	(1.96)	-(9.08)	(9.32)	(4.77)	(5.56)
(उसमें अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक की सहायता का अंश)	—	—	—	(1.11)	(0.8)	(0.4)	(1.23)
जोड़	**12.65**	**17.84**	**28.60**	**30.62**	**34.98**	**94.13**	**218.83**
	(100.00)	(100.00)	(100.00)	(100.00)	(100.00)	(100.00)	(100.00)

टिप्पणी :—कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े जोड़ में प्रतिशत को दर्शाते हैं ।

*इसमें मामान्य डिवेंचर कार्यक्रम से अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ की परियोजनाओं में अंतरित 29.42 करोड़ रुपये शामिल हैं ।

की दीर्घकालीन क्रिया निधि से 30 करोड़ रुपयों का ऋण लिया। इसके अलावा निगम ने रिजर्व बैंक से 3.70 करोड़ रुपयों का अस्थायी ऋण भी लिया। जून 1973 के अंत तक 219 करोड़ रुपयों का कुल वितरण किये गये। उनके लिए निम्न प्रकार वित्त उपलब्ध हुआ है: शेयर पूंजी—10 करोड़ रुपये, भारत सरकार से लिए गये ऋण—125 करोड़ रुपये, रिजर्व बैंक आफ इंडिया—38 करोड़ रुपये और बांड 39 करोड़ रुपये।

242. निगम ने 25 जून, 1973 से ऋण प्रदान करने के संदर्भ में अपनी ब्याज दर को वार्षिक 6.50 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया।

243. चौथी योजना की अवधि के दौरान यह आशा की गई कि निगम 300 करोड़ रुपयों का पुनर्वित्त प्रदान करेगा। निगम जून 1973 के अन्त तक 195 करोड़ रुपये अदा कर चुका है और मार्च 1974 के अन्त तक निगम योजना के लक्ष्य से भी आगे पहुंच जाने की आशा करता है। पांचवी योजना की अवधि के ऋण कार्यक्रम तैयार किये जा रहे हैं। हालांकि निगम लघु सिंचाई को अधिक महत्त्व देता रहेगा, फिर भी वह मुर्गी पालन, डेरी उद्योग, मत्स्य उद्योग और बागबानी जैसी अन्य योजनाओं पर भी विशेष ध्यान देगा। वित्तीय संस्थाओं को इस प्रकार की योजनाओं से अवगत कराने में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से निगम अपने तकनीकी कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि करने का विचार कर रहा है।

244. निगम ने वन उद्योग, गहरे समुद्र में मछली पकड़ने और दुग्ध उत्पादन की योजनाएं तथा भूक्षरण-रोध और भूमि संरक्षण की योजनाएं बनाने के लिए राज्य सरकारों को भी आमंत्रित किया है। 1969-70 में निगम छोटे कृषक विकास एजेंसी और सीमान्त कृषक और कृषि श्रम एजेंसी द्वारा प्रवर्तित सक्षम योजनाओं को शत-प्रतिशत पुनर्वित्त सुविधाएं प्रदान करता आ रहा है। यह रियायत 30 जून 1973 को समाप्त होने वाली थी। अब उसे 30 जून 1975 तक बढ़ा दिया गया है।

245. कृषि संबंधी कार्यकलापों के लिए अधिकाधिक ऋण प्रदान करने, अपने कार्य क्षेत्र को व्यापक बनाने तथा और नये क्षेत्रों में प्रवेश करने की अपनी विकास भूमिका के अनुरूप अब निगम अपने संगठन स्वरूप के प्रति ध्यान दे रहा है जिससे शीघ्रतापूर्वक और आसानी से ऋण उपलब्ध कराया जा सके। अपेक्षाकृत कम विकसित राज्यों को सहायता देने के उद्देश्य से निगम रिजर्व बैंक के सहयोग से अपने कर्मचारी वर्ग के प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं को व्यापक बनाने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है। निगम ने पूर्वी और पूर्वोत्तरी राज्यों/संघशासित क्षेत्रों की सुविधा के लिए कलकत्ता में तकनीकी परामर्श यूनिट (लखनऊ में स्थित यूनिट के अलावा) खोलने का भी निश्चय किया है।

IV. औद्योगिक वित्त की गतिविधियां

246. मियादी ऋण प्रदान करने वाली संस्थाओं द्वारा हाल ही के वर्षों में प्रदान की गयी वित्तीय सहायता में वृद्धि की प्रवृत्ति पायी गयी है। 1967-68 और 1968-69 के मंदी के वर्षों के बाद मंजूरियों और वितरणों दोनों में सामान्यतः वृद्धि हुई है (सारणी 28)। 1972-73 के राजकोषीय वर्ष के दौरान किये गये वितरणों में वृद्धि होती रही और उक्त वितरणों की राशि इस वर्ष 200.6 करोड़ रुपये थी जो 1971-72 (अप्रैल-मार्च) के 184.5 करोड़ रुपये से अधिक थी। मंजूर की गई सहायता की राशि 1971-72 के 304.6 करोड़ रुपयों के मुकाबले में अधिक अर्थात 309.3 करोड़ रुपये थी।

सारणी 28 : मियादी ऋण प्रदान करने वाली संस्थाओं* द्वारा मंजूर और वितरित की गयी वित्तीय सहायता की प्रवृत्तियां

(करोड़ रुपये)

वर्ष (अप्रैल-मार्च)	कुल सहायता@	
	मंजूरियां	वितरण
1965-66	169.3	105.8
1966-67	122.0(—27.9)	125.6(+18.7)
1967-68	87.1(—28.6)	105.0(—16.4)
1968-69	132.3(+51.9)	85.8(—18.3)
1969-70	153.8(+16.3)	116.3(+35.5)
1970-71	225.7(+46.7)	146.7(+26.1)
1971-72	304.6(+34.9)	184.5(+25.8)
1972-73£	309.3(+ 1.5)	200.6(+ 8.7)

परंतु लेखा वर्ष† सभी वित्तीय संस्थाओं के लिए एक जैसा नहीं है। 1972-73 के संबंधित लेखा वर्षों के आंकड़ों पर विचार करने पर मियादी ऋण प्रदान करने वाली संस्थाओं द्वारा 331 करोड़ रुपये की जो कुल वित्तीय सहायता मंजूर की गयी उसमें पिछले वर्ष के 321 करोड़ रुपये के स्तर की तुलना में 3 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई। 1972-73 के दौरान वितरित की गयी सहायता की राशि 214 करोड़ रुपये थी जबकि उक्त राशि पिछले वर्ष 178 करोड़ रुपये थी अर्थात् उसमें इस वर्ष लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आलोच्य वर्ष के दौरान मियादी ऋण प्रदान करने वाली संस्थाओं के कार्यकलापों का उद्योग के निजी क्षेत्र में किये जाने वाले वास्तविक निवेश की मात्रा पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ा है।

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े पिछले वर्षों की तुलना में घट-बढ़ के प्रतिशत को दर्शाते हैं।

*इनमें भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम, राज्य वित्तीय निगम और राज्य औद्योगिक विकास निगम/राज्य औद्योगिक निवेश निगम शामिल हैं।

@कुल सहायता में निम्नलिखित शामिल हैं: (1) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के संदर्भ में सभी प्रकार की सहायताएं जिनमें औद्योगिक ऋणों और निर्यात ऋणों का पुनर्वित्त तथा हुंडियों का पुनर्भांजन शामिल है; गारंटियां और 'वित्तीय संस्थाओं के शेयरों और बांडों में किया गया अभिदान' शामिल नहीं हैं (राज्य वित्तीय निगमों के औद्योगिक ऋणों का पुनर्वित्त दुहरे संगणन से बचने के लिए शामिल नहीं किया गया है), और (2) अन्य संस्थाओं के संदर्भ में गारंटियों को छोड़कर सभी प्रकार की सहायताएं शामिल हैं।

£अनंतिम।

†भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और भारतीय औद्योगिक वित्त निगम का लेखा वर्ष जुलाई-जून है और भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम तथा राज्य वित्तीय निगमों का लेखा वर्ष क्रमशः जनवरी-दिसंबर तथा अप्रैल-मार्च है।

247. वित्तीय संस्थाओं द्वारा इस वर्ष (अप्रैल-मार्च) के दौरान की गयी मंजूरियों में जो वृद्धि हुई उसका प्रमुख कारण यह था कि मियादी ऋण प्रदान करने वाली संस्थाओं द्वारा दिये गये विदेशी मुद्रा ऋणों में वृद्धि हुई। शेयरों और डिबेंचरों की हामीदारी और उनमें किये जाने वाले प्रत्यक्ष अभिदानों की राशि में कमी हुई। इसके विपरीत भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम तथा भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा दिये जाने वाले विदेशी मुद्रा ऋणो की मंजूरियो और वितरणों में काफी वृद्धि पायी गयी। राज्य वित्तीय निगमों द्वारा प्रदान की गयी सहायता की राशि में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई (सारणी 29)। इस सहायता का अधिकांश भाग उद्योग के लघु क्षेत्र और छोटे सड़क परिवहन चालकों को प्राप्त हुआ है। जहां तक लघु उद्योगों के लिए दी जाने वाली वित्तीय सहायता का संबंध है, इस क्षेत्र को दिये गये ऋण की राशि में 1972–73 (अप्रैल-मार्च) के दौरान 60 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई अर्थात् उक्त राशि बढ़कर 625 करोड़ रुपये हो गयी।

भारतीय औद्योगिक विकास बैंक

भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के विकासपरक कार्यकलाप और नीतियां

248. 1972–73 (जुलाई-जून) के दौरान भारतीय औद्योगिक विकास बैंक अपनी सीमा को बढ़ाने तथा अपने कार्यकलापों के क्षेत्र को व्यापक बनाने की नीति का जोरों से पालन करता रहा। इस संदर्भ में किया गया मुख्य कार्य सक्षम औद्योगिक परियोजनाओं, विशेष रूप से पिछड़े क्षेत्रों में स्थित ऐसी परियोजनाओं का सक्रिय रूप से प्रवर्तन करने से संबंधित था। 1970 में प्रारंभ किये गये औद्योगिक संभाव्यता सर्वेक्षण कार्य अंडमान और निकोबार को छोड़कर सभी राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में पूरे किये गये हैं। अध्ययन दल द्वारा किये गये 16 औद्योगिक संभाव्यता सर्वेक्षणों में से असम, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, जम्मू और काश्मीर, नागालैंड, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, मणिपुर और उड़ीसा से संबंधित 12 रिपोर्टें प्रकाशित की गयी। आंध्र

सारणी 29 : 1971-72 और 1972-73 (अप्रैल-मार्च) के दौरान मियादी ऋण प्रदान करने वाली संस्थाओं द्वारा मंजूर और वितरित की गयी सहायता

(करोड़ रुपयों में)

	मंजूर की गयी सहायता									
					हामीदारी और प्रत्यक्ष अभिदान					
	रुपया ऋण		विदेशी मुद्रा ऋण		सामान्य और अधिमाम शेयर		डिबेंचर		जोड़	
	1972-73	1971-72	1972-73	1971-72	1972-73	1971-72	1972-73	1971-72	1972-73	1971-72
भारतीय औद्योगिक विकास बैंक	87.7क	128.6क	—	—	3.5	13.3	2.8	—	94.0	141.9
	(27.9)	(22.0)							(27.9)	(22.0)
भारतीय औद्योगिक वित्त निगम(ग)	38.2	23 7	5.2	2.8	3.1	2.2	1.0	—	47.5	28.7
भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम	13.4	12.0	29.1	22.5	3.7	3.7	3.3	1.5	49.5	39.7
भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम(ग)	6.1	6.6	—	—	—	—	—	—	6.1	6.6
राज्य वित्तीय निगम(ग)	77.8	63.1	—	—	0.9	0.7	—	—	78.7	64.1
राज्य औद्योगिक विकास निगम(ग)	24 6	16.4	—	—	8.8	7.1	0.1	0.1	33.5	23.6
	247.8	250.7	34.3	25.3	20.0	27 0	7.2	1.6	309.3	304.6
	(27.9)	(22.0)							(27.9)	(22.0)
भारतीय यूनिट ट्रस्ट(घ)	—	—	—	—	3 2	3.2	7.0	11.8	10.2	15.0
जीवन बीमा निगम(ङ)		14.1	—	—		4.7		4.3		23.1

सारणी 29 : 1971-72 और 1972-73 (अप्रैल-मार्च) के दौरान मियादी ऋण प्रदान करने वाली संस्थाओं द्वारा मंजूर और वितरित की गयी सहायता (जारी)

(करोड़ रुपयों में)

	वितरित की गयी सहायता									
					हामीदारी और प्रत्यक्ष अभिदान					
	रुपया ऋण		विदेशी मुद्रा ऋण		सामान्य और अधिमान शेयर		डिबेंचर		जोड़	
	1972-73	1971-72	1972-73	1971-72	1972-73	1971-72	1972-73	1971-72	1972-73	1971-72
भारतीय औद्योगिक विकास बैंक	62.4क (19.1)	77.4क (17.4)	—	—	3.5	1.0	0.8	0.4	66.7 (19.1)	78.8 (17.4)
भारतीय औद्योगिक वित्त निगम(ग)	21.8ख	16.1ख	4.1	3.4	1.6	0.8	0.8	—	28.3	20.3
भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम	7.9	8.0	28.0	20.5	2.5	1.6	1.3	0.2	39.7	30.3
भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम(ग)	4.2	1.6	—	—	—	—	—	—	4.2	1.6
राज्य वित्तीय निगमग(ग)	44.1ख	39.0	—	—	0.6	0.6	—	—	44.7	39.6
राज्य औद्योगिक विकास निगम(ग)	13.2	10.7	—	—	4.5	3.6	0.03	0.03	17.7	14.4
	153.6 (19.1)	152.8 (17.4)	32.1	23.9	12.7	7.6	2.9	0.6	201.3 (19.1)	185.0 (17.4)
भारतीय यूनिट ट्रस्ट(घ)	—	—	—	—	1.6	1.0	4.0	0.6	5.6	1.6
जीवन बीमा निगम(ङ)		0.9		—		2.5		1.9		5.3

टिप्पणी : आंकड़े अनन्तिम हैं ।

(क) इसमें प्रत्यक्ष ऋण, बैंकों को प्रदान किया गया पुनर्वित्त और पुनर्भाजन शामिल हैं; राज्य वित्तीय निगमों को प्रदान किये गये पुनर्वित्त को कोष्ठकों में अलग रूप से दर्शाया गया है और उसे इसमें दुहरे संगणन से बचने के लिए शामिल नहीं किया गया है क्योंकि राज्य वित्तीय निगमों के ऋणों में इसे जोड़ दिया गया है ।

(ख) गारंटियों के कारण किये गये वितरण शामिल हैं ।

(ग) आंकड़े अनन्तिम हैं ।

(घ) 1972-73 के आंकड़े संशोधित हैं ।

(ङ) 1972-73 के आंकड़े अनुपलब्ध हैं ।

प्रदेश, गोवा, दमन और दीव, लक्कादीव और अमीनदीव और पांडिचेरी के सर्वेक्षण तैयार किये जा रहे हैं । इन सर्वेक्षणों से जो परियोजनागत संकल्पनाएं उभरीं उनके संबंध में संबंधित राज्य संस्थाओं और सरकारों के साथ विचार विमर्श किया जा रहा है । मियादी ऋण प्रदान करने वाली अन्य संस्थाओं की सहायता से भा० औ० वि० बैंक असम, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, त्रिपुरा, और मेघालय से संबंधित अध्ययन दलों द्वारा पता लगाई गयी 14 परियोजनागत संकल्पनाओं के औचित्य संबंधी अध्ययनों के लिए व्यवस्थाएं कर चुका है ।

249. अखिल भारतीय और राज्य स्तरीय विभिन्न संस्थाओं के लिए भा० औ० वि० बैंक समन्वयनकर्त्ता की भूमिका अदा करता रहा और उसने औद्योगिक परियोजनाओं से संबंधित मामलों पर किसी सर्व-सम्मत निर्णय पर पहुंचने के निमित्त 12 राज्यों में अंतर संस्थानिक दल गठित किये । इसके अलावा मियादी ऋण प्रदान करने वाली संस्थाओं और भारत सरकार के बीच संपर्क के माध्यमों को 1972 में रिजर्व बैंक आफ इंडिया के गवर्नर की अध्यक्षता में केन्द्रीय समन्वयन समिति का गठन कर मजबूत बना दिया गया है । उक्त समिति में सरकारी वित्तीय संस्थाओं के प्रधान और भारत सरकार के वित्त, उद्योग, कंपनी कार्य मंत्रालयों और योजना आयोग के सचिव हैं और वह समिति औद्योगिक विकास और वित्त से संबंधित महत्वपूर्ण नीति-विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान करती है ।

तकनीकी परामर्श योजना

250. 1972-73 के दौरान भा० औ० वि० बैंक ने पूर्वोत्तरी क्षेत्र में स्थित राज्यों/संघशासित क्षेत्रों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के उद्देश्य से 28 मई 1973 को गौहाटी में पूर्वोत्तर औद्योगिक और तकनीकी परामर्श संगठन लिमिटेड नामक एक क्षेत्रीय संगठन का गठन करने में भी पहल की । केरल औद्योगिक और तकनीकी परामर्श संगठन की तरह पूर्वोत्तर औद्योगिक और तकनीकी परामर्श संगठन भी तकनीकी परामर्श सेवा केन्द्र के रूप में कार्य करेगा और उसके कार्य निम्न प्रकार होंगे : (i) सर्वेक्षण करना, (ii) परियोजना संबंधी पुस्तिकाएं और संभाव्यता रिपोर्टें तैयार करना, (iii) संभाव्य उद्यमकर्त्ताओं का पता लगाना, (iv) तकनीकी-आर्थिक मूल्यांकन, विपणन संबंधी अनुसंधान, परियोजना का पर्यवेक्षण, आदि करना ।

251. पिछली रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि परियोजनाएं बनाने, उनका मूल्यांकन और पर्यवेक्षण करने से संबंधित कार्य में सुविधा पहुंचाने की दृष्टि से फरवरी 1972 में केरल औद्योगिक और तकनीकी परामर्श संगठन स्थापित किया गया। जून 1973 में समाप्त हुए सोलह महीनों की अवधि के दौरान केरल औद्योगिक और तकनीकी परामर्श संगठन को भारी संख्या में लघु और मझोले उद्योगों से संबंधित लगभग 374 आवेदनपत्र प्राप्त हुए । इनमें से 329 आवेदनपत्र प्राप्त कुल आवेदनपत्रों के लगभग 90 प्रतिशत थे और वे उद्यमकर्त्ताओं से प्राप्त हुए और शेष आवेदनपत्र राज्य वित्तीय निगमों और बैंकों जैसी वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त हुए । अब तक उद्यमकर्त्ताओं से प्राप्त 34.1 करोड़ रुपये के निवेशयुक्त 86 मामले (ठोस परियोजना संकल्पनाओं का रूप ले चुके हैं; परियोजना रिपोर्टें तैयार करने के लिए उनपर कार्यवाही की जा रही है । इनमें से 14 योजनाओं के संबंध में 3.6 करोड़ रुपयों के निवेश प्रस्तावयुक्त परियोजनाएं पार्टियों को दी गयी हैं और शेष 66 योजनाओं के संबंध में कार्य जारी है। छः परियोजना संकल्पनाएं उद्यमकर्त्ताओं द्वारा रद्द कर दी गयी हैं ।

252. यह उल्लेखनीय बात है कि केरल औद्योगिक और तकनीकी परामर्श संगठन ने कोचिन विश्वविद्यालय के प्रबंध प्रशिक्षण केन्द्र के साथ मिलकर औद्योगिक परियोजनाएं तैयार करने और उन्हें कार्यान्वित करने में उम्मीदवारों को प्रशिक्षित करने के लिए 5 महीनों की अवधि के एक उद्यम विकास कार्यक्रम का प्रवर्तन किया है । इस पाठ्यक्रम में 27 उम्मीदवारों ने भाग लिया ।

253. देश के अपेक्षाकृत अधिक पिछड़े क्षेत्रों में उद्यमकर्त्ताओं को कार्य करने के लिए भारी मात्रा में प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से जनवरी 1973 में भा० औ० वि० बैंक ने यह निश्चय किया कि निर्दिष्ट पिछड़े जिलों में उभरती हुई 3 करोड़ रुपयों तक की पूंजीगत लागतवाली नयी परियोजनाओं और 3 करोड़ रुपयों तक के ही कुल निवेशयुक्त (अर्थात वर्तमान यूनिट की वास्तविक अचल आस्तियों और वास्तविक कार्यकारी पूंजी तथा विस्तार परियोजना की लागत को मिलाकर) विस्तार परियोजनाओं के लिए रियायती दरों पर प्रत्यक्ष सहायता दी जाए। इसके पहले उक्त सीमाएं क्रमशः 1 करोड़ रुपये और 50 लाख रुपये थीं । इस योजना को जून 1973 में और उदार बना दिया गया है । संशोधित योजना के अंतर्गत सीधावी ऋण प्रदान करने वाली अन्य संस्थाओं (अर्थात भारतीय औद्योगिक वित्त निगम और भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम) के सहयोग से भा० औ० वि० बैंक निर्दिष्ट पिछड़े जिलों में परियोजनाएं स्थापित करनेवाली नयी संस्थाओं को 2 करोड़ रुपये तक की रियायती रुपया ऋण सहायता और 1 करोड़ रुपये तक की हामीदारी की व्यवस्था करेगा, चाहे परियोजना की लागत कुछ भी क्यों न हो । उपर्युक्त सीमाओं से अधिक सहायता सामान्य रूप से नियमित शर्तों पर दी जाएगी, यद्यपि प्रत्येक मामले के गुणदोषों के आधार पर विशेष परिस्थितियों में इस संबंध में छूट दी जा सकती है । पता लगाये गये पिछड़े क्षेत्रों में वर्तमान संस्थाओं द्वारा कार्यान्वित की जानेवाली विस्तार/विविधीकरण परियोजनाओं के लिए रियायती दर पर वित्तीय सहायता दिये जाने के प्रश्न पर चयनात्मक आधार पर, वर्तमान तथा प्रस्तावित नयी परियोजना की लाभदायकता की संभावनाओं, नयी परियोजनाओं के स्थान और अन्य संबंधित तथ्यों को देखते हुए विचार किया जाएगा ।

254. भा० औ० वि० बैंक ने यह भी निश्चय किया कि वह राज्य वित्तीय निगमों और बैंकों द्वारा निर्दिष्ट पिछड़े क्षेत्रों की छोटी और मझौली परियोजनाओं के लिए दिये गये 30 लाख रुपयों तक के सभी पात्र ऋणों के संबंध में उनकी पूरी राशि के लिए रियायती दर पर पुनर्वित्त प्रदान करेगा बशर्ते कि ऋण प्राप्त करनेवाली यूनिट की चुकता पूंजी और प्रारक्षित निधि की राशि 1 करोड़ रुपये से अधिक न हो । यह मानदंड नयी परियोजनाओं और क्षमता में वृद्धि और आधुनिकीकरण करने वाले वर्तमान यूनिटों पर लागू होगा । इसके पहले नयी परियोजनाओं तथा उन यूनिटों की परियोजनाओं के विस्तार के लिए जिनकी अचल आस्तियों की राशि 50 लाख रुपयों (अदा की गयी मूल कीमत के आधार पर) से अधिक न हो या जिनकी कुल गोचर आस्तियों की राशि 75 लाख रुपयों से अधिक न हो, दिये जाने वाले 20 लाख रुपयों तक के ऋणों के संबंध में रियायती दर पर पुनर्वित्त की सहायता उपलब्ध थी ।

255. एक अन्य पहलू के कारण भी इस वर्ष के दौरान भा० औ० वि० बैंक की पुनर्वित्त सुविधाओं का क्षेत्र व्यापक हुआ; वह यह था कि अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ ने भा० औ० वि० बैंक के लिए 250 लाख डालरों का ऋण मंजूर किया था । अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ और भा० औ० वि० बैंक के बीच परियोजना करार पर और अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ और भारत सरकार के बीच विकास ऋण करार पर 9 फरवरी 1973 को हस्ताक्षर किये गये । 22 जून 1973 से ऋण लागू हो गया । राज्य वित्तीय निगमों को 1 करोड़ रुपये से अनधिक लागतवाली मझौली और छोटी मझौली परियोजनाओं की विदेशी मुद्रा संबंधी आवश्यकताओं का वित्तपोषण करने के लिए ऋण प्रदान किये जाने के निमित्त उक्त राशि का उपयोग किया जाएगा । नयी औद्योगिक परियोजनाओं की स्थापना के लिए तथा वर्तमान यूनिटों के विस्तार, विविधीकरण, आधुनिकीकरण या नवीकरण के लिए राज्य वित्तीय निगमों द्वारा प्रदान किये जानेवाले ऋणों के लिए ऐसे संदर्भों में जहां कम से कम ऋण का थोड़ा सा भाग विदेशों से किये जानेवाले उपकरणों के आयात का वित्तपोषण करने के लिए और विशेष संदर्भों में तकनीकी जानकारी की लागत और पूछताछ शुल्क के लिए निर्धारित हों, अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ की ऋण योजना के अधीन पुनर्वित्त सुविधाएं उपलब्ध होंगी । ऋण योजना के अंतर्गत आयात लाइसेंस जारी करने की क्रियाविधि को भारत सरकार ने सरल बना दिया है ।

भा०औ०वि० बैंक के अधिनियम में संशोधन

256. आलोच्य अवधि में हुई एक महत्वपूर्ण घटना यह थी कि 24 दिसंबर 1972 से भा० औ० वि० बैंक अधिनियम, 1964 में संशोधन किया गया, जिससे भा० औ० वि० बैंक (i) मशीनों, यानों, जलयानों, मोटर बोटों, ट्रेलरों और ट्रैक्टरों के अनुरक्षण और मरम्मत, जांच या सर्विस में संलग्न प्रतिष्ठानों तथा मछली पकड़ने या मछली पकड़ने के लिए किनारे पर सुविधाएं प्रदान करने या उनके अनुरक्षण में संलग्न प्रतिष्ठानों की सहायता

कर सके, (ii) औद्योगिक बस्तियों की स्थापना के लिए पुनर्वित्त प्रदान कर सके, (iii) औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा उत्पादित वस्तुओं का निर्यात करनेवाले किसी व्यक्ति को या पूंजीगत वस्तुओं का भारत से निर्यात करने के संबंध में भारत के बाहर स्थित किसी व्यक्ति को या भारत में स्थित किसी औद्योगिक संस्थान या किसी व्यक्ति द्वारा भारत के बाहर तैयार हालत में परियोजनाओं को निष्पादित किये जाने के लिए ऋण और अग्रिम प्रदान कर सके, (iv) मशीनों के संबंध में स्टाक करनेवालों और विक्रेता एजेंसियों के बिलों को पुनः भुना सके और (v) भारत के बाहर स्थित किन्ही अन्य वित्तीय संस्थाओं के स्टाकों, शेयरों, बांडों या डिबेंचरों में यथास्थिति, अभिदान कर सके या उन्हें खरीद सके ।

भा०औ०वि० बैंक का ब्याज दर-विन्यास

257. इस वर्ष के दौरान भा० औ० वि० बैंक के ब्याज-दर विन्यास में संशोधन किया गया । 16 जून 1973 से प्रत्यक्ष ऋण की ब्याज-दर को 8.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया और निर्दिष्ट पिछड़े जिलों में स्थित योग्य यूनिटों को दिये जाने वाले ऋणों की ब्याज दर को 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत कर दिया गया । पुनर्वित्त की सामान्य ब्याज दर 7 प्रतिशत होगी और वित्तीय संस्थाओं द्वारा लिये जाने वाले ब्याज की अधिकतम दर 10.5 प्रतिशत होगी । ऋण गारंटी योजना के अन्तर्गत आने वाले लघु उद्योग यूनिटों को दी गयी 25,000 रुपयों तक की ऋण सहायता के संदर्भ में दिये जाने वाले पुनर्वित्त की विशेष ब्याज दर में कोई परिवर्तन नहीं हुआ अर्थात वह 5 प्रतिशत ही बनी रही (वित्तीय संस्थाओं द्वारा ली जानेवाली अधिकतम ब्याज दर 8.5 प्रतिशत होगी) । 25,000 रुपयों से अधिक ऋण सहायता के संदर्भ में इस दर को बढ़ाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया गया है । स संदर्भ में वित्तीय संस्थाओं द्वारा ली जानेवाली अधिकतम ब्याज दर 9 प्रतिशत होगी । निर्दिष्ट पिछड़े जिलों में स्थित योग्य औद्योगिक यूनिटों को दी जानेवाली ऋण सहायता के संदर्भ में दिये जानेवाले पुनर्वित्त की विशेष ब्याज दर को 3.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत कर दिया गया है (वित्तीय संस्थाओं द्वारा ली जानेवाली अधिकतम ब्याज दर 7.5 प्रतिशत होगी) । मशीनों के संबंधित बिलों को पुनः भुनाने की दरों में संशोधन कर उनमें एक प्रतिशत की वृद्धि की गयी है । बैंक द्वारा भुनाये जाने की अधिकतम दरें पुनः भुनाने की भा० औ० वि० बैंक की दरों की अपेक्षा केवल 1 प्रतिशत अधिक होनी चाहिए । इसके अलावा, त्रिस्तरीय प्रणाली के स्थान पर द्विस्तरीय प्रणाली अमल में लायी गयी है और भा० औ० वि० बैंक की दर 36 महीनों तक समाप्त होनेवाले बिलों के मामले में 7 प्रतिशत और 36 महीनों से अधिक अवधि में समाप्त होनेवाले बिलों के मामले में 6.5 प्रतिशत होगी ।

भा०औ०वि० बैंक के कार्यकलाप

258. 1972-73 के दौरान भा० औ० वि० बैंक के कार्यकलापों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बात यह थी कि उसे प्राप्त ऐसे आवेदनपत्रों की संख्या जिनके संबंध में परियोजना सहायता (अर्थात निर्यातों के लिए दी गई सहायता और गारंटियों को छोड़कर अन्य सहायता) मंजूर की गई, 1971-72 के 1996 से काफी बढ़कर 2739 हो गई। परियोजना सहायता का वित्तीय मूल्य 140.7 करोड़ रुपये से बढ़कर 1972-73 में 148.3 करोड़ रुपये हो गया। परन्तु इंजीनियरी वस्तुओं के निर्यात के लिए मंजूर की गई सहायता की राशि में कमी पायी गयी।

259. 1972-73 के दौरान भा० औ० वि० बैंक द्वारा जो वितरण किये गए उनकी कुल राशि 106.6 करोड़ रुपये थी जो 1971-72 के 94.0 करोड़ रुपयों से अधिक थी। उक्त वितरणों के लिए मुख्यतः निम्नलिखित माध्यमों से राशि प्राप्त हुई (i) ऋणकर्ताओं द्वारा ऋण की चुकौती और निवेशों की बिक्री (63.5 करोड़ रुपये), (ii) रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया की दीर्घकालीन क्रियाएं निधि से लिये गए ऋण (36.3 करोड़ रुपये) और बांड जारी कर बाजार से लिए गए उधार (16.0 करोड़ रुपये) । भा० औ० वि० बैंक की स्थापना से लेकर जून 1973 के अंत तक की कुल प्रभावी मंजूरियों की राशि (गारंटियों को छोड़कर) 774.7 करोड़ रुपये और (गारंटियों सहित) 803.2 करोड़ रुपये थी। सहायता में से कुल 564.6 करोड़ रुपये का उपयोग किया गया।

260. जून 1973 के अंत तक भा० औ० वि० बैंक ने निर्दिष्ट पिछड़े जिलों में 861 आवेदनपत्रों के संदर्भ में 30.9 करोड़ रुपयों की कुल रियायती सहायता (लगभग दो-तिहाई सहायता पुनर्वित्त के रूप में प्रदान की गई मंजूर की है जिसमें से 584 आवेदनपत्रों के संदर्भ में 13.1 करोड़ रुपयों की सहायता 1972-73 के दौरान प्रदान की गई है। औद्योगिक प्रतिष्ठानों को दी जाने वाली प्रत्यक्ष सहायता (निर्यातों के लिये दी गई सहायता को छोड़कर) के अन्तर्गत की गई मंजूरियों के संदर्भ में महत्वपूर्ण बात यह है कि सहायता प्राप्त परियोजनाओं की संख्या 1971-72 के 36 से बढ़कर 1972-73 में 63 हो गई; इससे सहायता का व्यापक वितरण परिलक्षित होता है।

261. इस वर्ष के दौरान सहायता प्राप्त 63 यूनिटों में से 48 यूनिटों ने (इनमें सरकारी क्षेत्र के 6 यूनिट भी शामिल हैं) लोहे और इस्पात, मशीनों और सीमेंट के उद्योग जैसे विभिन्न प्रकार के उद्योगों में नई क्षमता स्थापित करने या वर्तमान क्षमता का विस्तार/विशांतरण करने की परिकल्पना की। इनमें विशेष कागज और इस्पात की ढली वस्तुओं के क्षेत्र में तकनीकी उद्यमकर्ताओं द्वारा प्रवर्तित दो परियोजनाएं शामिल थीं। इस वर्ष के दौरान सहायता प्राप्त बड़ी परियोजनाओं में असम पेट्रो-केमिकल्स लिमिटेड की पेट्रोल-रासायनिक परियोजना (2.2 करोड़ रुपयों की सहायता), इंडियन आयर्न एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड की विस्तार परियोजना (22.0 करोड़ रुपये), टाटा इलेक्ट्रिक कम्पनियों (2.8 करोड़ रुपये) और मद्रास सीमेंट लिमिटेड (2.7 करोड़ रुपये) की पुनर्गठन/आधुनिकीकरण योजना शामिल थी। प्रत्यक्ष सहायता (निर्यातों के लिये दी गई सहायता को छोड़कर) की उपयोग में लायी गई राशि दुगुनी से अधिक हो गई है । अर्थात् उसकी राशि 1971-72 के 11.4 करोड़ रुपयों के मुकाबले में 1972-73 में 30.2 करोड़ रुपये थी।

262. औद्योगिक ऋणों के पुनर्वित्त की योजना के अन्तर्गत मंजूर किये गए आवेदनपत्रों की संख्या 1733 से तेजी से बढ़कर 2407 हो गई और सहायता की राशि 27.5 करोड़ रुपयों से बढ़कर 33.3 करोड़ रुपये हो गई। औद्योगिक ऋणों के पुनर्वित्त के अन्तर्गत उपयोग में लायी गई सहायता की राशि 1 करोड़ रुपयों से बढ़कर 1972-73 में 25.0 करोड़ रुपये हो गई। योजना के अन्तर्गत दी गई इस सहायता-राशि में से अधिकांश भाग छोटे सड़क परिवहन चालकों सहित लघु उद्योगों को दिया गया है। पुनर्वित्त की कुल राशि में इस क्षेत्र को दी गई पुनर्वित्त सहायता का अनुपात जहां 1967-68 में केवल 5.4 प्रतिशत था वहां 1971-72 में बढ़कर 67 प्रतिशत और 1972-73 में और बढ़कर 76 प्रतिशत हो गया है।

निर्यात सहायता

263. निर्यात वित्त (सहभागिता योजना और निर्यात ऋण का पुनर्वित्त) के अन्तर्गत मंजूर की गई राशि तेजी से घटकर 1972-73 के दौरान 2.8 करोड़ रुपये हो गई जबकि 1971-72 में उक्तराशि 22.6 करोड़ रुपये थी। इस वर्ष के दौरान मंजूर की गई राशि में कमी होने का यह कारण हो सकता है कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा क्षेत्र में अनिश्चितताएं

विद्यमान थीं और कतिपय देशों के साथ आस्थगित अदायगी की शर्तों पर किये जाने वाले नये करारों को रोक दिया गया। इसके अलावा, कतिपय पार्टियों को 1971-72 के दौरान काफ़ी मात्रा में जो प्रत्यक्ष निर्यात वित्त प्रदान किया गया था, उससे करारों को निष्पादित करने में अनुभव की गई कठिनाइयों के कारण 1972-73 के दौरान वे लाभान्वित नहीं हो सके। उपयोग की गई निर्यात-वित्त की राशि भी 1971-72 के 15.0 करोड़ रुपयों से घटकर 1972-73 में 6.1 करोड़ रुपये हो गई।

264. इस वर्ष के दौरान 231 निर्माताओं/विक्रेताओं के संदर्भ में हुंडी पुनर्भांजन योजना के अन्तर्गत मंजूर की गई राशि 49.8 करोड़ रुपये थी जबकि 1971-72 के दौरान उक्त राशि 204 निर्माताओं/विक्रेताओं के संदर्भ में 45.3 करोड़ रुपये थी।

भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम

265. 1972-73 के दौरान भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम के कार्यकलापों की प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार थीं :

वितरित की गयी सहायता की राशि में लगभग डेढ़ गुनी वृद्धि हुई; उसके कार्य क्षेत्र को व्यापक बनाकर आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली और केरल जैसे राज्यों को उसके अन्तर्गत लाया गया ; आधुनिक प्रणाली के कन्द्रीय वस्त्र अभिसंस्करण यूनिट का प्रवर्तन किया गया और भारत सरकार द्वारा उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियय, 1951 के अन्तर्गत अपने अधिकार में लिए गए यूनिटों को चलाने में सक्रिय रूप से सहयोग दिया गया। उक्त निगम को आलोच्य वर्ष में सहायता मांगते हुए 75 आवेदनपत्र मिले ; इससे अब तक प्राप्त कुल आवेदनपत्रों की संख्या 416 हो गई। 416 आवेदनपत्रों में से निगम ने 277 आवेदनपत्रों के संबंध में अध्ययन पूरा कर लिया था और 66 आवेदनपत्रों के संदर्भ में 12.7 करोड़ रु० की सहायता मंजूर की थी। 211 आवेदनपत्रों पर इसलिए कोई कार्रवाई नहीं की गयी कि या तो यूनिट सक्षम नहीं थे या सहायता के लिए पात्र नहीं थे। शेष 139 मामलों में से 3 मामलों में सहायता मंजूर की जाने वाली थी और 46 मामलों का अध्ययन किया जा रहा था।

266. निगम ने अपनी स्थापना से लेकर जून 1973 के अंत तक 67 कमजोर/बंद किये गए औद्योगिक यूनिटों के लिये 13.2 करोड़ रुपयों की सहायता मंजूर की जिनमें नियुक्त श्रमिकों की कुल संख्या 47466 थी। इसके अलावा निगम ने उनकी कार्यकारी पूंजीगत आवश्यकताओं की पूर्ति करने के उद्देश्य से बैंकों से 8.0 करोड़ रुपयों की सहायता दिलवाने की भी व्यवस्था की है। मंजूर की गई सहायता में से आधी से अधिक सहायता इंजीनियरी उद्योग के यूनिटों को मिली; वस्त्र उद्योग को 10 प्रतिशत की सहायता प्राप्त हुई। जून 1973 के अंत तक सहायता प्राप्त 67 यूनिटों में से 46 यूनिटों द्वारा उपयोग की गई सहायता-राशि 6.3 करोड़ रुपये (1.4 करोड़ रुपयों की गारंटी सहायता की राशि को मिलाकर) थी।

267. विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में स्थित उद्योगों की चिंताजनक स्थिति को देखते हुए भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम ने भारतीय वस्त्र अभिसंस्करण निगम लिमिटेड नामक एक नए यूनिट का प्रवर्तन करने के लिये कदम उठाए हैं; उक्त यूनिट की अनुमानित लागत लगभग 450 लाख रुपये है।

अन्य वित्तीय संस्थाओं के शेयरों और बांडों में अभिदान

268. इस वर्ष के दौरान भा० औ० वि० बैंक ने भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम के डिबेंचरों के चौथे सार्वजनिक निर्गम में 1.3 करोड़ रुपयों का अभिदान किया। इसके साथ उक्त निगम को उसकी स्थापना से लेकर जून 1973 के अंत तक भा०औ०वि० बैंक द्वारा प्रदत्त सहायता की राशि 19.7 करोड़ रुपये हो गई। भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम द्वारा 1966-67 और 1967-68 में लिये गए ऋणों की किश्तों के रूप में 1.6 करोड़ रुपयों की वापसी अदायगी किये जाने के बाद भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम के डिबेंचरों में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा लगायी गई राशि जून 1973 के अंत में 18.1 करोड़ रुपये थी। भा०औ०वि० बैंक ने भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की चुकता पूंजी में भी 41.3 लाख रुपयों का अभिदान किया। इसके अलावा भा०औ०वि० बैंक ने तीन राज्य वित्तीय निगमों की शेयर पूंजी में 1.1 करोड़ रुपयों का अभिदान किया; इससे सभी राज्य वित्तीय निगमों के शेयर और बांडों के निर्गमों में भा०औ० वि० बैंक द्वारा किये गये कुल अभिदान की राशि 8.9 करोड़ रुपये हो गयी।

मीयादी ऋण प्रदान करने वाली अन्य संस्थाएं

भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम और भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

269 भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम द्वारा 1972-73 के दौरान की गयी मंजूरियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई ; इनमें प्रत्यक्ष ऋण (रुपया और विदेशी मुद्रा ऋण) शेयरों और डिबेंचरों तथा गारंटियों की हामीदारी और उनमें किये गये प्रत्यक्ष अभियान शामिल हैं। 1972-73 (अप्रैल-मार्च) में की गयी मंजूरियों की राशि बढ़कर 49.5 करोड़ रुपये हो गयी जबकि पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि में उक्त राशि 39.7 करोड़ रुपये थी। यह वृद्धि भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम द्वारा मंजूर की गयी राशियों में समग्र रूप से हुई वृद्धि के कारण हुई। निगम द्वारा वितरित की गई राशि भी एक वर्ष पहले के 30.3 करोड़ रुपयों के मुकाबले में अधिक अर्थात् 39.7 करोड़ रुपये थी। औद्योगिक वित्त निगम द्वारा की गई मंजूरियों में भी उल्लेखनीय सुधार पाया गया। उनकी राशि 1971-72 के 28.7 करोड़ रुपयों से बढ़कर 1972-73 में 47.5 करोड़ रुपये हो गई। वितरणों की राशि भी 20.3 करोड़ रुपयों से बढ़कर इस वर्ष के दौरान 28.3 करोड़ रुपये हो गई।

राज्य वित्तीय निगमों के कार्यकलाप

270. तमिलनाडु औद्योगिक निवेश निगम लिमिटेड सहित 18 राज्य वित्तीय निगम के कार्यकलापों में 1972-73 (अप्रैल-मार्च) के दौरान कुछ सुधार पाया गया। 1972-73 के दौरान उनके द्वारा मंजूर किये गए कुल ऋणों की राशि पिछले वर्ष के 63.4 करोड़ रुपयों के मुकाबले में 77.8 करोड़ रुपये थी। वितरणों की राशि भी पिछले वर्ष के 39.6 करोड़ रुपयों के मुकाबले में अधिक अर्थात् 44.7 करोड़ रुपये थी। मार्च 1973 के अंत में बकाया ऋणों की राशि 184.2 करोड़ रुपये थी जो पिछले वर्ष की अपेक्षा 19.1 प्रतिशत अधिक थी। अधिकांश वित्तीय सहायता लघु उद्योग क्षेत्र के यूनिटों को प्रदान की जाती रही और ऐसी सहायता की मात्रा कुल मंजूरियों और वितरणों में क्रमश. लगभग 72 प्रतिशत और 68 प्रतिशत थी।

271. राज्य वित्तीय निगम अधिनियम 1951 में दिसम्बर 1972 में संशोधन किया गया। इन संशोधनों में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित कार्यों की भी व्यवस्था की गई : (i) राज्य वित्तीय निगमों के परिचालन क्षेत्र को कार्यकलापों तथा भौगोलिक व्यापकता की दृष्टि से विस्तारित करना जिससे वे कतिपय कार्यकलापों अर्थात् मशीनों, यानों और जलयानों के अनुरक्षण, मरम्मत, जांच और सर्विस करने, संयोजन और पैकिंग करने, मछली पकड़ने, परामर्श सेवा प्रदान करने आदि में लगे

हुए प्रतिष्ठानों को वित्तीय सहायता दे सकें, (ii) शेयर-पूंजी के एक नए वर्ग का निर्माण किया गया जिसमें सम्बन्धित राज्य सरकार और रिजर्व बैंक द्वारा अभिदान किया जाएगा और जिस पर कोई न्यूनतम लाभांश अदा किये जाने की बाध्यता नहीं होगी। इससे छोटे और मझौले उद्योग-क्षेत्रों के कमजोर वर्गों को नरम शर्तों पर ऋण प्रदान करने या उनके शेयरों में अभिदान करने में राज्य वित्तीय निगमों को सहायता मिलेगी, और (iii) कम्पनी क्षेत्र के अलग-अलग यूनिटों और सहकारी संस्थाओं को जो कुल सहायता प्रदान की जा सकती है, उसकी उच्चतम सीमा को 20 लाख रुपयों से बढ़ाकर 30 लाख रुपये और अन्य यूनिटों के मामले में 10 लाख रुपयों से बढ़ाकर 15 लाख रुपये कर दिया गया।

272. अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ ने जनवरी 1973 में 250 लाख डालरों का विशेष ऋण मंजूर किया। यह ऋण छोटे और मझौले प्रतिष्ठानों द्वारा संयंत्रों और उपकरणों का आयात किये जाने के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करने के निमित्त भा०औ०वि० बैंक के माध्यम से राज्य वित्तीय निगमों को दिया जाएगा। केवल 1 करोड़ रुपयों से अनधिक परियोजना-लागत वाली परियोजनाओं के संबंध में उक्त ऋण उपलब्ध होगा। क्षेत्रीय विकास बैंकों के रूप में राज्य वित्तीय निगमों की प्रभावकारी भूमिका को मजबूत बनाने और उसमें सुधार लाने के कार्यक्रम के साथ उक्त ऋण को संबद्ध किया गया है। इस संबंध में, रिजर्व बैंक राज्य वित्तीय निगमों के अधिकारियों के लिये अपनी ओर से अनेक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम चला रहा है।

273. सभी राज्य वित्तीय निगमों (तमिलनाडु औद्योगिक निवेश निगम सहित) के अध्यक्षों और प्रबंध निदेशकों का सोलहवां सम्मेलन 3 अप्रैल, 1973 को बम्बई में हुआ। राज्य वित्तीय निगमों के कार्यकलापों का पुनरीक्षण करने के अलावा उक्त सम्मेलन में राज्य वित्तीय निगम अधिनियम में हाल ही में किये गए महत्त्वपूर्ण संशोधनों की संभावनाओं और प्रतिक्रियाओं, अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ के विशेष ऋण को उपलब्ध करने की क्रियाविधि और राज्य वित्तीय निगमों का दर्जा बढ़ाने के कार्यक्रम आदि पर विचारविमर्श किया गया। छोटे और मझौले क्षेत्रों के उद्योगों की सहायता करने के निमित्त राज्य वित्तीय निगमों और वाणिज्य बैंकों के बीच समन्वय लाने के निमित्त एक तंत्र का निर्माण करने के लिये रिजर्व बैंक ने जिस कार्यकारी दल का गठन किया था, उसकी रिपोर्ट शीघ्र ही तैयार हो जाने की आशा है।

लघु उद्योगों का वित्त पोषण

ऋण गारन्टी योजना

274. संशोधित ऋण गारंटी योजना के कार्यक्षेत्र को और व्यापक बनाया गया है, जिससे कुछ और संस्थाओं को इस वर्ष के दौरान उसके अंतर्गत लाया जा सके। अब तक सभी प्रमुख वाणिज्य और सहकारी बैंकों तथा राज्य वित्तीय निगमों को मिलाकर 183 ऋण संस्थाएं इस संशोधित योजना में शामिल हुई हैं। 1972-73 के दौरान 9 गैर-लाइसेंसीकृत प्राथमिक शहरी सहकारी बैंकों को अनुमोदित ऋण संस्थाओं की सूची के अंतर्गत शामिल किया गया और एक केन्द्रीय सहकारी बैंक और 7 गैर लाइसेंसीकृत प्राथमिक सहकारी बैंक आवश्यक करार निष्पादित कर योजना में सम्मिलित हो गए हैं। यंत्रचालित जलयानों की सर्विस और मरम्मत में संलग्न यूनिटों के लिये भी इस योजना को लागू किया गया।

275. मई 1973 के अंत में बकाया गारंटियों की राशि 1094.95 करोड़ रुपये थी जबकि उक्त राशि मई, 1972 में 891.72 करोड़ रुपये थी। यह इस बात का परिचायक है कि लघु उद्योग क्षेत्र को अधिक मात्रा में ऋण प्राप्त हुए और योजना के अन्तर्गत आने वाला क्षेत्र व्यापक हो गया। जुलाई 1960 में जब योजना प्रारंभ की गई तब से लेकर मई, 1973 तक जिन दावों के संदर्भ में अदायगी की गई उनकी संख्या और राशि क्रमशः 420 और 66.55 लाख रुपये थी जबकि अदा किये गये दावों की लेखों के संदर्भ में की गयी वसूलियों की राशि 14.21 लाख रुपये थी। जिन मामलों में दावों के लिए अदा की गई पूरी राशि की वसूली की गयी है, उन मामलों में संबंधित औद्योगिक यूनिटों को दी गयी ऋण सुविधाओं के लिए पुनः गारंटी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह सुनिश्चित करने के लिए कि लघु उद्योग यूनिटों को ऋण मंजूर करते समय और उनको दिये गये ऋणों की वसूली करते समय ऋण संस्थाएं उचित सावधानी बरतती हैं, 1970-71 में जो जांच पड़ताल कार्यक्रम शुरू किया गया वह 1972-73 में कर्मचारियों की कमी के कारण पूरा नहीं किया जा सका। जिन अग्रिमों को चुकाया नहीं गया है उनके लिए दावों का निपटान करना पड़ सकता है ; ऐसे अग्रिमों की संख्या और राशि मई 1973 के अंत में क्रमशः 7105 और 20.72 करोड़ रुपये थी। उस तारीख को बकाया रहने वाली गारंटियों की कुल राशि में उक्त राशि का अनुपात 1.9 प्रतिशत था। गारंटी संगठन अपनी नियमित क्रियाविधि के अनुसार उन लेखों का जिनके संदर्भ में अदायगी में चूक हो गयी है, निरीक्षण करता रहा ताकि चूक के कारण और ऋण संस्थाओं द्वारा अनुभव की जाने वाली समस्याओं की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त हो सके। जिन यूनिटों में अपनी स्थिति में सुधार लाने की संभावनाएं विद्यमान थी उनके लेखों के संदर्भ में सहायता प्रदान करने का सुझाव गारंटी संगठन ने संबंधित बैंकों को दिया ; वास्तव में उसके प्रयत्नों से अनेक मामलों में अनुकूल परिणाम निकले हैं। 31 मार्च, 1973 तक गारंटी संगठन ने ऐसे 902 यूनिटों का निरीक्षण किया जिनके अग्रिमों की वापसी अदायगी नहीं हुई है और 64 यूनिटों के मामले में उन्हें पुनर्व्यवस्थित करने के लिए सहायता कार्यक्रम बनाने के लिए वित्तपोषण करने की सलाह दी।

276. अभी कुछ समय तक ऋण संस्थाओं ने अपने द्वारा लघु उद्योगों को दिये गये अग्रिमों के संबंध में गारंटियों का प्रयोग करने के बाद जो खर्च किये थे उनको संबंधित खातों में बाद में की जाने वाली वसूलियों में से घटाये जाने की अनुमति नहीं दी गयी। अतः सामान्यतः ऋण संस्थाएं अग्रिमों की वसूली के लिए ऋणकर्ता के विरुद्ध की जाने वाली कानूनी कार्रवाइयों के साथ सारी आवश्यक कार्रवाइयां करने के बाद दावा पेश करना पसंद करती हैं, जिससे इस संदर्भ में किये जाने वाले खर्चे वापस अदा न की गयी राशि में जोड़ा जा सके और गारंटी संगठन से आनुपातिक राशि का दावा किया जा सके। इस कारण ऋण संस्थाएं इस योजना के अंतर्गत अविलंब दावे पेश करके उपलब्ध पुनर्वित्त सुविधा का लाभ उठा नहीं सकी। अतः गारंटी संगठन की सिफारिश पर भारत सरकार ने यह निर्णय किया है कि बैंक व्यवस्था के सामान्य प्रभारों के रूप में रहने वाले खर्चों को कुल वसूलियों में से घटा दिया जाए।

277. दिसंबर 1971 के आरंभ में भारत-पाकिस्तान युद्ध के छिड़ जाने के बाद योजना की कतिपय शर्तों को अस्थायी रूप से उदार बना दिया गया जिससे पाकिस्तान के साथ सटे हुए सीमा क्षेत्रों के निकटवर्ती इलाकों में स्थित लघु उद्योग यूनिटों द्वारा अनुभव की जाने वाली कठिनाइयों को दूर किया जा सके। इन उदारीकृत शर्तों को बाद में 31 मार्च 1973 तक पश्चिमी क्षेत्र में लागू कर दिया गया और उसके बाद वे अमल में नहीं रहीं।

278. नकलीकरण/उन्नयन योजना के अंतर्गत प्रदान किये जाने वाले अग्रिमों के संदर्भ में उदारीकृत आधार पर गारंटी सुविधाएं प्रदान करने के निमित्त तैयार

किये गये कतिपय प्रस्ताव पिछले वर्ष सरकार को अनुमोदनार्थ पेश किये गये थे; इन पर वित्त मंत्रालय के साथ और विचार-विमर्श किया गया। अग्रिमके पहले वितरण की तारीख से 5 वर्षों की अवधि के लिए 90 प्रतिशत की उच्चतर रक्षा दान करने का अब प्रस्ताव है जबकि पहले 3 वर्षों की अवधि प्रस्तावित थी। यद्यपि पहले यह प्रस्ताव था कि संबंधित अवधि के दौरान लिये जाने वाले गारंटी शुल्क को एक प्रतिशत के दसवें भाग से बढ़ाकर एक चौथाई कर दिया जाए फिर भी अब गारंटी शुल्क की वर्तमान दर में कोई वृद्धि करने का विचार नहीं है। संशोधित प्रस्ताव अब सरकार के विचाराधीन हैं।

लघु उद्योगों को अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के अग्रिम

279. अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा लघु उद्योगों को प्रदान किये गये ऋणों (कारीगरों और अन्य योग्यताप्राप्त उद्यमकर्ताओं को प्रदान किये गये मीयादी ऋणों और अग्रिमों को मिलाकर) में 1972-73 (अप्रैल-मार्च) की पहली तीन तिमाहियों के दौरान 70 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई, अर्थात् उक्त ऋण बढ़कर 645 करोड़ रुपये हो गये। कुल बैंक ऋण में लघु उद्योगों को प्राप्त ऋण के अंश में वृद्धि की प्रवृत्ति दिखाई दी और वह दिसंबर 1971 के अंत में विद्यमान 10.3 प्रतिशत से बढ़कर दिसम्बर 1972 के अंत में 11.7 प्रतिशत हो गया।

280. अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा लघु उद्योग यूनिटों को दिये जाने वाले ऋण की मात्रा के संबंध में पिछले वर्ष के दौरान पाई गई दो प्रमुख विशेषताएं आलोच्य वर्ष के दौरान भी जारी रहीं। वे विशेषताएं निम्नप्रकार है : (i) प्रति यूनिट मंजूर की गयी ऋण सीमाओं की औसत राशि में क्रमशः कमी हुई ; इसका तात्पर्य यह था कि लघु उद्योग क्षेत्र के अपेक्षाकृत छोटे यूनिटों का अधिक वित्तपोषण किया गया, और (ii) औद्योगिक रूप से पिछड़े राज्यों में बैंकों ने लघु उद्योगों का अधिकाधिक मात्रा में वित्तपोषण किया। प्रति यूनिट मंजूर किये गये ऋण की औसत राशि जहां दिसंबर 1971 के अंत में 76,900 रुपये थी वहां दिसंबर 1973 के अंत में घटकर 74,400 रुपये हो गयी। लघु उद्योगों को दिये गये कुल बैंक ऋणों में औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े राज्यों, अर्थात् हिमाचल प्रदेश जम्मू और काश्मीर तथा राजस्थान को प्राप्त ऋण का अनुपात भी बढ़ गया है।

281. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया वर्ग द्वारा प्रदत्त ऋण की राशि दिसंबर 1972 के अंत में 255 करोड़ रुपये थी अर्थात् उसमें मार्च, 1972 में 28 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई जबकि 1971 की तदनुरूप अवधि में 23 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी। मार्च और दिसम्बर, 1972 के बीच स्टेट बैंक ऑफ इंडिया वर्ग द्वारा वित्तपोषित यूनिटों की संख्या भी 8722 हो गयी जो मार्च-दिसंबर 1971 के बीच वित्तपोषित, 4,805 यूनिटों की अपेक्षा अधिक थी। 14 राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा लघु उद्योगों को दिये गये ऋणों की बकाया राशि दिसंबर 1972 के अंत में 69,133 यूनिटों के संदर्भ में 315.3 करोड़ रुपये थी (अर्थात् उसमें मार्च 1972 के स्तर की अपेक्षा 32 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी) जबकि दिसंबर 1971 के अंत में 56,200 यूनिटों के संदर्भ में 263.0 करोड़ रुपये की ऋण राशि बकाया थी (अर्थात् उसमें मार्च, 1971 के स्तर की अपेक्षा 19 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी।)

282. बैंकों द्वारा लघु उद्योगों के लिए मंजूर किये गये मीयादी ऋणों की कुल राशि 1972 के अंत में 127 करोड़ रुपये थी। मीयादी ऋणों की बकाया राशि मार्च 1972 के अंत में जहां 27,600 यूनिटों के संदर्भ में 88.5 करोड़ रुपये थी वहां दिसंबर 1972 के अंत में बढ़कर 30,240 यूनिटों के संदर्भ में 94.8 करोड़ रुपये हो गयी। लघु उद्योगों को प्राप्त बैंक ऋण की कुल बकाया राशि में बकाया मीयादी ऋणों का अनुपात दिसंबर 1972 के अंत में 14.7 प्रतिशत था जबकि उक्त अनुपात मार्च 1972 के अंत में 15.4 प्रतिशत था।

283. कारीगरों और अन्य योग्यताप्राप्त उद्यमियों के लिए मंजूर की गयी कुल ऋण सीमाओं की राशि दिसंबर 1972 के अंत में 10,150 यूनिटों के संदर्भ में 27 करोड़ रुपये थी। बकाया ऋणों की राशि 17 करोड़ रुपये थी, जिसमें स्टेट बैंक आफ इंडिया वर्ग का अंश 40 प्रतिशत था।

284. दिसंबर 1972 के अंत में छोटे सड़क और जल परिवहन चालकों के लिए मंजूर की गयी ऋण सीमाओं की राशि 39,610 यूनिटों के संदर्भ में 95.7 करोड़ रुपये थी। ऋणकर्ताओं के इस वर्ग को दिए गये ऋणों की दिसंबर 1972 के अंत में बकाया रहने वाली राशि (68 करोड़ रुपये) में मार्च 1972 के स्तर की तुलना में 8.6 करोड़ रुपयों की वृद्धि पायी गयी ; मार्च 1972 में पायी गयी वृद्धि का स्तर (8.3 करोड़ रूपयों) अप्रैल-दिसंबर 1971 की तदनुरूप अवधि में विद्यमान स्तर के लगभग बराबर ही था।

285. चौदह अनुसूचित वाणिज्य बैंकों ने औद्योगिक बस्तियों की स्थापना के लिए दिसंबर 1972 के अंत तक 52 खातों के संदर्भ में कुल 6 करोड़ रुपयों की ऋण-सीमाएं मंजूर की; उनकी बकाया राशि 4 करोड़ रुपये थी।

286. रिजर्व बैंक द्वारा 1970 में नियुक्त किये गये औद्योगिक बस्तियों के वित्तपोषण संबंधी कार्यकारी दल ने आलोच्य वर्ष के दौरान अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। उक्त दल ने इस बात की आवश्यकता पर बल दिया कि बैंकों और राज्य वित्तीय निगमों जैसी वित्तीय संस्थाएं शहरी और अर्ध शहरी केन्द्रों में औद्योगिक बस्तियों का वित्तपोषण करें। परंतु दल के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगिक बस्तियों का वित्तपोषण करने की जिम्मेदारी संबंधित राज्यों की सरकारों पर होनी चाहिए। उक्त दलों ने शहरी और अर्ध शहरी केन्द्रों के आस पास, जहां औद्योगिक शेडों का उपयोग किये जाने की भारी गुंजाइश है, औद्योगिक बस्तियां स्थापित करने की दिशा में राज्य सरकारों से महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने का आग्रह किया है। दल के निष्कर्षों के अनुसार, यद्यपि औद्योगिक बस्तियों के कार्यक्रम में लगभग पिछले दशक के दौरान अच्छी प्रगति हुई है, फिर भी विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में उक्त कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के संदर्भ में अब भी कुछ कमियां विद्यमान हैं। दल ने इस बात पर जोर दिया है कि उक्त कमियों को नयी औद्योगिक बस्तियां स्थापित करने के मार्ग में बाधक नहीं समझना चाहिए।

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

यूनिट योजना, 1964

287. 1972-73 के दौरान बेचे गये यूनिटों का मूल्य 23 0 करोड़ रुपये था जो 1971-72 के 15.1 करोड़ रुपयों के मुकाबले में काफी अधिक था। पिछले दो वर्षों के दौरान यूनिटों की बिक्री में कमी की जो प्रवृत्ति पायी गयी वह 1972-73 में वृद्धि में बदल गयी और साथ ही इस वर्ष के आरंभ में घोषित किये गये उपायों के अनुकूल प्रभाव के कारण यूनिटों की बिक्री में एक नया कीर्तिमान भी स्थापित हुआ। उक्त उपाय इस प्रकार थे : लाभांश की दर को 1970-71 के 8 प्रतिशत से बढ़ाकर 1971-72 में 8.25 प्रतिशत कर दिया गया, यूनिटों की विशेष बिक्री के मूल्य को जुलाई 1971 में विद्यमान रु० 10.60 से घटाकर जुलाई 1972 में रु० 10.45 कर दिया गया तथा बिक्री और पुनः क्रय के मूल्यों के बीच विद्यमान अंतर को 40 पैसे से घटाकर 30 पैसे कर दिया गया। 1972-73 के दौरान आय की स्थिति में सुधार होने के कारण यूनिट ट्रस्ट इस वर्ष के लिए 8.50 प्रतिशत के उच्चतर लाभांश की घोषणा कर सका।

288. पुनः खरीदे गये यूनिटों के अंकित मूल्य की राशि जहां 1972–73 में 3.0 करोड़ रुपये थी वहां 1971–72 में 2.6 करोड़ रु० थी। बंधे गये और ट्रस्ट के पास बकाया रहने वाले यूनिटों का कुल अंकित मूल्य जून, 1973 के अंत में 124.8 करोड़ रुपये था। ट्रस्ट में पंजीकृत यूनिटधारी खातों की कुल संख्या 5 लाख से भी अधिक थी।

यूनिट से संबद्ध बीमा योजना, 1971

289. यूनिट से संबद्ध बीमा योजना के अधीन 1972–73 के दौरान हुई प्रगति उल्लेखनीय थी। इस योजना के अंतर्गत की गयी बिक्री की राशि 13.0 लाख रुपये थी और नये निवेशकों की संख्या 1312 थी तथा उनकी निवेश राशि का लक्ष्य 1.1 करोड़ रुपये था। इसकी तुलना में अक्टूबर, 1971 से जून, 1972 तक की अवधि में 41 लाख रुपये के लक्ष्य के संदर्भ में 503 आवेदन पत्रों के अधीन 3.2 लाख रुपये प्राप्त हुए थे।

290. ट्रस्ट की निवेशयोग्य निधियों की कुल राशि 30 जून 1973 को 142.0 करोड़ रुपये थी। इन निवेशों में से सामान्य शेयरों की राशि 60.7 करोड़ रुपये (42.8 प्रतिशत), अधिमान शेयरों की राशि 14.9 करोड़ रुपये (10.5 प्रतिशत) और डिबेंचरों की राशि 48.1 करोड़ रुपये (33.9 प्रतिशत) थी। शेष 18.3 करोड़ रुपये (12.8 प्रतिशत) सरकारी प्रतिभूतियां और कम्पनी बांडों में किये गये निवेश डिबेंचरों के लिए किये गये वायदों पर दी गयी अग्रिम जमा राशियां, अधिमान और ईक्विटी शेयरों, सामान्य शेयरों के लिए आग्रम मांग जमा-राशि, अनुपूरक बिल, अन्य जमा राशियों, सामान्य और अधिमान शेयरों के आवेदन शुल्क तथा बैंकों में जमा रहने वाली मांग और अल्प-सूचना पर प्रतिदेय राशियों के रूप में।

291. निवेश करने वाली जनता के बीच यूनिटों की लोकप्रियता को बढ़ाने के उद्देश्य से अनुमोदित एजेंटों और दलालों के संजाल को व्यापक बनाया गया ; उनकी संख्या जून 1973 के अन्त में क्रमशः 3,641 और 362 थी जबकि जून, 1972 के अन्त में उनकी संख्या क्रमशः 3,070 और 334 थी। ट्रस्ट के चार कार्यालयों के अलावा देश भर में प्रमुख बैंकों की 13,400 से अधिक शाखाओं में और लगभग 18,600 कार्यालयों में यूनिटों की बिक्री होती रही।

V. विदेश मुद्रा नियंत्रण संबंधी गतिविधियां

292. जून 1972 में पौंड और स्टर्लिंग और फ़रवरी 1973 में अनेक प्रमुख विश्व मुद्राओं को विनिमय बाजार में मुक्त छोड़ दिया गया था ; इस कारण इस वर्ष के दौरान विदेशी मुद्रा नियंत्रण की गतिविधियां प्रमुख रूप से विनिमय दर और उससे संबद्ध विषयों से सम्बन्धित थीं।

विनिमय दरें–रिजर्व बैंक द्वारा क्रय-विक्रय

293. पिछली रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि ब्रिटेन द्वारा जून, 1972 में स्टर्लिंग को विनिमय बाजार में मुक्त छोड़ दिये जाने का निर्णय किये जाने के बाद रिजर्व बैंक द्वारा हाजिर स्टर्लिंग का क्रय और विक्रय किये जाने की दरें क्रमशः प्रति रु. 100 पौंड 5.3333 और प्रति रु. 100 पौंड 5.3050 निर्धारित की गईं और ये दरें 4 जुलाई, 1972 से अमल में आयीं। स्टर्लिंग का वायदा क्रय 5 जुलाई, 1972 से पुनः चालू किया गया और उसकी दरें 3 महीने तक दाति किये जाने के लिए प्रति रु. 100 पौंड 5.3458 और छः महिने तक दाति किये जाने के लिए प्रति रु. 100 पौंड 5.3583 निर्धारित की गयीं। इसके बाद 22 अगस्त 1972 से स्टर्लिंग के लिए दी गयी वायदा रक्षा सुविधा को हाजिर स्टर्लिंग की रिजर्व बैंक की क्रय-दर के साथ निम्नलिखित मार्जिनों को जोड़कर निर्धारित की गयी दरों पर नौ महीने तक के लिए लागू किया गया।

दाति की अवधि	मार्जिन (प्रति रु० 100)
3 महीने तक	पौंड 0.0125
6 महीने तक	पौंड 0.0250
9 महीने तक	पौंड 0.0375

वायदा ठेकों को प्रत्येक तिमाही या उसके अंश के लिए प्रत्येक रु. 100 के लिए पौंड 0.0125 का प्रभार अदा करते हुए अनुरोध किये जाने पर और बढ़ाने की भी अनुमति दी गयी बशर्ते कि दाति की कुल अवधि मूल ठेके की तारीख से 12 महीने से अधिक न हो।

294. 9 अक्तूबर 1972 से रिजर्व बैंक ने प्राधिकृत व्यापारियों से अमेरिकी डालर खरीदने का भी निश्चय किया। हाजिर अमेरिकी डालर की रिजर्व बैंक की क्रय-दर लंदन बाजार में पिछले काम के दिन के अंत में विद्यमान अमेरिकी डालर की हाजिर दर और क्रय की तारीख को विद्यमान रिजर्व बैंक की स्टर्लिंग की हाजिर क्रय-दर के बीच की प्रतिदर थी। विक्रेता के विकल्प पर तीन महीने या छः महीने तक दाति किये जाने के लिये वायदा क्रय करने की दर लंदन बाजार में पिछले काम के दिन के अंत में विद्यमान अमेरिकी डालर की उचित वायदा क्रय-दर और उचित दाति के लिए रिजर्व बैंक द्वारा वायदा स्टर्लिंग का क्रय करने की दर के बीच की प्रतिदर थी। 19 जुलाई, 1966 और 17 अगस्त, 1971 के बीच स्टेट बैंक ने रिजर्व बैंक की ओर से अमेरिकी डालरों का वायदा क्रय किया था।

295. अंतर्राष्ट्रीय विदेशी मुद्रा बाजारों में विद्यमान अनिश्चित परिस्थितियों के कारण उन्हें बंद करना पड़ा और 12 फरवरी, 1973 को अमेरिकी डालर का और अवमूल्यन हुआ; इन कारणों से रिजर्व बैंक ने 12 और 13 फ़रवरी, 1973 से क्रमशः अमेरिकी डालर और स्टर्लिंग के वायदा क्रय को रोक दिया। किंतु रिजर्व बैंक तैयार दाति के लिए प्राधिकृत व्यापारियों से 12 फ़रवरी 1973 को विद्यमान दरों अर्थात 4 जुलाई 1972 को निर्धारित की गयी दरों पर स्टर्लिंग का क्रय-विक्रय करता रहा। केवल छः महीने तक दाति किये जाने के लिए 12 फ़रवरी, 1973 को विद्यमान दरों पर स्टर्लिंग का वायदा क्रय भी 8 मार्च 1973 से पुनः चालू कर दिया गया।

ब्रिटेन द्वारा स्टर्लिंग क्षेत्र के देशों के साथ विदेशी मुद्रा नियंत्रण शुरू किया जाना

296. पौंड स्टर्लिंग को विनिमय बाजार में मुक्त छोड़ देने का निर्णय किये जाने के साथ-साथ प्राधिकारियों ने 23 जून, 1972 से स्टर्लिंग क्षेत्र को विदेशी मुद्रा नियंत्रण के उद्देश्य के लिए ब्रिटेन और आयरलैंड गणतंत्र तक सीमित किया और "अनुसूचित क्षेत्रों" के रूप में पहले नामांकित देशों (आयरलैंड गणतंत्र को छोड़कर) के निवासी व्यक्तियों को अनिवासी के रूप में और वर्तमान स्टर्लिंग लेखों को विदेशी लेखों के रूप में नामांकित किया। इसके परिणामस्वरूप विदेशों को 3 नवंबर, 1972 से भारतीय विदेशी मुद्रा नियंत्रण के उद्देश्यों के लिए दो वर्गों में विभाजित किया गया :

(क) विदेशी लेखेवाले देश : निम्नलिखित (ख) में उल्लिखित देशों को छोड़कर किंतु ब्रिटेन और दूसरे भूतपूर्व अनुसूचित क्षेत्रों (अर्थात् स्टर्लिंग क्षेत्र के देश) के साथ सभी विदेश; और

(ख) द्विपक्षीय लेखवाले देश : बलगेरिया, चेकोस्लोवाकिया, जर्मन लोकतंत्रात्मक गणराज्य (पूर्व जर्मनी), हंगेरी, उत्तर कोरिया, पोलैंड, रुमानिया सोवियत समाजवादी गणतंत्र राज्य और युगोस्लाविया किन्तु युगोस्लाविया के मामले में नवंबर 1972 में भारत सरकार और युगोस्लाविया सरकार के बीच हुए नये व्यापार करार के बाद इन दोनों देशों के बीच सभी लेन देन (31 दिसंबर 1972 के पहले किये गये उन निर्यात-आयात ठेकों को छोड़कर जिनको करार संबंधी दायित्व के अधीन 1973 में अंशतः पूर्ण करना है और जिनका निपटान 30 सितंबर, 1973 के पहले अपरिवर्तनीय रुपयों में करना है) 1 जनवरी, 1973 से मुक्त रूप से परिवर्तनीय मुद्रा में किये जाने चाहिए ।

297. भारतीय रुपयों में किये जानेवाले लेन देनों के लिए नेपाल और भूटान के भारतीय, नेपाली और भूटानी निवासियों और इन दोनों क्षेत्रों में रहनेवाले भारत के कार्यालय और शाखाएं, नेपाली और भूटानी फ़र्म, कंपनियां अथवा दूसरे संगठन पहले की तरह भारत के निवासियों के रूप में माने जाते हैं ।

भारत के निवासी व्यक्तियों द्वारा विदेशी मुद्राओं का प्रत्यर्पण

298. अप्रैल, 1965 में दी गयी सामान्य अनुमति के अधीन भारत के किसी निवासी व्यक्ति को सेवाओं के लिए पारिश्रमिक के रूप में या कानूनी दायित्व के निपटान के लिए या विरासत, उपहार के विनिधयन या किसी गैर निवासी के आदेश पर विदेशी मुद्रा में किये जानेवाले भुगतान के रूप में विदेशी मुद्रा स्वीकार करने की अनुमति दी गयी बशर्ते कि इस प्रकार प्राप्त की गयी विदेशी मुद्रा को प्राप्ति के बाद 30 दिन की अवधि के भीतर किसी प्राधिकृत व्यापारी को प्रत्यर्पित किया जाए । इस अवधि को दिसंबर 1972 से कम कर 7 दिन कर दिया गया है । विदेशी यात्रा से लौटनेवाले भारत के निवासियों को भी देश में प्रवेश पाने के लिए निर्दिष्ट सीमा शुल्क केंद्र में अपने पास रहनेवाले विदेशी मुद्रा नोटों, यात्री चेकों और/या दूसरी विदेशी मुद्राओं की घोषणा करनी होगी ।

बंगला देश को कारोबारी यात्रा

299. यह पाया गया कि बंगला देश को कारोबार के संबंध में की जानेवाली यात्रा के लिए जिन मानों पर फिलहाल विदेशी मुद्रा प्रदान की जाती है वह अपर्याप्त है; अतः अमेरिका और कनाडा को छोड़कर अन्य देशों को कारोबार के संबंध में की जानेवाली यात्राओं के लिए फ़िलहाल लागू होनेवाले विदेशी मुद्रा-मानों को मई 1973 में बंगला देश के लिए भी लागू किया गया । फिर भी बंगला देश की यात्रा के लिए केवल रुपयों में विदेशी मुद्रा प्रदान की जाती रहेगी ।

सारणी 30 : जुलाई 1972 से जून 1973 तक की अवधि के सांख्यिकीय आंकड़े

I. विदेशों में अध्ययन/प्रशिक्षण के लिए जारी किये गये विदेशी मुद्रा परमिट

देश	तकनीकी पाठ्यक्रम		गैर तकनीकी पाठ्यक्रम	
	जारी किये गये परमिटों की संख्या	प्रदान की गयी विदेशी मुद्रा की राशि (हजार रुपयों में)	जारी किये गये परमिटों की संख्या	प्रदान की गयी विदेशी मुद्रा की राशि (हजार रुपयों में)
ब्रिटेन और यूरोप	512	5625	502	2471
अमेरीका और कनाडा . . .	817	18665	587	9626
अन्य देश	309	1949	98	389

II. अध्ययन/प्रशिक्षण को छोड़कर अन्य उद्देश्यों के लिए की जाने वाली विदेश यात्रा के लिए जारी किये गये विदेशी मुद्रा परमिट

	जारी किये गये परमिटों की संख्या	प्रदान की गई विदेशी मुद्रा की राशि (हजार रुपयों में)
1. कारोबार	12233	72782
2. डाक्टरी चिकित्सा . . .	609	6160
3. अध्ययन दौरे . . .	1210	6453
4. सम्मेलनों में भाग लेना . .	1328	3316
5. विविध	6443	7505

III. अनुमोदित 'पी' फ़ार्म आवेदन पत्रों की संख्या

उद्देश्य	अनुमोदित 'पी' फ़ार्मों की संख्या	अस्वीकृत
1. परिवार के प्रमुख से मिलना . .	12358	1
2. रिश्तेदारों से मिलना . .	15488	1
3. निर्यात वृद्धि . . .	377	
4. विदेशों में नौकरी . . .	6140	
5. स्थायी निवास के लिए उत्प्रवास .	5498	
6 विद्यार्थी/प्रशिक्षणार्थी . .	3478	3
7. विविध	23073	

VI. रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित सर्वेक्षण और विचार गोष्ठियां

सर्वेक्षण

300. पिछले वर्ष की रिपोर्ट में बैंक के सांख्यिकीय विभाग द्वारा भारत सरकार के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन और राज्य सरकारों के सांख्यिकीय विभागों के सहयोग से आयोजित अखिल भारतीय ग्रामीण ऋण और निवेश सर्वेक्षण 1971-72 के बारे में उल्लेख किया गया था । आलोच्य वर्ष के दौरान मांग पक्ष की छान-बीन का क्षेत्रगत कार्य पूर्ण हुआ । ग्रामीण

क्षेत्रों में विद्यमान ऋण स्थिति की संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से ऋण के पूर्ति पक्ष की अतिरिक्त छान-बीन शुरू की गई। रिजर्व बैंक के नमूने के आधार पर मांग पक्ष की छान-बीन के लिए चुने गये गांवों की ऋण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करनेवाली सहकारी संस्थाओं, वाणिज्य बैंकों और सरकारी विभागों तथा अन्य संस्थानिक एजेन्सियों के बीच पूर्ति के संबंध में एक सामान्य प्रश्नावली प्रचारित की गई। इसके अलावा 750 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, 80 सहकारी विपणन समितियों और उतनी ही संख्या के भूमि विकास बैंकों के नमूनों की एक व्यापक 'तत्स्थानिक' छान-बीन बैंक के कृषि ऋण विभाग के निरीक्षण कर्मचारियों और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के कर्मचारियों द्वारा उनके बीच उपयुक्त अनुसूचियों को घुमाकर की जा रही है।

301. स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के अनुरोध पर औद्योगिक वित्त विभाग ने नागपुर और उसके आसपास के क्षेत्रों में केन्द्रित क्षीण दशा में रहनेवाले हथकरघा उद्योग के तत्स्थानिक अध्ययन का आयोजन किया जिससे महाराष्ट्र राज्य हथकरघा निगम की योजना को उन यूनिटों को प्रदान किये जानेवाले अतिरिक्त बैंक अग्रिमों के लिए भी लागू किया जा सके जो बैंकों को देय राशि को चुकाने में पहले से ही असमर्थ रहते हैं ताकि उक्त उद्योग को उसके संकट के समय सहायता मिल सके। यहां यह उल्लेख किया जा सकता है कि इन क्षेत्रों में रहनेवाले हथकरघा बुनकरों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों से अनुरोध किया था। उसने हथकरघा बुनकरों को कच्चा माल देकर और उनके उत्पादन के क्रय-विक्रय की व्यवस्था कर सहायता देने के लिए महाराष्ट्र राज्य हथकरघा निगम की भी स्थापना की। निगम ने एसी एक योजना प्रारंभ की थी जिसके अंतर्गत बैंकों द्वारा हथकरघा बुनकरों को दिए जानेवाले ऋणों और उनकी वसूली को कच्चे माल की पूर्ति और तयार किये गए माल के विपणन से संबद्ध किया गया था। इस संबंध में, नागपुर में सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के प्रतिनिधियों और हथकरघा, विद्युत् करघा और सहकारी वस्त्रोद्योग के निदेशालयों तथा महाराष्ट्र राज्य हथकरघा निगम लिमिटेड के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया। इस अध्ययन के परिणामों के आधार पर गारंटी संगठन ने निगम की योजना के अंतर्गत स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा ऐसे बुनकरों को उनकी बकाया राशि की वसूली के लिए दिये जानेवाले प्रस्तावित अतिरिक्त अग्रिमों के संबंध में रक्षा प्रदान करना स्वीकार किया है। राष्ट्रीयकृत बैंकों को भी यह सूचित किया गया कि निगम की योजना के अंतर्गत हथकरघा बुनकरों को उनके द्वारा दिये गये अग्रिमों के लिए रक्षा प्रदान करने के संबंध में गारंटी संगठन को कोई आपत्ति नहीं होगी बशर्ते कि वे उन ऋणों के प्रस्तावों के संवीक्षण तथा उनके वितरणोत्तर पर्यवेक्षण के संदर्भ में अपना सामान्य मानदंड अपनायें।

302. योजना की वर्तमान शर्तों के अधीन विकेन्द्रित रूप से कार्य करनेवाली हथकरघा बुनकर समितियां जैसी औद्योगिक सहकारी संस्थाएं गारंटी रक्षा प्राप्त करने के लिये योग्य नहीं हैं। किंतु, चूंकि औद्योगिक क्षेत्र में सहकारी संस्थाओं को प्रोत्साहन देना एक राष्ट्रीय नीति रही है इसलिए विकेन्द्रित रूप से कार्य करने वाली कतिपय औद्योगिक सहकारी संस्थाओं का अध्ययन कार्य शुरू किया गया ताकि संबन्धित विभिन्न विषयों का परीक्षण किया जा सके और ऐसे यूनिटों को दिये गये अग्रिमों को रक्षा प्रदान करने के लिए उचित मानदंड निर्धारित किये जा सकें। यह देखा गया है कि अभी कुछ समय से, उत्पादन-व-बिक्री समितियों के रूप में औद्योगिक सहकारी संस्थाओं का संगठन किया जा रहा है जो कच्चे माल के क्रय और तैयार किये गये माल, दोनों के मामले में उत्पादन संबंधी जोखिम उठाती है। संगठन के सहकारी स्वरूप के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, समिति और उसके सदस्यों को संपूर्ण संघटन के रूप में शायद स्वीकार किया जा सकता है तथा सदस्यों के कार्यकलाप और उपकरणों में उनके द्वारा किये गये निवेश को समिति के ही कार्यकलाप और निवेश के रूप में माना जा सकता है। इस प्रकार भले ही उत्पादन-व-बिक्री समितियों का स्वामित्व सामान्यतः किसी भी उपकरण पर नहीं हो, फिर भी उनके बारे में शायद यह माना जा सकता है कि वे औद्योगिक गतिविधियों में संलग्न हैं। इस योजना के उद्देश्य के लिए ऐसी समितियों को "औद्योगिक संस्थाओं" के रूप स्वीकार करने की सरकार को सिफारिश किये जाने के प्रश्न पर सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है।

303. इस वर्ष के दौरान आर्थिक विभाग के ग्रामीण अर्थ प्रभाग ने गुजरात के कच्छ जिले के पिछड़े क्षेत्रों में तीन राष्ट्रीयकृत बैंकों के उप कार्यालयों और चल कार्यालयों के परिचालन का क्षेत्रगत अध्ययन किया। इस प्रभाग के एक अधिकारी ने उत्तर प्रदेश में वाणिज्य बैंकों द्वारा प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का वित्तपोषण किये जाने से संबंधित योजना के परिचालन पर आयोजित किये गये अंतर्विभागीय अध्ययन में भाग लिया।

304. आर्थिक विभाग के अंतर्राष्ट्रीय वित्त प्रभाग द्वारा अप्रैल-जून, 1971 की तिमाही की अवर्गीकृत प्राप्तियों (अर्थात् 10,000 रुपयों से कम या समान राशि की प्राप्तियां जिनके लिए विदेशी मुद्रा विनियमावली के अधीन उद्देश्यवार विवरण दिये जाने की आवश्यकता नहीं है) का सर्वेक्षण प्रारंभ किया गया था। उक्त सर्वेक्षण का उल्लेख पिछले वर्ष की रिपोर्ट में किया गया था। इस वर्ष के दौरान उपर्युक्त प्रभाग ने इस सर्वेक्षण के परिणामों को अंतिम रूप दिया। इस सर्वेक्षण के परिणामों का विश्लेषण करते हुए एक विस्तृत टिप्पणी बैंक के बुलेटिन के मार्च 1973 के अंक में प्रकाशित की गयी। इस सर्वेक्षण का उद्देश्यवार स्वरूप पिछले सर्वेक्षण के उद्देश्यवार स्वरूप के लगभग समान ही था। इसलिए भुगतान शेष के आंकड़ों में विभिन्न उद्देश्यों के लिए जिस आधार पर अवर्गीकृत प्राप्तियों को नियत किया जाता है उसमें किसी भी प्रकार के परिवर्तन की आवश्यकता नहीं समझी गयी। 1972 का सर्वेक्षण फरवरी, मार्च और अप्रैल की तिमाही के लिए शुरू किया गया और उसके परिणामों को अब अन्तिम रूप दिया जा रहा है। यह प्रभाग, विदेशी कंपनियों की शाखाओं और भारतीय मिश्रित पूंजी कंपनियों से विदेशी निवेश संबंधी त्रैमासिक सर्वेक्षण रिपोर्ट भी मंगाता रहा। 1968-69 और 1969-70 की भारत की अंतर्राष्ट्रीय निवेश स्थिति का प्रमुख रूप से इन रिपोर्टों पर आधारित मूल्यांकन अभी जारी है।

305. भारतीय उद्योग में विदेशी सहयोग के सर्वेक्षण और विदेशों में संयुक्त भारतीय उपक्रमों के सर्वेक्षण के जो कार्य आर्थिक विभाग के व्यापार प्रभाग द्वारा शुरू किये गये थे उनका उल्लेख पिछले वर्ष की रिपोर्ट में किया गया था; उक्त कार्य में आलोच्य वर्ष के दौरान प्रगति हुई। विवरणियों के संवीक्षण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। और अब आंकड़े के विश्लेषण का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है।

306. आर्थिक विभाग के ग्रामीण सर्वेक्षण प्रभाग ने कृषि उत्पादन को बढ़ाने में सहकारी ऋण की भूमिका पर शुरू किये गये छठे अनवर्ती ग्रामीण ऋण सर्वेक्षण 1963-66 की सामान्य पुनरीक्षण रिपोर्ट को इस वर्ष अन्तिम रूप दे दिया है। (1) केरल में वित्त के फ़सलवार मान, (2) महाराष्ट्र में संयुक्त रूप से स्वाधिकृत निजी कुओं और सरकार द्वारा बनाये गये सामुदायिक कुओं के संचालन से संबंधित दो क्षेत्रगत अध्ययनों की रिपोर्टें पूरी की जा चुकी है। प्रभाग द्वारा नियमित रूप से सहकारी बैंकों के अग्रिमों और जमाराशियों के संबंध में जो मासिक सर्वेक्षण किया जाता है वह इस वर्ष जारी रहा।

VII. शिक्षा और प्रशिक्षण

307. रिज़र्व बैंक न केवल अपने, बल्कि वाणिज्य बैंकों, सहकारी संस्थाओं और सरकारी विभागों के सभी स्तरों अर्थात् अवर, पर्यवेक्षी और वरिष्ठ कार्यपालक स्तरों के अनेक कर्मचारियों को अपनी विभिन्न प्रशिक्षण संस्थाओं द्वारा सामान्य और गहन प्रशिक्षण प्रदान करता है । इस वर्ष के दौरान विभिन्न संस्थाओं द्वारा अपनी गतिविधियों को विस्तारित करने में की गई प्रगति का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित अनुच्छेदों में दिया गया है ।

राष्ट्रीय बैंक प्रबंध संस्थान

308. जुलाई 1972 जून 1973 की अवधि में राष्ट्रीय बैंक प्रबन्ध संस्थान ने बैंकों की श्रमशक्ति को विकसित करने, उद्योग क्षेत्र को परामर्श सेवाएं प्रदान करने, मूल और व्यावहारिक अनुसंधान कराने तथा उद्योग क्षेत्र के अलग-अलग यूनिट की विशिष्ट समस्याओं को सुलझाने से संबंधित अपने कार्यकलापों को विस्तारित किया । इस अवधि के दौरान 11 कार्यक्रम आयोजित किये गये जिनमें 350 अधिकारियों ने भाग लिया । इन पाठ्यक्रमों में निम्नलिखित शामिल थे : उच्च प्रबंध प्रशिक्षण, वरिष्ठ कार्यपालक विकास कार्यक्रम, शाखा प्रबन्धक कार्यक्रम, प्रशिक्षकों के लिए कार्य शिविर, श्रमशक्ति विकास संबन्धी दूसरी विचार गोष्ठी, उधारकर्ताओं के लिये ऋण प्रबंध पाठ्यक्रम, अलग-अलग यूनिटों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, क्लिष्ट लेखों का प्रबन्ध, क्षेत्र वित्त नीति पर कार्य शिविर आदि । इनके अलावा अगस्त 1972 और अप्रैल, 1973 में दो उच्च स्तरीय प्रबन्ध सम्मेलन आयोजित किये गये और उक्त सम्मेलनों में विभिन्न बैंकों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों, योजना आयोग के नीति निर्धारकों, वित्त मंत्रालय और रिज़र्व बैंक आफ इंडिया को विकास प्रयत्नों की दिशाओं और स्वरूपों और इस समग्र कार्य में बैंकिंग उद्योग की उपयुक्त भूमिका के संबंध में विचार-विमर्श करने का अवसर प्राप्त हुआ ।

309. अनुसंधान के क्षेत्र में, ऋण आयोजना, बैंकिंग उद्योग के विकास क्षेत्रीय आर्थिक क्षमता, कारोबारी आयोजना व्यापार संभावनाओं, ऋण प्रबंध आदि के क्षेत्र में विभिन्न अध्ययन जारी है और मुद्रा संचलन की गति, कार्य आयोजना, असम-पूर्वांचल बैंक और 'नागालैंड, मणिपुर और नेफा (पूर्वोत्तर सीमा एजेंसी) से संबंधित अध्ययन समाप्त किये गये। संस्थान में फ़िलहाल चौदह अनुसंधान सहयोगी / फ़ेलो डाक्टरेट की उपाधि के लिए शोध निबंध तैयार कर रहे है । स्ट्रैथक्लाइड विश्वविद्यालय ने अपने विद्यार्थियों का राष्ट्रीय बैंक प्रबन्ध संस्थान में परिचालन संबंधी अनुसंधान के क्षेत्र में एम०एस०सी० की उपाधि के लिए तत्संबंधी अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए अनुसंधान करने और शोध निबंध तैयार करने की अनुमति दी है । इस व्यवस्था के अन्तर्गत एक विद्यार्थी ने 1972 के दौरान संस्थान में अपना अनुसंधान कार्य पूरा कर लिया है। 1973 में प्रारंभ किये जाने के लिए अनुसंधान प्रक्रिया पर एक व्यापक पाठ्यक्रम बनाया गया है ।

310. सेंट्रल बैंक आफ इंडिया और बैंक आफ महाराष्ट्र के पुनर्गठन से संबंधित परामर्श परियोजनाएं समाप्त की गई और उनको कार्यान्वित करने के लिये एक क्रमबद्ध कार्यक्रम का सुझाव दिया गया । सांगली बैंक लिमिटेड, साउथ इन्डिया बैंक लिमिटेड, नेशनल बैंक लिमिटेड, फेडरल बैंक लिमिटेड जैसे अन्य बैंकों के लिये भी परामर्श कार्य समाप्त किया गया । संस्थान ने स्टेट बैंक आफ इंडिया के लिये 5 विभिन्न परियोजनाओं में संबद्ध परामर्श योजना के संदर्भ में एक नई प्रणाली अपनायी है और उक्त योजना के संबंध में प्रत्येक परियोजना के लिये संकल्पनात्मक रूपरेखा और अभिकल्प संस्थान प्रदान करेगा और बैंक का कर्मचारी वर्ग वास्तव में अध्ययन कार्य करेगा । संस्थान ने निर्यात ऋण और गारंटी निगम के अनुरोध पर उसके बैंकिंग ऋण से संबंधित परामर्श कार्य समाप्त कर लिया है । संस्थान ने बैंकिंग उद्योग में सीधी भरती के लिये भी 30 विभिन्न केन्द्रों में 11 बैंकों को 1,25 लाख उम्मीदवारों के संदर्भ में चयन और परीक्षण की अपनी सेवाएं अर्पित की । सनदी लेखापालों की सीधी भर्ती के लिये विशेष चयन परीक्षा प्रक्रियाएं तैयार की गयीं ।

बैंकर प्रशिक्षण कालेज, बम्बई

311. आलोच्य अवधि के दौरान, बैंकर प्रशिक्षण कालेज ने ऋण मूल्यांकन पर सात पाठ्यक्रम और मीयादी ऋण प्रदान करने वाली संस्थाओं और बैंकों के विभिन्न अधिकारियों और वाणिज्य बैंकों के पर्यवेक्षी निरीक्षण कर्मचारी वर्ग के लिये दो-दो पाठ्यक्रम चलाये । मीयादी ऋण प्रदान करने वाली संस्थाओं के लिये कालेज ने बाजार विश्लेषण पर एक पाठ्यक्रम चलाया । कालेज ने दो मध्यवर्ती पाठ्यक्रम और उच्चतर बैंकिंग औद्योगिक वित्त कार्मिक तथा संगठन पर एक-एक पाठ्यक्रम का आयोजन किया । कतिपय वाणिज्य बैंकों की विशेष आवश्यकताओं की पूर्ति के निमित्त उनके अधिकारियों के लिये कुछ विशिष्ट अपनी पाठ्यक्रमों का आयोजन किया गया ।

312. जैसा कि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था कालेज ने विश्व बैंक वाशिंगटन डी. सी. के आर्थिक विकास संस्थान के सहयोग से विकास बैंक व्यवस्था पर एक द्विस्तरीय क्षेत्रीय पाठ्यक्रम आयोजित किया । इस पाठ्यक्रम में एशिया और अफ्रीका के सोलह देशों की विकास वित्तीय एजेंसियों के पैंतीस कार्यपालक और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया जिनमें भारत की वित्तीय संस्थाओं के नौ अधिकारी भी शामिल थे । विकास बैंक व्यवस्था की महत्वपूर्ण समस्याओं पर एक अंतर्राष्ट्रीय विचार-गोष्ठी आयोजित की गयी जो उक्त पाठ्यक्रम का अंतिम चरण थी । उक्त गोष्ठी में अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त व्यक्तियों ने भाग लिया । अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में कालेज का यह पहला महत्वपूर्ण कार्य था । इस पाठ्यक्रम को तैयार करने में कालेज ने कुछ साहसिक प्रयोग किये थे दोनों स्तरों के पाठ्यक्रमों के प्रशिक्षणार्थियों को दो सप्ताह के लिए एक साथ सम्मिलित रूप से प्रशिक्षण में भाग लेने देना उन प्रयोगों में एक था । बैंक व्यवस्था में औद्योगिक संबंधों पर वाणिज्य बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के उस विषय के कार्यपालक अधिकारियों और कर्मचारियों के लाभ के लिए एक पाठ्यक्रम और वाणिज्य बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के अधिकारियों के लाभ के लिए लघु उद्योगों के वित्तपोषण पर एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया ।

313. 1973 के द्वितीयार्ध में कालेज वाणिज्य बैंकों के मध्य-स्तरीय कार्यपालक अधिकारियों के लिए नियंत्रित वित्त पर एक अल्पकालीन पाठ्यक्रम और एक समेकित पाठ्यक्रम शुरू करने का विचार कर रहा है ।

314. आलोच्य अवधि के दौरान, कालेज ने रिज़र्व बैंक के ग्रेड I स्टाफ़ आफ़िसरों और ग्रेड III वरिष्ठ स्टाफ़ आफ़िसरों के लिए क्रमशः दो केन्द्रीय बैंकिंग पाठ्यक्रम और एक उच्च केन्द्रीय बैंकिंग पाठ्यक्रम का आयोजन किया । पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी उच्च केन्द्रीय बैंकिंग पाठ्यक्रम में वाणिज्य बैंकों के कतिपय वरिष्ठ अधिकारियों को प्रवेश दिया गया । रिज़र्व बैंक की अपनी प्रशिक्षण संस्थाओं के प्रशिक्षक वर्ग के लिए एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग के अधिकारियों के लिए एक विदेशी मुद्रा पाठ्यक्रम का भी आयोजन किया गया ।

315. इस अवधि में कालेजों में प्रशिक्षण प्राप्त बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के अधिकारियों और रिजर्व बैंक के अपने अधिकारियों की कुल संख्या 835 थी। 1954 में जब इस कालेज की स्थापना की गयी तब से लेकर अब तक 5,301 अधिकारियों ने कालेज द्वारा चलाये गये विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

सहकारी बैंकर प्रशिक्षण कालेज, पूना

316. औद्योगिक सहकारी संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने वाले राज्य/केन्द्रीय सहकारी बैंकों, शहरी बैंकों और केन्द्रीय बैंकों के प्रबन्ध कर्मचारीयों वर्ग के लिए सहकारी बैंकर प्रशिक्षण कालेज ने एक एक पाठ्यक्रम चलाया। भूमि विकास बैंकों के प्रबन्ध कर्मचारी वर्ग और वाणिज्य बैंकों के मध्यस्तरीय कर्मचारियों के लिए तीन पाठ्यक्रम शहरी सहकारी बैंकों के प्रबन्ध कर्मचारियों के लिए दो पाठ्यक्रम और राज्य/केन्द्रीय सहकारी बैंकों के शाखा एजेंटों के लिए एक पाठ्यक्रम चलाये गये कालेज कृषि वित्त पर पाठ्यक्रम का आयोजन करता रहा और इस प्रकार के दो पाठ्यक्रम वाणिज्य के बैंकों के मध्यस्तरीय कर्मचारियों के लिए और एक विशेष अल्पकालीन पाठ्यक्रम वाणिज्य बैंकों के वरिष्ठ स्तरीय अधिकारियों के लिए और एक पाठ्यक्रम रिजर्व बैंक के अधिकारियों के लिए चलाये गये। कालेज ने परियोजना आयोजना और मूल्यांकन पर राज्य/प्राथमिक भूमि विकास बैंकों के प्रबंध कर्मचारी वर्ग और वाणिज्य बैंकों के मध्यस्तरीय प्रबंध कर्मचारियों के लिये एक पाठ्यक्रम चलाया और विभिन्न राज्यों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ के साथ किये गए सहायता करारों की शर्तों और प्रतिबंधों को ध्यान में रखते हुए उन राज्यों के लिये विशेष पाठ्यक्रमों का आयोजन किया। इनके अलावा कालेज ने राज्य/केन्द्रीय और प्राथमिक सहकारी बैंकों के प्रबंध कर्मचारी वर्ग के लिये पुनर्चर्या पाठ्यक्रमों का भी आयोजन किया। यह कालेज पूना के बाहर कई सुविधापूर्ण स्थानों पर विभिन्न विषयों के अल्पकालीन पाठ्यक्रम भी चलाता रहा।

317. इस अवधि में सहकारी बैंकों, भूमि विकास बैंकों और वाणिज्य बैंकों तथा रिजर्व बैंक के जिन अधिकारियों ने इस कालेज में प्रशिक्षण प्राप्त किया उनकी संख्या 774 थी। सितम्बर 1969 में जब इस कालेज की स्थापना की गई तब से लेकर अब तक कुल 2,205 अधिकारियों ने इस कालेज में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

कर्मचारी प्रशिक्षण कालेज, मद्रास

318. यह कालेज ग्रेड II स्टाफ़ आफ़िसरों (सीधे भर्ती किये गए/पदोन्नत किये गए) और सहायक कर्मचारी वर्ग के लिये केन्द्रीय बैंक संगठन पर सामान्य पाठ्यक्रम तथा बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, औद्योगिक वित्त विभाग और कृषि ऋण विभाग के अधिकारियों के लिये निरीक्षण-अभिमुख पाठ्यक्रम नियमित रूप से चलाता रहा। ग्रेड I ग्रेड II (सीधे भर्ती किये गए) स्टाफ आफिसरों के लिये इस कालेज ने प्रवेश पाठ्यक्रम भी चलाया है। इस कालेज में अब तक प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारियों की कुल संख्या 3,775 है।

क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र

319. रिजर्व बैंक के अवर और प्रवर कलर्कों के लिये बम्बई, मद्रास और नई दिल्ली में स्थित क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र पाठ्यक्रमों का आयोजन करते रहे। कलकत्ता स्थित क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र विगत कुछ समय से कार्य नहीं कर रहा था, उक्त केन्द्र फिर से खोला जा रहा है और वहां शीघ्र ही पाठ्यक्रम शुरू किये जाएंगे। बैंक ने उन योग्य उम्मीदवारों के लिये जो स्टाफ़ आफिसर ग्रेड II पद के उन्नति पाने के लिये विभागीय परीक्षा में बैठे थे एक विशेष विचार-विमर्श प्रधान पाठ्यक्रम का भी आयोजन किया। कुल मिलाकर कलकत्ता क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र सहित चारों क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्रों में इस प्रकार के बीस पाठ्यक्रम आयोजित किये गए; कलकत्ता केन्द्र इस उद्देश्य के लिये विशेष रूप से खोला गया था। विभिन्न क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्रों में अब तक प्रशिक्षण प्राप्त क्लर्क कर्मचारी वर्ग की कुल संख्या 8,481 है।

अल्पकालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

320. राज्य वित्तीय निगमों के कर्मचारियों को ऋण मूल्यांकन अनुवर्ती कार्रवाई और दस्तावेज तैयार करने से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से रिजर्व बैंक ने राज्य वित्तीय निगमों के मध्यस्तरीय अधिकारियों के लिये अल्पकालीन आवासी पाठ्यक्रम प्रारंभ किया है। इस प्रकार के चार पाठ्यक्रम नई दिल्ली, रांची, मद्रास और बंगलूर में आयोजित किये जा चुके है। राज्य वित्तीय निगमों के दूसरे स्तरों के कर्मचारी वर्ग की प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के साथ-साथ भविष्य में भी इस प्रकार के पाठ्यक्रमों को जारी रखने का इरादा है।

321. रिजर्व बैंक ने 9 अक्तूबर से 13 अक्तूबर 1972 तक नई दिल्ली में सहकारी समितियों विन्यास से संबंधित अल्पकालीन पाठ्यक्रमों का भी आयोजन किया जिनमें 5 राज्यों और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, सहकारी प्रशिक्षण समिति और भारत सरकार के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कर्मचारी वर्ग की प्रतिनियुक्ति

322. भारतीय प्रशासी कर्मचारी कालेज हैदराबाद के साथ की गई स्थाई व्यवस्थाओं के अधीन बैंक के अधिकारी उक्त कालेज द्वारा आयोजित प्रबंध विकास पाठ्यक्रमों में भाग लेने के लिये प्रतिनियुक्त किये गए। वाणिज्य बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के अधिकारियों के लिये बैंकर प्रशिक्षण कालेज द्वारा चलाए गए कुछ पाठ्यक्रमों में और साथ ही अखिल भारतीय और राज्य-स्तरीय प्रबंध संस्थाओं, प्रबंध संस्थानों तथा इसी प्रकार के कुछ अन्य संस्थानों द्वारा आयोजित प्रबंध विकास संबंधी अल्पकालीन पाठ्यक्रमों में भाग लेने के लिये भी अधिकारियों को भेजा गया। रिजर्व बैंक अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक के आर्थिक विकास संस्थान और बैंकाक स्थित एशियाई आर्थिक विकास और आयोजना संस्थान द्वारा आयोजित पाठ्यक्रमों में भाग लेने के लिये भी अपने अधिकारियों को प्रतिनियुक्त करता रहा। इसके अतिरिक्त ब्रिटेन, पश्चिम जर्मनी और जापान के बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों में अध्ययन दौरे/प्रशिक्षण के लिये अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया।

रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया में हिन्दी की प्रगति

323. आलोच्य वर्ष के दौरान रिजर्व बैंक ने 30 जून 1972 को समाप्त हुए वर्ष के लिये रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया के कामकाज एवं भारतीय बैंक व्यवसाय की प्रवृत्ति और प्रगति पर वार्षिक रिपोर्ट तथा मुद्रा और वित्त की रिपोर्ट के हिन्दी रूपांतर प्रकाशित किये। रिजर्व बैंक अपनी सहयोगी संस्थाओं अर्थात् भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, कृषि पुनर्वित्त निगम, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, जमा बीमा निगम और भारतीय ऋण गारंटी निगम लिमिटेड को भी उनकी वार्षिक रिपोर्टों, प्रेस विज्ञाप्ति, विज्ञापनों, अधिसूचनाओं, नोटिसों आदि के हिन्दी अनुवाद के लिये सहायता प्रदान करता रहा। इस व्यवस्था के अंतर्गत बैंक के हिन्दी अनुभाग ने इस वर्ष दो पुस्तिकाएं प्रकाशित की जिनके शीर्षक इस प्रकार थे: (1) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के कार्य और कार्य-पद्धति और (2) कृषि पुनर्वित्त निगम के कार्य और कार्यपद्धति। सरकार के अनुरोध पर रिजर्व बैंक ने सरकारी क्षेत्र के बैंकों में प्रचलित पदनामों के हिन्दी पर्याय तैयार करने का कार्य प्रारंभ किया ताकि उनमें एक-रूपता हो सके।

324. राजभाषा अधिनियम, 1963 के उपबंधों का पालन करते हुए रिजर्व बैंक प्रेस विज्ञप्तियों/टिप्पणियों/प्रकाशनियों/सारांशों, नोटिसों, विज्ञापनों और अधिसूचनाओं को अंग्रेजी और हिन्दी में एक-साथ जारी करता रहा। जनता, केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों से हिन्दी में प्राप्त पत्र आदि स्वीकार किये गए और उनका हिन्दी में उत्तर दिया गया।

325. हिन्दी के प्रगामी प्रयोग की गति में तीव्रता लाने के उद्देश्य से बैंक में गत वर्ष मुख्य प्रबंधक की अध्यक्षता में गठित सात सदस्यों की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दूसरी बैठक 17 जुलाई, 1972 को हुई। यह निश्चय किया गया कि स्टेट बैंक आफ़ इंडिया, सेंट्रल बैंक आफ़ इंडिया और कनारा बैंक तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, कृषि पुनर्वित्त निगम और भारतीय यूनिट ट्रस्ट के एक-एक प्रतिनिधि को सहयोजित कर समिति का विस्तार किया जाए। विस्तारित समिति की दो बैठकें 28 नवंबर, 1972 और 27 फरवरी, 1973 को हुई और उन बैठकों में ऐसे विभिन्न प्रयासों पर विचार-विमर्श किया गया जो बैंकों में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के लिये किये जाने चाहिये।

326. वित्त मंत्रालय के बैंकिंग विभाग की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अनुरोध पर बैंक ने 'रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया बुलेटिन' में उसके अक्तूबर 1972 के अंक से एक हिन्दी खंड आरंभ किया; उक्त खंड में निम्नलिखित दिये जाते हैं: वित्तीय और आर्थिक समीक्षा तथा अंग्रेजी खंड मे प्रकाशित होने वाले महत्वपूर्ण लेखों के सारांश, ऋण नियंत्रण के उपाय, विदेशी मुद्रा नियंत्रण की गतिविधियां और चुने हुए आर्थिक निर्देशकों की एक सारणी।

327. रिजर्व बैंक अपने कर्मचारियों के हित के लिये विभिन्न केन्द्रों में अपनी हिन्दी शिक्षण योजना के अंतर्गत हिन्दी कक्षाएं चलाता रहा: उन कक्षाओं को अब 'हिन्दी अध्ययन मंडल' के नाम से अभिहित किया जाता है। हिन्दी परीक्षाओं और हिन्दी टंकण कला (टाइपराइटिंग) की परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने के लिये दिये जाने वाले प्रोत्साहन इस वर्ष भी जारी रहे। आलोच्य वर्ष के दौरान हिन्दी प्रबोध, प्रवीण और प्राज्ञ परीक्षाओं में उत्तीर्ण कर्मचारियों को प्रमाणपत्र वितरित करने के लिये मद्रास और कलकत्ता में समारोह आयोजित किये गए।

वाणिज्य बैंकों में हिन्दी की प्रगति

328. 1967 में संशोधित राजभाषा अधिनियम, 1963 के अनुसार केन्द्रीय सरकार द्वारा स्वाधिकृत और नियंत्रित कम्पनियों और निगमों के लिये यह अनिवार्य है कि वे सभी आधिकारिक उद्देश्यों के लिये अंग्रेजी के अलावा हिन्दी का भी प्रयोग करें। तदनुसार, सरकारी क्षेत्र के सभी बैंकों का इस अधिनियम के उपबंधों का पालन करना आवश्यक हो जाता है। सरकारी क्षेत्र के बैंकों को कम से कम हिन्दी भाषी क्षेत्रों में जनता के साथ किये जाने वाले अपने कामकाज में अंग्रेजी के साथ-साथ हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिये समय-समय पर अनुदेश दिये गए हैं। ये अनुदेश अन्य बातों के साथ-साथ फार्मों और प्रचार साहित्य का मुद्रण करने तथा विज्ञापन जारी करने मे हिन्दी का प्रयोग करने के लिये दिये गए है। बैंकों को यह भी सूचित किया गया है कि हिन्दी में प्राप्त पत्रों का उसी भाषा में उत्तर दें और हिन्दी मे किये गए हस्ताक्षरों को बिना किसी अतिरिक्त औपचारिकता के स्वीकार करें। दिसम्बर 1972 के अंत तक बैंकों द्वारा हिन्दी के प्रयोग के संबंध में की गई प्रगति का पुनरीक्षण करने पर यह पाया गया कि वे राजभाषा अधिनियम के उपबंधों और इस संबंध में जारी किये गए अनुदेशों का पालन करने के लिये क्रमिक रूप से कदम उठा रहे हैं और अपने दैनंदिन कार्यों में हिन्दी और अन्य प्रादेशिक भाषाओं का प्रयोग करने का प्रयत्न कर रहे हैं। कतिपय बैंक मानक हिन्दी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले अपने कर्मचारियों को प्रोत्साहन के रूप मे कोई राशि प्रदान करने के निमित्त योजनाएं बनाने का विचार कर रहे हैं। जिन बैंकों ने अपने कर्मचारियो को हिन्दी का ज्ञान प्राप्त करने के लिये प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से योजनाएं शुरू नहीं की हैं उन्हे ऐसी योजनाएं शुरू करने के संबंध में विचार करने के लिये सूचित किया गया है। इस संबंध में, रिजर्व बैंक की हिन्दी शिक्षण योजना और उसके अंतर्गत दिये जाने वाले प्रोत्साहनों की एक प्रतिलिपि बैंकों की सूचना और मार्गदर्शन के लिये भेज दी गई है। जिन हिन्दी शिक्षण केन्द्रों में गृह मंत्रालय ने हिन्दी शिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया है उन केन्द्रों की एक सूची भी बैंकों को भेजी गई है ताकि यदि वे चाहें तो अपने कर्मचारियों को इन हिन्दी शिक्षण केन्द्रों का लाभ उठाने के लिये सूचित कर सके।

VIII. लेखे और अन्य विषय

329. 30 जून, 1973 को समाप्त हुए लेखा वर्ष मे विभिन्न व्यवस्थाओं के लिये समायोजन करने के बाद बैंक की आय 271.29 करोड़ रुपये थी जबकि पिछले वर्ष की आय 222.17 करोड़ रुपये थी। विभिन्न स्रोतों से प्राप्त आय का विस्तृत विवरण निम्न प्रकार है:

(राशि करोड़ रुपयों मे)

	वर्ष	
	1972-73	1971-72
(i) राज्य सरकारों को दिये गये अर्थोपाय अग्रिमों पर ब्याज	3.15	15.32
(ii) राज्य सरकारों [उपर्युक्त मद (i) में उल्लिखित अर्थोपाय अग्रिमों पर प्राप्त ब्याज को छोड़कर] और वाणिज्य तथा सहकारी बैंकों को दिये गए ऋणो और अग्रिमो पर ब्याज	21.11	20.56
(iii) रुपया प्रतिभूतियों पर ब्याज और रुपया खजाना बिलों पर बट्टा	213.39	156.25
(iv) विदेशी प्रतिभूतियों, निवेशों और खजाना बिलों पर ब्याज और बट्टा	20.07	22.58
(v) विनिमय से प्राप्त कमीशन और लाभ या उपलब्धि	13.43	6.40
(vi) अन्य आय	0.14	1.06
जोड़	**271.29**	**222.17**
घटाइए: जैसा कि पैराग्राफ 330 में उल्लेख किया गया है, निधियों मे किये गए अंतरण	100.00	65.00
	171.29	157.17

330. राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन क्रियाएं) निधि, राष्ट्रीय कृषि ऋण स्थिरीकरण) निधि और राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन क्रियाएं) निधि में जो अंशदान किये गए उनकी राशि क्रमशः 30 करोड़ रुपये, 40 करोड़ रुपये और 30 करोड़ रुपये थी जबकि 1971-72 में उनकी राशि क्रमशः 19 करोड़ रुपये, 6 करोड़ रुपये और 40 करोड़ रुपये थी।

331. दूसरी ओर, इस वर्ष के दौरान 41.29 करोड़ रुपयों का कुल व्यय हुआ जबकि पिछले वर्ष 37.17 करोड़ रुपयों का व्यय हुआ था। कुल 171.29 करोड़ रुपयो की जो आय शेष थी उसमें से उक्त व्यय के लिये समायोजन करने के बाद केन्द्रीय सरकार को अदा करने के लिये अलग रखी गई लाभ राशि 130 करोड़ रुपये थी जबकि पिछले वर्ष अदा की गई राशि 120 करोड़ रुपये थी।

332. पिछले वर्ष के 222.17 करोड़ रुपयों के स्तर के मुकाबले में इस वर्ष आय में 49.12 करोड़ रुपयो की जो वृद्धि हुई वह प्रमुख रूप से (i) केन्द्रीय सरकार के खाते की पूर्ति करने के निमित्त निर्मित तदर्थ खजाना बिलों पर प्राप्त बट्टे और (ii) सरकारी लेखे पर विदेशी मुद्राओं के प्रेषण से अर्जित विनिमय-शुल्क के कारण हुई। व्यय में हुई 4.12 करोड़ रुपयों की वृद्धि प्रमुख रूप से स्थापना संबंधी व्यय में हुई वृद्धि और स्टेट बैंक आफ़ इंडिया और उसके सहायक बैंकों को सरकारी कामकाज और प्रेषण सुविधा योजना संबंधी लेनदेन के लिये अदा किये गए एजेंसी प्रभारों और दूसरे प्रकार के व्यय में हुई सामान्य वृद्धि के कारण हुई।

लेखा परीक्षक

333. बैंक के लेखो की परीक्षा मेसर्स दलाल एंड शाह, बम्बई, मेसर्स पी० के० मित्रा एंड कम्पनी, कलकत्ता, मेसर्स ठाकुर वैद्यनाथ अय्यर एंड कम्पनी, नई दिल्ली और मेसर्स सूरी एंड कम्पनी, मद्रास द्वारा की गई जिन्हें भारत सरकार ने रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 50 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी की गई तारीख 16 मार्च, 1973 की अधिसूचना स० एफ० 10 (1) 73 बी० ओ० आई० (i) और (ii) द्वारा रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया के लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया था। मेसर्स दलाल एंड शाह और मेसर्स पी० के० मित्रा एंड कम्पनी की नियुक्ति क्रमशः मेसर्स ए० एफ० फ़र्गुसन एंड कम्पनी और मेसर्स राय एंड राय के स्थान पर हुई जबकि मेसर्स ठाकुर वैद्यनाथ अय्यर एंड कम्पनी और मेसर्स सूरी एंड कम्पनी को सरकार ने पुनर्नियुक्त किया। इस वर्ष बैंक के सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा बम्बई, कलकत्ता, मद्रास और नई दिल्ली के कार्यालयों के अलावा भायखला और हैदराबाद के कार्यालयों की लेखा बहियों की भी परीक्षा की गई है। लेखा परीक्षकों के लिये प्रति कार्यालय अदा किये जाने वाले 15,000 रुपयों के पारिश्रमिक में कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

केन्द्रीय बोर्ड

334. श्री पी० एन० डमरी अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक के सचिव का कार्य-भार संभालने के लिये 15 मार्च, 1973 के अपराह्न से बैंक के उप गवर्नर के पद से निवृत्त हुए। बोर्ड श्री डमरी द्वारा लगभग छः वर्षों तक के अपने कार्य-काल के दौरान उप गवर्नर के रूप में की गई अमूल्य सेवाओं की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार प्रदर्शित करता है।

335. 30 जून, 1972 को अपनी पदावधि समाप्त होने पर सर्वश्री अरविंद एन० मफ़तलाल, जी० बसु, कमलजीत सिंह और डी० सी० कोठारी केन्द्रीय बोर्ड के निदेशक पद से निवृत्त हुए। सर्वश्री एस० एल० किर्लोस्कर, भास्कर मित्तर, बी० एन० पुरी और जे० रामदेव राव रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया अधिनियम, 1934 की धारा 8(1)(ख) के अधीन केन्द्रीय बोर्ड के निदेशकों के रूप में नामित किये गए और वे भी 14 जनवरी, 1973 से सेवानिवृत्त हुए। बोर्ड सेवानिवृत्त निदेशकों की सेवाओं के प्रति अपना आभार व्यक्त करता है।

336. श्री एस० एम० जोशी ने 1 सितम्बर, 1972 से केन्द्रीय बोर्ड के निदेशक पद से त्यागपत्र दे दिया।

337. श्री ए० अक्षी के स्थान पर, रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया अधिनियम, 1934 की धारा 8(1)(अ) के अधीन 17 अगस्त, 1972 से श्री एन० सी० सेन गुप्ता बैंक के केन्द्रीय बोर्ड के निदेशक के रूप में नामित हुए।

338. 6 सितम्बर, 1972 से, रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया अधिनियम की धारा 8(1)(ग) के अधीन सर्वश्री एम० पी० सितले और जी० पार्थसारथी, डा० के० कानूनगो और डा० वी० कुरियन केन्द्रीय बोर्ड के निदेशकों के रूप में नामित किये गए। 23 फरवरी, 1973 को स्थानीय बोर्डों के पुनर्गठन के बाद रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया अधिनियम की धारा 8(1)(ख) के अधीन प्रोफेसर एम० एल० दांतवाला, श्री ए० एन० हक्सर, डा० भरत राम और श्री सी० रामकृष्णा क्रमशः पश्चिमी, पूर्वी, उत्तरी और दक्षिणी क्षेत्रों के स्थानीय बोर्डों का प्रतिनिधित्व करने के लिये केन्द्रीय बोर्ड के निदेशकों के रूप में नामित किये गए।

339. इस वर्ष के दौरान केन्द्रीय बोर्ड की सात बैठकें हुईं; उनमें से दो बैठकें बम्बई में और एक-एक बैठक मद्रास, त्रिवेंद्रम, कलकत्ता, अहमदाबाद और श्रीनगर में हुई। केन्द्रीय बोर्ड की समिति की 53 बैठकें हुईं। जिनमें से पांच नई दिल्ली में और शेष बंबई में हुईं।

340. डा० सी० डी० दातें और डा० के० एम० कृष्णास्वामी 21 मार्च, 1973 से बैंक के कार्यपालक निदेशकों के रूप में नियुक्त किये गए।

स्थानीय बोर्ड

341. बैंक के सभी स्थानीय बोर्डों के सदस्यों की पदावधि 14 जनवरी, 1973 को समाप्त हो गई और भारत सरकार ने रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया अधिनियम, 1934 की धारा 9 (1) के उपबंधों के अधीन 23 फ़रवरी, 1973 से स्थानीय बोर्डों का पुनर्गठन किया।

बैंक के भवन

नये कार्यालय भवन

342. बंबई स्थित टकसाल के अहाते में प्रस्तावित बहुमंजिली वाले भवन के लिए विभाजक दीवार का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है और परियोजना का सामान्य निर्माण कार्य 1973 के अंत तक प्रारम्भ होने की आशा है। बंगलूर के मुख्य कार्यालय भवन का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है और जो विभाग अब तक पट्टे पर लिये गये भवनों में स्थित थे उनको नये भवनों में स्थानांतरित कर दिया गया है।

कार्यालय के उपयोग के लिए पट्टे पर लिये गये भवन

343 स्थान की अतिरिक्त आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बैंक ने बम्बई स्थित मुख्य कार्यालय के समीप एक भवन पट्टे पर लिया है। बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना के लिए भोपाल में भी भवन पट्टे पर लिया गया है।

आवास भवन

344. विभिन्न केन्द्रों में आवास भवनों की व्यवस्था करने के लिये बैंक बराबर कोशिश कर रहा है। इन आवास भवनों के लिये बैंक भारी मात्रा में आर्थिक सहायता प्रदान करता है। आलोच्य अवधि के दौरान 326 क्वार्टरों का (बंगलूर में अधिकारियों के लिये 54 और नई दिल्ली में क्लर्कों के लिये 208 और अधीन कर्मचारियों के लिये 64 क्वार्टर) निर्माण कार्य पूरा किया गया। क्लर्कों और अधीन कर्मचारियों के लिये 654 क्वार्टरों अर्थात् कलकत्ता में 332, नागपुर में 104 और कानपुर में 218 का निर्माण कार्य समाप्त होनेवाला है और आशा है कि उक्त क्वार्टर आवास के लिये शीघ्र ही उपलब्ध हो जाएंगे। इनके साथ, बैंक द्वारा जो क्वार्टर बनाये गए है उनकी संख्या में 980 की वृद्धि होगी और वे कुल मिलाकर 3,890 (अधिकारियों के लिये 588, क्लर्कों और अधीन कर्मचारियों के लिये क्रमशः 2198 और 1104 क्वार्टर) हो जाएंगे। इनके अलावा 575 क्वार्टरों का निर्माण कार्य (बम्बई में अधिकारियों के लिये 152 और मद्रास और कलकत्ता में क्लर्कों और अधीन कर्मचारियों के लिये 423) प्रारंभ किया गया है और उसमें प्रगति हो रही है। बंगलूर, भुवनेश्वर और हैदराबाद में क्लर्कों और अधीन कर्मचारियों के लिये 491 क्वार्टरों की व्यवस्था करने वाली आवास परियोजनाओं के लिये टेंडर आमन्त्रित किये गए है और उनका निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होने की आशा है। कानपुर और नई दिल्ली में अधिकारियों के लिये 270 क्वार्टरों और नई दिल्ली में क्लर्कों के लिये 48 क्वार्टरों के निर्माण की परियोजनाएं तैयार की जा रही हैं।

345. ऐसे केन्द्रों में जहां कोई भूमि प्राप्त नहीं की गई है या जहां क्वार्टरों की संख्या अपर्याप्त है, क्वार्टरों का निर्माण करने के लिये उपयुक्त भूमि प्राप्त करने की कार्रवाइयां की जा रही है।

मालिक-कर्मचारी संबंध

चिकित्सा सुविधाएं

346. वर्ग II III और IV के कामगार कर्मचारियों द्वारा अपने और अपने परिवार के सदस्यों की निजी चिकित्सा करवाने में होने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति करने के उद्देश्य से एक योजना शुरू की गई है और उक्त योजना को 1 अक्तूबर 1970 से ही लागू कर दिया गया है। यह योजना उनको फिलहाल प्राप्त चिकित्सा सुविधाओं की अनुपूरक है। इस योजना के अनुसार किसी भी मान्यता प्राप्त चिकित्सा पद्धति के अंतर्गत पंजीकृत चिकित्सक से लिया गया उपचार प्रतिपूर्ति के योग्य माना जाएगा। उन कर्मचारियों के लिये जो कर्मचारी क्वार्टरों में रहते है, जहां औषधालय सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा उन कर्मचारियों के लिये भी जो कर्मचारी क्वार्टरों में नहीं रहते, किन्तु बाहर रहते हैं परन्तु अपने परिवार के सदस्यों के लिये बैंक की औषधालय सुविधाओं से लाभान्वित होने का विकल्प देते है, वार्षिक रु० 50 की सीमा निर्धारित की गई है। जो कर्मचारी अपने परिवार के सदस्यों के लिये निजी चिकित्सा का विकल्प देते हैं वे इस योजना के अधीन वार्षिक रु० 100 की प्रतिपूर्ति पाने के योग्य है। अधिकतम राशि 3 वर्ष तक संचित की जा सकती है। तीसरे वर्ष के अंत में विद्यमान उपयोग में न लाई गई बकाया राशि को अगले तीन वर्ष की अवधि तक बढ़ाया जाएगा; किन्तु अधिकतम राशि यथास्थिति रु० 50 या रु० 100 होगी। वर्ग IV के कर्मचारियों के संबंध में यह योजना उनके परिवार के ऐसे सदस्यों (जिनमें आश्रित माता-पिता भी सम्मिलित हैं) के लिये भी लागू है जो उनके जन्म स्थान पर रहते हैं।

रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया अधिकारी संवर्ग पुनरीक्षण समिति

347. पिछली वार्षिक रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि रिजर्व बैंक ने अपने अधिकारियों की परिलब्धियों के विन्यास, पदोन्नति संबंधी नीति आदि का पुनरीक्षण करने के लिये एक समिति का गठन किया है (जिसका नाम रिजर्व बैंक आफ़ इंडिया संवर्ग पुनरीक्षण समिति है)। समिति ने बैंक को अपनी रिपोर्ट 11 अक्तूबर, 1972 को पेश की जिसमें उसने अधिकारियों के परिशोधित वेतनमान और भत्तों, संवर्गों के गठन, अंतर्वर्गीय गतिशीलता, शिकायत संबंधी क्रियाविधि सेवाकालीन प्रशिक्षण आदि के संबंध में सिफारिशें की है। बैंक ने समिति की विभिन्न सिफ़ारिशों पर विचार करने और केन्द्रीय सरकार से परामर्श (उस प्रणाली में और उस सीमा तक जो ऐसी परिस्थितियों में सरकार द्वारा दिये गये अनुदेशों के अधीन अपेक्षित है) करने के बाद वेतनमानों और भत्तों के परिशोधन, शिकायत संबंधी क्रियाविधि और अधिवार्षिकी लाभों से सम्बन्धित कुछ अधिक महत्वपूर्ण सिफारिशों पर निर्णय ले लिया है। अन्य बातें विचाराधीन हैं।

कर्मचारी गृह निर्माण ऋण योजना

348. आलोच्य वर्ष के दौरान निम्नप्रकार गृह निर्माण ऋण मंजूर किये गए :

	समितियों की संख्या	राशि रु०
(क) नई सहकारी गृह निर्माण समितियां . .	7	36,26,332
पहले ही गठित सहकारी गृह निर्माण समितियों को अतिरिक्त ऋण . .	8	9,26,034
		45,52,366

	कर्मचारियों की संख्या	राशि रु०
(ख) अलग-अलग कर्मचारी नये ऋण . . .	211	35,44,680
उन कर्मचारियों को अतिरिक्त ऋण जिन्होंने पहले ही ऋण प्राप्त किये थे . .	68	11,62,574
		47,07,254

349. 1961 में योजना का प्रारंभ होने से लेकर अब तक मंजूर किये गये "समिति" और "व्यक्तिगत" ऋणों की कुल राशि क्रमशः रु० 3,72,79,977 और रु० 1,60,78,888 है। अब तक कुल मिला कर 2,425 कर्मचारियों ने इस सुविधा का लाभ उठाया है।

रिजर्व बैंक आफ इंण्डिया

30 जून 1973 तक का तुलन-पत्र

इशू विभाग

देयताएं	रु०	पै०	रु०	पै०	आस्तियां	रु०	पै०	रु०	पै०
बैंकिंग विभाग में	36,45,28,788.00				सोने का सिक्का और बुलियन :				
रखे हुए नोट	5698,95,49,930.50				(क) भारत में रखा हुआ	182,53,07,821.82			
सचलन में नोट									
जारी किये गये कुल नोट			5735,40,78,718.50		(ख) भारत के बाहर रखा हुआ	—			
					विदेशी प्रतिभूतियां	177,36,80,055.13			
					जोड़			359,89,87,876.95	
					रुपये का सिक्का			8,38,06,402.14	
					भारत सरकार की रुपया प्रतिभूतियां			5367,12,84,439.41	
					देशी विनिमय बिल और दूसरे वाणिज्य-पत्र			—	
कुल देयताएं			5735,40,78,718.50		**कुल आस्तियां**			5735,40,78,718.50	

बैंकिंग विभाग

देयताएं	रु०	पै०	आस्तियां	०	पै०
चुकता पूंजी	5,00,00,000.00		नोट	36,45,28,788.00	
प्रारक्षित निधि	150,00,00,000.00		रुपये का सिक्का	9,48,063.00	
राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन क्रियाएं) निधि	239,00,00,000.00		छोटा सिक्का	2,66,968.46	
राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि	85,00,00,000.00		खरीदे और भुनाए गए बिल		
राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन क्रियाएं) निधि जमा राशियां :—	205,00,00,000.00		(क) देशी	15,22,91,046.89	
(क) सरकारी			(ख) विदेशी	—	
(i) केन्द्रीय सरकार	57,04,56,105.17		(ग) सरकारी खजाना बिल	301,59,21,815.74	
(ii) राज्य सरकारें	29,48,26,324.36		विदेशों में रखा हुआ बकाया*	266,82,82,995.02	
(ख) बैंक			निवेश**	540,20,49,769.16	
(i) अनुसूचित वाणिज्य बैंक	537,70,49,336.10		ऋण और अग्रिम :—		
(ii) अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	22,75,49,813.28		(i) केन्द्रीय सरकार को	—	

(iii) गैर-अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	1,05,13,846.77	(ii) राज्य सरकारों को ‡	39,88,00,000.00
(iv) अन्य बैंक	3,10,35,415.92	ऋण और अग्रिम :—	
(ग) अन्य	207,69,34,439.69	(i) अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को†	140,54,20,000.00
देय बिल	54,03,75,419.80	(ii) राज्य सहकारी बैंकों को††	189,52,75,475.00
अन्य देयताएं	334,55,91,293.62	(iii) दूसरों को	11,32,75,000.00
		राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन क्रियाएं) निधि से ऋण, अग्रिम और निवेश	
		(क) ऋण और अग्रिम :—	
		(i) राज्य सरकारों को	66,41,05,471.13
		(ii) राज्य सहकारी बैंकों को	17,97,47,227.00
		(iii) केन्द्रीय भूमि बंधक बैंकों को	..
		(iv) कृषि पुनर्वित्त निगम को	34,50,00,000.00
		(ख) केन्द्रीय भूमि बंधक बैंकों के डिबेंचरों में निवेश	11,24,91,225.00
		राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि से ऋण और अग्रिम राज्य सहकारी बैंकों को ऋण और अग्रिम	41,06,37,914.00
		राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन क्रियाएं) निधि से ऋण, अग्रिम और निवेश	
		(क) विकास बैंक को ऋण और अग्रिम	129,09,35,519.00
		(ख) विकास बैंक द्वारा जारी किये गए बांडों/डिबेंचरों में निवेश	..
		अन्य आस्तियां	89,43,54,723.31
कुल देयताएं	**1931,43,31,994.71**	**कुल आस्तियां**	**1931.43,31,994.71**

अंशतः चुकता शेयरों पर घटाकर देयता रु० 9,48,388.69 (पौंड 50,000 के स्टर्लिंग निवेशों को रु० 100=5.2721 पौंड की दर पर बदला गया)। *नकदी, आवधिक जमा और अल्पकालीन प्रतिभूतियां शामिल हैं। **(i) राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन क्रियाएं) निधि और राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन क्रियाएं) निधि में से किये गए निवेश शामिल नहीं हैं। (ii) विदेशों में रखे हुए रु० 5,17,39,176.19 (50,000 पौंड और 6,298,175 अमरिकी डालर और 1,494,112.50 इचुल मार्क के समान राशि) शामिल हैं। ‡राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन क्रियाएं) निधि से प्रदत्त ऋण और अग्रिम शामिल नहीं हैं। †रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया अधिनियम की धारा 17(4) (ग) के अधीन अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को मीयादी बिलों पर अग्रिम दिए गए 31,30,00,000 रुपये शामिल हैं। †† राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन क्रियाएं) निधि और राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि से प्रदत्त ऋण और अग्रिम शामिल नहीं हैं।

बे० एक्स० लोबो,
मुख्य लेखापाल
तारीख 26 जुलाई, 1973

एस० जगन्नाथन, गवर्नर
आर० क० हजारी, उप गवर्नर **एस० एस० शिरालकर**, उप गवर्नर
वी० वी० चारी, उप गवर्नर **आर० क० शेषाद्री**, उप गवर्नर

30 जून, 1973 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ हानि लेखा

आय	रु० पै०
ब्याज, बट्टा, विनिमय, कमीशन आदि£	171,29,18,131.22
व्यय	
स्थापना	22,89,24,841.31
निदेशकों और स्थानीय बोर्डों के सदस्यों की फीस और व्यय	66,520.16
लेखा परीक्षकों की फ़ीस	90,000.00
किराया, कर, बीमा, बिजली, आदि	1,07,82,931.00
विधि प्रभार	2,89,496.64
डाक और तार खर्च	13,31,396.50
कोष-प्रेषण	81,87,102.19
लेखन सामग्री, आदि	32,00,280.92
प्रतिभूति-छपाई (चेक, नोट फार्म आदि)	4,95,97,945.84
बैंक संपत्ति का मूल्य ह्रास और मरम्मतें	1,03,67,923 13
एजेंसी प्रभार	8,30,83,593.94
कर्मचारी निधि और अधिवार्षिकी निधि में अंशदान	50,00,000.00
विविध व्यय	1,19,95,478.22
उपलब्ध वास्तविक शेष राशि	130,00,00,621.34
जोड़	**171.29,18,131 22**
केन्द्रीय सरकार को देय अतिशेष	130,00,00,621.34

प्रारक्षित निधि लेखा

30 जून, 1973 को शेष	150,00,00,000.00
लाभ-हानि लेखे से अंतरिम किया गया	कुछ नहीं
जोड़	**150,00,00,000.00**

£रिजर्व बैंक आफ इंडिया अधिनियम की धारा 47 के अनुसार नियमित या आवश्यक व्यवस्थाएं करने के बाद।

एस० जगन्नाथन, गवर्नर
आर० के० हजारी, उप गवर्नर
वी० वी० भारी, उप गवर्नर
एस० एस० शिरालकर, उप गवर्नर
आर० के० शेषाद्रि, उप गवर्नर

जे० एक्स० लोबो,
मुख्य लेखापाल

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

भारत के राष्ट्रपति की सेवा में,

हम रिज़र्व बैंक आफ़ इंडिया के अधोहस्ताक्षरित लेखा परीक्षक इसके द्वारा 30 जून, 1973 तक के रिज़र्व बैंक के तुलनपत्र तथा लेखों पर केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते है।

हमने केन्द्रीय कार्यालय और कलकत्ता, बम्बई (फ़ोर्ट), मद्रास, नई दिल्ली, हैदराबाद और भायखला (बम्बई-8) के लेखों और उनसे सम्बन्धित प्रमाणपत्रों और वाउचरों से और साथ ही, दूसरे कार्यालयों और शाखाओं के प्रबंधकों द्वारा पेश की गई प्रमाणित उन विवरणियों से जिन्हें उक्त तुलनपत्र में समाविष्ट किया गया है, उपर्युक्त तुलनपत्र की जांच कर ली है और हम यह सूचित करते हैं कि हमने केन्द्रीय बोर्ड से जो-जो स्पष्टीकरण और जानकारी मांगी है, वह सारा स्पष्टीकरण और जानकारी हमें दी गई है और यह संतोषजनक है। हमारी राय में यह तुलनपत्र पूर्ण और सही तुलनपत्र है; इसमें रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया अधिनियम, 1934 और उसके अधीन बनाए गए विनियमों द्वारा निर्धारित विवरण दिये गए है और इसमें उक्त अधिनियम और विनियमों के अनुसार आस्तियों का मूल्य-निर्धारण किया गया है। जहां तक हमारी जानकारी है, यह तुलनपत्र हमें दिये गए स्पष्टीकरणों और बैंक की बहियों के अनुसार उचित ढंग से तैयार किया गया है ताकि इससे बैंक के कार्यों की सच्ची और सही स्थिति का पता लग सके।

मेसर्स ठाकुर वैद्यनाथ अय्यर एण्ड कम्पनी
मेसर्स सूरि एण्ड कम्पनी
मेसर्स पी० के० मित्रा एण्ड कम्पनी
मेसर्स बलाल एण्ड शाह

लेखा परीक्षक

तारीख 26 जुलाई, 1973

[सं० एफ० 10/11/73-बी० ओ० 1]
डी० एम० सुखथानकर, निदेशक

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Banking)

New Delhi, the 26th November, 1973

ANNUAL REPORT ON THE WORKING OF THE RESERVE BANK OF INDIA AND TREND AND PROGRESS OF BANKING IN INDIA FOR THE YEAR JULY 1, 1972—JUNE 30, 1973

S.O. 358.—In accordance with section 53(2) of the Reserve Bank of India Act, 1934, the Central Board of Directors has submitted to the Government of India the following report on the working of the Reserve Bank of India and Trend and Progress of Banking in India for the year ended June 30, 1973:—

I. TRENDS IN THE ECONOMY

The most disquieting aspect of the Indian economic scene during 1972-73 (July—June) was the severe and unabated pressure on the general price level. While the upsurge in the price level was undoubtedly a consequence of the setback in farm production for the second year in succession, resulting in severe shortage of a variety of wage goods particularly those originating in the agricultural sector, an important contributing cause of it was the excess demand in the economy. Other factors on the supply side which sustained and accentuated the price rise, particularly of foodgrains, were poor market arrivals and inadequate **kharif** and **rabi** procurement in relation to the demands of the public distribution system, at a time when food stocks with Government were being drawn down rapidly. World wide shortage of cereals which had already set in before India's entry as an importer made it difficult for this gap in supply to be made up through imports. The problems arising from supply shortages were compounded by a very substantial increase in money supply during the year, on top of the large monetary expansion that had occurred during 1971-72. Even the improvement noticed in the growth rate of industrial output during the earlier part of the year could not make any noticeable impact on the large imbalance between the aggregate demand and the aggregate supply.

2. The price rise was due partly to the lagged effects of large increases in domestic expenditure especially by the Government, in 1971-72. But the major element in raising the level of domestic demand has been expenditure undertaken by the Government during the year under review. Total spending by the Central and State Governments for all purposes amounted in 1972-73 to Rs. 11,942 crores, or 13. 6 per cent more than in 1971-72. A part of the increase in expenditure was undoubtedly unforeseen, such as disbursements on drought relief and emergency agricultural programmes. But as will be explained later, this went with a large increase in respect of regularly budgeted items of expenditure in the revenue and capital accounts. Despite the fact that actual receipts exceeded budget estimates, there was a big gap between receipts and expenditures which had to be covered through recourse to borrowings from the Reserve Bank. Simultaneously, with expansion in Government spending, expenditures in the private sector also grew as a consequence of larger money incomes, higher prices and the development of a scarcity psychosis. In the event, the overall price index recorded an unprecedented rise of 21.5 per cent during the year July 1972—June 1973.

3. If the economy is disaggregated into its components the pattern of changes would be seen to vary from sector to sector, since the general position mentioned above has been modified by the special forces at work in each sector. On the basis of some broad indicators, the main features are summarised here leaving an assessment of the performance in detail to later paragraphs. While reliable information on private consumption is not available, the data on household savings in the form of financial assets such as bank deposits, life insurance premia, provident fund contributions, etc. indicate that the ratio of such savings to national income at current prices has increased as compared to the previous year. On household savings in the shape of physical assets, including inventories, little statistical information is available. But from circumstantial evidence—such as availability and prices of construction materials, incentives provided for capital formation in the agricultural and small-scale sectors and easy access to liquid funds—it may be reasonable to infer that such savings in absolute terms did not diminish. The private corporate sector has been able to record an improvement in its savings in relation to the 1971-72 level. Similarly, available data show that there has been a considerable step-up in the net savings on revenue account of the Central Government; this is mainly due to a buoyancy in tax revenues, coupled with a somewhat slower increase in the consumption expenditure of Government. From these indicators, it would appear that the ratio of domestic savings to national income at current prices has increased fractionally in 1972-73. Since the inflow of foreign resources is estimated to be less than in 1971-72, the ratio of aggregate net investment to national income at current prices in 1972-73 remained approximately at the same level as last year. In other words, aggregate net investment increased more slowly than domestic saving. Moreover, as the investment goods prices were higher than in the previous year, the achievement in real terms was less than that reflected in terms of percentage of national income. The summary position is shown in Table 1 below.

Table 1:—Provisional Estimates of Saving and Investment as per cent of National Income at Current Prices

	1970–71	1971–72	1972–73
1. Net Domestic Saving ..	10.6	11.3	11.7
2. Inflow of foreign resources	1.1	1.3	0.9
3. Investment (1+2) ..	11.7	12.6	12.6

4. Unlike in the previous year when the expansion in money supply was largely accounted for by deposit money, during 1972-73 the currency component accounted for a greater proportion (64.6 per cent) of the rise in money supply. This monetary expansion was accompanied by slackness in demand for credit by the commercial sector during the major part of the year 1972, and the credit-deposit ratio came down to 66 per cent at the end of December, 1972, from 72 per cent at the end of June, 1972. The situation of surplus funds with the banking system was utilised by the Government to borrow from that sector for financing Government expenditure on capital formation, relief, etc. which had to be undertaken in the wake of the drought. Since the beginning of 1973, excess liquidity in the banking system has come down substantially, as a result of the busy season expansion in bank lending to the commercial sector; consequently the credit-deposit ratio rose to about 70 per cent at the end of June, 1973. The expansion in commercial bank credit of Rs. 819 crores in the period July 1972—June 1973 has largely been due to increased borrowing for purposes other than financing of food stocks. This might render the return of funds to the banks during the current slack season somewhat slower than usual. Altogether, from the trends in aggregate monetary resources, it was obvious that the community commanded at the end of June 1973 a large volume of potential demand, while the prospects of additional supplies of essential goods and services were, to say the least, uncertain.

5. It is against this background that the Reserve Bank found it necessary to tighten the availability of credit, through an increase in the Bank rate and imposition of a series of restrictions on commercial banks' access to loanable funds including an increase in the reserve requirements.* Simultaneously, the Government also initiated steps to bring about economies in Plan and non-Plan expenditures. All of these measures have yet to have their impact on the demand-supply imbalance and on price inflation.

*The reserve requirements were raised from 3 per cent to 5 per cent of the total of demand and time liabilities for each bank with effect from June 29, 1973. On August 14, 1973, the Reserve Bank announced a further increase in these reserves to 7 per cent, with effect from September 22, 1973. In both cases, the additional deposits are to be kept for a year and to be paid an interest of 4.75 per cent per annum.

6. Concurrently with these developments within the economy, the international monetary scene continued to bristle with uncertainties. The pressure on the U.S dollar continued unabated, culminating in its devaluation for the second time in February, 1973. Several of the World's major currencies including the pound sterling continued to float and in this situation, the progress towards the creation of a viable international monetary system has been very slow. The rupee maintained its rate of exchange with the pound sterling and currencies linked with it and has depreciated in relation to most European currencies and the Japanese yen. It appreciated **vis-a-vis** the U.S. dollar and currencies linked with it for the greater part of the year but latterly its effective value in terms of these currencies has been fluctuating around Rs. 7.50 per U.S. dollar.

